वाराणसी, रविवार, 11 दिसम्बर, 2022

पौष मास, कृष्ण पक्ष 3, वर्ष 11, अंक 303, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अंदर- ईशान किशन से हारा बांग्लादेश: 182 पर ऑलआउट हुई टीम



अंदर- आदिवासी समाज के संघर्ष की कहानियां

नगर/डाक संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# काशी से चलेगी तमिल संगमम एक्सप्रेस

## रेल मंत्री की काशी तमिल संगमम को यादगार बनाने की पहल

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** अपने दो दिवसीय वाराणसी दौरे पर आये केंद्रीय रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) पर यार्ड री मॉडलिंग के कार्यो का निरीक्षण करते हुए काशी तमिल संगमम आयोजन को यादगार बनाने के लिए वाराणसी से दक्षिण के लिए नई ट्रेन काशी तमिल संगमम एक्सप्रेस चलाने की घोषणा की।

कैंट स्टेशन पहुंचे रेल मंत्री ने नये कलेवर में बनने वाले कैंट रेलवे स्टेशन का पूरा ले आउट देखा,अधिकारियों से वार्ता करते हुए तय समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर और दक्षिण भारत के संस्कृति, कला और संगीत को एक धागे में जिस तरह पिरोने का कार्य किया है, वह एक राष्ट्रीय एकता को इंगित करता है। प्रधानमंत्री के इस सपने को यादगार बनाने के लिए वाराणसी से दक्षिण भारत के लिए नई ट्रेन काशी तमिल संगमम चलायी जायेगी, ताकि लोगों में यह आयोजन हमेशा जीवंत रहे। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र का यह रेलवे स्टेशन अद्भुत होगा। इसके साथ ही उन्होंने वाराणसी से जम्मू जाने वाली बेगमपुरा एक्सप्रेस का नाम बदलने के सुझाव अधिकारियों को लेने को कहा।

### मिला उपहार

**दक्षिण के लिए कैंट स्टेशन से नई ट्रेन की सौगात**



कैंट स्टेशन पर निरीक्षण करते रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव व अन्य अधिकारीगण

### नहीं बंद होंगे रोड साइड स्टेशन

निरीक्षण के दौरान वार्ता करते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्नन ने कहा कि आने वाले दिनों में भी रोड साइड (छोटे स्टेशन) को बंद नहीं किया जायेगा। बताया कि एक बार स्टेशन बन गया तो फिर बंद करना कोई उपलब्धि नहीं। निरीक्षण के दौरान कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव, उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल, लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक एस के सपरा, सीनियर डीसीएम रेखा शर्मा, वाराणसी अपर मंडल रेल प्रबंधक लाल जी चौधरी, वाराणसी स्टेशन निदेशक गौरव दीक्षित सहित लखनऊ मंडल व नई दिल्ली उत्तर रेलवे के कई आला अधिकारी उपस्थित रहे।

### 'कवच' से परिचालन होगा सुगम

रेल मंत्री ने कहा कि पूर्व के मुकाबले वर्तमान में ठंड के दिनों में ट्रेनें कम निरस्त की जा रही हैं। ट्रेनों के परिचालन में बाधा बनने वाली घने कोहरे को ध्यान में रख कर ही कवच पर कार्य किया जा रहा है आने वाले दिनों में लगभग सभी ट्रेनों का परिचालन घने कोहरे में किया जा सकेगा। कहा कि इस पर विभाग में लगातार कार्य किया जा रहा है।

# काशी में होगा जी-20 का बड़ा आयोजन

## विदेश मंत्री ने की सम्मेलन स्थल और तैयारियों की व्यापक समीक्षा



जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि दिसम्बर-2022 से नवम्बर-2023 के बीच भारत की मेजबानी में जी-20 का शिखर सम्मेलन होगा। इसका आयोजन देश के 55 शहरों में होगा। काशी भी देश और दुनिया का महत्वपूर्ण शहर है। इसलिए जी-20 का सबसे बड़ा सम्मेलन काशी में होगा, जिसकी अध्यक्षता वो खुद करेंगे। इसकी योजना बनाई जा रही है।

वाराणसी दौरे के दूसरे दिन शनिवार को बीएचयू के एम्फीथिएटर मैदान में मीडिया से बातचीत में जी-20 देशों के डेवलपमेंट मिनिस्टर्स की बैठक काशी में होगी, इसकी प्लानिंग की गई है। इसको लेकर तैयारियां शुरू भी कर दी गई हैं। काशी में प्रस्तावित आधा दर्जन बैठकों के स्थान और तैयारियों के लिए ही यहां आया हूं। उस आयोजन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मैं बार-बार काशी आता रहूंगा।

बता दें कि विदेश मंत्रालय की टीम भी यहां छह अलग-अलग बैठकों के लिए जगह चयन के साथ ही अतिथियों के स्वागत की खातिर शहर में होने वाले कामों पर भी अधिकारियों के साथ मंथन की। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बातचीत में काशी-तमिल संगमम को अनूठी पहल बताया। कहा कि काशी-तमिल संगमम का आयोजन पीएम मोदी की सोच का नतीजा है। यह एक बेहतर पहल है। इससे काशी और तमिलनाडु के प्राचीन सांस्कृतिक संबंधों का परिचय होगा। उन्होंने कहा कि सबके लिए यह नया अनुभव है। युवा पीढ़ी को सीखने को बहुत कुछ मिलेगा। उम्मीद है कि यह कार्यक्रम सफल होगा। देश के विभिन्न शहरों के बीच पुराने संबंध और बेहतर होंगे।

### बोले एस. जयशंकर

**काशी-तमिल संगमम् पीएम मोदी की सोच का नतीजा**

### जी-20 में इन देशों की भागीदारी

ग्रुप ऑफ ट्वेंटी (जी-20) में भारत, अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, यूके, यूएस और यूरोपीय संघ (ईयू) शामिल हैं।

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा0लि0)
वाराणसी
सोने, चांदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा
0542-2361600, 2987700, 8318650589
अर्दली बाजार
0542-2505500, 2507700, 9455084195
SUNDAY OPEN
• रथयात्रा • अर्दली बाजार • चौक (ठठेरी बाजार) वाराणसी
• पार्किंग की सुविधा उपलब्ध •

# हेल्थ व वेलनेस सेंटरों में जल्द बैठेंगे डॉक्टर

## डॉ. मंडाविया ने कहा, देश भर में एक लाख 50 हजार वेलनेस सेंटर बनाने का लक्ष्य जल्द ही होगा पूरा

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** समाज के अंतिम व्यक्ति तक बेहतरीन चिकित्सा सुविधा पहुंचाने और स्वस्थ्य समाज से समृद्ध राष्ट्र के निर्माण के उदेश्य से वाराणसी में अयोजित दो दिवसीय सीएचओ (कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स) कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डा.मनसुख मंडाविया ने कहा कि समृद्ध राष्ट्र का निर्माण तभी होगा जब समाज स्वस्थ्य होगा इसके लिए हम सभी को संगठित होकर स्टैंडर्स स्वास्थ्य पर कार्य करना होगा।

यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज डे के अवसर पर सिगरा स्थित रुद्राक्ष इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों के 900 से अधिक आये सीएचओ को संबोधित करते हुए उन्होंने सभी को प्रत्येक व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने पर बल दिया। आशा कार्यकर्ताओं के कार्यों की सराहना करते हुए बताया कि इनके बिना घर-घर तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना मुमकिन नहीं, इस समारोह में लखनऊ राजभवन से वर्चुअली जुड़ी राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि टीबी ही नहीं किसी भी रोग के उन्नमूलन के लिए संगठित होना होगा तभी उस पर विजय प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने इस तरह के कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आयुष्मान भारत हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं देने की दिशा में प्रगति कर रहा है। यह एक सार्थक कदम है। इस दौरान राज्यों को स्वास्थ्य के विभिन्न कार्यो को कुशलतापूर्वक कार्य करने के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के आयुष मंत्री डा.दयाशंकर मिश्र, उत्तराखंड, झारखंड, सिक्किम, मध्यप्रदेश, के स्वास्थ्य मंत्री के अलावा एनएचए के सीईओ राम सेवक शर्मा, केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण, विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिनिधिगण ऑनलाइन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण भारत सरकार से आये सहयोगी संस्था के लोग शामिल रहें।

### बोले मंत्री

**हम सभी को संगठित होकर स्टैंडर्स स्वास्थ्य पर करना होगा कार्य**



कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ.मनसुख मंडाविया

## बिलकिस की याचिका पर 13 को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट गुजरात दंगे के दौरान गैंग रेप और हत्या मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे दोषियों की रिहाई के खिलाफ पीड़िता की ओर से दाखिल याचिका पर 13 दिसंबर को सुनवाई करेगा। 11 दोषियों की रिहाई के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में पहले ही कई याचिका दायर की जा चुकी है और जिस पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार से जवाब मांग रखा है। अब पीड़िता की ओर से इस मामले में अर्जी दाखिल की गई है। याचिका में गुजरात सरकार को रिहाई के लिए फैसला लेने संबंधित सुप्रीम कोर्ट के फैसले को रिव्यू करने की मांग की गई है साथ ही उनकी रिहाई के खिलाफ गुहार लगाई गई है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई के लिए मंगलवार की तारीख तय की है। 30 नवंबर 2022 को सुप्रीम कोर्ट में पीड़िता की ओर से चीफ जस्टिस के सामने यह मामला उठाया गया। पीड़िता की ओर से 11 दोषियों की रिहाई के खिलाफ कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है।

## पूरी दुनिया में जीमेल पड़ा ठप, लाखों यूजर्स परेशान!

**नई दिल्ली।** गूगल मेल सर्विस यानि जीमेल पूरी दुनिया में लाखों करोड़ों यूजर्स के लिए ठप पड़ गया है। डाउन डिडेक्टर डॉट काम ने इसका खुलासा करते हुए कहा कि जीमेल के ठप पड़ने की वजह एक स्पाइक है। पूरे भारत में कई जीमेल उपयोगकर्ताओं ने शिकायत की है कि उनका जीमेल एप काम नहीं कर रहा है। जीमेल के साथ-साथ जीमेल इंटरप्राइजेज सर्विस भी इससे प्रभावित हुआ है। पूरी दुनिया में जीमेल के 1.5 बिलियन यूजर हैं। नए अपडेट में जीमेल ऐप में सर्च में सुधार किया गया है। जुलाई में जीमेल में बेहतर खोज और सुझाव ऑप्शंस को लेकर घोषणा की गई थी। अब गूगल का कहना है कि उसकी फ्री ईमेल सर्विस अब यूजर्स को बेहतर सर्च रिजल्ट देने का काम करेगी। ब्लॉग पोस्ट के अनुसार, जीमेल ऐप में ही हाल ही में सर्च एक्टिविटी की गई थी, उससे मिले रिजल्ट्स पर ही ये अपडेट जारी हुआ है। यह अपडेट सर्च रिजल्ट्स को अधिक रिलेवेंट बना देगा। पिवट टेबल के फंक्शन में सुधार के लिए कंपनी गुगल शीट्स को भी अपडेट कर रही है। स्प्रेडशीट ऐप अब यूजर्स को क्रिएट या एडिट करते समय पिवट टेबल के आकार को बदलने की सुविध देगा। गूगल का दावा है कि इस सुविधा के लिए लोगों ने काफी रिक्वेस्ट की थी। यह सुविधा तब उपयोग में आयेगी, जब कॉलम के नाम या टाइटल लंबे होंगे। गुगल मीट कॉल को गूगल डॉक्स, शीट्स या स्लाइड्स से प्रेजेंट करने की पॉवर की घोषणा करने के बाद, गुगल अब यूजर्स को फाइल्स को मीट चैट में साझा करने की सुविधा देगा।

**गूगल शीट भी हो रही अपडेट**

# चेन्नई में चक्रवाती तूफान से तबाही

## चार लोगों की मौत, 400 से ज्यादा पेड़ उखड़े

**चेन्नई।** चेन्नई के मामल्लपुरम तट से टकराने के बाद चक्रवाती तूफान मैंडूस ने तबाही मचा दी है। मामल्लपुरम तट से गुजरने के बाद चक्रवाती तूफान ने शहर और आसपास के इलाकों को प्रभावित किया और यहां तक की 400 से ज्यादा पेड़ जड़ से उखड़ गये। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने बताया कि 9 और 10 दिसंबर की दरम्यानी रात 70 किमी प्रति घंटे की हवा के साथ तूफान तट से टकराया। सीएम ने बताया कि तूफान के चलते चार लोगों की मौत भी हो गई। मरीना बीच के पास भी जलभराव देखने को मिला और खाने-पीने के स्टॉल क्षतिग्रस्त हो गए। स्टालिन ने प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि सरकार ने स्थिति का अनुमान लगा लिया है और सभी निवारक उपाय किए जा रहे हैं ताकि बड़े नुकसान को रोका जा सके। स्टालिन ने कहा कि उन्नत योजना के साथ, इस सरकार ने साबित कर दिया कि किसी भी आपदा का प्रबंधन किया जा सकता है। तेज हवा चलने के चलते लगभग 400 पेड़ गिर गए हैं। कई पेड़ बिजली के खंभों पर गिर जाने के चलते बिजली सप्लाई भी प्रभावित हुई है। चक्रवात के कारण बिजली के खंभों और ट्रांसफार्मरों को नुकसान पहुंचा है और 600 जगहों पर बिजली बंद कर दी गई है। सरकार के अनुसार सफाई का काम तेजी से चल रहा है और लगभग 25,000 लोग आपदा प्रबंधन कार्यों में लगे हैं।

### स्टालिन बोले

**केंद्रीय सहायता मांग सकती है सरकार**

## देश को विकसित करने में युवाओं की भूमिका अहम: ओम बिड़ला

**गोरखपुर।** लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि देश को विकसित करने में युवाओं की भूमिका अहम है। यह तभी संभव है जब लोकतांत्रिक मूल्यों को संरक्षित रखते हुए उन्हें संस्कार वान और मौजूदा दौर के हिसाब से शिक्षा व्यवस्था दी जाए। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिड़ला शनिवार को गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 90वें संस्थापक सप्ताह समारोह के समापन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए थे। जबकि, कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएम योगी ने की। लोक सभा अध्यक्ष शनिवार को महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के सात दिवसीय संस्थापन सप्ताह समारोह के मुख्य महोत्सव को बतौर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, गोरक्षपीठ की परंपरा को कठिन परिश्रम के साथ योगी आदित्यनाथ आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। मुगल शासकों के आक्रमण से बचाने का काम ऐसे पीठ और मंदिरों ने किया है। महंत दिग्विजय नाथ की चर्चा करते हुए कहा कि महंत जी ने सोचा था कि आजादी के साथ ऐसी शिक्षा व्यवस्था बनाई जाए। जिससे समाज को आगे ले जाया जाए।

# पंजाब में आतंकी हमला

## सरहाली थाने पर दागा रॉकेट लॉन्चर

### हड़कंप

**तरनतारन में हुए आतंकी हमले की खालिस्तानी संगठन ने ली जिम्मेदारी, यूएपीए के तहत एफआईआर दर्ज**



**तरनतारन।** पंजाब में आतंकी हमला होने की खबर सामने आई है। आतंकियों ने शुक्रवार आधी रात तरनतारन के सरहाली थाने को निशाना बनाते हुए राकेट लांचर से हमला किया है। हमले से जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव समेत कई वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर घटनास्थन का मुआयना किया।

पुलिस थाने पर हुए रॉकेट हमले की जिम्मेदारी प्रतिबंधित खालिस्तानी आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस ने ली है। बता दें कि रात करीब एक बजे दागा गया राकेट थाने के लोहे के गेट से टकराया और थाने में बने सांझ केंद्र में गिरा। इससे भवन की खिड़कियों के शीशे टूट गए। इस घटना पर आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल का बयान भी सामने आया है। उन्होंने कहा कि इसपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जब से आप सत्ता में आई है, पंजाब में बड़े गैंगस्टर पकड़े गए हैं। पुराने दलों के संरक्षण में काम कर रहे लोगों को पकड़ा गया है।

पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि बीती रात करीब 11 बजकर 22 मिनट पर आरपीजी का इस्तेमाल कर हाईवे से ग्रेनेड दागा गया। यह सरहाली थाने के सुविधा केंद्र से टकराया। उन्होंने कहा कि यूएपीए के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है और फॉरेंसिक टीम घटनास्थल की जांच कर रही है। डीजीपी ने कहा कि यह पड़ोसी देश की एक रणनीति है कि वह भारत को खतरनाक घाव दे। उन्होंने कहा कि बीएसएफ और केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर पंजाब पुलिस इस घटना की जांच करेगी। *एजेंसी*

## हमें लंबे युद्ध के हालात के लिए तैयार रहना चाहिए

**नई दिल्ली।** एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने कहा कि पहले हम खुद को छोटी और तेज लड़ाई के लिए तैयार करते थे, लेकिन अब हमे लंबे युद्ध की तैयारी करने की जरूरत है। जिस तरह से इस साल फरवरी माह में रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध चल रहा है और 9 महीने से अधिक का समय होने के बाद भी यह युद्ध खत्म नहीं हो सका है, ऐसे में इतने लंबे समय से चल रहे युद्ध को लेकर एयर चीफ मार्शल ने कहा कि अब हमे लंबे युद्ध की तैयारी करने की जरूरत है।



दरअसल जिस तरह से रूस जैसे बड़े और समृद्ध देश जिसकी ताकत यूक्रेन के मुकाबले कहीं ज्यादा है, वह कई महीने बाद भी निर्णायक स्थिति में नहीं पहुंच सका है, उसकी वजह से एयर एयर चीफ मार्शल ने लंबे युद्ध की तैयारी पर जोर दिया है। एयर चीफ मार्शल ने रूस-युक्रेन युद्ध से मिले सबक को लेकर कहा कि पहले तो हमे इस बात की जरूरत है कि युद्ध के क्षेत्र में आपकी हवाई श्रेष्ठता होनी बहुत जरूरी है।

# भूपेंद्र पटेल दोबारा चुने गए विधायक दल के नेता

## गुजरात सीएम की शपथग्रहण से पहले दिल्ली में मंत्रिमंडल पर लगेगी मुहर

**गांधीनगर।** गुजरात में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के नवनिर्वाचित विधायकों ने शनिवार को बैठक में भूपेंद्र पटेल को पार्टी के विधायक दल का नेता चुना। वह दूसरी बार भी राज्य के मुख्यमंत्री बने रहेंगे। पार्टी के प्रदेश मुख्यालय 'कमलम' में हुई बैठक में पटेल को सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता घोषित किया गया।

पटेल ने शुक्रवार को अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ राज्य में नई सरकार के गठन से पहले अपना इस्तीफा दे दिया था। बताया जा रहा है कि राज्यपास से मिलकर वह सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे और उसके बाद दिल्ली निकल जाएंगे। दिल्ली में आलाकमान के साथ बैठक के बाद उनके मंत्रिमंडल के मंत्रियों की लिस्ट पर मुहर लगेगी। सोमवार को वह शपथ ग्रहण कर सकते हैं। गुजरात में बीजेपी ने विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। नवनिर्वाचित विधायक कमलम में मिले, जहां भूपेंद्र पटेल को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में नामित करने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। विधायक दल की बैठक में केंद्रीय पर्यवेक्षकों के तौर पर बीजेपी के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह, बी एस येदियुरप्पा और अर्जुन मुंडा मौजूद रहे। पटेल ने इस साल के चुनाव में अहमदाबाद जिले की घाटलोडिया विधानसभा सीट से लगातार दूसरी बार 1.92 लाख मतों से जीत हासिल की। पिछले साल सितंबर में उन्हें विजय रूपाणी की जगह मुख्यमंत्री बनाया गया था। गुजरात की 182 विधानसभा सीट में से 156 सीट हासिल कर भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को 99 सीट मिली थीं। पार्टी पहले ही ऐलान कर चुकी है कि नई सरकार का शपथग्रहण समारोह 12 दिसंबर को होगा। समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ-साथ भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी मौजूद रहेंगे। बीजेपी के प्रदेश प्रमुख सी आर पाटिल ने कहा था कि भूपेंद्र पटेल मुख्यमंत्री बने रहेंगे और नई सरकार का शपथग्रहण समारोह सोमवार को गांधीनगर के हेलीपैड ग्राउंड में होगा।

### उपलब्धि

**भूपेंद्र पटेल ने गुजरात में दर्ज की है रेकॉर्ड जीत**



## लेवाना सुइट्स अग्निकांड में पांच और अफसरों तक पहुंची जांच की आंच

**लखनऊ।** होटल लेवाना सुइट्स अग्निकांड की जांच की आंच एलडीए के पांच और अधिकारियों तक पहुंच गई है। ये अफसर भी जोन-6 में विहित प्रभारी रह चुके हैं। एलडीए के पूर्व संयुक्त सचिव महेंद्र मिश्र ने शासन में शिकायत की थी कि जोन-6 में कई अन्य अफसर भी तैनात रहे थे, लेकिन उनके नाम सूची में नहीं जोड़े गए। इस पर शासन के नियुक्ति विभाग ने एलडीए को पत्र लिखकर तैनाती का ब्योरा तलब किया था। एलडीए की ओर से भेजे गए विवरण के अनुसार, जोन-6 में रितु सुहास, कमलजीत सिंह, राजीव कुमार की तैनाती रही है, जबकि दो अन्य अफसरों की तैनाती की पुष्टि की जा रही है। रितु सुहास पीसीएस से आईएएस बन चुकी हैं। कमलजीत सिंह अयोध्या नगर निगम के मुख्य अभियंता और राजीव कुमार एलडीए जोन-3 के प्रवर्तन प्राधिकारी हैं। होटल न ढहाने की गुजारिश के मामले में लेवाना सुइट्स प्रबंधन को लखनऊ पीठ से अभी राहत नहीं मिली है।

# हिमाचल के नए सीएम बने 'सुक्खू'

### ताजपोशी

**मुकेश अग्निहोत्री होंगे उपमुख्यमंत्री**

**शिमला।** सुखविंदर सिंह सुक्खू हिमाचल प्रदेश के नए मुख्यमंत्री घोषित किए गए हैं। प्रदेश की राजधानी शिमला में हुई बैठक के बाद सहमति के साथ सुक्खू को सीएम घोषित किया गया।

वहीं उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री चुने गए हैं। कल सुबह 11 बजे शपथग्रह समारोह रखा गया है। शुरूआत में कहा जा रहा था कि प्रतिभा सिंह ने मुकेश अग्निहोत्री को सीएम बनाने का समर्थन दिया था, लेकिन हाईकमान ने सुक्खू पर अंतिम मुहर लगाई। सुक्खू कांग्रेस की ओर से तीसरे मुख्यमंत्री रहे। उनसे पहले यशवंत सिंह परमार व वीरभद्र सिंह बतौर मुख्यमंत्री भूमिका निभा चुके हैं। शुरूआत में सीएम पद के लिए कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व सीएम वीरभद्र सिंह की पत्नी प्रतिभा सिंह के अलावा सुखविंदर सिंह सुक्खू, उनके बेटे विक्रमादित्य सिंह, मुकेश अग्निहोत्री और चंदन कुमार के नाम इस रेस में थे, लेकिन अंत में मुकेश अग्निहोत्री और सुखविंदर सिंह में कड़ा मुकाबला दिखा।



आपको जानकारी के लिए बता दें कि 1999 से 2008 के बीच सुक्खू युवा कांग्रेस के प्रमुख भी रहे। सुक्खू दो बार शिमला नगर निगम पार्षद भी चुने गए थे। वह 2013 में हिमाचल कांग्रेस के प्रमुख के पद तक पहुंचे और 2019 तक राज्य इकाई के प्रमुख भी बने रहे। 2003, 2007 और 2017 में नादौन विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे।

## संक्षेप

### दरोगा शैलेंद्र सिंह की जमानत के लिए पैरवी करेगा प्रबुद्ध जन काशी



**वाराणसी।** प्रबुद्ध जन काशी की एक बैठक सारनाथ स्थित न्यू वेव अकैडमी में संपन्न हुई, जिसमें आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे दरोगा शैलेंद्र सिंह की जमानत के लिए पैरवी करने का निर्णय लिया गया। वक्ताओं ने शैलेंद्र सिंह की स्थिति पर दुख व्यक्त करते हुए बताया कि सभी प्रत्यक्षदर्शियों एवं अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त जानकारी के अनुसार शैलेंद्र सिंह ने आत्म रक्षार्थ गोली चलाई थी, जिससे हमलावर वकील की दुखद मृत्यु हो गई। वक्ताओं ने कहा कि जहां एक तरफ मुकदमे की पैरवी नहीं हो पाने के कारण उन्हें न्याय नहीं मिल सका और आत्म रक्षार्थ हत्या करने पर आजीवन कारावास की सजा सुना दी। प्रबुद्ध जन काशी ने मुकदमे की पैरवी के लिए सेवानिवृत्त जज डॉ. राज नारायण सिंह से आग्रह किया है। बैठक में सेवा निवृत्त पुलिस उपाधीक्षक सर्वजीत शाही एवं नंद लाल यादव, किशोर कपूर, देव कुमार राजू, अरुण कुमार सिंह, संजय सिंह, डॉ. राहुल सिन्हा, त्रिपुरेष प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

### फाइव-जी केबल के गड्ढे में फंसा मवेशी



**दानगंज।** चोलापुर थाना क्षेत्र के ग्राम लालमनकोट जाने वाले संपर्क मार्ग पर निजी कंपनी के 5-जी केबल डालने के लिए खोदे गये गढ्ढे में एक किसान पशुपालक का मवेशी फस गया। जानकारी के अनुसार निजी कंपनी के 5-जी केबल डालने वाले ठेकेदार की लापरवाही के कारण स्थानिय किसान पशुपालक का मवेशी गहरे सकरे गढ्ढे में फस गया। ग्रामिणों ने घंटों कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह मवेशी को गढ्ढे से बाहर निकाला। वाराणसी-आजमगढ़ मार्ग से ग्राम लालमन कोट होते हुए नियार बाजार को जाने वाले संपर्क मार्ग में किनारे साईड में लगभग 5गुणे2.5 फिट गहरा गढ्ढा खोद कर छोड़ा गया है। इस वजह से आये दिन राहगिरों को खतरे का सामना करना पड़ रहा है।

### एटीएम कार्ड बदल उड़ाये ढाई लाख

**मंडुवाडीह।** बीते छह दिसंबर को रोहनिया थाना क्षेत्र के गंगापुर निवासी साड़ी व्यवसायी हाजी मुराद अली खान (68) का एटीएम कार्ड बदल कर जालसाजों ने उनके खाते से 248,037 रुपये उड़ा दिए। भुक्तभोगी ने कार्ड ब्लॉक करवा कर मंडुवाडीह थाने में तहरीर दी है। भुक्तभोगी ने बताया कि बीते छह दिसंबर को लहरतारा (मंडुवाडीह) पर डॉ. को दिखाने आये थे और वहीं एटीएम से पैसा निकालने के दौरान एक युवक मदद के बहाने नौ हजार रुपये निकालकर कार्ड बदल दिया, जिसका मुझे पता नहीं चला। आठ को सोनारपुरा स्थित एटीएम से रुपया निकालने गए तो पिन डालने पर भी रुपया नहीं निकला। लोहता स्थित बैंक में गया और वहां अपना कार्ड दिखाया और एकाउंट नंबर बताया तो बैंक द्वारा बताया गया कि एकाउंट से कई किस्तों में 248,037 रुपये निकाल लिए गए है।

### बस की चपेट में आने से युवक घायल

**रोहनिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के जगतपुर स्थित हाईवे पर शनिवार को प्रयागराज से वाराणसी जा रही अनुबंधित बस ने साइकिल सवार युवक को धक्का मार दिया। जिससे वीरभानपुर निवासी इम्तियाज अहमद को चोटें आई और उसे स्थानीय लोगों की सहायता से अस्पताल में भर्ती करया गया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। इस दौरान एक युवक ने धक्का मार कर भाग रहे बस को ओवरटेक किया और पीछा करके रोहनिया में उसे रोका। जहां से ड्राइवर कूदकर भागा जिसे स्थानीय निवासियों की मदद से पकड़ कर थाने लाया गया जिसके बाद बस से सभी यात्रियों ने उतरकर बस को खाली कर दिया, जबकि कंडक्टर मारपीट पर उतर आया, थाना प्रभारी ने कंडक्टर और चालक को अंदर बिठा दिया।

### समाधान दिवस पर छह प्रार्थना पत्र निस्तारित

**दानगंज।** समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए महीने के दूसरे शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में चोलापुर थाने पर अपराध व राजस्व मामलों के कुल सात प्रार्थना पत्र आए। जिनमें से प्रभारी थाना इंचार्ज अरुण प्रताप सिंह द्वारा छह प्रार्थना पत्रों का तत्काल निस्तारण किया गया। वहीं गोसाईपुर (मोहाव) का एक राजस्व संबंधित प्रार्थना पत्र निस्तारण के लिए अगले दिन रविवार को राजस्व टीम द्वारा भूमि मापन कर निस्तारित करने की बात कही गई।

# प्रबुद्ध सम्मेलन के बहाने वोटरों को रिझायेंगे योगी

**दौरा आज**

### सम्पूर्णानंद संस्कृत विवि में प्रबुद्धजनों को करेंगे संबोधित

### रुद्राक्ष में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के अंतरराज्यीय सम्मलेन में होंगे शामिल



सम्मेलन की तैयारियां शनिवार की देर शाम हो गईं पूरीं

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 11 दिसम्बर एक दिवसीय दौरे पर काशी में रहेंगे। सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के खेल मैदान में आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन को वे संबोधित करेंगे। सम्मेलन के बहाने सीएम स्थानीय निकाय चुनाव के मतदाताओं को रिझायेंगे। निकाय चुनाव की घोषणा के पूर्व सीएम योगी का यहां आना इस बात को दर्शाता है। इसके अलावा वे रुद्राक्ष कन्वेक्शन सेण्टर में आयोजित सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के अंतरराज्यीय सम्मलेन में भी भाग लेंगे।

निकाय चुनाव के पूर्व काशी की जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रबुद्धजनों के सम्मलेन को सम्बोधित करेंगे। इस सम्मलेन में सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व रहेगा। इस दौरान सीएम विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र भी सौंपेंगे। सम्मेलन को लेकर शनिवार को तैयारियां अंतिम दौर में युद्धस्तर पर चल रही थी। इसका जायजा लेने भाजपा पदाधिकारी भी कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही व्यवस्था में लगे लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। इस दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद श्रीवास्तव, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी, चुनाव संयोजक जगदीश त्रिपाठी, नवीन कपूर, संतोष सोलापुरकर आदि थे।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से महिला की गई जान

**सारनाथ।** रिंगरोड पर सिंहपुर टंडन बाबा कुटिया के सामने शनिवार को अपराह्न तीन बजे रिंग रोड के सर्विस लेन में विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर की चपेट में आने से वृद्ध महिला की मौत हो गई। वहीं किशोर पोता गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल किशोर को पंडित दीनदयाल जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर क्षतिग्रस्त बाइक व ट्रेक्टर को कब्जे में लिया। जानकारी के अनुसार चंद्रा चौराहा, आशापुर निवासनी लगभग 70 वर्षीय बिंदु देवी अपने पोते 16 वर्षीय रोशन चौहान के साथ बाइक से बुखार की दवा लेने के लिए आयर बाजार (चोलापुर) गई थी। वापसी में सिंहपुर रिंगरोड के सर्विस लेन पर विपरीत दिशा की तरफ से आ रहे ट्रैक्टर से टक्कर होने से धक्का लग गया जिसमें बाइक पर बैठी बिंदु देवी ट्रेक्टर ट्राली के पहिये से दब गई। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गयी। वहीं पोते के सिर पर गंभीर चोट लगने से वह घायल हो गया। बाइक चालक बिना हेलमेट लगाए बाइक चला रहा था।

## दुघर्टना में घायल अधेड़ की अस्पताल में मौत

**बड़ागांव।** थानाक्षेत्र के बसनी बड़ागांव मार्ग पर विजया दशमी मैदान के पास शुक्रवार को घटित सड़क दुघर्टना में घायल अधेड़ की देर रात उपचार के दौरान मौत हो गई। सुचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही में जुटी है। बताते चलें की उपरोक्त घटना में मैजिक और साइकिल की टक्कर में साइकिल सवार फुलपुर थानाक्षेत्र के छेड़ापुर गांव निवासी भुखन गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिसे पंडित दीनदयाल मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां बीती देर रात उसकी मौत हो गई।

## सड़क किनारे मिला महिला का शव

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** लंका थाना क्षेत्र के नरोत्तमपुर रमना मार्ग पर शनिवार को सड़क किनारे झाड़ी में अज्ञात महिला (55) का फेंका गया शव मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को झाड़ी से बाहर निकलवाया। इस दौरान फॉरेंसिक टीम भी मौजूद रही। इसकी जानकारी होते ही स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। महिला के बाएं पैर में घुटने के नीचे चार इंच गहरा और आठ इंच लंबा घाव और दाएं हाथ पर घसीटने के कारण चोट का निशान दिखा। जबकि नाक से ब्लड निकलता दिखा। स्थानीय लोगों का कहना है कि महिला की शायद हत्या कर उसे झाड़ियों में फेंक दिया गया। वहीं, मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर लंका बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि मौत का कारण दुर्घटना प्रतीत हो रही है। पोस्ट मॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत की असल वजह पता चल पायेगी। महिला साड़ी और स्वेटर पहनी थी। शव की पहचान नहीं हो सकी है।

## रेलवे ट्रैक के किनारे बेहोश मिला छात्र

**लापता था छात्र**

### जीआरपी ने ट्रामा सेंटर में कराया भर्ती, सूचना पर अस्पताल पहुंचे परिजन



**जंसा।** कपसेठी थाना क्षेत्र के बेलवा गांव निवासी कक्षा नौ का छात्र शुक्रवार की सुबह विद्यालय पढ़ने गया और देर शाम तक घर नहीं लौटा। घायल अवस्था में बेहोशी की स्थिति में भदोही जिले के पूर्व उत्तर रेलवे के माधव सिंह रेलवे स्टेशन के पश्चिमी आउटर सिंगल के पास देर रात बेहोशी की हालत में पड़ा मिला मौके पर पहुंची जीआरपी घायल को रात्रि में ही औराई राजकीय अस्पताल ले गई, जहां से हालत गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। छात्र के झोले में मिले मोबाइल नंबर व पता के आधार पर पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। रेलवे पुलिस का कहना है कि किसी ट्रेन से यह गिरा था फिलहाल उसके पास से कोई रेल टिकट नहीं मिला। घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चा व्याप्त है।


## कार्यालय नगर पंचायत खेतासराय, जौनपुर

पत्रांक: मेमो/न0पं0खेता/2022-23 दिनांक: 07.12.2022

नगर निकाय द्वारा कराये जा रहे डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन कार्य हेतु

आवश्यक सूचना

नगर पंचायत मछलीशहर द्वारा डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का कार्य स्वयं निकाय द्वारा कराया जा रहा है नगर वासियों एवं समस्त व्यवसायियों से अपील है की घरों एवं प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कूड़े को सेग्रिगेसन हेतु पालिका के कर्मियों को देना सुनिश्चित करें किसी भी गृहस्वामी/प्रतिष्ठान द्वारा कूड़े को पालिका के कर्मियों को न देकर खाली प्लाटों सड़कों व नालियों में फेका जाता व खुले में कूड़े को जलाया जाता है तो ऐसे व्यक्तियों/प्रतिष्ठानों के विरुद्ध सालिड वेस्ट मैनिजमेंट रूल्स 2016 में वर्णित सुसंगत धाराओं के अनुसार कार्यवाही के साथ-साथ रू0 250.00 से रू0 500.00 तक का जुर्माना किया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत खेतासराय
जौनपुर

अध्यक्ष
नगर पंचायत खेतासराय
जौनपुर

## कार्यालय नगर पंचायत खेतासराय, जौनपुर

पत्रांक: मेमो/न0पं0खेता/2022-23 दिनांक: 07.12.2022

बल्क वेस्ट जनरेटर इकाइयों/प्रतिष्ठानों द्वारा कम्पोस्टिंग कराये जाने हेतु

आवश्यक सूचना

ठोस अपशिष्ट कचरा प्रबंधन नियम-2016 दिनांक 08.04.2016 से अधिसूचना जारी है जिसके अंतर्गत एक दिन में 100 किलो ग्राम व अधिक ठोसक अपशिष्ट कचरा उत्सर्जित/उत्पन्न करे वाली संस्थाएं व इकाईयां जैसे होटल/रेस्टोरेंट/विवाल घर/हॉस्पिटल/कॉलेज/विश्वविद्यालय/रेजीडेन्स/कैंटीन/वेलफेयर एसोसिएशन/सब्जी मंडी इत्यादि को ठोस अपशिष्ट निस्तारण/प्रोसेस हेतु आवश्यक छमता को कम्पोस्ट/ऑरगेनिक कम्पोस्टिंग मशीन लगाया जाना आवश्यक है, यदि उक्त में से कोई भी संस्थाएं व इकाई जैसे होटल/रेस्टोरेंट/विवाह घर/हॉस्पिटल/कॉलेज/विश्वविद्यालय/रेजीडेन्स/कैंटीन/वेलफेयर एसोसिएशन/सब्जी मंडी इत्यादि को ठोस अपशिष्ट निस्तारण/प्रोसेस का उलंघन करता पाया जाता है तो नियमानुसार जुर्माना वसूला जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत खेतासराय
जौनपुर

अध्यक्ष
नगर पंचायत खेतासराय
जौनपुर

## कार्यालय नगर पंचायत खेतासराय, जौनपुर

पत्रांक: मेमो/न0पं0खेता/2022-23 दिनांक: 07.12.2022

विज्ञप्ति

सैप्टेज प्रबन्धन के अन्तर्गत समस्त ऐसे भवन स्वामी जिनके शौचालय सीवर लाइन से समायोजित नहीं है एवं सैप्टिक टैंक से समायोजित है, को खाली कराये जाते समय सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के तहत कार्यवाही निम्नानुसार अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करेंगे। (1) सैप्टिक टैंक को उपभोक्ता द्वारा 03 वर्ष में एक बार खाली कराया जाना अनिवार्य होगा। (2) सेप्टिक टैंक भरने पर तत्काल ही खाली करना सुनिश्चित करें। किसी भी स्थिति में मल नालियों में ना जा सके। (3) किसी भी स्थिति में श्रमकों से सैप्टिक टैंक को खाली न कराया जाये। (4) सैप्टिक टैंक खाली कराते समय निकलने वाले फीकल स्लज को खुले में न बहाये।

अतः सीधे नगर पंचायत के निम्नलिखित नंबर 9455096648 पर संपर्क कर टैंकरों के माध्यम से सैप्टिक टैंक खाली कराया जा सकता है टैंक खाली करने का प्रयोक्ता शुल्क 2,000.00 रू0 प्रति टैंकर निर्धारित है उपभोक्ताओं/टैंकरों संचालकों द्वारा यदि एकत्रित मल को खुले/नाले में बहाया जाता है तो उस स्थिति में माननीय राष्ट्रीय हरित अभिकरण के नियमों का उल्लंघन मानते हुए प्रथम बार में 5000 रू0 एवं पुनरावृत्ति पर 10000 रू0 तक का जुर्माना लगाया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत खेतासराय
जौनपुर

अध्यक्ष
नगर पंचायत खेतासराय
जौनपुर


## तीन वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**चौबेपुर।** पुलिस ने शनिवार को तीन वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी शिव शंकर चौहान पुत्र स्व संतलाल चौहान, शंकर चौहान पुत्र स्व संतलाल चौहान निवासी जाल्हुपुर और सुरेश चौहान पुत्र राम राज चौहान निवासी उक्थी चौबेपुर के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी थे। थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि आरोपीयों को पुलिस ने शनिवार सुबह उनके घरों से गिरफ्तार किया है।

## हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए महिलाओं की गुहार



मजिस्ट्रेट से गुहार लगातीं महिलाएं

**चौबेपुर।** शादी समारोह से लौटते समय 23 नवंबर की रात सात युवकों ने बहादुर गांव निवासी 15 वर्षीय किशोर अमित खैरवार को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था, जिसकी बाद में इलाज के दौरान बीएचयू ट्रामा सेंटर में मौत हो गई थी।

मामले में सात के खिलाफ नामजद हत्या व एससी एसटी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। जिसमें चौबेपुर के ग्राम प्रधान राघवेंद्र जायसवाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं अन्य छह आरोपी अभी भी फरार चल रहे हैं। मामले में परिजनों ने थाना दिवस पर ग्रामीणों के साथ प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह से आरोपीयों की जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। परिजनों का कहना था कि एसीपी सारनाथ अमित श्रीवास्तव ने 48 घंटे का समय दिया था, लेकिन पुलिस सिर्फ एक आरोपी को ही गिरफ्तार कर सकी। वहीं मौके पर मौजूद तहसीलदार मजिस्ट्रेट ने महिलाओं व परिजनों को आश्वासन दिया कि आरोपीयों पर कार्रवाई की जा रही है।

## लक्ष्य आधारित जीवन से होता है तनाव : डॉ. पूर्वा भट्टाचार्य

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** यूपी कॉलेज परिसर स्थित राजर्षि स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में शनिवार को तनाव प्रबंधन एवं मानसिक स्वास्थ्य विषय पर कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सह संस्थापक डॉ. पूर्वा भट्टाचार्य ने कहा कि लक्ष्य आधारित जीवन के कारण व्यक्तिगत जीवन में तनाव आता है। विद्यार्थी जीवन की बात की जाए तो यह उन्हें भी बहुत परेशान करता है।



मुख्य अतिथि का किया गया सम्मान

तनाव का सीधा एवं प्रतिकूल असर हमारे शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। कहा कि कई बार हमें यह पता ही नहीं होता कि हमारे मानसिक स्वास्थ्य को खराब होने का कारण अत्यधिक तनाव पूर्ण जीवन का होना है। मुख्य वक्ता का स्वागत निर्देशक डॉ. अमन गुप्ता ने किया और कहा कि इस कार्यशाला की सहायता से हमें अपने जीवन के तनावपूर्ण स्थिति को समझने एवं दूर करने में मदद मिलेगी। संचालन गरिमा आनंद व धन्यवाद ज्ञापन अनुराग सिंह ने किया। इस अवसर पर आनंद मोहन पांडेय, सुजीत सिंह, डॉ. बृजेश कुमार यादव और डॉ. प्रीति सिंह आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय नगर पंचायत खेतासराय, जौनपुर

पत्रांक: मेमो/न0पं0खेता/2022-23 दिनांक: 07.12.2022

सर्विस लेबल बेंच मार्क सूचना

उत्तर प्रदेश शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय के निर्देशानुसार निकाय के अंतर्गत समस्त शौचालयों में उच्चस्तरीय नागरिक हितैषी सेवाएं रख रखाव एवं आवश्यक सुविधा नियमित रूप से कराने हेतु सर्विस लेबल बेंच मार्क निर्धारित किये गये है।

| क्रम संख्या | सेवा का प्रकार | मानक लक्ष्य | अर्थदण्ड की राशि (रु. में) |
|---|---|---|---|
| 1 | शौचालय के खुलने का समय। | 24 घंटे | 200.00 |
| 2 | जल की उपलब्धता। | 24 घंट | 200.00 |
| 3 | शौचालयों में प्रकाश व हवादानी। | प्रत्येक सीट में प्राकृतिक एवं एल ई डी लाइट से प्रकाश व हवादानी | 500.00 |
| 4 | सेप्टिक टैंक/सीवरेज व्यवस्था। | समस्त शौचालयों में | 500.00 |
| 5 | शिकायत निवारण की समय सीमा। | 24 घंटे | 100.00 |
| 6 | शौचालयों की ऑनलाइन मैप में खोजने हेतु या समकक्ष प्लेटफार्म में उपलब्धता एवं फीडबैक व्यवस्था। | समस्त शौचालयों में | 1000.00 |
| 7 | सीट, वेसिन, फर्स, दीवार, दरवाजा, आईना आदि की साफ सफाई। | निरंतर किन्तु 24 घंटे में 4 बार | 500.00 |
| 8 | साबुन, फिनायल, डस्टबिन सफाईकर्मी सुरक्षा पहनावे (जैसे ग्लब्स, जूता, एप्रेन आदि) झाड़ू आदि की व्यवस्था। | समुचित सफाई हेतु निरंतर उपलब्धता | 200.00 |
| 9 | सेनेटरी नैपकिन, एयरफ्रेशनर, हैण्ड ड्रायर। | शहर में स्थित कुल 25 प्रतिशत शौचालयों में | 200.00 |

अतः समस्त शौचालयों में नोडल अधिकारी सफाई प्रभारी एवं केयर टेकरों को आदेशित किया जाता है कि नियमानुसार सर्विस लेबल बैंच मार्क के अनुसार व्यवस्था कराएं निर्देशों का पालन न किया जाने पर सम्बंधित केयर टेकरों एवं सफाई प्रभारी को दर्शित अर्थदण्ड अनुसार दण्डित किया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत खेतासराय
जौनपुर

अध्यक्ष
नगर पंचायत खेतासराय
जौनपुर



जनसंदेश टाइम्स

**वर्गीकृत**

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2015 अनुक्रमांक 3198483 व इण्टरमीडिएट वर्ष 2017 अनुक्रमांक 2338653 का प्रमाणपत्र व अंकपत्र प्रमाण पत्र खो गया है। ममता पाण्डेय पुत्री शिवपूजन पाण्डेय, ग्रा0 व पो0-गड़खड़ा, वाराणसी।

पूर्व में मेरा नाम संजय कुमार शर्मा था अब संजय शर्मा कर लिया हूँ। भविष्य में मुझे संजय शर्मा के नाम से जाना व पहचाना जाये। संजय शर्मा पुत्र कन्हैया लाल शर्मा डी 53/114-ए, लक्सा रोड, रथयात्रा कमच्छा, वाराणसी (उ0 प्र0) पिन कोड-221010

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है**:-मां सरस्वती कॉलेज ऑफ लॉ दमोदरा जौनपुर (सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर) में स्ववित्तपोषित योजनांतर्गत स्नातक स्तर पर विधि संकाय में एक प्राचार्य व प्रवक्ताओं की। योग्यता व सेवाशर्ते बीसीआई/उत्तर प्रदेश शासन/विश्वविद्यालय परीनियमावली के अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी 21 दिन के अंदर आवेदन करें

**प्रबंधक, मो0-9956298325**

**आवश्यकता है**:-नेता सुभाष चंद्र बोस महाविद्यालय देवगांव आजमगढ़ (संबद्ध-महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय आजमगढ़) में स्ववित्तपोषित योजनातर्गत प्राचार्य एक पद व कला संकाय स्नातक में प्रवक्ताओं की, समाजशास्त्र, भूगोल, राजनीतिशास्त्र, मध्यकालीन इतिहास, हिंदी, संस्कृत, गृहविज्ञान मे एक-एक पद। वेतनमान /यूजीसी/विश्वविद्यालय / शासन परिनियमावलीनुसार। अभ्यर्थी 21 दिन के अंदर प्रमाण पत्रों दो फोटो सहित आवेदन भेजे।

**प्रबंधक- 9792448699**


# अवैध वसूली पर थानाध्यक्ष को लिखा पत्र

**गुहार**

### शिकायत पर कार्रवाई नहीं होने से शिकायतकर्ता नाराज

**लोहता।** ग्रामीण पुलिस के स्थान पर नव सृजित वाराणसी कमिश्नरेट से आम जनता को बहुत अपेक्षाएं थी। लेकिन स्थानीय पुलिस की कारस्तानी से इलाके के लोग काफी परेशान हो गए हैं। इसके लिए कुछ लोगों ने अवैध वसूली को लेकर थानाध्यक्ष को शिकायती पत्र लिख मामले से अवगत कराया।

पीड़ित द्वारा शिकायत के बावजूद भी कोई ठोस कार्यवाही न करने से लोग नाराज है। बताया जाता है कि अकेलवा चौकी प्रभारी ने कोरौता निवासी छात्र यशवंत पटेल को एक लड़की से बात करने के जुर्म में 85 हजार रुपये जबरन वसूलने पर छात्र के दादा घनश्याम पटेल ने थानाध्यक्ष लोहता को बीते सात दिसंबर 2022 को लिखित शिकायती पत्र दिया, जिसपर कोई कार्यवाही नहीं हुई। इसी क्रम में कानपुर निवासी अनुराग यादव ने मस्तान बाबा के उर्स में हवाई झूला, ब्रेक डांस झूला, नाव झूला आदि लगाया था। आरोप है कि शुक्रवार की शाम जब महिलाओं, बच्चों की भीड़ झूले में उमड़ी तभी स्थानीय पुलिस मेले में पहुंचकर अत्यधिक रुपये की मांग करने लगे, झूला संचालक ने वसूली का आरोप लगाते हुए कहा कि और रुपये नहीं दे सकता। जिलामजिस्ट्रेट के यहां से मनोरंजन कर आदि जमा करके 10 दिसंबर तक का परिमिशन ले रखा है। संचालक ने बताया कि पुलिस और जिला मजिस्ट्रेट कि अनुमति के बाद भी लोहता पुलिस ने अत्यधिक रुपये न देने पर झूला अकारण बंद करा दिया जिसके चलते कंपनी को हानि हुई है। कंपनी को 10 दिसंबर तक झूला आदि की अनुमति थी। उधर लोहता थानाध्यक्ष राजकुमार पांडेय का कहना है कि रुपये मांगने का आरोप निराधार है। थाने के त्यवहार रजिस्टर में आठ दिसंबर तक कि ही अनुमति दर्ज है।

### सीवर न होने से सड़क पर बहा रहे गंदा पानी

**वाराणसी।** गोविंदपुर रोड चौरा माता मंदिर के पास रहने वाले सीवर न होने से सड़क पर गंदा पानी बहाने को मजबूर हैं, जिससे सड़क क्षतिग्रस्त होने के साथ राहगीरों को फिसल कर गिरने की आशंका बनी रहती है। जबकि मंदिर के पास जमा कूड़े से भी दुर्गंध उठ रही है, जहां कूड़ा उठान की समस्या भी बनी रहती हैं।

## शहर में 102 स्थानों पर कराई अलाव की व्यवस्था

**वाराणसी।** नगर निगम ने शनिवार को कुल 102 स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था शुरू कर दी। इसके लिए जोनवार अधिकारियों को निर्देशित कर सभी को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान कमांड कंट्रोल सेंटर से अलाव की निगरानी के भी निर्देश दिए गए।



मौसम में बदलाव और ठंड की दस्तक के बाद नगर आयुक्त प्रणय सिंह ने उद्यान विभाग को नगर के महत्वपूर्ण स्थानों पर अलाव जलाने का आदेश दिया है। अपर नगर आयुक्त राजीव कुमार राय के नेतृत्व में सभी जोनल अधिकारियों के द्वारा अपने-अपने जोन में महत्वपूर्ण स्थानों को चिन्हित करते हुए शनिवार को कुल 102 स्थानों पर अलाव जलाया गया। नगर आयुक्त ने कमांड सेंटर के माध्यम से जलाये जा रहे अलाव की सीसी कैमरे से निगरानी किये जाने के लिए निर्देशित किया है। दशाश्वमेध जोन में कुल 15, भेलूपुर जोन में 35, कोतवाली जोन में 5, आदमपुर जोन में 7 और वरूणापार जोन में कुल 40 स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई। इसके अलावा 12 स्थायी शेल्टर होमों में भी अलाव की व्यवस्था करते हुए प्रतिदिन अलाव जलाया जा रहा है।



# वाराणसी भारत



# बदलती वैश्विक व्यवस्था में भारत उभरती शक्ति

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर बदलती वैश्विक व्यवस्था में भारत एक उभरती शक्ति है। भारतीय विदेश नीति अब ज्यादा वैश्विक सरोकारों से जुड़ती हुई बहुआयामी स्वरूप ग्रहण कर रही है। इसमें अब ज्यादा भू-रणनीतिक यथार्थता और वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत के राष्ट्रीय हित को संरक्षित करने की क्षमता निर्मित हुई है।

कोरोना के वैश्विक प्रसार के दौरान भारत ने ना केवल अपने आबादी को सुरक्षित किया अपितु दुनिया भर में इसके टीके को निर्यात कर वैश्विक नेतृत्व का परिचय दिया। वह मालवीय मूल्य अनुशीलन सभागार में शनिवार को बीएचयू की तरफ से आयोजित एक विशेष व्याख्यान को संबोधित कर रहे थे।

**बोले जयशंकर**

**कहा, कोरोना टीके का निर्यात कर भारत ने दिया वैश्विक नेतृत्व का परिचय**

**आने वाले दिनों में वैश्विक सवालों को सुलझाने में हमारी विदेश नीति होगी समर्थ**

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि हमने वैश्विक विमर्शों को अब आकार देना शुरू किया है और आने वाले दिनों में दुनिया भर के वैश्विक सवालों को सुलझाने का भी सामर्थ्य हमारी विदेश नीति में होगा। इस 21वीं सदी में डेटा, तकनीक और विचारों की ताकत से ही नई दुनिया पर राज किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत को अभी हाल में ही जी-20 की अध्यक्षता प्राप्त हुई है और जल्दी ही काशी में जी-20 देशों के विकास मंत्रियों की बैठक आयोजित की जाएगी।



बीएचयू में विशेष व्याख्यान को संबोधित करते विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर

भारत के महत्वपूर्ण शक्ति बनने की अकांक्षा बिना ज्ञान के पावर हाउस बने संभव नही है और बीएचयू अपने विशाल ज्ञान नेटवर्क और मानव संशाधन के साथ इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

अन्तर्चर्चा का विषय बदलते वैश्विक परिदृश्य में सशक्त भारत की विदेश नीति थी। विदेश मंत्री ने अलग से यह तथ्य रेखांकित किया कि उनके श्वसुर भी 1944-1948 तक इस विश्वविद्यालय के छात्र रहे। उन्होंने कहा कि काशी सभ्यता, ज्ञान और विमर्श की नगरी रही है और एक मूल्य के रूप में यह विश्वविद्यालय आजादी के बाद के भारत की सर्वोत्तम आकांक्षाओं को प्रतिबिम्बित करता है। उन्होंने बताया कि जी-20 के विभिन्न कार्यक्रम देश के 80 से ज्यादा शहरों में आयोजित किए जाएंगें।

अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. सुधीर जैन ने जी-20 की अध्यक्षता भारत को मिलने को राष्ट्रीय विदेश नीति की एक विशेष सफलता बताया। उन्होंने विदेश नीति की शिखर वार्ताओं को नई दिल्ली केंद्रित न रखकर अलग-अलग शहरों में इसे ले जाने के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व का भी आभार प्रकट किया। उन्होंने बीएचयू में लगातार विदेशी विद्यार्थियों की बढ़ती हुई संख्या को अलग से रेखांकित किया। अतिथि का परिचय अनुशीलन केंद्र के समन्वयक प्रो. संजय कुमार ने किया।

कार्यक्रम में काफी संख्या में उपस्थित विदेशी छात्रों के प्रशनोत्तरी कार्यक्रम से विदेश मंत्री हर्षित हुए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रियंका झा एवं प्रश्नोत्तरी का संचालन डॉ. दिव्या रानी ने किया। धन्यवाद प्रो. मनोज कुमार मिश्र ने दिया। इस दौरान युनेस्को चेयर प्रोफेसर प्रियंकर उपाध्याय, विश्वविद्यालय के पूर्व रेक्टर प्रो. कमल शील, पूर्व डीन प्रो. अंजु शरण उपाध्याय, कोर्ट मेम्बर प्रो. संजय श्रीवास्तव, प्रो. घनश्याम, डॉ. मयंक नारायण सिंह, प्रो. राजकुमार आदि मौजूद थे।



बीएचयू के एम्फीथिएटर के बॉस्केटबाल कोर्ट पर खेल का आनंद लेते जयशंकर

## काशी-तमिल संगमम् में हुए शामिल

इसके पूर्व विदेशी मंत्री डॉ. एस. जयशंकर यहां काशी-तमिल संगमम् में भी शामिल हुए। उन्होंने तमिलनाडु के लोगों से भी मुलाकात की। प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। संगमम् के तहत आयोजित बॉस्केटबाल का मैच देखा। गंगा में नौकायन और श्री काशी विशवनाथ धाम में दर्शन-पूजन भी किया। वे रविवार को बीएलडब्ल्यू के ऑफिसर्स गेस्ट हाउस पहुंचे। यहां बीएलडब्ल्यू की महाप्रबंधक अंजली गोयल आदि ने उनका उनका स्वागत किया।

# जैलेंद्र अध्यक्ष, विजय महामंत्री चुने गए

**मिली जीत**

**दी तहसील बार एसोसिएशन राजातालाब के नव निर्वाचितों को दी गई बधाई**

जनसंदेश न्यूज

**रोहनिया।** दी तहसील बार एसोसिएशन राजातालाब के चुनाव की मतगणना शनिवार को आयोजित हुआ। वार्षिक चुनाव में जैलेंद्र कुमार राय अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित हुए। जबकि महामंत्री पद के लिए विजय कुमार भारती और कोषाध्यक्ष पद पर विवेक कुमार त्रिपाठी विजेता घोषित किए गए।

शनिवार को हुई मतगणना में जैलेंद्र ने 520 मत पाकर निकटतम प्रतिद्वंदी मुखराज को 59 मतों से हराया। जैलेंद्र को 520 वोट मिले जबकि मुखराज को 461 मत प्राप्त हुए। महामंत्री पद पर विजय निर्वाचित घोषित किए गए इन्होंने 668 मत प्राप्त किए इन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी नागेश कुमार उपाध्याय को 25 मतों के अंतर से पराजित किया। कोषाध्यक्ष पद पर विवेक ने ओम शांति को 328 मतों के अंतर से हराया। तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव में कुल 117 मत अवैध घोषित हुए। जीत की घोषणा चुनाव संचालन समिति के सदस्य दिनेश कुमार शर्मा तथा नंदकिशोर पटेल ने किया। इस दौरान तहसील परिसर में अध्यक्ष पद के अन्य प्रत्याशी चंद्रशेखर उपाध्याय, राजेश कुमार सिंह, प्रदीप सिंह भी अपने समर्थकों के साथ उपस्थित रहे। विजेता प्रत्याशियों को समर्थकों ने माला फूल से लाद कर बधाइयां दी और जिंदाबाद के नारे लगाए। इस दौरान तहसील परिसर में राजातालाब बार के पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, वाराणसी कचहरी के अधिवक्ता राजन सिंह, विनय शंकर राय मुन्ना, नीरज कुमार पांडेय, गौरव उपाध्याय, उदल पटेल,प्रेम पाठक, रमेश कुमार सहित तमाम अधिवक्ता उपस्थित रहे।




जीत के बाद फूल माला से जैलेंद्र को लाद दिया गया

# भीड़ कम करने को स्टेशनों का होगा एकीकृत विकास

**बोले अश्विनी वैष्णव**

**कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) पर विकासशील रेल कार्यों एवं परियोजनाओं का लिया जायजा**

**आगामी समय में शयनयान के नये कोच के साथ ट्रैक पर दौड़ेगी वंदे भारत**

**जल्द ही कैंट स्टेशन का बदलेगा स्वरूप, नये कलेवर के साथ यात्रियों की बढ़ेगी सुविधा**

**वाराणसी।** केंद्रीय रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, अश्विनी वैष्णव ने अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान शनिवार को कैंट रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते हुए नये कलेवर में बन रहे वाराणसी जंक्शन के ले आउट का अवलोकन किया।

शनिवार की सुबह कैंट रेलवे स्टेशन पहुंचे रेल मंत्री ने स्टेशन पर वर्तमान में चल रहे प्रगति कार्यों की जानकारी लेते हुए सभी कार्यों को निर्धारित समय पर उच्च गुणवत्ता के साथ संपन्न करने पर अधिकारियों से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विशेष रूप से स्टेशन भवन के नव विस्तारीकृत क्षेत्र का निरीक्षण, स्टेशन पर निमार्णाधीन तीसरे 10 मीटर चैड़े फुट ओवर ब्रिज, स्टेशन के सकुर्लेटिंग क्षेत्र इत्यादि की जानकारी ली और स्टेशन के पुनर्विकास कार्य से अवगत होते हुए अपने आवश्यक सुझाव दिये। उन्होंने निर्देश जारी करते हुए कहा कि इस कार्य को आगामी 50 वर्षों को ध्यान मे रखते हुये वाराणसी कैंट स्टेशन का विकास विश्वस्तरीय मानकों के अनुरूप किया जाए और साथ ही स्टेशन



पर आने वाले श्रद्धालुओं के दृष्टिगत सुविधाओं का उन्नयन किया जाए। उत्तर रेलवे के मुख्यालय से एवं लखनऊ मंडल से आये सभी अधिकारियों के साथ वार्ता करते हुए बहुआयामी छवि के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित किया।

इसके अतिरिक्त उन्होंने यात्रियों से संवाद स्थापित करके रेल से उनकी अपेक्षाओं की जानकारी प्राप्त की तथा रेलकर्मियों से बातचीत करके उनकी रेल कार्यप्रणाली से अवगत हुए और उन्हें अपनी श्रेष्ठतम रेल सेवाएं प्रदान करने हेतु प्रेरित किया।

## सफाई व्यवस्था से संतुष्ट

निरीक्षण के दौरान रेल मंत्री कैंट रेलवे स्टेशन पर सफाई व्यवस्था से संतुष्ठ दिखे उन्होंने कहा कि रेल की पटरियां हो या फिर प्लेटफार्म हर स्थान पर स्वच्छता को मिशन के रूप में चलाये।

## शयनयान कोच के साथ दौड़ेगी वंदे भारत

रेल मंत्री ने बताया कि आगामी समय में जल्द ही रेलवे ट्रैक पर देश की पहली सेमी हाईस्पीड ट्रेन वंदेभारत एक्सप्रेस शयनयान कोच के साथ दौड़ेगी। अभी तक इस ट्रेन में बैठकर ही यात्रा की जाती है लेकिन अब इस पर मंथन चल रहा है ताकि लोग सो कर भी सफर कर सकें। इसके लिए एक साल बाद काम शुरू हो जाएगा। बताया कि इतना ही नहीं वंदेभारत ट्रेनों को लंबी दूरी के लिए भी चलाया जाएगा। मौजूदा समय सभी वंदेभारत ट्रेनें जिन स्टेशनों से चलती हैं, रात में उन्हीं स्टेशनों में वापस आ जाती है। लेकिन अब वंदेभारत को राजधानी की तरह चलाने की योजना है। जो दिन-रात चलेंगी। जिसमें लोग सोते हुए भी सफर कर सकेंगे।

## आरपीएफ के चलते यात्रियों की फजीहत

रेल मंत्री के निरीक्षण के चलते आरपीएफ के अड़ियल रवैये के चलते कई यात्रियों को ट्रेनों को भी छोड़ना पड़ा हालांकि यात्री अपने रास्ते ही ट्रेन तक जाने के लिए प्लेटफार्म पर पहुंच रहे थे, लेकिन रेल मंत्री के एफओबी पर निरीक्षण के दौरान आरपीएफ के जवानों ने कई यात्रियों को प्लेटफार्म नंबर नौ पर जाने से रोक दिया। जिससे यात्रियों में रोष भी देखा गया।

## काश! रोज आएं मंत्री

रेल मंत्री के निरीक्षण को लेकर पूरा रेल महकमा चुस्त दुरूस्त दिखा, जिसके चलते सर्कुलेटिंग एरिया से लगायत चहारदीवारी के बाहर तक सब कुछ अपडेट दिखा, यात्रियों ने दबी जुबां में इस बात को कहा कि क्'ाश रेल मंत्री का रोजाना स्टेशन पर दौरा हो, सर्कुलेटिंग एरिया के बाहर दर्जनों लगी अवैध ठेला की अस्थायी दुकानों को आरपीएफ की ओर से हटवा दिया गया था, इसके साथ सर्कुलेटिंग एरिया में किसी भी तरह के टैम्पों के संचालन पर प्रतिबंध रहा। मंत्री के जाने तक आरपीएफ के लोग इसकी मॉनिटरिंग करते रहें।

# सबको निर्बाध स्वास्थ्य सेवा मिलनी चाहिए : आनंदीबेन पटेल

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल पटेल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि भारत सर्वे भवन्तु सुखनः, सर्वे सन्तु निरामया अर्थात विश्व कल्याण की भावना में विश्वास रखता है। केंद्र सरकार ने इसी भावना को ध्यान में रखते हुये सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना से अन्त्योदय के उद्देश्य को साकार करने और समाज के अन्तिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ देने के उदेश्य से अनेक कदम उठाये हैं।

राज्यपाल पटेल आनंदीबेन पटेल शनिवार को विश्व यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज-डे के अवसर पर शनिवार को रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में आयोजित दो दिवसीय कम्युनिटी हेल्थ आफिसर्स कान्फ्रेंस में लोगों को लखनऊ राजभवन से आनलाइन संबोधित कर रहीं थीं। कहा कि विश्व यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज-डे के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय कम्युनिटी हेल्थ आफिसर्स कान्फ्रेंस में आपके मध्य उपस्थित होना मेरे लिये गर्व की बात है। उन्होंने ऐसे राज्यों जिन्होंने स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है, उन राज्यों और संघ शासित प्रदेशों को स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सम्मानित किये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आयुष्मान भारत-हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एबी-एचडब्ल्यूसी) के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं देने की दिशा में प्रगति कर रहा है। अब तक भारत सरकार द्वारा 1,50,000 स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्र स्थापित करने के लक्ष्य के सापेक्ष 1,33,000 केन्द्र क्रियाशील हैं। उन्होंने ई-संजीवनी के माध्यम से उपचार की व्यवस्था अत्यधिक प्रभावी बनाये जाने पर बल देते हुए कहा कि इस माध्यम से किसी भी गरीब एवं दूरस्थ क्षेत्रों में आवासित लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सलाह प्राप्त हो सकती है और उनकी स्क्रीनिंग के पश्चात पहले से ही किसी भी असाध्य रोग की जानकारी रोगी को मिलने से मरीज का जीवन बच सकता है।

**कार्यशाला**

**यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज डे के अवसर पर कम्युनिटी हेल्थ आफिसर्स कान्फ्रेंस में राजभवन से ऑनलाइन शामिल हुई**

**स्वस्थ समाज ही समृद्ध देश का निर्माण कर सकता है- डा. मनसुख मंडाविया**

**आज भारत दुनिया को एडवाइस कर रहा है और दुनिया भारत को फॉलो कर रही है**



सम्मेलन को वर्चुअली संबोधित करतीं आनंदीबेन पटेल

## इनको किया गया पुरस्कृत

सम्मेलन में टेलीकंसल्टेशन के माध्यम से उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा प्रदान करने वाले बड़े राज्यों तमिलनाडू, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, एवं पश्चिम बंगाल को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी प्रकार संघ शासित क्षेत्र के चण्डीगढ़ एवं जम्मू-कश्मीर के साथ साथ उत्तर पूर्व पहाड़ी राज्यों में से मणीपुर एवं असम को पुरस्कृत किया गया। सबसे अधिक आयुष्मान भारत हेल्थ एकाउंट जेनरेशन (आभा) आईडी बनाने वाले तीन बड़े राज्यों उड़ीसा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के साथ-साथ उत्तरपूर्व पहाड़ी राज्य असम एवं मिजोरम को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा आयुष्मान भारत के अंतर्गत बने हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर उत्कृष्ट कार्य कर रही पांच राज्यों बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश की टीमो को पुरस्कृत किया गया।

## स्वास्थ्य कर्मियों के कार्यों को सराहा

कहा कि कोरोना काल में स्वास्थ्य कर्मियों ने जो भूमिका निभायी उसकी न सिर्फ देश में बल्कि पूरी दुनियां में प्रशांसा हुई। देश के स्वास्थ्यकर्मियों ने यह साबित कर दिया कि विपरीत परिस्थ्यिों में रहते हुए भी हम सीमित संसाधनों में सभी को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करा सकते है। इतना ही नहीं कोरोना टीकाकरण के मामले में भी हमने मिसाल कायम की। कम समय में देश की बड़ी आबादी को कोविड का टीका लगाकर सभी को सुरक्षित बनाने में स्वास्थ्यकर्मियों की जितनी भी प्रशंसा की जाय कम होगी।

## मेडिकल छात्र भी वेलनेस सेंटर में देंगे सेवा

स्वास्थ्य मंत्री ने साफ तौर पर कहा कि देश में नये मेडिकल कालेजों को खोलने का भी प्रयास चल रहा है। यह भी प्रयास है कि मेडिकल छात्र ऐसे हेल्थ एण्ड वेलनसे सेंटर पर अपनी सेवाए देने के लिए जुड़े। उन्होंने कहा कि टेलीमेडिसिन के क्षेत्र में भी हमें काफी सफलता मिली है। यह दूरस्थ इलाकों के लिए बेहत कारगर हो रही है। आज देश में ई-संजीवनी प्लेटफार्म से हर रोज चार लाख से अधिक लोग इस सेवा का लाभ ले रहे है।

## इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में प्रदेश के मंत्री डा.दयाशंकर मिश्र दयालु के अलावा उत्तराखंड, झारखंड, सिक्किम, मध्य प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री, एनएच ए के सीईओ राम सेवक शर्मा, केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण, विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिनिधिगण आनलाइन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण (भारत सरकार) से आये अधिकारीगण के अलावा सहयोगी संस्था यूसेड, जपाईगो, पाथ, डब्ल्यूएचओ, आईहैट एवं बिल एण्ड मिलिण्डा गेट्स फाउण्डेशन के प्रतिनिधि शामिल थे।

## टीबी मुक्त भारत के लिए दिखानी होगी एकजुटता

यूनिवर्सल हेल्थ केयर कवरेज डे के उद्देश्य को हम सभी को मिलकर प्राप्त करना है। इसीलिए इस वर्ष यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज डे की थीम ह्यबिल्ड द वर्ल्ड वी वान्ट ए हेल्दी फ्यूचर फार आल रखी गई है। प्रधानमंत्री के 2025 तक भारत को टी.बी मुक्त करने के लक्ष्य की पूर्ति हेतु हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि राजभवन में 3 से 5 वर्ष की आयु के जो बच्चे आंगनबाड़ी में आते हैं। उन्हें पौष्टिक भोजन युक्त एक किट प्रदान की जाती है, जिससे उनका स्वास्थ्य बेहतर हो सके।

## वेलनेस सेंटर में भी हो सकेगी जांच

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में लोगों को चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध हो इसके लिए आने वाले समय में पूरा कार्य कर लिया जायेगा। के लोगों को सुविधा मिलेगी। अब तक 8 करोड़ टेलीकंसल्टेशन कर चुके हैं। आने वाले समय में हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर से मेडिकल कॉलेज को भी जोड़ने की योजना है।

## तमिल मेहमानों ने बाबा विश्वनाथ का किया दर्शन-पूजन

**वाराणसी।** काशी तमिल संगमम में शामिल होने तमिलनाडु से दसवां जत्था शुक्रवार की रात बनारस स्टेशन पहुंचा। इनमें मंदिरों के पुजारी, महंत और अर्चक शामिल हैं। डमरू की नाद और ढोल-ताशे के बीच पूर्वोत्तर रेलवे के डीआरएम रामाश्रय पांडेय व अन्य अफसरों ने स्वागत किया। तमिलनाडु से आए मेहमान काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे। पुष्प वर्षा मंत्रोच्चार के बीच उनका भव्य स्वागत किया गया। सभी श्रद्धालुओं ने बाबा को जल अर्पण कर शंकराचार्य चौक परिसर में इकट्ठा हो गए। इसके बाद श्रद्धालुओं ने लोक नृत्य और गीतों के माध्यम से बाबा की स्तुति की। उन्होंने बाबा का अपनी लोक कला के माध्यम से प्रस्तुति देकर आशीर्वाद प्राप्त किया। यात्रा के दौरान सभी श्रद्धालु मां गंगा के तट पर जाकर मां गंगा को प्रणाम कर मंगल कामना की। इसके पश्चात सभी श्रद्धालु माता विशालाक्षी और मां अन्नपूर्णा से आशीर्वाद लेने के लिए उनके दरबार पहुंचे जहां मत्था टेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सभी श्रद्धालुओं ने अन्नपूर्णा भवन में जाकर दक्षिण भारतीय व्यंजनों का प्रसाद ग्रहण किया हर-हर महादेव और ओम नमः शिवाय के जयकारों से बाबा को प्रणाम करते हुए सभी लोग अपने गंतव्य को रवाना हो गए। इस मौके पर मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री निखिलेश मिश्र सहित बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।




# छेड़ेंगे विद्युत मीटर तो बजेगा अलार्म, होगी बत्ती गुल

## नये साल से घर-घर प्रीपेड 4जी प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने की तैयारी

जितेंद्र श्रीवास्तव

**वाराणसी।** तमाम कवायद के बावजूद बिजली चोरी पर लगाम कसने में पावर कॉरपोरेशन को उतनी सफलता नहीं मिल पा रही है, जितनी की ऊर्जा प्रबंधन ने अपेक्षा की है। फिर भी, पावर कॉरपोरेशन के अफसर बिजली चोरों पर शिकंजा कसने के लिए निरंतर प्रयास जारी रखे हुए हैं। अब नयी पहल के उपभोक्ताओं के यहां 4जी प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने की तैयारी शुरू की गयी है। इस मीटर की खासियत यह है कि यदि कोई उपभोक्ता इसके साथ छेड़छाड़ करेगा तो अलार्म बज उठेगा और उपभोक्ता के घर की बत्ती गुल हो जाएगी।

पावर कॉरपोरेशन सूत्रों कीमानें तो 4जी प्रीपेड स्मार्ट मीटर पूरी तरह नयी तकनीकी फीचर से लैस हैं। इसमें बिजली चोरी से लेकर अन्य टेम्परिंग रोकने के लिए सभी फीचर्स लगाये गये हैं। इसके चलते इस मीटर में बिजली चोरी की गुंजाइश रत्ती भर भी नहीं है। एक अफसर ने अपना नाम न छापने की शर्त पर बताया कि 4जी प्रीपेड स्मार्ट मीटर में कई ऐसे फीचर्स लगाये गये हैं, जिनके माध्यम से मीटर के साथ किये गये छेड़छाड़ की भी जानकारी मिल जाएगी। यदि कोई भी उपभोक्ता मीटर के साथ छेड़छाड़ करेगा तो इसमे लगा अलार्म बजने लगेगा और स्वतः काम करना बंद कर देगा यानी उपभोक्ता के परिसर की बिजली गुल हो जाएगी। अफसर का कहना है कि चूंकि मीटर पावर कॉरपोरेशन के सर्वर से सीधे जुड़ा होगा, इसलिए छेड़छाड़ होते ही संबंधित खंड कार्यालय को इस बात की जानकारी हो जाएगी।

**नयी पहल**

**पहले चरण में लगेंगे एक लाख उपभोक्ताओं के यहां मीटर**

**नयी योजना से बिजली चोरी पर लगाम लगने की संभावना**



विभागीय सूत्रों की मानें तो 4जी प्रीपेड स्मार्ट मीटर की टेस्टिंग भी शुरू हो गई है। इसके लिए पांच विद्युत उपकेंद्र चिह्नित किए गए हैं। इनमें 10-10 मीटर की संख्या के हिसाब से टेस्टिंग की जा रही है। टेस्टिंग के बाद विभागीय अधिकारी सत्यापित करेंगे कि इस मीटर से जो रीडिंग हो रही है, वह पूरी तरह से सही है। इसी दौरान मीटर में टेंपरिंग की संभावनाओं की भी जांच की जाएगी, ताकि बाद में ऐसी समस्या सामने न आ सके। सबकुछ ठीकठाक रहा तो शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं के यहां नये साल के पहले महीने से 4जी प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने का काम भी शुरू हो जाएगा। सूत्रों का कहना है कि 4जी प्रीपेड स्मार्ट मीटर की आपूर्ति करने वाली कंपनी का चयन हो चुका है।

## तीन चरणों में लगाये जायेंगे 4जी प्रीपेड स्मार्ट मीटर

विभागीय अधिकारियों की मानें तो शहरी क्षेत्र में 4जी प्रीपेड स्मार्ट मीटर तीन चरणों में लगाया जायेगा। इसमें पहले चरण के तहत एक लाख से अधिक उपभोक्ताओं के परिसर में यह मीटर लगाया जाएगा। विभाग की ओर से निर्धारित कंपनी के कर्मचारी ही उपभोक्ता के यहां मीटर लगायेंगे। दूसरे चरण में एक लाख से अधिक और तीसरे चरण में 80 हजार से अधिक उपभोक्ताओं के यहां यह मीटर लगाया जाएगा।

## ऑनलाइन करना होगा रिचार्ज

विभागीय सूत्रों की मानें तो उपभोक्ताओं के यहां लगने वाले 4जी स्मार्ट मीटर पूरी तरह प्रीपेड बेस्ड होंगे। इसके तहत विद्युत के उपभोगकर्ता को पहले यूपीपीसीएल की बेवसाइट से आनलाईन रिचार्ज करवाना होगा। वे जितनी यूनिट बिजली के लिए रिचार्ज कराएंगे, उतनी ही मात्रा में बिजली का उपभोग कर पाएंगे। इसके बाद मीटर स्वतः उनकी आपूर्ति रोक देगा।



बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने पहुंचे अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती



# मेडल पाकर चहके बीएचयू के विद्यार्थी





## दीक्षांत समारोह

### लाइफ का फंडा-नो रिस्क नो रिटर्न : निकेश अरोड़ा

### स्वतंत्रता भवन में बीएचयू का 102वां समारोह सम्पन्न

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** बीएचयू का 102वां दीक्षांत समारोह शनिवार को स्वतंत्रता भवन में सम्पन्न हुआ। इस दौरान वर्ष 2020, 2021 और 2022 के विद्यार्थियों को मेडल प्रदान किये गये। मेडल पाकर मेधावी विद्यार्थी खुशी से फूले नहीं समाएं। कहा कि शैक्षणिण जीवन में इससे बड़ी खुशी और क्या हो सकती है। समारोह में बीएचयू में पढ़ चुके दुनिया के टॉप प्रोफेशनल्स भी शामिल हुए। उन्होंने विद्यार्थियों को जिंदगी के सक्सेस मंत्र दिए। समारोह के मुख्य अतिथि अमेरिकी बिजनेस प्रोफेशनल पालो आल्टो के सीईओ निकेश अरोड़ा ने कहा, लाइफ का फंडा-नो रिस्क, नो रिटर्न।



बीएचयू के एल्युमिनाई रह चुके निकेश अरोड़ा ने कहा, 'आजकल मां-बाप बेटे-बेटियों के रिस्क लेने की क्षमता कम कर रहे हैं। बचपन में बच्चों को सिखाते थे कि बेटा, इसको मत छुओ। बेटा सड़क पार करने से पहले बाईं ओर, फिर दाएं देखो। वे हमें रिस्क मैनेजमेंट सिखाते थे। फिर, बड़े होने पर बेटा सेटल हो जाओ, घर खरीद लो, बेबी प्लान करो, ये सब बातें होती हैं। हम रिस्क लेने से डर रहे हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए, बिना जोखिम के सफलता नहीं मिलती।'

मुख्य अतिथि निकेश अरोड़ा ने कई कंपनियों का उदाहरण देते कहा कि इन कंपनियों ने रिस्क लिया। तब वह इस स्तर पर काम कर पाए। लाइफ का यही फंडा है 'नो रिस्क, नो रिटर्न'।' उन्होंने कहा, 'मैंने बीएचयू से इलेक्ट्रिक इंजीनियरिंग में बी-टेक किया था। मगर आज वह दुनिया की सबसे बड़ी साइबर सिक्योरिटी कंपनी के सीईओ हैं। यह सब कुछ रिस्क लेने और टाइम-टाइम पर सीखते रहने से हुआ है।' उन्होंने पदक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए अपने कई अनुभवों को साझा किया।

समारोह में संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय, नर्सिंग कॉलेज, शिक्षा संकाय, संगीत एवं मंच कला संकाय, प्रबंध अध्ययन संस्थान के छात्र-छात्राओं को पदक एवं उपाधियां दी गई। मंच से 91 मेधावियों को चांसलर, स्व. महाराजा विभूति नारायण सिंह गोल्ड एवं बीएचयू मेडल प्रदान किये गये। यह संख्या इस बार इसलिए बड़ी है, क्योंकि तीन एकेडमिक सेशन के विद्यार्थियों को एक साथ उपाधियां दी गयी।

तीन दिवसीय दीक्षांत समारोह के दौरान संकाय, संस्थान स्तर पर तीन साल के विद्यार्थियों को कुल 1383 मेडल दिए जाएंगे। इसमें 1346 गोल्ड मेडल और 37 सिल्वर मेडल दिया जाएगा। इसके साथ ही 226 प्राइज भी दिए जाएंगे। समारोह की शुरुआत शोभायात्रा और महामना पं. मदन मोहन मालवीय के प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ।

कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह में कुलसचिव प्रो. अरुण कुमार सिंह आदि भी मौजूद रहे।

### वागीश, दीप्ति, अभिनायक एवं दीपक ने पाये सर्वाधिक पदक

समारोह में सर्वाधिक पदक प्राप्त करने वाले मेघावी छात्र अभिनायक मिश्रा, वागीश ओझा, दीपक कुमार उपाध्याय एवं दीप्ति कपूर है जिन्हे चांसलर स्वर्णपदक, स्व. महाराजा विभूति नारायण सिंह स्वर्ण पदक, बीएचयू स्वर्ण पदक के साथ सात पदकों से नवाजा गया। 2022 बैच से उत्तीर्ण एवं सर्वाधिक पदक प्राप्त करने वाले छात्र वागीश ओझा ने अन्य छात्रों को बीएचयू के साथ जुड़ने के लिए प्रेरित किया तो वहीं सर्वाधिक पदक प्राप्त करने वाली दीप्ति कपूर ने कहा कि पढ़ने के लिए बीएचयू अच्छा माहौल प्रदान करता है।

## साफा व उतरिया न मिलने से मेन गेट पर छात्रों का धरना

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** बीएचयू के तमाम छात्रों ने साफा और उतरिया न मिलने पर मेन गेट पर शनिवार को विरोध प्रदर्शन कर धरना दिया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने तत्काल साफा और उतरिया उपलब्ध कराने में हाथ खड़े कर दिये। हालांकि, पुलिस ने गेट बंद नहीं करने दिया है। वहीं, विदेश मंत्री के कैंपस में होने की वजह से सुरक्षा व्यवस्था को मुस्तैद कर दिया है।

एक तरफ बीएचयू में फैकल्टी स्तर पर दीक्षांत समारोह का कार्यक्रम चल रहा था। तो दूसरी तरफ, छात्र साफा और उतरिया के लिए प्रदर्शन कर रहे थे। प्रदर्शनकारी छात्रों का कहना था कि आखिरकार विश्वविद्यालय प्रशासन को यह अंदाजा क्यों नहीं लगा कि दीक्षांत में करीब 38 हजार विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं। प्रशासन ने इस साल के करीब 16 हजार विद्यार्थियों के लिए ही साफे और उतरिया का बंदोबस्त किया। बाकी सत्र 2020 और 2021 वालों का ध्यान नहीं रखा गया। छात्रों ने कहा कि उन्हें जब तक साफे और उतरिया नहीं मिल जाते, वे पारंपरिक परिधान में उपाधि या मेडल लेने नहीं जाएंगे। मामला बढ़ता देख वहां पर प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सदस्य पहुंचे और छात्रों को समझाया। वहीं, चीफ प्रॉक्टर प्रोफेसर अभिमन्यु सिंह ने छात्रों को फोन पर आश्वासन दिया कि रविवार तक साफा और उतरिया का इंतजाम हो जाएगा। इसके बाद छात्रों ने अपने धरना समाप्त कर दिया।

**कार्यालय ग्राम लालापुर, वि0 ख0 पटेहरा कलां, मीरजापुर**

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत लालापुर,विकास खण्ड पटेहरा कलां मीरजापुर द्वारा वर्ष 2022-23 में मनरेगा योजनान्तर्गत निम्नांकित कार्यो को कराये जाने हेतु वाणिज्यकर में पंजीकृत फर्मो दिनांक 13.12.2022 को 2 बजे अपराह्न तक नीचे दिये गये विवरण के अनुसार आपूर्ति हेतु सामग्री का दर आमंत्रित किया जाता है। उसी दिन निविदा गठित समिति द्वारा 3 बजे अपराह्न खोला जायेगा। इच्छुक फर्म सामग्री दर (कार्यस्थल तक आपूर्ति एवं अनुमन्य कर आदि सहित) बन्द लिफाफे में पंजीयन प्रमाण पत्र स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति के साथ नियत तिथि को टेण्डर खोला जायेगा। निविदा प्रपत्र कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में मूल्य 100 रुपया मात्र में प्राप्त किया जा सकता है। टेण्डर के समय सामग्री अंश का 2 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी की धनराशि एन0एस0सी0 या एफ0 डी0 जो ग्राम विकास अधिकारी के पक्ष में बंधक होगा उसे जमा करना होगा। टेण्डर खोलते समय टेण्डर दाता जो उपस्थित रहना चाहते हो वो रह सकते है। जिसका टेण्डर न्यूनतम होगा उसी का टेण्डर स्वीकृत किया जायेगा। कायार्देश के पश्चात 3 प्रतिशत जमानती धनराशि के रूप में एफ0डी / एन0एस0सी जमा करना होगा तथा बिना कारण बताये निविदा अस्वीकृत/ निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। बिल के साथ विभाग के रूप पत्र एम0 एम0 11 सलंग्न करना अनिवार्य होगा।

**कार्य का नाम** – दीनानाथ पाण्डेय के घर से देवरी कटैया तालाब तक सम्पर्क मार्ग पर इण्टरलाकिंग निर्माण।

**सामग्री** – स्टोन ब्लास्ट 40 एम एम, स्टोन ब्लास्ट 20 एम एम, स्टोन ब्लास्ट 80 एम एम, स्टोन ब्लास्ट 63 एम एम, स्टोन चिपिंग स्क्रीनिंग 150 माइक्रॉन, फाईन सेन्ड, पोर्टलैण्ड सीमेन्ट, कोर्स सेन्ड, ईंट प्रथम श्रेणी, इण्टरलाकिंग ब्लाक 80 एम एम, सेन्ड जोन,स्टोन चिपिंग/स्क्रीनिंग 10/11.2 एम एम, स्टोन चिपिंग/स्क्रीनिंग 4.75 एम एम, साईन बोर्ड 1 नग।

सचिव
**सुजीत सिंह**

ग्राम प्रधान
**सविता देवी**

## जीरो बजट खेती प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

**जंसा।** स्थानीय राजकीय बालिका महाविद्यालय सेवापुरी में 'सप्त दिवसीय गौ आधारित जीरो बजट खेती प्रशिक्षण कार्यशाला' का समापन अखिलेश सिंह कृषि उपनिदेशक वाराणसी की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ। उन्होंने प्राकृतिक खेती पर बल देते हुए कहा कि सीजनल और रीजनल भोज्य पदार्थों के सेवन से हमारा मन एवं मस्तिष्क स्वस्थ रहता है। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो सुधा पाण्डेय ने इस प्रशिक्षण कार्यशाला की सराहना करते हुए आधी आबादी के आत्मनिर्भर बनाने और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को निर्धारित किया। कार्यक्रम को संयोजक प्रो रविप्रकाश गुप्ता, सहसंयोजक सुश्री गीता रानी शर्मा, दिनेश सिंह, कृषि जिला अधिकारी निरुपमा, सामाजिक कार्यकर्ता आशा आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन श्वेता मिश्रा ने किया।

## 'हे शंभू तिहारी इच्छा से हम, द्वार तिहारे आएं हैं' भजन पर झूमे श्रोता

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** एम्फीथिएटर बीएचयू के मुक्ताकाशी प्रांगण में निर्मित भव्य सभामंडप में आयोजित काशी तमिल संगमम के अंतर्गत उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, प्रयागराज एवं दक्षिण क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र संस्कृति मंत्रालय व शिक्षा मंत्रालय की ओर से आयोजित सांस्कृतिक संध्या में शनिवार को तमिलनाडु से आये अतिथि कलाकारो ने गायन वादन एवं नृत्य की मनोहारी एवं प्रभावशाली प्रस्तुति की।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में 'हे शंभू तिहारी इच्छा से हम, द्वार तिहारे आएं हैं' भजन पर श्रोता झूम उठे। कार्यक्रम में बीएचयू के सहायक आचार्य सतीश कुमार का बांसुरी वादन हुआ। तबले पर ज्ञानस्वरूप मुखर्जी एवं सितार पर शिवम मिश्र ने संगत की। दूसरी प्रस्तुति प्रो. संगीता सिंह का सितार वादन रहा। तबले पर डा. रजनीश, वायलिन पर अर्जुन कुमार और बांसुरी पर सुधीर कुमार गौतम नें सहयोग किया।

तीसरी प्रस्तुति आनन्द चौबे द्वारा भक्ति व सूफी गायन की रही, तबले पर सुमन्त चौधरी और बैंजो पर श्री लक्ष्मण पाण्डेय नें संगत की।

चौथी प्रस्तुति श्री परमशिवन एवं समूह द्वारा कोलट्टम नृत्य की रही। जिसमें ताल लय से परिपूर्ण ऊजार्वान प्रस्तुति की गई। पांचवीं प्रस्तुति में एम.पी श्रृंगारवेलन एवं समूह द्वारा महामई लोकनाट्य का मंचन किया गया। छठवीं प्रस्तुति में शिवी एवं समूह द्वारा अधिमेलम लोक वाद्यवृंद का वादन किया गया। सातवीं प्रस्तुति में प्रेमकुमार एवं समूह द्वारा अम्मनकाली नृत्य अत्यंत भव्य व दिव्य भाव भंगिमाओं के साथ प्रस्तुत किया गया। आठवीं प्रस्तुति ए. चेल्लासामी एवं समूह द्वारा देवराट्टम नृत्य की प्रस्तुति की गई जिसमें कलाकारों नें लय ताल में नृत्य करते हुए समा बांधा।



## सभी अपने अधिकारों को पहचानें : प्रो. त्यागी





**वाराणसी।** अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर शनिवार को महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में विधि समेत अन्य विभागों में कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिसमें विधि, राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा संगोष्ठी और शिक्षाशास्त्र की ओर से नुक्कड़ नाटक व जगरूकता रैली का आयोजन हुआ। विधि विभाग में मानवाधिकार- आदर्श व यथार्थ विषयक एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. जयप्रकाश राय विधि संकाय बीएचयू ने अपने उदबोधन में अनुच्छेद 21 के संदर्भ में बात करते हुए मानवाधिकार के सुरक्षा की बात कही। अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी ने कहा कि मानव के परिकल्पना के उद्गम स्थान के साथ-साथ चुनौतियां आती गई, आपने मानवाधिकार को महत्व अन्य अधिकारों के महत्त्वपूर्ण विषयों पर समाज के सभी वर्गों को जागरूक करना और मानवाधिकार के महत्व को बताया। कार्यक्रम में प्रो. रंजन कुमार ने स्वागत, संचालन छात्रा शेफाली ने किया। वहीं शिक्षाशास्त्र द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं रैली का आयोजन विभागाध्यक्ष डॉ. शैलेंद्र कुमार के निर्देशन में किया गया। डॉ. ज्योत्सना और डॉ. अभिलाषा की अभिप्रेरणा से विद्यार्थियो से मानवाधिकार पर नारे लगाए।

### संबोधन

### अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवसपर नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक

## अमृता ने कथक की प्रस्तुति से मोहा



**वाराणसी।** दीनदयाल हस्तकला संकुल, बड़ालालपुर कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार एवं सुबह ए बनारस के तत्वावधान में 'सांस्कृतिक संध्या' का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक संध्या में बनारस घराने के कानपुर से आई कलाकार श्रीमती अमृता ने अपनी कथक की प्रस्तुति दी। तबला पर संगति रजनीश मिश्र ने की तथा हारमोनियम व गायन पर साथ आशीष मिश्र ने दिया। उन्होंने नृत्य का आरंभ गणेश वंदना से किया। तत्पश्चात तिहाई, लड़ी, टुकड़ा की सुमधुर प्रस्तुति दी। नृत्य का समापन गुरु वंदना से किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ संग्रहालय अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव एवं कलाकार द्वारा संयुक्तरूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कलाकारों को दीन दयाल हस्तकला संकुल के संग्रहालय अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने प्रमाणपत्र दिया। मंच संचालन ललिता शर्मा ने किया।

### धूमधाम से मनाया दुर्गा मंदिर का स्थापना दिवस

**चौबेपुर।** चौबेपुर बाजार में शनिवार को सिद्धिदात्री मां दुर्गा मंदिर का स्थापना दिवस मनाया गया है, जहां हरिकीर्तन के अलावा अन्य कार्यक्रम भी हुए। स्थानीय बाजार स्थित मां सिद्धिदात्री दुर्गा मंदिर का स्थापना दिवस पर शनिवार प्रातः काल मंदिर प्रबंधक द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ माता का प्रातः स्नान कराया। मंदिर में ही जन कल्याण के लिए हरिकीर्तन किया, जिसमें श्रद्धालु भक्ति भाव में डूबे रहे। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन कर दिया गया। इस अवसर पर प्रदीप सेठ, प्रयाग सेठ, मृत्युंजय सेठ प्रेमचंद सेठ पिंटू, दीपक सेठ, प्रदीप सेठ राजू, मनोज, अपूर्व कुमार तिवारी, महादेव सेठ दीपक सेठ अमित, रुपेश आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय नगर पंचायत खेतासराय, जौनपुर**

पत्रांक: मेमो/न0पं0खेता/2022-23 दिनांक: 07.12.2022

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत खेतासराय जौनपुर के सीमान्तर्गत पॉलीथिन/थर्माकोल/प्लास्टिक से निर्मित वस्तुओं को शासन के आदेश के क्रम में नगर पंचायत खेतासराय में अंतर्गत पूर्णतः प्रतिबन्धित किया जाता है नगर में कोई भी व्यक्ति/दुकानदार प्रतिबन्धित सामग्री का उपयोग अथवा विक्रय/भण्डारण करते हुए पाया जाता है तो उसके विरुद्ध शासन द्वारा निर्धारित नियमानुसार जुर्माना 1000.00 से 5000.00 एवं कानूनी कार्यवाही अमल में लायी जाएगी जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत खेतासराय**
**जौनपुर**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत खेतासराय**
**जौनपुर**

**कार्यालय नगर पंचायत खेतासराय, जौनपुर**

पत्रांक: मेमो/न0पं0खेता/2022-23 दिनांक: 15.11.2022

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत खेतासराय जौनपुर द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत निम्नलिखित वार्डों की सूची के अनुसार नगर पंचायत खेतासराय की सीमान्तर्गत नागरिकों के बहुमूल्य प्रयासों से सेप्टिक टैंकों से निकलने वाली गंदगी (Faecal Sludge) को खुले में या तालाब, पोखर, नदी में डालने की प्रथा को समाप्त करते हुए नगर पंचायत खेतासराय जनपद जौनपुर से समस्त 13 वार्डों को सेप्टिक टैंकों से निकने वाली गंदगी से मुक्त (Faecal Sludge) को खुले में या तालाब, पोखर, नदी में डालने की प्रथा से मुक्त (ODF++) करते हुए शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया जाना है जिसमें सभी वार्डों को (ODF++) घोषित किया जाता है यदि नगर पंचायत खेतासराय क्षेत्रान्तर्गत किसी भी कार्य आपत्ति/शिकायत है तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर कार्यालय में अपनी शिकायत प्रेषित कर सकते है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत खेतासराय**
**जौनपुर**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत खेतासराय**
**जौनपुर**

## ओमप्रकाश बने एआईएफटीपी नॉर्थ जोन के चैयरमैन



**वाराणसी। सेल्स** टैक्स बार एसोसिएशन नई दिल्ली में आयोजित एआईएफटीपी, नार्थ जोन के वार्षिक चुनाव में वाराणसी के कर अधिवक्ता ओमप्रकाश शुक्ला निर्विरोध जोनल चेयरमैन व सीए पुनीत कुमार सिंह जोनल सचिव चुने गए। जबकि कार्यकारिणी में कर अधिवक्ता आनंद कुमार पांडेय का चुनाव हुआ। चुनाव अधिकारी डॉ. नवीन रत्न व वर्तमान चेयरमैन एचएल मदान ने चुने गये पदाधिकारियों को बधाई दी है। इस दौरान पूर्व चेयरमैन आसिम जफर, वाइस चेयरमैन संजय कुमार वर्मा, आशुतोष सिंह भी उपस्थित थे।

## शिव बारात समिति की निकलेगी शोभायात्रा

**वाराणसी।** काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण उत्सव को भव्य बनाने की तैयारी काशी की जनता कर रही है। 13 दिसंबर को मैदागिन से चितरंजन पार्क तक निकलने वाली शोभायात्रा में काशी की सड़कों पर लघु भारत का नजारा जीवंत होगा। शिवोत्सव में उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक की संस्कृतियों के विविध रंग एकाकार होंगे। शिव बरात समिति के अध्यक्ष जगदंबा तुलस्यान एवं मंत्री दिलीप सिंह ने बताया कि 12 बजे मैदागिन से शोभायात्रा आरंभ होगी। इसमें 35 झांकियों के साथ काशी की जनता, साहित्यकार, वकील, चिकित्सक के साथ ही सभी समाज के लोग शामिल होंगे। असम, सोनभद्र, बुंदेलखंड व गोरखपुर के लोक कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। इसके साथ ही एक हजार महिलाएं भी इस शोभायात्रा में शामिल होंगी। श्री काशी विश्वनाथ धाम के एक साल पूर्ण होने पर काशी में शिवोत्सव की शुरूआत हो रही है जो हर साल जारी रहेगी।

## संजय भारती अध्यक्ष और प्रमोद कुमार सचिव चुने गये



**वाराणसी।** राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन जिला इकाई का चुनाव शनिवार को भिखारीपुर स्थित संगठन कार्यालय में संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी रत्नेश सेठ व सहयोगी अनिल शुक्ला उपस्थित रहे। चुनाव में संजय भारती पुनः अध्यक्ष और प्रमोद कुमार सचिव निर्विरोध चुने गए। इसके अलावा अभिषेक मौर्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नागेंद्र सरोज उपाध्यक्ष, लालब्रत संगठन सचिव, शिवेंद्र यादव वित्त सचिव, जितेंद्र कुमार प्रचार सचिव एवं भरत बिंद लेखा निरीक्षक चुने गये। चुने गये पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी। इस दौरान आईपी सिंह, रवि चौरसिया, सर्वेश कुमार, सूर्यानाथ यादव, विकास यादव, सत्येंद्र, अमित, राजकुमार, दीपू आदि उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर पंचायत खेतासराय, जौनपुर**

पत्रांक: मेमो/न0पं0खेता/2022-23 दिनांक: 07.12.2022

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत खेतासराय जौनपुर स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में प्रतिभाग कर रहा है आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण में नगर पंचायत की स्थिति सुधारने हेतु नगर निकाय को खुले में शौच मुक्त के अन्तर्गत ODF++ प्रमाणित किया जाना है।

अतः सभी नगरवासियों से अनुरोध है कि किसी भी स्थान नाला, नाली, रेलवे ट्रैक, खाली प्लांट, तालाब आदि के किनारे शौच व मूत्र विसर्जन न करे एवं फीकल स्लज भी उक्त स्थानों पर कदापि न डाले अन्यथा नगर पंचायत खेतासराय द्वारा सम्बंधित व्यक्तियों से अर्थदण्ड/शमन के रूप में निम्न धनराशि वसूली जाएगी।

| क्र0सं0 | विवरण | धनराशि |
|---|---|---|
| 1 | खुले में शौच आदि करने या गंदगी फैलाने पर अर्थ दण्ड | 500.00 रू0 |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत खेतासराय**
**जौनपुर**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत खेतासराय**
**जौनपुर**

# सुरहा ताल में देश के कोने-कोने से आयेंगे लोग



सुरहा ताल में नाव से सफर करते मंत्री दयाशंकर सिंह, जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर



सुरहा ताल पक्षी महोत्सव में उमड़ी भीड़

**बलिया।** सुरहाताल की जो रंगत आज से 20 वर्ष पहले थी, शनिवार को ऐसा लगा कि वही रंगत एक बार फिर लौट आयी है। तीन दिवसीय सुरहा ताल पक्षी महोत्सव का शुभारंभ शनिवार को हुआ। मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने सफेद कबूतर व तिरंगा गुब्बारा उड़ाकर इस महोत्सव का शुभारंभ किया।

पहले दिन स्थानीय ही सही, पर पर्यटकों की भीड़ इस तरफ इशारा कर रही थी कि सुरहा ताल अपनी ख्याति के मुताबिक एक बेहतर पर्यटक स्थल के रूप में स्थापित होने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि सुरहा ताल के विकास के लिए पक्षी महोत्सव का आयोजन एक अच्छी शुरुआत है। इस आयोजन के रूप में आज नींव पड़ी है। अब इस पर बड़ी इमारत बनानी है। जिलाधिकारी की विशेष सराहना करते हुए कहा कि आपने जो पहल शुरू की है, इसको आगे बढ़ाइए। मेरा पूरा सहयोग रहेगा। कहीं भी किसी परियोजना की स्वीकृति के लिए के लिए मैं स्वयं तत्पर रहूंगा। मुझे भरोसा है कि प्रदेश की नहीं, बल्कि देश के कोने-कोने से भी लोग आएंगे।

**बोले दयाशंकर सिंह**

### परिवहन मंत्री ने किया सुरहा ताल पक्षी महोत्सव का शुभारंभ

### मछुआरा समाज का जताया विशेष आभार

**बलिया।** परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने मछुवारा समाज का विशेष आभार जताते हुए कहा कि आप लोगों ने जिला प्रशासन के एक निवेदन पर नाव की पेंटिंग करके उसे बेहतर बनाकर लोगों के मनोरंजन लायक बनाया। मंत्री ने मछुवारों को भरोसा दिलाया कि रोजगार का सृजन करेंगे। आपकी आय को कई गुना बढ़ाने के लिए हरसम्भव पहल करेंगे।



सुरहा ताल पक्षी महोत्सव का आगाज करते परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह

### चंद्रशेखर जी की आत्मा भी दे रही होगी बधाई

**बलिया।** परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि अंतरिक्ष की फोटोग्राफी में भी बलिया में सबसे प्रमुख रूप से सुरहा ताल आता है। निश्चित रूप से यह बड़ा पर्यटक स्थल के रूप में होना चाहिए। इस दिशा में यह आयोजन हुआ, जिसके लिए पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की आत्मा भी बधाई दे रही होगी। जिले में जल परिवहन शुरू होने जा रहा है। इसका सबसे अधिक लाभ बलिया को होगा। सब्जी उत्पादन के क्षेत्र में सबसे अधिक लाभ मिलने की संभावना है।

### चंद्रशेखर की यादों को मंत्री ने किया ताजा



शहीद स्मारक बसंतपुर स्थित गेस्ट हाउस में विराजमान पूर्व पीएम चंद्रशेखर (फाइल फोटो)

**बलिया।** पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की यादों को परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने ताजा करते हुए सुरहा पक्षी महोत्सव का आगाज किया। यहां पहुंचने वाले लोगों में चर्चा का विषय बना रहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के सपनों का सुरहा ताल अब विकसित हो जायेगा। क्योकि योगी सरकार की नजर इस पर पड़ चुकी है। सन् 2004 में बलिया लोकसभा सीट से अंतिम बार चुनाव लड़े पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर उस समय शहीद स्मारक बसंतपुर के गेस्ट हाउस में रात्रि निवास किये थे। सुबह के समय टहलते हुए वह सुरहा ताल की तरफ बढ़े। उनके मन में सुरहा ताल को विकसित करने का विचार आया। फिर धीरे-धीरे सुरहा ताल क्षेत्र में प्लेटफार्म, टावर, सीमेंटेड पेड़, पेड़-पौधे, बाउड्रीवाल, ग्रील एवं झील जैसा वातावरण बनाया गया। जब तक पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर जिंदा रहे, वह बसंतपुर स्थित शहीद स्मारक पर आते-जाते रहे। उस समय तक सुरहा ताल का विकास होता रहा। उनके निधन के बाद धीरे-धीरे विकास ठप होता गया। 2006 के बाद सुरहा ताल का विकास पूरी तरह से ठप हो गया। 19 अगस्त 2022 को सीएम योगी आदित्यनाथ ने बलिया बलिदान दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में आयोजित सभा में कहा था कि बलिया को बेहतर एवं सुंदर बनाने तथा पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने के लिए सरकार से जो बन पड़ेगा, किया जायेगा। उनके जाने के बाद तुरंत मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र अधिकारियों के साथ सुरहा ताल पहुंचे। उन्होंने डीएम से इस क्षेत्र को विकसित करने का निर्देश दिया। इसके बाद अधिकारियों के प्रयास से सुरहा ताल विकसित हुआ। हालांकि, अब सुरहा ताल का बाउंड्रीवाल जर्जर हो चुका है। लोहे का ग्रील गायब हो चुका है। आनन-फानन में यहां सुरहा पक्षी महोत्सव का आयोजन हो रहा है, लेकिन पूर्व पीएम चंद्रशेखर के समय बाउंड्रीवाल पर चमक-दमक थी, वह गायब रही।

### नववर्ष पर जुटेंगे लोग

**बलिया।** नए वर्ष का जश्न बनाने के लिए यह स्थल मशहूर है। यहां काफी संख्या में लोग आते थे। लेकिन, सुरहा ताल की स्थिति खाफी खराब होने से पर्यटकों का यहां आना बंद हो गया था। सुरहा ताल पक्षी महोत्सव कार्यक्रम के बहाने इस स्थल की साफ-सफाई होना निश्चित रूप से नए साल का जश्न मनाने वालों के लिए सुखद पहल है। उधर, जिला प्रशासन का भी यही प्रयास है कि इस स्थल की सुंदरता बढाकर बेहतर पर्यटक स्थल के रूप में स्थापित किया जाए।

### मंत्री व जिलाधिकारी ने की चर्चा

**बलिया।** सुरहा ताल पक्षी महोत्सव के पहले दिन परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, डीएम सौम्या अग्रवाल और एसपी राजकरण नैय्यर समेत अन्य लोगों ने नौकायन का आनंद लिया। सुरहा ताल झील में जैसे-जैसे अंदर नाव गयी, ताल की वनस्पतियों और इसके प्राकृतिक महत्व पर चर्चा बढ़ती चली गई। पर्यटन के क्षेत्र में इसको कैसे विकसित किया जाए? इस पर भी मंत्री-डीएम की चर्चा हुई।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों को सभी ने सराहा

**बलिया।** सुरहा ताल पक्षी महोत्सव के पहले दिन विभिन्न विद्यालयों की बालिकाओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसमें राजकीय बालिका इंटर कालेज, गुलाब देवी इंटर कालेज, रामरती बालिका विद्यालय रामपुर उदयभान, उच्च प्राथमिक विद्यालय जीराबस्ती, प्राथमिक विद्यालय सागरपाली की बालिकाओं ने मनमोहक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। मंत्री और अधिकारियों के अलावा वहां जुटे पर्यटकों ने भी स्कूली छात्राओं के इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना की। कला शिक्षक मो. इफ्तेखार की देखरेख में जय विविधता और जीव-जंतुओं पर आधारित पोस्टर प्रदर्शनी की भी सराहना सभी ने की।

## यात्रियों से फीड बैक लेंगे अधिकारी और कर्मचारी

**बलिया।** जिले से कानपुर, प्रयागराज, लखनऊ, वाराणसी और अन्य मार्गों पर संचालित रोडवेज बसों में तकनीकी फाल्ट आने की शिकायतें रहती हैं। इसके मद्देनजर चलती बसों में होने वाली कमियों को इंगित कर उसे दूर करने के लिए विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को लगाया गया है।

इसमें एआरएम समेत अन्य कर्मचारी अलग-अलग मार्गों पर सफर करने वाले यात्रियों से फीडबैक लेंगे। चालक एवं परिचालकों को हिदायत दी जाए कि यात्रियों की सहूलियत को देखते हुए बसों का संचालन करें। बसों के संचालन में आ रहीं कमियां दूर करने के लिए अब परिवहन निगम यात्रियों से ही फीडबैक लेगा। इसके लिए निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी बस में यात्रा करेंगे। जिले के कानपुर, प्रयागराज, लखनऊ, वाराणसी सहित अन्य रूटों पर कुल करीब 81 रोडवेज बसों का संचालन हो रहा है। इसमें 28 अनुबंधित और 53 निगम की बसें शामिल हैं। इन बसों का संचालन समय से करने के लिए निर्देशित किया गया है। प्रभारी एआरएम/लेखाकार महेश पांडेय ने बताया कि शासन के निर्देश के अनुसार रोडवेज की बसों में सफर करने वाले यात्रियों से फीडबैक लेने का काम शुरू कर दिया गया है। निगम के अधिकारी और कर्मचारी यात्रा के दौरान यात्रियों से फीडबैक लेकर उपलब्ध करा रहे हैं। उसे निगम मुख्यालय भेजा जा रहा है।

## संविधान में सबको मिला है शिक्षा का अधिकार

**बोले डा. आरआर प्रसाद**

### विश्व मानवाधिकार दिवस पर आयोजित किया गया कार्यक्रम

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन की ओर से शनिवार को बचपन स्कूल बहादुरपुर के समीप विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डा. आरआर प्रसाद सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिलाध्यक्ष श्री प्रसाद ने कहा कि साफ सुथरा खाना, शिक्षा तथा सुरक्षा ये सभी मानव के अधिकार है। यह सबको मिलना चाहिए।





कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करते मुख्य अतिथि

कहा कि जिस तरह से परिवार में माता-पिता अपने बच्चों को सिखाते हैं। उन्हें अच्छी बातें बताते हैं। ये उनका अधिकार है। उसी तरह भारत के संविधान में सबको शिक्षा का अधिकार दिया गया है। विशिष्ट अतिथि विधि सचिव एडवोकेट तारकेश्वर मिश्र ने मानवाधिकार के बारे में विस्तार से बताते हुए लोगों को जागरूक रहने की अपील की। कहा कि हम अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक रहे। क्योंकि अधिकार और कर्तव्य दोनों एक-दूसरे से जुड़े हुए है। वरिष्ठ अधिवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने विधि व कानून पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डा. जेपी कुशवाहा, कमला प्रसाद वर्मा, अजय कुमार मौर्य, रमेश सिंह, राजेश, डा. एम इलियास, मधुसूदन श्रीवास्तव, प्रसिद्ध नारायण वर्मा, कमला प्रसाद वर्मा, नन्दजी प्रसाद कुशवाहा, रामनाथ सिंह, गितेश पाण्डेय, सत्येन्द्र पाण्डेय, संजीव कुमार पाण्डेय, अमरेश बहादुर सिंह, प्रभुनाथ, राजेश चौबे, अजय कुमार मौर्य, सिकन्दर अहमद, रमाशंकर वर्मा आदि मौजूद रहे। संचालन रामेश्वर प्रसाद वर्मा ने किया।

## प्रतियोगिता में बच्चों का बेहतरीन प्रदर्शन

**बांसडीह।** स्थानीय जूनियर हाईस्कूल परिसर में शनिवार को प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों की ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी सुनील चौबे ने दीप प्रज्ज्वलित करने के बाद मां सरस्वती के चित्र पर फूल चढ़ाकर प्रतियोगिता का उदघाटन किया। बांसडीह ब्लाक के दस एनपीआरसी के 118 स्कूलों के बच्चों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया।

उच्च प्राथमिक विद्यालय के सौ मीटर दौड़ प्रतियोगिता के बालक वर्ग में खरौनी के अप्पू, बालिका वर्ग में निशा, दो सौ मीटर दौड़ बालक केवटलिया के आशीष व बालिका वर्ग में खरौनी की निशा, पांच सौ मीटर दौड़ बालिका में सेरिया की प्रियंका व बालक में केवटलिया के आशीष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक विद्यालयों में पचास मीटर दौड़ बालक में अप्पू, बालिका में निशा, सौ मीटर दौड़ बालक में बजरंगी, बालिका में संध्या तथा दो सौ मीटर दौड़ बालक में बिट्टू एवं बालिका में सुंदरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक विद्यालय के कबड्डी प्रतियोगिता बालिका में टीएस बंधा खरौनी व बालक में केवटलिया चौबे तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय बालक में केवरा, बालिका में कस्तूरबा स्कूल ने जीत दर्ज किया। दोनों वर्ग के बच्चों ने दौड़, कबड्डी, लंबी कूद, खो-खो आदि खेलों में अपना बेहतरीन प्रर्दशन किया। टीमों व बच्चों को प्रमाण पत्र, मेडल व शील्ड देकर खंड शिक्षा अधिकारी सुनील चौबे ने सम्मानित किया। इस मौके पर राजेश, एहशानुल हक, गिरीश वर्मा, वेदप्रकाश, अर्जून, केके सिंह, हरेराम सिंह, घनश्याम चौबे, जयप्रकाश, शर्मानाथ यादव आदि मौजूद रहे।



ब्लाकस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में कबड्डी खेलते बच्चे

## विद्युत कर्मियों ने मिठाई बांटकर मनाया जश्न

**रतसर।** राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन शाखा बलिया की कार्यकारिणी में ई. जितेन्द्र कुमार को सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष मनोनित किया गया। उनके जिलाध्यक्ष मनोनित होने पर विद्युत उपकेन्द्र रतसर पर शनिवार को विद्युत कर्मियों ने मिठाई वितरित कर जश्न मनाया। बताते चले कि इसके पूर्व जिलाध्यक्ष पद पर ई. श्याम अवध यादव को निर्वाचित किया गया था, लेकिन उनके पूर्वांचल विद्युत वितरण खण्ड में पदाधिकारी बनने के बाद जिलाध्यक्ष का पद रिक्त चल रहा था। इस मौके पर विवेक कुमार, ब्रजेश तिवारी (मान बाबा), राजेन्द्र कुमार, जलील अहमद, धर्मेन्द्र कुमार, अजय कुमार, जितेन्द्र कुमार, आकाश मौर्या, राजेश कुमार यादव, बच्चा लालू, जिशान खान, मोतीलाल, रविन्द्र आदि मौजूद रहे।

## चार अभियुक्तों को तीन वर्ष का कारावास

**बलिया।** न्यायालय ने गैंगेस्टर एक्ट के चार अभियुक्तों को तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनायी है। साथ ही अर्थदंड से दंडित किया है।

बलिया पुलिस द्वारा जनपद में महत्वपूर्ण चिन्हित मुकदमे में प्रभावी पैरवी कर अभियोग में त्वरित निस्तारण हेतु चलाये गये अभियान के क्रम में मानिटरिंग सेल, अभियोजक, अपर निदेशक अभियोजन व पैरोकारों की प्रभावी पैरवी के चलते थाना पकड़ी पर पंजीत मुअसं.- 67/2019 धारा 2/3(1) उप्र गैंगेस्टर एक्ट में न्यायालय विशेष न्यायाधीश (गैंगेस्टर एक्ट)/ अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट सं.-05 बलिया द्वारा अभियुक्त बाबूलाल मुशहर पुत्र मक्खन मुसहर निवासी ईसारी सलेमपुर, थाना नगरा, वीरेंद्र मुसहर पुत्र द्वारिका मूसहर निवासी रतसी मेहमापुर, थाना पकड़ी, पारस मुशहर पुत्र हरी मुसहर निवासी पतानारी, थाना एवं कमलेश पुत्र स्व. धनेश्वर मुसहर साकिन सासना, थाना सादात, जनपद गाजीपुर को तीन वर्ष के साधारण कारावास की सजा सुनायी गई और पांच हजार रुपये अर्थ दंड से दंडित किया गया।

अर्थ दण्ड न अदा करने पर 15 दिन का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।

### सांड़ के हमले से युवक घायल

**रसड़ा।** कस्बा के मेरुराय का पूरा में शनिवार को सांड ने एक युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया। आस-पास के लोगों ने उसे सीएचसी रसड़ा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर मऊ चले गये। कस्बा के वार्ड नंबर 17 मेरुराय के पूरा निवासी सूरज गुप्ता (20) शनिवार की दोपहर बाजार जा रहा था। इसी बीच साड़ ने पीछे से आकर युवक को टक्कर मार दिया। इससे सूरज गुप्त घायल हो गया।

## नगर क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने का निर्देश



**बलिया।** पुलिस अधीक्षक राजकरण नैयर के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया है कि नगर क्षेत्र में ओक्डेनगंज पुलिस चौकी पर सभी चौकी प्रभारियों को रात्रि गश्त बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। ड्यूटी के दौरान लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

ठंड के मौसम को देखते हुए विशेष रूप से हर गली-चौराहे पर पुलिस पेट्रोलिंग अपने दल-बल के साथ करेंगे। रात्रि में आने-जाने वाले लोगों से पूछताछ करें। कहा कि अफवाह फैलाने वालों पर विशेष नजर रखना है। जनपद में बाहर से आए हुए लोगों पर विशेष ध्यान दें। नगर क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी जो किराए पर लोग रहते हैं, संबंधित थाना पुलिस चौकी पर सूचना जरूर दें। इसके अलावा यातायात पर पूरे जिले में जाम की समस्या को देखते हुए चर्चा हुआ। बैठक में सीओ ट्रैफिक मोहम्मद फहीम एवं शहर कोतवाल राजीव कुमार सिंह सभी चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

## मजबूती से निकाय चुनाव लड़ेगी सुभासपा

**बोले ओमप्रकाश राजभर**

### किसी भी पार्टी के रीढ़ की हड्डी होते हैं कार्यकर्ता

### सायरा बानो को घोषित किया पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी

**सिकंदरपुर।** स्थानीय नगर पंचायत के बड्ढ़ा मोहल्ला स्थित दरगाह के मैदान में शनिवार को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के तत्वावधान में कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने पार्टी के कारवां को आगे बढ़ाने तथा दिन-रात पार्टी के लिए कार्य करने वाले कर्मठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को नगर निकाय चुनाव में प्रत्याशी बनाकर मजबूती से लड़ाने तथा परिणाम अपने पक्ष में लाने की अपील की।





सिकंदरपुर में सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर को माला पहनाते कार्यकर्ता

श्री राजभर ने कहा कि कार्यकर्ता ही किसी भी पार्टी के रीढ़ की हड्डी होते हैं। अपने कार्यकर्ताओं की बदौलत ही मुझमे सड़क से लेकर सदन तक गरीब, वंचित, शोषित वर्ग की आवाज बेबाक तरीके से उठाने की हिम्मत है। कहा कि हमारी मुख्य लड़ाई इस देश में गरीबों को मुफ्त में इलाज देने को लेकर है। एक समान शिक्षा एवं अनिवार्य शिक्षा लागू कराने की लड़ाई हमारी मुख्य मांगों में शामिल है। आज पूरा प्रदेश बिजली बिल से परेशान हैं। मीटर की समस्या से आज सभी लोग जूझ रहे है। कहा कि सत्ता में आने पर उत्तर प्रदेश में घरेलू बिजली के बिल को माफ किया जायेगा। जब बड़े-बड़े उद्योगपतियों का बिल माफ हो सकता है तो घरेलू बिजली का बिल माफ क्यों नहीं हो सकता है? आज बेरोजगारी देश में सबसे बड़ी समस्या के रूप में सबके सामने है। इसको कम करने के लिये कक्षा चार से तकनीकी शिक्षा देश में लागू किया जाए। जब बच्चा प्राइमरी स्तर से तकनीकी शिक्षा की पढ़ाई करेगा तो आगे की पढ़ाई में किसी एक विषय में महारत हासिल कर लेगा, जिससे उसको अपने और अपने परिवार के भरण-पोषण में बहुत बड़ा सहयोग मिलेगा। जब तक तकनीकी शिक्षा इस देश में लागू नहीं होगा, तब तक रोजगार की कमी रहेगी। श्री राजभर ने सिकंदरपुर नपं के अध्यक्ष पद के लिये सायरा बानो पत्नी शेख अली अहमद उर्फ संजय भाई को पार्टी की तरफ से अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया। कार्यक्रम के संयोजक संजय भाई ने सभी का आभार व्यक्त किया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुग्रीव राजभर तथा संचालन जिला महासचिव रजनीश श्रीवास्तव ने किया।

## संक्षेप

### हेलोवीन प्रोग्राम में बच्चों ने मोहा मन

**बलिया।** द होराइजन स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा शनिवार को हेलोवीन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक मनोज सिंह रहे। इनका स्वागत विद्यालय के प्राचार्य संजय सिंह ने किया। विद्यालय के बालक-बालिकाओं का प्रोग्राम के साथ-साथ डान्स भी देखने को मिला, जो काबिले तारीफ था। इसी क्रम में कक्षा आठवीं की छात्रा स्नेहल ने मेरे ढोलना के गाने पर बहुत ही सुंदर सा नृत्य प्रस्तुत करके सबका मन मोह लिया। वही, जूनियर क्लास के बालक-बालिकाओं ने विभिन्न प्रकार के रूप बदलकर भूत बनकर अपना प्रदर्शन कर डराने की कोशिश की। कक्षा प्रथम के वीर प्रताप ने हेलोवीन के बारे जानकारी देते हुए बताया कि यें कार्यक्रम सबसे ज्यादा आस्ट्रेलिया में होता है। इस मौके पर विद्यालय के समस्त शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

### बाइक के धक्के से महिला घायल

**रेवती।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रेवती-पचरुखिया मार्ग पर बाइक की चपेट में आने से शनिवार की सुबह एक महिला घायल हो गयी। आस-पास के लोगों ने घायल महिला को सीएचसी रेवती पहुंचाया, जहां उसका उपचार किया गया। जानकारी के अनुसार रेवती के वार्ड नंबर दो की रहने वाली 45 वर्षीय उर्मिला देवी पत्नी स्व. पन्ना लाल पाल खेत घूमकर शनिवार की सुबह आ रही थी। अभी वह रेवती-पचरुखिया मार्ग पर तीन मुहानी के पूर्व पहुंची थी कि पीछे से आ रही बाइक ने धक्का मार दिया। इससे वह जमीन पर गिर गई। घटना की सूचना के तुरंत बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल महिला को सीएचसी रेवती ले गये।

### परिवार संग एसपी दरबार पहुंचीं दो बहनें



**बलिया।** बैरिया तहसील अंतर्गत दोकटी थाना क्षेत्र के सुकरौली गांव की पीड़िता पिंकी साह पुत्री भरत साह ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगायी है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आठ दिसंबर के मैं अपनी बहन गुड़िया और पिता के साथ अपने घर जा रही थी। इसी बीच शराब के नशे में धुत पप्पू साह हम दोनों बहनों से छेड़खानी करने लगा। विरोध करने पर हम दोनों बहनों और पिता को मारपीट कर घायल कर दिया। इस दौरान बीच-बचाव करने आये चचेरे भाई राकेश को भी मारपीट कर जख्मी कर दिया। साथ ही सोने की अंगूठी छीनकर भाग गया। इस संबंध में शिकायत करने पर पुलिस द्वारा हमें डांट डपट कर भगा दिया गया। पीड़िता ने एसपी से इस प्रकरण की जांच कराकर मुकदमा दर्ज करने के साथ ही उचित कार्रवाई की गुहार लगायी है।

### जितेंद्र अध्यक्ष व सचिव बने आशुतोष



**बलिया।** राविपजूई संघठन भवन बलिया में जनपद कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण होने पर नई कार्यकारिणी के गठन हेतु निर्वाचन अधिकारी ई. अवधेश कुमार एवं अरुण कुमार पांडेय (सहयोगी) की उपस्थिति में निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण हुआ। इसमें पदाधिकारियों को संवैधानिक तरीके से निर्वाचन किया गया। इसमें जितेंद्र कुमार अध्यक्ष, बिपिन कुमार सिंह सचिव, प्रदीप कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष, बृजेश कुमार उपाध्यक्ष, आशुतोष पांडेय संगठन सचिव, योगेश यादव वित्त सचिव, प्रवीण कुमार यादव प्रचार सचिव, शैलेंद्र कुमार वर्मा लेखानिरीक्षक, तारकेश्वर यादव मंडल अध्यक्ष, हरिप्रताप प्रजापति मंडल सचिव चुना गया। इस अवसर पर बीबी राय, आरके यादव, संतोष चौधरी, सत्यम गौड़, सुरेंद्र गुप्ता, श्याम अवध यादव आदि मौजूद रहे।

### भाजपा नेता ने जरूरतमंदों में बांटा कंबल



**बैरिया।** भूमि विकास बैंक के चेयरमैन एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मुक्तेश्वर सिंह ने शनिवार को जमालपुर गांव में लगभग 500 जरूरतमंदों में वस्त्र तथा कंबल का वितरण किया। कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ-सबका विकास के सिद्धांतों पर काम करती है। इसके क्रम में जरूरतमंदों में साड़ी, कम्बल व अन्य वस्त्र वितरित किया गया। आगे भी यह क्रम जारी रहेगा। किसी भी जरूरतमंद को इस जाड़े के मौसम में कम से कम परेशानी हो। इसके लिए सभी जरूरी उपाय किये जायेंगे। इस दौरान श्री सिंह ने भाजपा सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष विजयबहादुर सिंह, जिला कोषाध्यक्ष दिलीप गुप्त, मण्डल अध्यक्ष रत्नेश सिंह, शैलेश पासवान, जित्येन्द्र मिश्र, सुनील सिंह पप्पू, आश्रेय चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष उदय प्रकाश उपाध्याय, रतन श्रीवास्तव, राजेश सिंह, अखिलेश वर्मा आदि मौजूद रहे।

### पुण्यतिथि पर लगा नेत्र जांच शिविर



**रसड़ा।** श्रीमती फुलेहरा स्मारक महिला महाविद्यालय कमतैला, रसड़ा के प्रांगण में शनिवार को महाविद्यालय के संस्थापक व श्रीमती फुलेहरा स्मारक कालेज आफ इन्टीट्यूट के संस्थापक ब्रहमाशंकर सिंह की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें काशी नेत्रालय के नेत्र सर्जन डा. शाश्वत सिंह ने 192 मरीजों की आंखों की जांच करने के बाद दवा दिया और 96 मरीजों को लेंस प्रत्यारोपण के लिए वाराणसी भेजने की व्यवस्था किया। फुलेहरा ग्रुप आफ इन्स्टीट्यूट के प्रबन्ध निदेशक गोविन्द नारायण सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मीरा सिंह मौजूद रही।

### कॉलेज के प्रबंधक को पितृ शोक



**बेल्थरारोड।** स्थानीय तहसील क्षेत्र अंतर्गत मां शांति देवी पीजी कालेज हल्दी रामपुर के प्रबंधक विजय कुमार यादव उर्फ टुन्नू यादव के पिता एवं कालेज के संस्थापक इंद्रदेव (84) की अपोलो हास्पिटल लखनऊमें शुक्रवार की देर रात इलाज के दौरान निधन हो गया। वह अपने पीछे चार पुत्र संजय, विजय, अजय, धनंजय तथा पुत्री संगीता यादव सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए है।

### आयुष चिकित्सक के पुत्र ने उत्तीर्ण की पीसीएस परीक्षा



**बांसडीह।** आयुष चिकित्सक के पुत्र के लोअर पीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर चकबंदी अधिकारी के लिए चयनित होने पर चहुंओर खुशी का माहौल है। स्थानीय कस्बे के रहने वाले प्रसिद्ध आयुष चिकित्सक डा. विनोद कुमार सिंह के बड़े पुत्र हर्ष कुमार सिंह ने यूपीएसएससी द्वारा आयोजित लोअर पीसीएस 2019 की परीक्षा उत्तीर्ण कर नगर का मान बढ़ाया है। शुक्रवार को आए परीक्षा परिणाम से पूरे नगर में खुशी का माहौल है। सभी परिवारीजन एवं मित्र एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दे रहे है। हर्ष के पिता डा. विनोद सिंह बताते है कि हर्ष अपने दो भाइयों एवं दो बहनों में तीसरे नंबर पर है। हर्ष प्रारंभ से ही मेधावी रहे है। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की पढ़ाई सरस्वती विद्या मंदिर बलिया एवं बीटेक रामस्वरूप इंजीनियरिंग कालेज लखनऊसे हुआ है। हर्ष ने अपनी कामयाबी का श्रेय माता श्रीमती गीता सिंह एवं अपने पिता डा. विनोद सिंह को समर्पित किया है। हर्ष ने बताया कि प्रेरणा स्त्रोत हमारे बाबा स्व. कपिल देव सिंह रहे है। हर्ष का सपना आईएएस का है। इसके लिए उनकी तैयारी चल रही है।

# सुरेमनपुर स्टेशन पर क्षेत्रवासियों का प्रदर्शन

**आक्रोश**

## स्टेशन मास्टर को सौंपा मंडल रेल प्रबंधक को संबोधित ज्ञापन

जनसंदेश न्यूज



सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर प्रदर्शन करते क्षेत्रवासी

**बैरिया।** सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर विभिन्न मांगों को लेकर क्षेत्रवासियों ने शनिवार को प्रदर्शन किया। तत्पश्चात मंडल रेल प्रबंधक को संबोधित ज्ञापन स्टेशन मास्टर एलपी वर्मा को सौंपा। स्टेशन मास्टर ने ज्ञापन को मंडल रेल प्रबंधक के यहां भेजवाने का आश्वासन दिया।

क्षेत्रवासियों ने कहा कि कोरोना काल में बंद की गई अप व डाउन छपरा-मऊ डेमू पैसेंजर को चलाया जाय। अप व डाउन छपरा-औड़िहार पैसेंजर ट्रेन का संचालन छपरा-वाराणसी सिटी किया जाय। सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए शौचालय बनवाया जाय। दैनिक साफ-सफाई हो और कूड़ा पात्र लगाया जाय। यात्रियों की सुरक्षा के लिए आरपीएफ चौकी स्थापित किया जाय। कहा कि सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली कई ट्रेनों का आवागमन का फेरा कम कर दिया गया है। इसके चलते मऊतथा वाराणसी की ओर जाने वाले लोकल स्टेशनों के यात्रियों को आवागमन में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर सुबह और शाम के समय में अधिक ट्रेनें हैं। यहां औसतन 1400 जनरल टिकट और 500 रिजर्वेशन टिकट प्रतिदिन बिकते हैं। ऐसे में सुबह व शाम के समय काफी संख्या में यात्री जुट जाते हैं। यहां शौचालय की कोई व्यवस्था नहीं है। साफ-सफाई नहीं होती। हमेशा गंदगी रहती है। इस अवसर पर धीरज तिवारी, पवन यादव, अनिल पासवान, बब्बन यादव, सूरज, पंकज आदि मौजूद रहे।

## एसपी ने बदला पांच प्रभारियों का कार्यक्षेत्र

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर ने एक बार फिर पुलिस महकमा में फेरबदल किया है। जिले की बेहतर कानून व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्ध पुलिस अधीक्षक ने दो निरीक्षक एवं दो महिला निरीक्षकों के साथ पांच अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। सिकंदरपुर थाने पर तैनात एसएचओ योगेश कुमार यादव व निरीक्षक (अपराध) रामायण सिंह को अपराध शाखा बलिया से संबद्ध किया गया है। वहीं, महिला निरीक्षक मंजू सिंह को प्रभारी निरीक्षक महिला थाना से हटाकर महिला सहायता प्रकोष्ठ का प्रभार सौंपा है, जबकि महिला सहायता प्रकोष्ठ की प्रभारी रहीं अनिता को महिला थाना का प्रभारी बनाया है। इसी क्रम में जिला मुख्यालय के ओक्टेनगंज चौकी प्रभारी रहे दिनेश कुमार पाठक को प्रमोट करते हुए सिकंदरपुर थाने का एसएचओ बनाया है। बता दें कि इसके पूर्व जिले के नगरा, दोकटी और कोतवाली में बतौर एसओ अपनी सेवाएं दे चुके दिनेश कुमार पाठक की पहचान एक तेज तर्रार पुलिस अधिकारी के रूप में है। उनकी बेहतर कार्य शैली के लिए वर्तमान पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पूर्ववर्ती अधिकारी दर्जनों बार सम्मानित भी कर चुके हैं।

# बिना पंजीकरण हो रहा भूजल का दोहन

**मनमानी**

## पंजीकरण एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना आवश्यक

**बलिया।** जिले में सैकड़ों इकाइयों में भूजल का व्यवसायिक इस्तेमाल किया जा रहा है। जगह-जगह जमीन से पानी खींचकर बर्बाद करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जिले में किसी ने भूजल निकालने के लिए पंजीकरण नहीं कराया है।

उप्र भूगर्भ जल प्रबंधन और विनियमन अधिनियम के तहत सभी औद्योगिक, वाणिज्यिक और सामूहिक भूजल प्रयोग करने वालों के लिए पंजीकरण और अनापत्ति प्रमाणपत्र लेना जरूरी किया गया है। सबसे पहले आनलाइन या लघु सिंचाई कार्यालय में आवेदन कर पंजीकरण कराया जाता है। इसके बाद भूजल दोहन संबंधी नियमों की पड़ताल के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र के लिए आवेदन किया जाता है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला टास्क फोर्स सभी नियमों के पालन की जानकारी करती है। एक अनुमान के मुताबिक जिले में सौ से अधिक आरओ प्लांट, 180 से अधिक वाहन धुलाई केंद्र के अलावा तमाम व्यवसायिक और औद्योगिक इकाई हैं, जहां बड़े स्तर पर भूजल का दोहन किया जा रहा है। लेकिन इनमें से किसी ना तो पंजीकरण कराया है और ना ही अनापत्ति प्रमाणपत्र लेना जरुरी समझा है। अन्य लोग भी भूजल निकालने के लिए नियमों का पालन नहीं कर रहे है। बिना पंजीकरण एवं अनापत्ति प्रमाण के भूजल दोहन करने पर दो से पांच लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। इसके अलावा, छह माह से एक साल तक कारावास का भी प्रावधान है।

### भूजल स्तर में आई है कमी

**बलिया।** इस संबंध में सहायक अभियंता लघु सिंचाई श्याम सुंदर यादव ने बताया कि जिले में भूजल दोहन की स्थिति चिंताजनक है। जिले में पिछले साल की तुलना में भूजल स्तर में कमी आई है। लेकिन अब तक किसी ने भूजल के दोहन के पंजीकरण कराने और अनापत्ति प्रमाणपत्र लेने के लिए आवेदन नहीं किया है।

**संक्षेप**

### अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार



**बैरिया।** बिहार प्रांत में तस्करी के लिए जा रहे अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप को बैरिया पुलिस ने पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। उक्त शराब पिकअप में लादकर जा रहा था। अंग्रेजी शराब के उक्त खेप को पुलिस ने शुक्रवार की देर रात बैरिया के चिरैया मोड़ पर बरामद किया। पुलिस ने पिकअप चालक सुभाष राय पुत्र मंगल राय निवासी ग्राम सकरिकोल, थाना मधुबन, जनपद मऊ को हिरासत में ले लिया। उसकी तलाशी लेने पर पुलिस को उसके पास से 315 बोर का एक तमंचा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। बैरिया के चौकी इंचार्ज अतुल कुमार मिश्र ने बताया कि यूपी 54 एटी 2768 नम्बर की पिकअप में शराब तस्कर द्वारा मऊकी तरफ से अंग्रेजी शराब की खेप लेकर बिहार जाने की सूचना मुखबिर से प्राप्त हुई। तत्काल कार्रवाई करते हुए चिरैया मोड़ के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर पिकअप की घेराबंदी कर उसे कब्जे में ले लिया गया। पिकअप से कुल 30 पेटी विस्की बरामद हुआ। इसके बाद शराब को जप्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस की माने तो पिकअप सुभाष राय की ही है और वह स्वयं पिछले कुछ दिनों से शराब की तस्करी किया करता था। वह शुक्रवार की देर रात पकड़ा गया।

### समाधान दिवस पर छाये रहे जमीन विवाद के मामले



**बैरिया।** एसडीएम एवं एसएचओ की अनुपस्थिति में बैरिया थाना पर आयोजित सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस पर जमीनी विवाद के मामले छाये रहे। सभी मामले को सम्बंधित विभाग को कार्रवाई के लिए भेज दिया गया। थाना समाधान दिवस में चकिया गांव निवासी लालनन्द शर्मा ने अपने बेटे पर मारपीट कर घर से निकाल देने की शिकायत की और इस जाड़े में शरण दिलाने की गुहार लगाई। मामले को क्षेत्राधिकारी उस्मान ने गम्भीरता से लिया और तत्काल पुलिस कर्मियों को मौके पर भेजा। कहा कि वृद्ध पिता को उसके घर में रखवाओ। अगर बेटा बदमाशी करता है तो उसे गिरफ्तार कर थाने लाओ। दयाछपरा निवासी खेदन गोड़ तथा धर्मशीला देवी ने सार्वजनिक रास्ते को अकारण दबंगों द्वारा अवरुद्ध करने का मामला रखा गया। चांदपुर निवासी राजकुमार यादव ने मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जा का मामला उठाया। वहीं, बिन्द के टोला निवासी अनिरुद्ध प्रसाद बिन्द ने सजातीय दबंगों पर अकारण मकान का निर्माण कार्य रोकने का आरोप लगाते हुए शिकायत की। इसी तरह बैरिया निवासी संजीव पाण्डेय ने भूमि विवाद का मामला रखा। पुलिस ने उचित कार्रवाई के लिए सभी मामलों को मातहतों को भेज दिया।

### श्रुति रंजन का इंडियन आर्मी में लेफ्टिनेंट पद पर चयन



**बेल्थरारोड।** क्षेत्र के टंगुनिया गांव की रहने वाली बेटी ने इंडियन आर्मी में लेफ्टिनेंट पद पर चयनित होकर अपने माता-पिता, गुरुजन के अलावे क्षेत्र व जिले का नाम रोशन किया है। जानकारी के अनुसार श्रुति रंजन यादव पुत्री श्रीप्रकाश चंद यादव निवासी टंगुनिया ने 2022 की ज्वाइन इंडियन आर्मी की नीट की परीक्षा पास करने के उपरांत इंडियन आर्मी का साक्षात्कार पास कर आल इंडिया में 111वां स्थान प्राप्त कर मेडिकल डिपार्टमेंट में लेफ्टिनेंट पद पर चयनित हुई। श्रुति रंजन के पिता श्रीप्रकाश चन्द यादव इंडियन एयरफोर्स में वारंट आफिसर के पद पर कार्यरत हैं। पिता के अनुसार श्रुति रंजन शुरू से ही मेधावी छात्रा रही है। कक्षा आठ तक सेंट जेवियर्स स्कूल पिपरौली बड़गांव और कक्षा नौ से 12वीं तक की पढ़ाई केंद्रीय विद्यालय कानपुर से किया है। इसके बाद कोटा में एक साल कोचिंग में नीट की तैयारी की और पहली बार में नीट की परीक्षा पास कर लिया। बताया कि श्रुति रंजन की अपने पिता के एयरफोर्स में आफिसर पद पर होने को देखते हुए उसके भी मन में इच्छा थी कि हम भी एक दिन इण्डियन आर्मी में आफिसर बनूंगी। श्रुति रंजन ने कड़ी मेहनत करके लेफ्टिनेंट पद को ग्रहण करने में सफलता अर्जित किया है। श्रुति रंजन यादव की इस उपलब्धि पर उसके गांव व क्षेत्र में खुशी व्याप्त है। श्रुति रंजन यादव के लेफ्टिनेंट बनने पर सेंट जेवियर्स स्कूल पिपरौली बड़ागांव के प्रिंसिपल डॉ. जेआर मिश्र व वाइस प्रिंसिपल शीला ने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

### सीबी मिश्र बने ब्राह्मण एकता महासंघ के जिलाध्यक्ष

**बैरिया।** विश्वव्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयदीप दुबे ने कांग्रेस के वरिष्ट नेता बैरिया निवासी चंद्रवदन मिश्र (सीबी मिश्र) को महासंघ का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। इसकी सूचना पर शुभेच्क्षुओं का बधाई देने के लिए श्री मिश्र के आवास पर तांता लगा हुआ है। गणमान्य लोग उन्हें शुभकामनाएं दे रहे है। बैरिया स्थित श्री मिश्र के आवास पर राजीव उपाध्याय, सच्चितानंद तिवारी, पीयूष मिश्र, हर्ष कुमार चौबे, रामेश्वर तिवारी पगड़ी बाबा, वीसी पांडे, केपी मिश्र, ललक तिवारी, रजनीकांत तिवारी, ओमप्रकाश पांडे, रंजीत पाठक, रंजीत तिवारी, राजेन्द्र तिवारी, राजू मिश्र, अजय मिश्र, सर्वजीत दुबे, भोला दुबे आदि पहुंचे और बधाई दी। श्री मिश्र ने कहा कि ब्राह्मणों की समस्याओं एवं उनके दुख-दर्द में सहायक होने का काम यह संगठन तत्परता के साथ करेगा। इसके लिए ब्लाक अध्यक्षों, तहसील प्रभारी, विधान सभा प्रभारियों की नियुक्ति अति शीघ्र कर जिला स्तर की टीम का गठन किया जाएगा। श्री मिश्र ने इस अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष सहित समस्त शीर्ष पदाधिकारियों एवं शुभचिन्तकों के प्रति आभार व्यक्त किया।



**संक्षेप**

### डीएम व एसपी ने थाना समाधान दिवस पर की जन सुनवाई





**मऊ।** शनिवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार ने पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय के साथ महीने के दूसरे शनिवार को थाना समाधान दिवस पर थाना कोपागंज में जन सुनवाई की। जिलाधिकारी ने पिछले समाधान दिवस पर आई शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की भी समीक्षा की। जन सुनवाई के दौरान अधिकतर शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित थी। इस दौरान कुछ शिकायतें सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर भी थी जिसके संबंध में जिलाधिकारी ने संबंधित लेखपालों को तत्काल मौके पर जाकर पुलिस के सहयोग से अवैध कब्जा खाली कराने के साथ ही कब्जेदारो के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के भी निर्देश दिए। उन्होने एक-एक करके सभी शिकायतकर्ताओ की शिकायतें सुनी एवं मौके पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर सभी शिकायतो के निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कुछ मामलों में पुलिस एवं लेखपाल की संयुक्त टीम को तत्काल निस्तारण हेतु मौके पर रवाना भी किया। उन्होंने सभी लेखपालों एवं पुलिस को संयुक्त टीम बनाकर थानों पर आने वाली राजस्व एवं अन्य सभी शिकायतों को गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारण के निर्देश दिए, साथ ही शिकायतो का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करने को कहा, जिससे दोनों पक्ष निस्तारण से संतुष्ट हो। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर तथा संबंधित थाने के सभी अधिकारी एवं क्षेत्र के सभी लेखपाल मौके पर उपस्थित थे।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बुनियादी शिक्षा की दी जानकारी



**कोपागंज, मऊ।** शासन द्वारा समग्र शिक्षा अभियान द्वारा स्पेशल प्रोजेक्ट फार इक्विटी के अंतर्गत बेसिक शिक्षा विभाग के निपुण मिशन को जनमानस में प्रचार हेतु शनिवाार को नुक्कड़ नाटक का आयोजन प्राथमिक विद्यालय प्रथम एवं कम्पोजीट विद्यालय कोपागंज के तत्वाधान में कस्बे के प्राचीन गौरी शंकर मंदिर के प्रांगण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में लखनऊ से आई सांस्कृतिक नुक्कड़ नाटक टीम द्वारा विद्यालय के बच्चों एवं उनके अभिभावकों के बीच संदेश दिया गया कि आप लोग अपने बच्चों को प्राइमरी विद्यालय ने पढ़ाएं। सरकार द्वारा विद्यालयों को विद्यालयों का कायाकल्प कर दिया है साथ ही आपके प्रत्येक बच्चों को 12 सौ रुपए भी सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है। जिससे विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को ड्रेस जूता कॉपीकिताब खरीदा जा सके। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से निपुण के लक्ष्य कक्षा एक के बच्चे को प्रति मिनट दो अक्षर के पांच वाक्य पढ़ाना एवं समझाना आना तथा गणित में एक अंकिय जोड़ घटाना का ज्ञान हो सके। कक्षा दो में भाषा में 45 शब्द 1 मिनट में पढ़ना और समझना तथा दो अंकीय जोड़ घटाना आ जाए। टीम द्वारा बालिका शिक्षा और प्राथमिक शिक्षा की बुनियादी पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय प्रथम के प्रधानाचार्य विनोद कुमार, रजिया, उर्मिला, निर्मला, निरुपमा, सुनीता, सुषमा, श्वेता, अंजू, प्रकाश, रामजीत, मनोज मनीष अरुण कुमार विपिन कुमार आदि अध्यापक मौजूद रहे।

### चोरी करती दो महिलाएं गिरफ्तार

**मऊ।** शनिवार को थाना मुहम्मदाबाद क्षेत्रान्तर्गत धरहरा घाट से टेम्पों से घर आते समय वादी मुकदमा के बहु के पास से पर्स चोरी करती दो महिलाए पूजा पत्नी राजेश, सोमारी पत्नी स्व. चुन्नु को आस पास की महिलाओं द्वारा पकड़ कर कब्जे से चुराये हुये आभूषण एक पीली घातु की कील, एक जोडी पायल, एक बिछिया, एक जोडा बच्चे का कड़ा आदि बरामद कर थाना स्थानीय को सूपूर्द किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त आरोपी महिलाओं के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मुअसं 642/22 धारा 379,411 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

### महिला स्वयं सहायता समूह व दुकानदारों के चेहरे खिले

**कोपागंज, मऊ।** दोहरीघाट ब्लॉक में भारतीय स्टेट बैंक के बैनर तले समूहों को ऋण वितरण करने हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत कुमार नागर रहे एवं भारतीय स्टेट बैंक वाराणसी के अंचल, उप महाप्रबंधक धीरज कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक रंजन कुमार के द्वारा 698 समूह को स्वीकृत किया गया है साथी सरकार की प्रायोजित योजना में 11 करोड़ 80 लाख का ऋण वितरित किया गया। कोपागंज भारतीय स्टेट बैंक द्वारा त्रिपाठी पशु आहार कोपागंज को दस लाख रुपए का स्वर्ण मुद्रा के तहत ऋण प्रदान किया गया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नगर ने कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को गांव में ई रोजगार उपलब्ध करा कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की योजना सरकार की है महिलाएं समूह से जुड़कर उप महाप्रबंधक धीरज कुमार ने कहा कि मेले के आयोजन का मुख्य उद्देश्य यह है कि किसी भी समूह की कोई भी समस्या होने पर तुरंत उसका समाधान हो सके। उन्होंने कहा की गांव की अधिक से अधिक अपने महिलाओं को समूह से जोड़ने का आह्वान किया समूह की महिलाओं को अपने परिवार भरण पोषण के लिए समूह से जुड़कर आगे बढ़ना चाहिए इस दौरान आयुक्त स्वरोजगार उपेंद्र पाठक भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक डीएन प्रसाद, धीरेंद्र कुमार, विजेंद्र गिरी, अंबुज सिंह, अमितेश पांडेय, सुरेश प्रसाद, अजीत कुमार, चरणदास श्रीवास्तव, जय शंकर आदि उपस्थित थे।





## रास्ते के विवाद में मारपीट चार घायल

**बलिया।** पकड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोनाडीह नई बस्ती में रास्ते के विवाद को लेकर शनिवार को हुई मारपीट में एक ही पक्ष के चार लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार रामाशंकर के काश्तकारी जमीन में चकरोड फेंका जा रहा था, जिसका सुभावती देवी ने विरोध किया। इसी को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी। इसी बीच दूसरे पक्ष जनार्दन के लोगों ने लाठी-डंडे से लैस होकर धावा बोल दिया। इसमें निरमा देवी पत्नी हरिंदर कुमारी, सुभावती देवी, रामाशंकर व हरिंदर को गंभीर चोटें आई। सूचना पर पहुंची पकड़ी पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। सुभावती देवी ने लिखित तहरीर थाने में दे दी है। प्रभारी निरीक्षक पकड़ी शत्रुघ्न कुमार का कहना है कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बाइक-टेम्पो टक्कर में एक दर्जन यात्री घायल



दुर्घटना में क्षतिग्रस्त टेम्पो

**बांसडीह।** बाइक एवं टेम्पू की आमने-सामने की टक्कर में टेंपो सवार करीब एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। उन्हे स्थानीय लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ केंद्र बांसडीह पहुंचाया। मनियर-बांसडीह-नरायनपुर मुख्य मार्ग पर देवडीह गांव के समीप शनिवार की दोपहर में बांसडीह की तरफ से जा रही मोटरसाइकिल व मनियर की तरफ से आ रही अतुल टेम्पू में जोरदार टक्कर हो गई। इससे टेंपो में सवार करीब एक दर्जन लोग घायल घायल हो गए। आस-पास के लोगों ने इसकी सूचना बांसडीह पुलिस को दी।

सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से सभी घायलों सीएचसी बांसडीह भेजवाया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद चिकित्सकों ने घायलों को जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। घायलों में रेखा कुमारी पुत्री सुरेश रजक, चंद्रकांत, रेखा पत्नी चंद्रकांत निवासी रुकनपुरा, उषा देवी पत्नी सीताराम ठाकुर, श्रेया कुमारी पुत्री सीताराम ठाकुर, सीताराम ठाकुर पुत्र स्व. बैजनाथ ठाकुर निवासी भीखमपुर, गोविंदा निवासी अहिरौली, राममिलन पुत्र जवाहिर, राजेंद्र पुत्र शिवपूजन निवासी मंगलपुरा, बैजनाथ निवासी बड़ागांव, शिवजी पुत्र चंदेदेव यादव, मांती देवी पत्नी शिवजी निवासी बेलहरी शामिल है।

### अचानक सीने में उठा दर्द, सेना के जवान का निधन

**बलिया।** दुबहड़ क्षेत्र के रामपुर टिटीही निवासी प्रादेशिक सेना के जवान गणेश ठाकुर पुत्र स्व.लक्ष्मण ठाकुर की शुक्रवार की रात सीने में अचानक दर्द से निधन हो गया। इसकी जानकारी होते ही परिजनों सहित गांव में मातम पसर गया। वह 114 इन्फेंट्री बटालियन प्रादेशिक सेना जाट रेजीमेंट के शिलांग में तैनात थे। वह छुट्टी में अपने गांव आए थे। शुक्रवार की रात अचानक उनके सीने में दर्द होने लगा। आनन-फानन में परिजन जवान को जिला चिकित्सालय ले गए, जहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। वाराणसी व फतेहपुर से उनके बटालियन के जवान आकर राजकीय सम्मान व गार्ड आफ आनर के साथ गंगा घाट पर अंतिम संस्कार किए।

# राशन वितरण में मनमानी का आरोप कार्डधारकों ने किया विरोध-प्रदर्शन



**कोपागंज, मऊ।** कोटेदार द्वारा राशन वितरण में धांधली का आरोप लगाते हुए शनिवार को कार्डधारकों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए कहा कि राशन कोटेदार के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो कार्डधारक धरना प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे।

विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्ड धारकों ने आरोप लगाया कि कोटेदार न तो समय से दुकान खोलता है और न ही यूनिट के हिसाब से राशन वितरण करता है। विरोध करने पर कोटेदार के एक आदमी द्वारा डांट डपट कर चुप करा दिया जाता है। कार्डधारकों ने आरोप लगाया कि राशन यूनिट के हिसाब से पांच किलो राशन देने के बजाय 18 किलो ही राशन दिया जाता है। कार्डधारकों ने राशन वितरण में घटतौली किए जाने का भी कोटेदार पर आरोप लगाया। कार्ड धारक शोएब, इमरान, कलीमुल्ला, रेयाज अब्दुल्ला, तबस्सुम जहरा ने कहां कि शिकायत करने पर कोटेदार के आदमी धमकी देते हैं।

### डीएम ने गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 10 लोगों को किया जिला बदर

**मऊ।** शनिवार को डीएम अरुण कुमार ने गुण्डा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 10 लोगों को जिला बदर करने के आदेश जारी किए। जिला बदर किए गए अपराधियों में असलम उर्फ डब्ल्यू पुत्र हाजी यूनुस निवासी गाढ़ा हाल मुकाम नयापुरा थाना कोपागंज, शशिकांत यादव पुत्र रामदास निवासी सरोंदा थाना चिरैयाकोट, अजय यादव पुत्र गुलाब यादव निवासी एकौना थाना मोहम्मदाबाद गोहना, विजीत यादव पुत्र रामप्रकाश यादव निवासी एकौना थाना मोहम्मदाबाद गोहाना, शशिभूषण पांडे उर्फ पिंटू पुत्र शिव शंकर सा. मोहम्मदपुर बरहिया थाना हलधरपुर, सुधीर राम पुत्र भगेलू राम निवासी कहिनौर थाना सराय लखंसी, सूरज कुमार पुत्र स्व. रामपति राम निवासी कहिनौर थाना सराय लखंसी, अबू बकर पुत्र जमील अहमद निवासी डोमनपुर चमनपुरा थाना दक्षिण टोला, भृगुनाथ पुत्र रामपति राम सा. पहसा थाना हलधरपुर एवं राम सरीख यादव पुत्र शिवशंकर शाह बड़कीबारी थाना दोहरीघाट, जनपद मऊ को गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 6 माह के लिए जिला बदर करने के आदेश जारी किए।

## व्यक्तिगत पत्रावली उपलब्ध न कराने पर दर्ज होगा मुकदमा : एडीएम

**मऊ।** एडीएम/ परियोजना निदेशक डूडा ने बताया गया कि निदेशक राज्य नगरीय विकास अभिकरण उप्र के आदेश द्वारा मीना सिंह सहायक परियोजना अधिकारी (संविदा) डूडा मऊ द्वारा मुख्यालय स्तर से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से आहुत समीक्षा बैठक में उपस्थित होने के बावजूद भी निदेशक द्वारा बुलाये जाने पर भी सामने न आना एवं निदेशक से बात करने से मना करना घोर अनुशासनहीनता, कार्य के प्रति उदासीनता व कर्मण्यता का परिचायक है तथा कर्मचारी आचरण नियमावली का अनुपालन न करना, तदनुसार आरोप निर्धारित करते हुए मीना सिंह परियोजना अधिकारी (संविदा) डुडा मऊ की संविदा आधारित सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त करते हुए कार्यालय, जिला नगरीय विकास अभिकरण से तत्काल कार्यमुक्त किये जाने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। डीएम /अध्यक्ष डूडा मऊ के आदेश द्वारा कार्यालय से कार्यमुक्त कर दिया गया। कार्यमुक्त आदेश दो बार इनके पते पर प्रेषित किया गया परन्तु दोनों बार घर पर नहीं मिली। इसलिए सेवा समाप्ति का आदेश जिला नगरीय विकास अभिरकण में डाकिया द्वारा पुन सेवा समाप्ति का आदेश प्राप्त कराया गया है पुनः निदेशक राज्य नगरीय विकास अभिकरण, उप्र लखनऊ का तत्कालीन मीना सिंह सहा. परियोजना अधिकारी (संविदा) डूडा के आवास पर पंजीकृत डाक से आदेश की प्रतियां प्रेषित करते हुए व दो गवाहों की उपस्थिति में उनके घर पर उपरोक्त आदेशों की प्रतियां चस्पा कराते हुए फोटोग्राफ व दो गवाहों के हस्ताक्षर सहित तामील रिपोंट तथा सेवा समाप्ति के क्रम में निर्गत कार्यमुक्त की सूचना का प्रकाशन स्थानीय समाचार पत्र में कराकर तीनों माध्यम से तामीला कराये जाने के संबंध में निर्देश दिया गया। मीना सिंह सहारा परियोजना अधिकारी (संविदा) डूडा मऊ को सूचित किया जाता है कि सेवा समाप्ति का आदेश डूडा कार्यालय मऊ से प्राप्त करे व अपनी व्यक्तिगत प्रत्रावली डूडा कार्यालय मऊ में उपलब्ध करायें।

# रोटरी क्लब का उद्देश्य सामाजिक सेवा की प्रेरणा देना है

**शिविर**

### रक्त वर्ग परीक्षण व दंत परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन



**मऊ।** सेवा ही धर्म है, इस सिद्धांत पर रोटरी के सदस्य काम करते है। बच्चे देश के भविष्य होते हैं और स्वस्थ बच्चे ही एक स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं इसके लिए बच्चों में अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है।

ये बातें रोटरी क्लब प्राइड मऊ के अध्यक्ष रो कृष्ण खंडेलवाल ने रोटरी क्लब प्राइड मऊ द्वारा रक्त वर्ग परीक्षण एवं दंत परीक्षण शिविर में कहीं। रोटरी क्लब प्राइड मऊ द्वारा शनिवार को स्थानीय दयानंद बाल विद्या मंदिर मऊ में रक्त वर्ग परीक्षण एवं दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में स्कूल के 200 बच्चों का रक्त वर्ग परीक्षण एवं कक्षा 5 से 10 तक के 600 बच्चों का दंत परीक्षण किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य मुरलीधर ने डॉक्टरों का स्वागत करते हुए किया, उसके पश्चात कार्यक्रम संयोजक रो डॉ. जीएस अग्रवाल ने शिविर के आयोजन के महत्व को बच्चों को बताया। उन्होंने कहा कि अपने ब्लड ग्रुप की जानकारी होना बहुत जरूरी है जिस तरह हम अपने जन्मतिथि को याद रखते हैं उसी तरह हमें अपने ब्लड ग्रुप का भी पता होना चाहिए। रो. डॉ. रघुनंदन अग्रवाल ने बच्चों को आंख एवं दांत के रखरखाव के बारे में विस्तार से समझाया।

उन्होंने एक कार्यशाला आयोजित की जिसमें उन्होंने सभी बच्चों को बताया कि वो अपनी आंख स्वयं देख सकते हैं कि वह सही है या नहीं। इसके लिए उन्होंने स्कूल को एक विजन चार्ट प्रदान किया जिससे बच्चे स्वयं देख सकते हैं कि कहीं उनकी आंखें कमजोर तो नहीं हो रही है। उन्होंने बच्चों को उचित तरीके से ब्रश करने के बारे में भी बताया।

इस शिविर में इंडियन डेंटल एसोसिएशन की मऊ शाखा के डॉ मयंक चैबे अध्यक्ष डॉ रूचि अग्रवाल, डॉ सुनील दत्त,डॉ दीपक सिंह, डॉ फहद, डॉ फैसल, डॉ गुल खान, डॉ असलम, डॉ असगर अली, डॉ आदिल, डॉ मीनाक्षी वर्मा, डॉ असद अनीस डॉक्टरों ने सभी बच्चों का दातों का परीक्षण किया।

क्लब की तरफ से सभी बच्चों को ब्रश पेस्ट एवं आवश्यकतानुसार दवाई प्रदान की गई। इस दंत शिविर को आयोजित कराने में आई डीए मऊ का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। डॉक्टर जीएस अग्रवाल के टेक्नीशियन जसवंत और निधि ने लगभग 200 बच्चों का रक्त वर्ग परीक्षण किया।

इस कार्यक्रम को आयोजित कराने में कार्यक्रम संयोजक रो. डॉ. जीएस अग्रवाल व रो. डॉ. रघुनंदन अग्रवाल के सहित प्राचार्य मुरलीधर, आर्य समाज प्रमुख अजय जयसवाल और दयानंद बाल विद्यालय के सभी स्टाफ का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।

इस कार्यक्रम में क्लब के विशाल शर्मा, सुशील अग्रवाल, डॉ रघुनंदन अग्रवाल, राकेश गर्ग, आलोक खंडेलवाल, डॉ मनोज मित्तल, अरुण अग्रवाल, गिरिराज शरण अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, विनोद वर्मा, आजाद यादव, अतुल जयसवाल, शिव अग्रवाल, जितेंद्र रखोलिया, बृजेश उमर, डॉक्टर जी.एस. अग्रवाल एवं अजय अग्रवाल आदि सदस्य उपस्थित थे।

# दल-बदल की बैसाखी से चुनावी नैया खेने की तैयारी

## टिकट न मिलने की स्थिति देख दूसरे दलों की ओर रुख कर रहे दावेदार

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** निकाय चुनाव आते ही दल- बदल की सियासत भी शुरू हो चुकी है। कहीं उभरकर तो कहीं अंदरखाने से पार्टी बदलने की सुगबुगाहट चल रही है। चुनाव लड़ने के दावेदार टिकट की शर्त पर पार्टी बदलने का मन बनाए बैठे हैं।

अभी नगर पालिका और नगर पंचायत अध्यक्ष पदों के दावेदार तो सधे हुए हैं, लेकिन कई सभासद पद के दावेदारों में उथल-पुथल की स्थिति शुरू हो गई है। कुछ दावेदार ऐसे हैं जिन्हें अपनी मौजूदा पार्टी से टिकट मिलता हुआ नहीं दिखाई दे रहा। ऐसे में वह पार्टी छोड़ दूसरे दल का दामन थामने की तैयारी में जुट गए हैं। कहीं जाहिर तौर पर यह खलबली देखने को मिल रही है तो कहीं गुपचुप ढंग से योजनाएं बनाई जा रहीं हैं। हाल ही में नगर पालिका की एक सभासद के पुत्र ने सपा छोड़ने का एलान फेसबुक पर खुलेआम कर दिया। साथ ही भाजपा की जिम्मेदारी निर्वहन का स्टेटस डाला है। वहीं भाजपा के एक सभासद की सपा नेताओं से बढ़ती नजदीकियां चर्चा बनी हुई हैं।

### भाग्य आजमाने को आतुर धुरंधर अब कोस रहे अपनी किस्मत

नगर पालिका और नगर पंचायत चेयरमैन बनने का सपना देख रहे तमाम सियासी धुरंधरों के सपने उस समय एक ही झटके में चकनाचूर हो गये, जब मुहम्मदाबाद, जमानियां सैदपुर सीट को शासन ने महिला, पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित कर दिया। ऐसे तकरीबन दो दर्जन संभावित दावेदार जो निकाय चुनाव में अपना भाग्य आजमाने को आतुर थे, अब अपनी किस्मत को कोस रहे हैं। आरक्षण सूची जारी होते ही उनकी सारी मेहनत पर पानी फिर गया, क्योंकि पिछले एक वर्ष से यह सियासी धुरंधर जनसंपर्क और प्रचार में लाखों रुपए पानी की तरह बहा चुके हैं।

### आचार संहिता के चलते पोस्टर वार भी हुआ कम

टिकट के इंतजार और आचार संहिता की घोषणा की संभावना के चलते सभी नगर निकायों में पोस्टरवार में कमी आ गई है। शुरूआत में तेज हुआ पोस्टरवार अब कम होता दिख रहा है। वर्तमान में शहर में पुराने पोस्टर एवं होर्डिंग ही दिख रहे हैं, नए नजर नहीं आ रहे हैं। दावेदारों का मानना है कि चुनाव आचार संहिता लगते हुए अधिकांश पोस्टर उतार दिए जाएंगे, इसलिए लगाना बेमानी है। साथ ही संबंधित दल से टिकट पक्की होने के बाद ही होर्डिंग व पोस्टर लगाना ही सार्थक होगा।

### बदलाव की संभावनाएं कम

वार्डों के आरक्षण को लेकर आपत्तियां तो मांगी गईं हैं लेकिन उसके बाद बदलाव की गुंजाइश कम है। अमूमन जो अनंतिम आरक्षण जारी होता है, उसे ही अधिकारी अंतिम ही जारी करते हैं। एक वार्ड का आरक्षण बदलने से कई वार्ड प्रभावित होते हैं। हालांकि चेयरमैन पद के आरक्षण पर आपत्तियां शासन में ही मांगी गई हैं। जिले पर वार्डों के आरक्षण पर आपत्तियां पर मंथन चला है।





### सोशल मीडिया एक्सपर्ट लगाएंगे बीजेपी की नैया पार

भाजपा की सोशल टीम चैयरमैन और नगर पंचायत अध्यक्ष पदों के चुनाव में भी तैनात की जाएगी। इसमें आईटी टीम की भी मदद ली जाएगी। भाजपा ने गांवों में भी डिजीटल प्रमोशन के लिए बहुत कार्य किया है। सोशल मीडिया की टीम लोगों तक प्रत्याशियों की जानकारी और योजनाओं को पहुंचाएगी। नगर पालिका और शासन द्वारा क्षेत्र में कराए गए कार्यों का प्रचार-प्रसार करेंगे। यह टीम फेसबुक, ट्वीटर, इंस्टाग्राम और वाट्सअप पर एक्टिव रहेगी। जो पार्टी के प्रत्याशी की मदद करेगी। इसके साथ ही राज्य और केंद्र सरकार के कार्यों को लोगों तक पहुंचाएगी।

# बिजली विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान

**सैदपुर।** मुख्यमंत्री की सख्ती के बाद सैदपुर नगर में में बिजली विभाग ने अभियान चलाया। इस दौरान अधिशासी अभियंता आशीष चौहान व अन्य अधिकारियों के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। जहां 13 बड़े बकायेदारों के विद्युत कनेक्शन काटे गए और नोटिस की कार्रवाई की गई। इसके अलावा दर्जनों बकायेदारों से साढ़े 6 लाख रुपये के राजस्व की वसूली की गई। एक्सईएन ने बताया कि कस्बे समेत आसपास के क्षेत्रों में भी आगे से अभियान चलाया जाएगा।



## संक्षेप

### थाने पर धमके एसपी, फरियादियों की सुनी पीड़ा



**भांवरकोल।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह शनिवार को समाधान दिवस में आये फरियादियों की फरियाद सुनने के साथ ही थानाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार राय को आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक थाना मुख्यालय पहुंचने के बाद सीधे कार्यालय पहुंचे और उन्होंने कार्यालय की व्यवस्था जानकारी लेने के साथ ही भूमि विवाद रजिस्टर, हत्या, बलवा, रोकथाम रजिस्टर, समाधान दिवस, रजिस्टर का अवलोकन करने के पश्चात थाना लंबित विवेचनाओं को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। समाधान दिवस में कुल नौ प्रार्थना पत्र आए जिनमें से एक पुलिस विभाग से तथा आठ राजस्व विभाग से संबंधित थे। पुलिस विभाग से संबंधित एक प्रार्थना पत्र तथा राजस्व विभाग से संबंधित दो प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जबकि राजस्व विभाग से संबंधित अन्य छह मामलों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व विभाग की टीम गठित कर दी गई। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी श्याम बहादुर सिंह व थानाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार राय, ओंकार तिवारी सहित अन्य उपनिरीक्षक एवं अन्य पुलिसकर्मियों के अलावा खैमनी देवी, रमाकांत राय सोना देवी मीना देवी आदि रहे।

### बाउंड्री वॉल से हटाएं अतिक्रमण

**कासिमाबाद।** बरेसर थाना क्षेत्र के सत्य नगर गांव में प्राथमिक विद्यालय के बाउंड्री वॉल पर दुकानदारों के द्वारा अतिक्रमण को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी ने तहसील दिवस में शिकायत दर्ज कराया था। उप जिलाधिकारी कासिमाबाद बीर बहादुर यादव के निर्देश पर नायब तहसीलदार जयप्रकाश सिंह और थानाध्यक्ष बरेसर धीरेंद्र प्रताप सिंह मय राजस्व कर्मचारियों के संग पहुंचकर दुकानदारों को प्राथमिक विद्यालय के बाउंड्री वाल से अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देशित किया। नायब तहसीलदार ने कहा कि दो दिन के अंदर यदि प्राइमरी स्कूल के बाउंड्री वाल से अतिक्रमण नहीं हटता है तो उन दुकानदारों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### युवक के शव की हुई शिनाख्त

**सैदपुर।** करण्डा के चकेरी स्थित गंगा घाट पर मिली युवक के क्षत विक्षत लाश की शिनाख्त चार दिनों के बाद हो सकी। शव की शिनाख्त सैदपुर के भिखारीपुर निवासी 2 साल के शिवम विश्वकर्मा पुत्र मिस्त्री विश्वकर्मा के रूप में हुई। जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक 2 दिसम्बर से ही लापता था और परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। 4 दिन पूर्व उसकी लाश गंगा नदी किनारे उतराई हुई मिली थी, कपड़ों से उसकी शिनाख्त हो सकी। परिजनों को आशंका है कि उसकी हत्या कर लाश फेंकी गई है।

### नए आलू के साथ सब्जियां हो गईं सस्ती

**गाजीपुर।** काफी समय से महंगाई की आग में जल रही हरी सब्जियां अब सस्ती हो गई हैं। नए आलू के साथ सभी सब्जियों के भाव 15 से 35 रुपये किलो हैं। एक माह पहले जो टमाटर महंगाई से लाल हो रहा था, अब वह 15 से 20 रुपये प्रति किलो फुटकर में बिक रहा है। मेथी और सरसों का साग भी 15-25 रुपये किलो है। ऐसे में अब मध्यम वर्गीय ओर गरीब परिवार की थाली में भी सब्जी दिखाई दे रही है। सिटी रेलवे स्टेशन रोड स्थित सब्जी मंडी के विक्रेता विनोद कुमार का कहना है कि नए आलू की भी मांग बढ़ गई है। हालांकि पुराने आलू से नया आलू सस्ता है। अन्य सभी हरी सब्जियों का सीजन है। सब्जी सस्ती होने से जनता को राहत मिली है।

### सर्दी से बढ़ रहीं मौसमी बीमारियां

**मुहम्मदाबाद।** दिसंबर का दूसरा सप्ताह शुरू होते ही मौसम का मिजाज बदलने लगा है। दोपहर में धूप खिल रही है तो अलसुबह और रात को ठंड बढ़ रही है। मौसमी बीमारियों की बढ़ी संख्या का प्रकोप जिससें सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार आदि से पीड़ित लोगों की भीड़ सरकारी अस्पताल के अलावा निजी चिकित्सक के पास पहुंच रहे है। झोलाछाप चिकित्सकों के यहां भी मौसमी बीमारियों से पीड़ित मरीज बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। मेडिकल स्टोर पर दवा की बिक्री भी बढ़ गई है। डॉक्टरों के अनुसार बदलते मौसम में एहतियात बरतने की आवश्यकता हैं। रात में सर्द हवाएं चलने लगी हैं। इससे ठंड बढ़ रही है। ऐसे में गर्म कपड़े पहनकर ही बाहर निकलें। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अगले चार-पांच दिन तक मौसम पूरी तरह से साफ रहेगा।

### नगरपालिका ने नहीं कराया फागिंग, बढ़ा डेंगू का डर

**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय नगर क्षेत्र के वार्ड नंबर 17, अठ्ठारह, 7 एवं नोनिया पूरा के हजारों नागरिकों को बुखार, दुर्गंध ,संक्रमण जैसे कठिनाइयों का दंश झेलना पड़ रहा है। यहां के निवासी विगत कई वर्षों से इसका दंश झेल रहे हैं ।रात्रि के अलावा दिन में भी इस क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप काफी है। मौजा बहोरनपाह मैं ठोढा. नामक एक स्थान है ।यह स्थान समतल भूमि से नीचे है। अतः बांढ का पानी जब आता है तो बाढ़ वापस चली जाती है। लेकिन पानी वहां रह जाता है। दूसरी तरफ नगर के गंदे पानी का बहाव इसी ठोढ़ा में है। जिसके कारण गंदे पानी के जलजमाव से हमेशा दुर्गंध आती रहती है दूसरी ओर मच्छरों का प्रकोप भी बहुत अधिक है। एक तरफ किसान अपनी उपजाऊ भूमि पर जलजमाव के कारण खेती नहीं कर पा रहे हैं तथा दूसरी ओर सामान्य नागरिक संक्रमण का दंश झेल रहे हैं। इस प्रकार इस क्षेत्र के नागरिकों को दोहरी आर्थिक और मानसिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। 31 राष्ट्रीय राजमार्ग पर शाहनिंन्दा से 10 कदम आगे हनुमान जी मंदिर के पहले सड़क से ही गंदे पानी के जलजमाव को देखा जा सकता है। इस संबंध में नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी वीरेंद्र राव ने बताया कि मच्छरों के प्रकोप के लिए जल्दी ही फागिंग कराई जाएगी। यह केवल आश्वासन रहा। लेकिन फंगिंग नहीं कराई गई।



शाहनिंदा के पास खेत में जमा गंदा पानी।

# गैस वेल्डिंग टंकी में विस्फोट



टेढ़वा में ब्लॉस्ट के बाद उड़ा करकट।



टेढ़वा में ब्लॉस्ट के बाद लगी ग्रामीणों की भीड़।

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** शहर के टेढ़वा गांव के पास गैस वेल्डिंग टंकी फटने से हड़कंप मच गया। विस्फोट से लोहे के टुकड़ो से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख एक को वाराणसी रेफर कर दिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के नखास मोहल्ला निवासी मेहदी अहमद की टेढ़वा रेलवे क्रासिंग के पास लोहे के फर्नीचर की दुकान है।

### दो घायल

#### घटना के बाद नगर में मचा हड़कंप, राहगीरों की जुटी भीड़

इसके साथ ही गैंस वेल्डिंग का भी कार्य होता है। शनिवार की सुबह लगभग नौ बजे नोनहरा थाना क्षेत्र के रानीपुर गांव निवासी उनका कर्मचारी दुकान खोलकर जैसे ही वेल्डिंग का काम शुरू करना चाहा। तभी तेज आवाज के साथ टंकी ब्लास्ट कर गई। टंकी लोहे की होने के कारण उसके टुकड़े छटक कर एक राहगीर को लग गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वही कार्य कर रहा मजदूर भी गंभीर रूप से घायल हो गया।

मालूम हो कि, घायल राहगीर शहर कोतवाली के पांच रास्ता निवासी जानी भाई का पुत्र जावेद किसी काम से उसी रास्ते से जा रहा था। वेल्डिंग टंकी विस्फोट से लोहे के टुकड़े की चपेट में आने से वह भी घायल हो गया। दोनों घायलों को जिलें के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। वहीं चिकित्सकों ने कौशल की हालत गंभीर देख वाराणसी रेफर कर दिया। रजदेपुर चौकी प्रभारी देवेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए भेज दिया गया है। अभी किसी के तरफ से कोई तहरीर नहीं मिला है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# नाली के पानी की निकासी को लेकर दंपति से किया मारपीट, मुकदमा दर्ज

जनसंदेश न्यूज

**गहमर।** चित्तर का डेरा (बरेंजी) गांव में नाली के पानी की निकासी को लेकर दंपति के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट की घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गई। घायल दंपति के तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही चार लोगों पर मुकदमा दर्जकर दंपति को मेडिकल के लिए समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा भेज दिया।



पुलिस को तहरीर देकर प्रमोद सिंह पुत्र श्री किशुन यादव निवासी ग्राम चित्तर का डेरा (बरेजी) ने बताया कि अपने दरवाजे पर मौजूद था कि पड़ोसी श्रीप्रकाश यादव, केदार यादव, विजयमल यादव, प्रियांशु यादव मेरे दिवार से सटाकर अपने घर का गन्दा पानी निकालने के लिए नाली बनाने लगे। उसका विरोध किया तो गाली-गलौज करने लगे। गाली गलौज किए जाने का विरोध किया तो सभी लोगों ने लाठी डंडा व लात-घूसा से मारना पीटना शुरू कर दिया। मेरी पत्नी कुसुम लता बीच बचाव करने लगी तो उसे भी मारने पीटने लगे। पति-पत्नी की चीख पुकार सुनकर मेरा चचेरा भाई अनूप सिंह बचाने आये तो उसको भी मार पीटकर घायल कर दिये। हम लोगों की शोर पर ददन यादव, जवाहिर यादव व गांव के अन्य लोग आ गये और बीच बचाव किया तब जाकर के जान बची। प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि नाली के पानी निकासी को लेकर झगड़ा हुआ है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्जकर कार्रवाई किया जा रहा है।

# बीएसए ने विद्यालयों का किया निरीक्षण, मांगा स्पष्टीकरण

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हेमन्त राव द्वारा सदर एवं करण्डा के विभिन्न विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा शिक्षा क्षेत्र सदर के उच्च प्राथमिक विद्यालय महराजगंज का निरीक्षण किया गया। जिसमें सभी अध्यापक उपस्थित पाये गये। यहाँ पर कुल नामांकित 238 छात्रों के सापेक्ष 179 छात्रों की उपस्थिति पायी गयी।

विद्यालय प्रांगण में साफ-सफाई का अभाव था एवं शिक्षण संदर्शिका का प्रयोग कक्षा शिक्षण में नहीं पाया गया। जिसके सम्बन्ध में प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण माँगा गया। निरीक्षण के दौरान कुल कार्यरत 04 अध्यापकों में से 02 अध्यापक अनुपस्थित पाये गये। उच्च प्राथमिक विद्यालय मुड़वल करण्डा निरीक्षण के दौरान दयाल राम (स.अ) अनुपस्थित पाये गये। प्राथमिक विद्यालय बहादीपुर सदर में निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षक उपस्थित पाये गये। यहाँ पर कुल नामांकित 126 छात्रों के सापेक्ष 85 छात्रों की उपस्थिति पायीं गई। मध्यावकाश के बाद कुछ छात्र विद्यालय भवन के छत पर चढ़ रहे थे, जिससे कोई अप्रिय घटना होने की सम्भावना हो सकती थी, जिसके सम्बन्ध में उक्त विद्यालय के समस्त स्टॉफ से स्पष्टीकरण माँगा गया। प्राथमिक विद्यालय अगस्ता सदर में निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षक उपस्थित पाये गये।

यहाँ पर कुल नामांकित 352 छात्रों के सापेक्ष 245 छात्रों की उपस्थिति पायी गयी शिक्षण संदर्शिका का प्रयोग कक्षा शिक्षण में होता पाया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय अगस्ता सदर में निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षक उपस्थित पाये गये। यहाँ पर कुल नामांकित 184 छात्रों के सापेक्ष 97 छात्रों की उपस्थिति पायी गयी।

# आपदा मित्रों को झंडी दिखाकर किया रवाना

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** जिलाधिकारी के आदेश एवं अपर जिलाधिकरी वि/रा के निदेर्शानुसार शासनादेश के क्रम समस्त तहसीलो में कुल 200 आपदा मित्रों का चिहित किया गया था। अपर जिलाधिकारी के द्वारा आपदा मित्र की बसो को हरी झड़ी दिखाकर शनिवार को लखनऊ प्रशिक्षण के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी ने बताया कि आपदा मित्र परियोजना के तहत जनपद कुल 500 वालेटियर का चयन किया जाना है। प्रथम बैच मई 2022 में 200 आपदा मित्रों का प्रशिक्षण कराया गया, यह दितीय बैच है इस बैच में भी 200 वालेटियर का चयन किया है। आपदा विशेषज्ञ अशोक राय द्वारा इस कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में आपदा विशेषज्ञ अशोक राय के साथ समस्त तहसीलो के आरके ने सहयोग प्रदान किया गया।

# सत्यम की तीन दिन पूर्व हुई थी मौत

### फॉलोअप

#### पुलिस ने पीएम रिपोर्ट से किया खुलासा

#### पिता ने पुत्र की अपहरण कर हत्या का लगाया आरोप, तीन लोग के खिलाफ दी तहरीर

जनसंदेश न्यूज

**मरदह।** सुंदरम सिंह की मौत के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद कई राज सामने आने लगे हैं। पुलिस के मुताबिक सत्यम की पेड़ में लटकने से ढाई दिन पूर्व मौत हुई है। थानाध्यक्ष दुष्यंत सिंह ने बताया कि सुंदरम की पीएम रिपोर्ट आने के बाद बिसरा जांच के लिए रिजर्व किया गया है। जिससे मृत्यु का कारण पूरी तरह स्पष्ट होने की संभावना है।

इधर पीएम रिपोर्ट की जानकारी मिलते ही सत्यम सिंह की हत्या या आत्महत्या होने को लेकर तरह-तरह की चचाएं की जा रही है। थाना क्षेत्र के लहुरापुर गांव निवासी गोरख उर्फ सत्यम सिंह की शुक्रवार की सुबह आम के पेड़ से मफलर के सहारे लटकता शव पाया गया था।

मृतक के पिता मुन्ना सिंह एवं परिजनों का आरोप है कि हत्या करने के बाद शव को आम के पेड़ से लटका दिया गया है। बताया कि गांव के ही लोगों द्वारा साजिश के तहत अपहरण के बाद हत्या की गई है। गांव के तीन लोगो के खिलाफ नामजद तहरीर थाने में दी है। जिस पर पुलिस हर पहलुओं को खंगाल रही है। पुलिस ने कुछ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। वहीं कुछ और लोगों की तलाश जारी है। थानाध्यक्ष दुष्यंत सिह ने बताया कि तहरीर के आधार बनाकर जांच कर रही है। इसके साथ ही अन्य बिंदुओं पर भी जांच कर रही है। अभी तक अपराध सिद्ध नहीं हो सका है,सबूत जुटाए जा रहे हैं। बिसरा रिपोर्ट व सर्विलांस सेल सहित स्वाट टीम की भी सहयोग लिया गया है। इस मामले का जल्द से जल्द खुलासा किया जाएगा।

### मिला मृतक का शव, तीन दिन से खोज रहे थे ग्रामीण

लहुरापुर गांव निवासी सुंदरम सिंह उर्फ सत्यम उर्फ गोरख 18 वर्ष पुत्र मुन्ना सिंह चार दिन पूर्व 6 दिसंबर से घर से लापता था। तभी से उसका मोबाइल स्वीच ऑफ था। काफी खोजबीन के बाद परेशान परिजनों ने सत्यम सिंह उर्फ गोरख के गायब होने की गुमशुदगी की सूचना मरदह थाने में दर्ज कराई थी। उसके बाद पुलिस सहित परिजन उसके खोजबीन में जुटे थे कि शुक्रवार की सुबह? सुन्दरम के घर से दो सौ मीटर दूर स्थित एक खेत के पास गांव की महिला ने गोरख के शव को आम के पेड़ लटकता देखकर गांव में आकर शोर मचाया। तब ग्रामीण पेड़ के पास पहुँचे तो देखा गोरख के पॉकेट में उसका मोबाइल पड़ा हुआ है। उसका शव पेड़ से लटक रहा है। जिस स्थान पर गोरख का शव लटकता मिला। ग्रामीण लगातार तीन दिन से खोज रहे थे।

# मानवाधिकार संगठन ने जागरूकता रैली निकाली

जनसंदेश न्यूज




मानवाधिकार संगठन के तत्वाधान में निकली जागरूकता रैली में शामिल पदाधिकारी।

**गाजीपुर।** डियोटेड सोसायटी फॉर ह्यूमन राइट एंड डेवलैपमेंट संगठन के तत्वावधान में नगर में मिश्राबाजार से कचहरी सरजू पांडेय पार्क तक मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें प्रदेश के उपाध्यक्ष मदन मोहन सिंह ने बताया कि मानवाधिकार दिवस हर साल की भांति इस साल भी मनाया गया जिसमे हमारे संगठन के समस्त पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

वही उन्होंने कहा कि जिस दिन संयुक्त राष्ट महासभा ने सन् 1948 में मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को अपनाया था जो मानवाधिकार दिवस के दिन सन् 2022 से 75 वी वर्षगाठ को बढ़ावा देने एवम मान्यता देने के लिए एक साल तक चलने वाला अभियान चल रहा है। जिसमें सभी लोग शामिल हो जिससे मानवाधिकार की 75 वी वर्षगाठ 2023 में मनाया जा सके। वही जिला प्रवक्ता विनय तिवारी ने कहा कि मानवाधिकार दिवस को मानने का मुख्य उद्देश्य किसी व्यक्ति के मानवाधिकारों की रक्षा करना और उसे बढ़ावा देना है, इस दिन मनाए जाने वाले आयोजन लोगों को अपने स्वयं के मानवाधिकारों के प्रति जागरूक करने पर केंद्रित होते है,यह अधिकारों के प्रति जिम्मेदारी की भावना लाने के साथ मानवाधिकार के प्रति जवाबदेही बनाने का भी प्रयास करता है। जागरूकता रैली में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव अमित अग्रहरी, जिलाध्यक्ष सुभाष चंद्र अग्रहरी,नगर अध्यक्ष सुनील कुमार सोनी,जिला महासचिव संदीप , जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग फौजदार बिंद, राजतिलक, प्रमोद विश्वकर्मा, कमल किशोर, अमरनाथ गुप्ता ,राजेश गुप्ता, आशीष शर्मा, प्रिंस वर्मा,अमित वर्मा, जिला उपाध्यक्ष अजय सिंह, सलमान आदि उपस्थित थे।

# आगामी चुनाव को लेकर सुभासपा ने बनाई रणनीति

**सेवराई।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी जमानिया विधानसभा की बैठक शनिवार को सेवराई तहसील मुख्यालय के समीप एक निजी मैरेज हाल में संपन्न हुआ। बैठक के मुख्य अतिथि पार्टी के जिला प्रभारी सुरेंद्र राजभर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के साथ ही निकाय चुनाव में मजबूती से अपने प्रत्याशी को जिताने के लिए कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया। बैठक के विशिष्ट अतिथि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रदेश सचिव व बिहार प्रदेश कोऑर्डिनेटर परशुराम राजभर ने कहा कि महिलाओं के हक अधिकार व सुरक्षा को लेकर पार्टी 18 दिसंबर को मऊ में होने वाले हक अधिकार रैली में कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग करते हुए कहा कि बिहार व गुजरात आदि प्रदेशों में शराबबंदी है उसी के तर्ज पर उत्तर प्रदेश में भी शराबबंदी को लेकर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी अपनी आवाज बुलंद करेगी। बैठक में मुख्य रूप से कृष्ण मोहन राजभर, हरिहर राजभर, जवाहिर राजभर, संतोष राजभर, दीपक राजभर, रविंद्र बनवासी, राजू राजवंशी, अखिलेश मुन्ना यादव, शर्मा राजभर, रामदयाल ,सतीश आदि लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता जनार्दन राजभर व संचालन पंचरत्न राजभर ने किया।



सेवराई तहसील पर बैठक के दौरान सुभासपा के पदाधिकारी।

# बीडीओ की लापरवाही पर डीएम ने लगाई फटकार

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में आकांक्षात्मक विकास खण्डों की प्रगति समीक्षा बैठक शुक्रवार देर सायं राईफल क्लब सभागार में सम्पन्न हुआ। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने राज्य सरकार द्वारा जनपद के छः आकांक्षात्मक विकास खण्ड रेवतीपुर, सादात, देवकली, बाराचवर, बिरनो, मरदह जिसका चयन प्रदेश के 100 आकांक्षात्मक विकास खंड के रूप में किया है में कराये जा रहे विकास कार्यो की विस्तृत समीक्षा की तथा कम प्रगति वाले विकास खण्डों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए 17 विभागों के लक्षित इंडिकेटर्स पर शत-प्रतिशत कार्य कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आकाक्षात्मक विकास खण्डों में स्वास्थ्य, कुपोषण, जल संसाधन, शिक्षा, कौशल विकास, वित्तीय समावेशन, कृषि, आधारभूत अवसंरचना सहित कई ऐसे मानक हैं जिन पर व्यापक स्तर पर काम किये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने मुद्रा लोन, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, कौशल विकास सहित विभिन्न पैरामीटर्स पर व्यापक कार्य कराते हुए प्रदेश में चयनित आकाक्षांत्मक विकास खण्डों में टॉपः छठवें स्थान पर बनाने की बात कही। उन्होंने समस्त अधिकारियों को शासन की नीति के अनुरूप आकाक्षात्कम विकास खण्डों में विकास कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया। कहा कि ये कार्य शासन की शीर्ष प्राथमिकता का विषय है। आकांक्षात्मक ब्लॉक को लेकर मुख्यमंत्री बेहद गंभीर हैं और इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं चलेगी। इसमें लापरवाही मिलने पर कार्यवाई तय है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रकाश गुप्ता, समस्त खण्ड विकास अधिकारी समस्त सम्बन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



राइफल क्लब सभागार में बैठक लेती डीएम आर्यका अखौरी।

## जनसंपादकीय

# वर-कन्या दो होकर भी एक

विवाह और सहजीवन - लिव इन पर चर्चा हो रही है। वह भी विवाह पर कम और सहजीवन पर ज्यादा। वैसे विवाह में सहजीवन होता है। विवाह रहित कोरा सहजीवन या लिव इन अधूरा है। इस सहजीवन में कोई बंधन नहीं। यह स्वच्छंद है। सामान्य आकर्षण का कड़वा परिणाम है। आकर्षण का आधार रूप होता है। रूप अस्थाई होता है। आपस में कुछ आश्वासन, यथार्थ से दूर कोरी कल्पनाएं। न बैण्ड, न बाजा, न बरात। न माता पिता के आशीष। न वरिष्ठों का शुभकामना प्रसाद। न सामाजिक समर्थन। न मंगल गीत, - न उपहार। दो और सिर्फ दो का संवाद और सहजीवन की अंधी सुरंग में प्रवेश। यह उत्तर आधुनिकता का नशा है। कई अभिनेत्रियों ने लिव इन में फंस कर आत्महत्या भी की थी। सम्प्रति श्रद्धा हत्याकाण्ड चर्चा में है। अपराधी और अपराध की चर्चा ज्यादा है। इसके मूल कारण की तरफ लोगों का ध्यान नहीं है। कटे अंग पुलिस खोज रही है। ऐसी घटनाएं सामान्य हो रही हैं। लेकिन अब भी सहजीवन के मूलभूत कारण और परिणाम की विवेचना नदारद है। विवाह की भारतीय परंपरा का जिक्र तक नहीं होता। कथित प्रगतिशील तत्व प्राचीन परंपराओं के निंदक हैं। बेशक प्राचीनता पर विचार और पुनर्विचार चलते रहना चाहिए लेकिन पुराने और नए के औचित्य की समीक्षा भी अनिवार्य है। लिव इन के परिणाम भयावह हैं। ऐसी रक्तरंजित जानलेवा आधुनिकता से जल्दी छुटकारा पाना होगा।

हिन्दू जीवन रचना में विवाह संस्कार है। भारत की विवाह संस्था वैदिक काल से भी प्राचीन है। विवाह के बिना व्यक्ति अधूरा है। विवाह से ही व्यक्ति पति बनता है। पिता बनता है। स्त्री भी विवाह से ही माता बनती है। माता पिता होने के लिए संतान जरूरी है। भारतीय जनमानस की श्रद्धा हैं माता पिता। वे तैत्तिरीय उपनिषद में मातृ देवो भव/पितृ देवो भव कहे गए हैं। माता पिता की श्रेष्ठता भारत के मन में बहुत गहरी हैं। पृथ्वी सबको धारण करती हैं। आकाश सबसे ऊंचा है, शब्द गुण का धारक है। इसलिए पृथ्वी माता और आकाश पिता हैं। तैत्तिरीय ब्राह्मण के अनुसार मनुष्य तीन ऋण लेकर जन्म लेता है - देवऋण, ऋषिऋण और पितृऋण। पितृऋण उतारने के लिए विवाह और संतान आवश्यक है। वैदिक समाज में अविवाहित को यज्ञ का अधिकारी नहीं माना गया। कुछ वामपंथी वैदिक समाज को स्वेच्छारी बताते हैं। उन्हें ऋग्वेद में विवाह संस्कार की सघन उपस्थिति नहीं दिखाई पड़ती। सहस्त्रों वर्ष प्राचीन ऋग्वेद (10-85) में विवाह का सुन्दर वर्णन है। यहाँ सूर्य की पुत्री सूर्या के विवाह पर सूक्त हैं। वैदिक ऋषियों के कथन व चित्रण वर्णन की अपनी शैली है। वे लोक से सामग्री लेते हैं। देवों के साथ जोड़ते हैं। सूर्या को ही देखिए। ऋषि के काव्य सृजन में सूर्या सूर्य देव की पुत्री हैं। आधुनिक काल के विवाह में कन्या की सखियां साथ रहती हैं। ऋग्वेद के अनुसार सूर्या के विवाह में ऋचाएं (काव्य) सखियां थीं। गीत गाथा उसके सुन्दर वस्त्र थे।ह्यद्य विवाह वैसे भी मंगल अनुष्ठान है। ऋषि का वर्णन आह्लादकारी है।

सूर्या के विवाह की गाथा पढ़ते हुए रोमांच होता है - काश हम भी उस विवाह के निमंत्रण में होते। ऋषि कहते हैं, मन उसका रथ था। आकाश रथ का चक्र था। मन का रथ होना मनोरथ है। विवाह पूर्व कन्या पितृकुल में रहती है और विवाह के बाद पतिकुल में हो जाती है। ऋषि कहते हैं, हे कन्या आपको पितृकुल से मुक्त करते हैं। पतिकुल से जोड़ते हैं। इन्द्र बड़े देवता हैं। उनसे प्रार्थना है कि यह कन्या सौभाग्यवती हो, पुत्रवती हो। वैदिक काल के विवाह में वरिष्ठ जनों से परामर्श की भी परंपरा थी। इन्द्र सहित सभी देवताओं से विवाह के अवसर पर आशीष मांगे जाते थे। हिन्दू परंपरा में विवाह महत्वपूर्ण संस्कार है। ऋग्वेद के एक मंत्र में अग्नि से स्तुति है, आप 33 प्रमुख देवों को पत्नियों सहित यज्ञ में लाएं। यहां प्रमुख 33 देव विवाहित हैं। मंगल कार्यों में पत्नियों सहित आहूत होते हैं।

आधुनिक काल के विवाह में भी प्राचीन विवाह के अनेक साक्ष्य देखे जा सकते हैं। विवाह मण्डप में दोनों पक्षों के विद्वान पुरोहित बैठते हैं। पुरोहित ऋषि परंपरा का प्रतिनिधित्व करते हैं। विवाह में वर वधू अग्नि के सात फेरें लेते हैं। अग्नि वैदिक देवता हैं। वे विवाह के प्रभावी साक्षी हैं। इसे देव साक्ष्य कह सकते हैं। दोनों पक्षों में आमंत्रित अतिथि भी विवाह में हिस्सा लेते हैं। दोनों को आशीष देते हैं। विवाह के इस संस्कार में गीत संगीत आतिशबाजी आदि लोक साक्ष्य हैं। प्रमुख रूप से विवाह के तीन साक्ष्य दिखाई पड़ते हैं। देव साक्ष्य, ऋषि साक्ष्य और लोक साक्ष्य। इस्लामी परंपरा में विवाह एक अनुबंध है। भारतीय परंपरा में सामूहिक सामाजिक उपस्थिति का संस्कार है। विवाह पवित्र बंधन है। विवाह समाज गठन का आधार है। विवाह से परिवार संस्था बनती है। परिवारों के योग से समाज बनता है। परिवार प्रेमपूर्ण इकाई है। इसीलिए भारतीय चिंतन में वसुधैव कुटुंबकम की अनुभूति है।

भारतीय विवाह का अनुष्ठान ध्यान देने योग्य है। ऋग्वेद में इस अवसर पर वर कन्या से कहता है, मैं सौभाग्य वृद्धि के लिए आपका हाथ ग्रहण करता हूँ - सौभगत्वाय हस्तंगमया। इसीलिए विवाह को प्राणिग्रहण संस्कार भी कहते हैं। देव शक्तियां दीघार्यु के लिए आशीर्वाद देती हैं, इसके पति दीघार्यु हों। सौ शरद जिएं। इस दंपत्ति को शत्रु और रोग पीड़ित न करें। ऋग्वेद के इसी सूक्त के सुन्दर मंत्र में कहते हैं, हे कन्या तुम सास ससुर ननद और देवरों की साम्राज्ञी बनों। यह मंत्र तत्कालीन समाज में स्त्रियों की स्थिति का संकेत हैं। यहाँ कन्या के लिए शासनकर्ता होने का आशीष है। वैदिक काल को पिछड़ा और स्त्री की कमतर स्थिति वाला बताने वाले विद्वानों के लिए यह मंत्र सूक्त पठनीय है। यहाँ नववधू सेविका नहीं साम्राज्ञी है। विवाह में सप्तपदी का अनुष्ठान भी भाव प्रवण है। वर कन्या से कहता है, हम आपके सुख और दुख में बराबर के भागीदार रहेंगे। मैं आपके सारे सपने पूरा करूँगा। केवल एक जन्म नहीं सात जन्म तक साथ साथ रहने सुख दुख में भागीदार रहने का संकल्प है। सात की संख्या रोचक है। प्रकाश की किरणों में सात रंग होते हैं। संगीत में सात सुर होते हैं। सप्ताह में सात दिन हैं। आकाश में सप्त ऋषि उगते हैं। वैदिक आर्यों का प्रिय स्थान सप्त सिंधु है। सात नदियों वाला क्षेत्र। वैसे वर कन्या का योग दो होता है। लेकिन दार्शनिक स्तर पर दोनों मिलकर एक हो जाते हैं। दोनों का मन अग्नि देव मिलाते हैं। ऋग्वेद में पति पत्नी के लिए साझा शब्द है दम्पत्ति। स्त्री पुरुष को एक साथ व्यक्त करने के लिए दम्पत्ति जैसा शब्द अन्य भाषाओं में नहीं है। ऋग्वैदिक दर्शन के अनुसार पहले धरती और आकाश भी मिले हुए थे। तब दोनों का साझा नाम रोदसी था। माना जाता है कि मरुदगणों ने दोनों को अलग अलग किया। वैदिक विवाह परंपरा में वर कन्या दो होकर भी एक हैं। लिव इन या सहजीवन में ऐसी मान्यता और संस्कार नहीं हैं। दुनिया के समाज विज्ञानी भारतीय विवाहों के स्थायित्व को लेकर विस्मय में रहते हैं। कुछ तो ऐसा है जो भारतीय विवाहों को स्थाई बनाता है। इसका मूल हिन्दुत्व के संस्कार हैं।



**हृदयनारायण दीक्षित**
**लेखक उप्र विधानसभा के अध्यक्ष रहे हैं**

## अनपढ़ा प्रेम

हम दोनों के दोनो
अनपढ़ गंवार निकले ,
एक को लिखना नहीं आया
एक को पढ़ना नहीं आया ,
हंसी तो हंस लिए साथ
पर साथ रोना जरूरी ,
नहीं देख पाए दुख दूजे का
दोनों को मन पढ़ना नहीं आया,
बहुत बड़ी रही दीवारें
ना उगे खरपतवार फूल,
बीज बीज ही रहे
फूल बन खिलना नहीं आया ,
नदी भी कुछ अनमनी
सागर भी अनमना हुआ ,
दोनों दूर देखते रहे दूजे को
दोनों को मिलना नहीं आया ,
दोनों चल पड़े वापस
अपनी ही भूमिकाओं में ,
कथानक को कहानी में
बदलना नहीं
आया,



**- रेखा शाह आरबी बलिया (यूपी )**

# क्या यह स्मृति का दूसरा समय है?

**स्मरण**



**स्वप्निल श्रीवास्तव**

मंगलेश डबराल के नये संग्रह का नाम - 'स्मृति एक दूसरा समय है'- अब यह उनके अंतिम कविता संग्रह के रूप में याद किया जायेगा। यह भी याद रखा जाना चाहिये कि कवि के जीवन और उसके बाद भी कुछ भी अंतिम नही होता , उसके और उसकी कविताओं की स्मृति हमारे साथ बनी रहती है। उसे अपने जीवन - काल में यश और जाने के बाद अमरता की प्राप्ति होती है। लेकिन बहुत से कवि मंगलेश डबराल की तरह सौभाग्यशाली नही होते।

इस संग्रह का शीर्षक अब 2020 का बिडम्बनापूर्ण वर्ष का उनवान बन गया है। हमारी स्मृतियो में कोविड के मारक रंग शामिल हो गये हैं। दुनिया के लाखो लोग इस महामारी के शिकार हुये है। जब भी हम इस वर्ष को याद करेगे हमारी स्मृति ज्यादा दुखद होगी झउसमें तमाम लोगो की मृत्यु के साथ एक कवि की भी मृत्यु शामिल होगी। अपनी कविता में तानाशाहों , अत्याचारियों से लडने वाला कवि कोविड से परास्त हो गया ,हमारी शुभकामनायें उनके काम नही आयी। मृत्यु जीवन का अंतिम सत्य है ,जीवन में हमे इसका सामना करना पड़ता है लेकिन कुछ लोग ऐसे समय में हमारे बीच से चले जाते है जब हमे उनकी सर्वाधिक जरूरत होती है। हम जिस तरह के समय और व्यवस्था में रह रहे है उसमें प्रतिरोध की आवाजें निरंतर कम होती जा रही है ।मंगलेश डबराल उन थोड़े बुद्धिजीवी कवियों में रहे हैं जिन्होने अपनी कविता विरोध का स्वर बुलंद किया है और प्रतिरोध की सभाओं में शामिल हुये हैं। मंगलेश डबराल की कीर्ति देश तक सीमित नही रही ,उन्हे विश्व के तमाम देश के मंचो पर कविता - पाठ का अवसर मिला है ।उनकी कवितायें अंग्रेजी, रूसी , इतालवी डच फ्रेंच भाषाओं में अनूदित हुई है। वे अमेरिका के आयोवा विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय लेखन कार्यक्रम में सम्मिलित हुये है जिसमे विश्व के मशहूर लेखक शामिल होते रहे हैं ।विश्व के कवियों से उनकी दोस्तियां रही है ,वे स्वंय विश्व कविता के कुशल अनुवादक रहे हैं। उन्होने ब्रेख्त,पाब्लो नेरूदा. नाजिम हिकमत ,एर्नेस्तो कार्दनाल और यानिस रित्सोस जैसे कवियों की कविताओं के अनुवाद किये है। दुनिया के महत्वपूर्ण कवियों के अनुवाद उपलब्ध कर हमें विश्व की कविता से परिचय कराया और कविता के वितान को बड़ा किया। अनुवाद का काम मूल रचना के सृजन से कम कठिन नही होता। इस तरह वे दुनिया के तमाम भाषाओं के बीच आवाजाही करते रहे ,इससे उनकी कविता भी समृद्ध होती रही। इसके अलावा वे एक अच्छे गद्य लेखक भी रहे हैं .लेखक की रोटी, कवि का अकेलापन उनकी गद्य कृतिया रही है। एक बार आयोवा और अभी प्रकाशित यात्रा संस्मरण एक सड़क एक जगह उनकी काव्य यात्राओ का विवरण प्रस्तुत करती हैं। एक सडक एक जगह के एक लेख झ कविता का शहरनामा में हालैंड के नगर रोतरडम के कविता समारोह का वर्णन जिस तरह करते है,वह हमें बहुत आकर्षित करता है और ताज्जुब से भर देता है। इसी प्रकार हायकू के इर्द- गिर्द में वे जापान के साहित्यिक समाराहों की चर्चा बेहद मनोयोग से करते हैं। हम पचास करोड़ हिंदी भाषी समाज में यह दूर की कल्पना हैं। यहां कवि से ज्यादा अपराधी लोकप्रिय है। साहित्य की चर्चा कुछ सीमित लोगो में होती है। शिक्षा संस्थाओं और विश्वविद्यालयों में अपढ़ लोगो की संख्या बढ़ रही है तो साहित्य के पाठक कहां से आयेगे।

हिंदी के कवियों ने कविता के साथ गद्य लेखन भी किया है ।अपने अनुभव का विस्तार अन्य विधाओं में किया है . अज्ञेय , रघुवीर सहाय ,कुवर नारायण ,विनोद कुमार शुक्ल का नाम सहज लिया जा सकता है। कवि का गद्य स्वतंत्र गद्य लेखक होता है उसमें हमे काव्यछबियां दिखाई देती हैं। अपने समकालीनों में मंगलेश डबराल के गद्य की छटा अलग हैं ,उनके अनुभव का इलाका विस्तृत है। कृष्ण बलदेव वैद , उदयप्रकाश जैसे लेखको के कृतियों के अनुवाद विदेशी भाषाओ में हुआ है , मंगलेश इस पंक्ति में शामिल हैं जिनकी रचनाये विश्व के अन्य भाषाओं में अनूदित हुई है। यह गौरव उनके साथ हिंदी भाषा को भी मिला है ।हमारी भारतीय भाषाओं में विश्वस्तरीय साहित्य लिखा जा रहा है लेकिन अनुवाद न होने के कारण अपने देश तक उनका साहित्य सीमित होकर रह गया है। किसी कवि का जीवन उसकी कविता से कम रोचक नही होता। कवि को जानने समझने के लिये कवि के जीवन की जगहों को जानना जरूरी है , उन जगहों पर उसकी कविता के बीज छिपे होते हैं। कवि मंगलेश डबराल उत्तराखंड के टेहरी गढ़वाल के एक गांव काफलपानी में 16 मई1948 को पैदा हुये थे ।उनकी शिक्षा देहरादून में हुई है ,जीविका की खोज में वह 1960 में दिल्ली आ गये थे। दिल्ली उनकी रचनात्मकता का केंद्र बना। भारत भवन की पत्रिका पूर्वग्रह .समाचार पत्र अमृत प्रभात से होते हुये वे जनसत्ता के साहित्यिक सम्पादक बने ।इस अखबार में वे लम्बे समय तक रहे। यह उनके जीवन का उत्कर्ष काल भी था ।जहां जनसत्ता ने अखबारी भाषा को बदलने का काम किया , वही मंगलेश डबराल ने साहित्यिक पत्रकारिता को नई पहचान दी ।जनसत्ता के रविवारीय संस्करण ने जो सांस्कृतिकी बनाई, उसे हम आज तक याद करते है।

जब वे अमृत प्रभात में आये तभी से मेरा उनसे जुड़ाव हुआ .वह जनसत्ता के दिनों तक बना रहा ।उन्होने उन दोनो अखबारों में निरंतर मुझे प्रकाशित किया और लिखने के लिये विषय सुझाये ।मैं सिनेमा - महकमे में अधिकारी था ,उन्होने मुझसे छोटे शहरों में सिनेमा के प्रभाव पर लेख लिखवाया .गद्य लिखने के लिये प्रेरित करते रहे ।स्मृति के रूप में अमृत प्रभात और जनसत्ता के दफ्तरों उनसे अनगिनत मुलाकातें याद है। वे मिलते ही कवितायें भेजने के लिये कहते ।किसी न किसी रूप से उनसे मेरा सम्वाद बना रहा ।जहां यह सम्वाद भंग होता उसकी कवितायें इस भूमिका का निर्वाह करती रही। मै भले ही अच्छा कवि न बन सका लेकिन एक अच्छे पाठक का दायित्व निभाता रहा। वे मेरे पंसदीदा कवियों में एक थे जिन्हें मैं बहुत ध्यान से पढ़ता था। उनकी काव्य यात्रा पर मेरी नजर रहती थी ।वीरेन डंगवाल ,पंकज सिंह,नीलाभ की कवि मंडली में वे सर्वाधिक प्रतिभाशाली थे ।मुझे सभी कवियो का सानिध्य मिला है ।यह खिलद्दड काव्य मंडली थी , सभी मस्ताने किस्म के आवारगी में दक्ष लोग थे। उनके कवि कर्म को समझने के लिये साहित्य अकादमी में सम्मान मिलने पर उनके आख्यान की याद आती है। हिंदी के अनेक कवि छोटे शहरों और गांवों से बड़ी जगहों में आये है। वे पहाड के एक सुदूर गांव से दिल्ली आये थे। इस व्याख्यान में ब्रेख्त की कविता को उद्धत करते हुये अपनी बात इस तरह कहते है ....करीब तीस साल पहले पहाड़ी गांव के एक बीहड़ भूगोल निकल कर दिल्ली आने के बाद मैंनें जर्मन कवि बेटोल्ड ब्रेख्त की कविता पढ़ी थी ; पहाड़ो की यातनायें हमारे पीछे हैं ,मैदानों की यातनायें हमारे आगे .। शायद वही अनुभव था जो मेरे भीतर इतने समय से घुमड़ता था और जिसे मैं समझ या व्यक्त नही कर पाता था। तब से मेरे पीछे पहाड़ों की यातनायें बढ़ती गयी और मेरे आगे मैदानों की यातनायें फैलती गयी जिसे जब कभी पहचान पाता हूं तो एक नयी कविता बन जाती है ..।

मंगलेश का यह आत्मकथन उनकी कविता को समझने के लिये एक कुंजी है। उनका पहला काव्य झ संग्रह झ पहाड़ पर लालटेन ( 1981 ) में प्रकाशित हुआ था। वे पहाड़ के लालटेन की रोशनी से दिल्ली की नियोन- लाइट की दुनिया में पहुंचे थे। इस संग्रह के बाद उनका दूसरा संग्रह- घर का रास्ता प्रकाशित हुआ तो लोगो ने कहना शुरू कर दिया था कि वे घर का रास्ता भूल चुके है। दरअसल दिल्ली पहुंच कर उनके अनुभव-क्षेत्र का विस्तार हो चुका था ,पहाड़ की यातनायें कम दिखाई दे रही थी लेकिन वे जब कभी पहाड़ के जीवन के बारे में लिखते तो उनकी तकलीफें दिखाई दे जाती थी .।

....दिन भर लकड़ी ढ़ोकर /मां आग जलाती है /पिता डाकखाने में चिट्ठी का इंतजार करेगे / लौटते हैं हाथ - पांव में / दर्द की शिकायत के साथ / रात में जब घर कांपता है /पिता सोचते हैं जब मैं नही रहूंगा / क्या होगा इस घर का ..

हम आ गये हैं / घर से बहुत दूर/ अब यह परदेश की भूमि है /हमारे पास जो कुछ है /उसे बाट लेना चाहिये .। ( घर का रास्ता - संग्रह से )

हम सब के जीवन में कहीं न कहीं कोई विस्थापन जरूर है। हमें जहां होना चाहिये , वहां हम नही है , हम अपने केंद्र से बहुत दूर है। यह दूरी एक कवि के जीवन में अनुभव बन जाती है। दुनिया के बड़े कवि विस्थापन की यातना के शिकार रहे हैं - ब्रेख्त , पाब्लो नेरूदा, नाजिम हिकमत और महमूद दरवेश इसके उदाहरण हैं। दुनिया की बेहतरीन कविताओं की जन्मभूमि ये यंत्रणायें ही रही हैं।

कवि केदारनाथ सिंह को मृत्युपरांत याद करते हुये मंगलेश डबराल ने कहा था कि वे नागार्जुन के बाद सबसे लोकप्रिय कवि थे। मंगलेश डबराल की लोकप्रियता नही थी। उनके प्रशंसक देश भर में फैले हुये हैं। ये दोनों कवि गांव से दिल्ली जैसे शहर में आये थे। केदार जी दिल्ली की जिंदगी से घबड़ा कर पूर्वी उत्तर प्रदेश के इलाके में चले जाते थे और कविता के लिये नये बिम्ब लेकर लौटते थे ।मंगलेश डबराल के पीछे पहाड़ की जमीन छूट चुकी थी .इसके बरअक्श वे नागर झ जीवन के अनुभव को अपने काव्य अनुभव में बदल रहे थे। वे नये शत्रुओ की पहचान कर रहे थे ।घर का रास्ता के बाद झ हम जो देखते हैं ,आवाज की एक जगह हैं ,मुझे दिखा एक मनुष्य , नये इलाके में शत्रु और स्मृति एक दूसरा समय की कविताओं उनकी काव्य भाषा बदलती हुई दिखती है। उनकी कविताओ में बड़े संदर्भ दिखते है। इक्कीसवीं सदी में जिस तरह के संकट आये हैं झमनुष्यता की भूमिका कम हुई , सत्ताओं में तानाशाही प्रवृतियां बढ़ी हैं ,उनके अक्स उनकी कविताओं में प्रमुखता से आते हैं।

मंगलेश डबराल की कविताओं में हत्यारे , तानशाह , शासक , अत्याचारी और बड़ी - बड़ी मंहगी गाडीयों में अपने शानदार मोबाइल से खेलते हुये संदिग्ध लोग खूब मिलते ,वे नये झ नये रूप धारण करते हैं ।बड़े शहरों की दुनिया इन्ही आततायियों से भरी हुई है। हत्यारे हत्यारों की तरह नही लगते ..

सेनायें कट मरेगी हत्यारा जीतेगा / हर बार जीतने के बाद / लाशों के बीच अकेला खड़ा / हत्यारा कहेगा / अब मैं जाता हूं बुद्ध की शरण में

ये हत्यारे अपनी मोक्ष की खोज में बुद्ध की पनाह में नही जाते, यह उनका ढोग है। यह बात साहित्य में उस समय तस्दीक हो गयी थी जब हिंदी के एक प्रवर आलोचक ने एक अपराधी की आत्मकथा का लोकार्पण किया था। हिंदी साहित्य में अब लोग अपराध की शब्दावलियों का उपयोग करते हैं। राजनीति कम हिंसक नही हुई है , उसमें हिटलर के कई प्रतिरूप दिखाई देते हैं। हिटलर की शैली को प्रचलित किया जा रहा है

दुनिया और देश में हुई तमाम घटनाओं ने हमें कम प्रभावित नही किया है। चाहे वह सोवियत संघ का पतन हो , या बाबरी मस्जिद का ध्वंस। गुजरात का नरसंहार ने भारतीय मानस को गहरे प्रभावित किया है। उसके बाद धर्म और राजनीति का जो खेल हुआ , वह हम सबके सामने है। यह राजनीति में धुर्वीकरण की शुरूवात थी जिसके बाद देश की राजनीति बदलने लगी थी। मंगलेश डबराल अपने समय की घटनाओं को अपनी कविता में दर्ज करते हैं। उनकी कविता गुजरात के मृतक का बयान- की इस कविता की कुछ पंक्तियां देखे ..

मुझे इस तरह मारा गया / जैसे मारे जा रहे एक साथ हो बहुत से लोग / मेरे जीवित होने का कोई मकसद नही था / और मुझे मारा गया इस तरह / जैसे मुझे मारना कोई बड़ा मकसद हो।

मंगलेश डबराल की कविताओं में हत्यायो और मारे जाने के बिम्ब बहुत मिलेगे , ये हमारे जीवन की सामान्य घटनायें बनती जा रही है। अपराधियो ने हिंसा को जीवन झ मूल्य के रूप में स्वीकार कर लिया है। कभी - कभी हत्यारों के बीभत्स वर्णनों से उब भी होती है लेकिन हम उनकी छाया से कहां बच पाते है। उनकी कविता - हत्यारों का घोषणापत्र .हत्यारा चाकू , हत्यारा प्रेम तथा पुराना अपराधी पढते हुये लगता है कि हत्यारे कही बहुमत में न हो जाय। हत्यारे परम्परागत नही रह गये है , वे अपनी भेष झ भूषा में सभ्य दिखाई देते है। संसद और विधानसभाओं में उनका प्रतिनिधित्व बढ़ा है , वे ताकतवर हुये है। हत्यारे प्रेम भी करते हैं-

हत्यारा हत्या करके घर लौटा / तो देखा घर में फूल वैसे ही खिले हुये हैं / जैसे वह सुबह छोड़ कर गया था / उसकी पत्नी ने रोज की तरह दरवाजा खोल कर / उसका स्वागत किया..../ एक पुराने गाने की पंक्तियां याद आयी /जो एक जमाने में उसे बहुत प्रिय थी ; कोई सागर दिल को बहलाता नही।



यह हत्यारों का अलग रूप है ,उसकी दिनचर्या आम आदमी से भिन्न नही है लेकिन वह भीतर से क्रूर है। यह ह्वाइट कालर क्राइम का जमाना है ।शासक भी किन्ही हत्यारे से कम नही हैं ।यकीन न हो तो उनकी कविता शासक ( नये युग में शत्रु ) पढ़ लीजिये। शासक हो या आततायी उनके बीच का अंतर लगातार कम होता जा रहा है। नये युग में शत्रु--. उनका महत्वपूर्ण संग्रह है। इसमें 21वीं सदी के तमाम संकटों का अपनी कविता में परीक्षण किया है।

हम सब एक शत्रु - समय में रह रहे है ,इसमें मित्र भी संदेह से परे नही रह गये हैं ।जीवन की शब्दावली के साथ कविता की शब्दावली में भी परिवर्तन हुये हैं। मंगलेश डबराल की कविता में ऐसे विषय आये हैं जो एकदम नये है। प्रायः हिंदी कवियों के पास बहुत से रूढ़ विषय है उसे थोड़े से परिवर्तनो के साथ नया कर दिया जाता रहा है इससे एकरसता नही टूटी है। मंगलेश डबरालन नये तथ्यों पर लिखने का खतरा उठाते हैं .वह यह नही सोचते कि कविता गद्यात्मक हो रही है ।मोबाइल ,मीडिया झ विमर्श ,कुशल प्रबंधन , मदर डेयरी , निकोटीन , भूमंडलीकरण , यह नम्बर मौजूद नही है। ये कवितायें उत्तर आधुनिक दुनिया के शीर्षक भी हैं ।। हर समय के अपने औजार होते है ..

अंततः हमारा शत्रु भी एक नये युग में प्रवेश करता है / अपने जूते और मोबाइल के साथ / वह एक सदी का दरवाजा खटखटाता है / और उसके तहखाने में चला जाता है... हमारा शत्रु कभी हमसे नही मिलता सामने नही आता / हमे ललकारता नही .../ कभी कभी उसका संदेश आता है कि अब कहीं शत्रु नही है / ह्म सब एक दूसरे के मित्र हैं। हर कवि का एक नीरव झलोक होता है जिसमें वह दुनिया की हलचलों से दूर उन तमाम लोगो को शिद्दत से याद करता है। उसमें मां होती है ,पिता होते है, कुछ दोस्त झ अहबाब और दृश्य होते हैं। कवि इस तरह की कविताओं में ज्यादा सहज और आत्मीय दिखाई देता है। दादा की तस्वीर , पिता की तस्वीर ,अपनी तस्वीर .पिता का चश्मा और मां का नमस्कार झ ऐसी कवितायें जिसमें वे अपनी सघन स्मृतियों के साथ मौजूद हैं। गुणानंद पथिक ,केशव अनुरागी ,संगतकार , अमीर खां अत्याचारी के प्रमाण ,पागलों का वर्णन , यह नम्बर मौजूद नही के अलावा मुझे उनकी बहुत सी कवितायें पसंद है। मित्रों पर कवितायें लिखने का चलन कम हुआ है , रिश्तों में खूब मंदी आयी है। उनकी मोहन थपलियाल और करूणानिधान पर लिखी कविता मुझे बहुत याद आती है। मोहन थपलियाल को मैं बहुत अच्छे से नही जानता था लेकिन बनारस से जीविका की खोज में दिल्ली मे आये हुये करूणानिधान को हापुड़ से दिल्ली या दिल्ली की सिटी - बस में सफर करते हुये उनसे भोजपुरी में खूब बात करता था लेकिन वे असमय ही हमारे बीच से चले गये। करूणानिधान कविता के अंश देखे–

सबसे मुलायम ब्रेड कहां मिलती है/ कम मीठे की मिठाई कम नमक की नमकीन कहां मिलती है / सबसे मजबूत कागज कहां बिकते हैं , सुंदर सस्ते झोले कहां टंगे रहते हैं / किस जगह से दिखता है सबसे ज्यादा आसमान /शहर के बारे में सब कुछ जानते थे करूणानिधान ...? कुछ खाता हुआ मनुष्य दुनिया का सबसे सुंदर दृश्य है ऐसे दृश्यों को वे रख लेते थे अपने थैले में ..।

मंगलेश डबराल की कविताओं में स्मृति के अनेक लोक हैं, उसमें ज्यादातर स्मृतियां मोहक नही है। यह अकल्पनीय और बर्बर घटनाओं का समय है , उनके जाने की स्मृति कम दारूण नही है लेकिन वह हमारे बीच अनुपस्थित नही हैं ,उनकी कवितायें हमारे साथ है और यह उनकी स्मृति का समय है। जापानी लेखक हारूकी मुराकामी कहते है कि मृत्यु जीवन का विलोम नही बल्कि उसका हिस्सा है।

**(510 .. अवधपुरी कालोनी - अमानीगंज फैजाबाद - 224001, मोबाइल - 09415332326)**

# आदिवासी समाज के संघर्ष की कहानियां

**मूल्यांकन**



**रमेश प्रजापति**

चर्चित युवा कथाकार जमुना बीनी, भारत में सूर्योदय की धरती कहे जाने वाले अरुणाचल प्रदेश की उर्वरा भूमि में उगा ऐसा बिरवा है हो कथा साहित्य में अपने पहले कहानी-संग्रह अयाचित अतिथि और अन्य कहानियाँ से चर्चित हो चुका है। जमुना बीनी की इन कहानियों को आज हिंदी का पाठक बड़ी ही गहन विश्लेणात्मक दृष्टिकोण के साथ पढ़ रहा है। ये कहानियां हमारे समय की बहुत ही सशक्त कहानियां हैं। जो यथार्थ की कठोर जमीन पर खड़े होकर वांचों आदिवासी समाज के जीवन की विकट स्थितियों और उबड़-खाबड़ परिस्थितियों को तो हमारे सामने रखती ही हैं, साथ ही उनकी मनोव्यथा , संघर्ष, पीड़ा, संत्रास,सामाजिक, आर्थिक, और सांस्कृतिक संकटों को बहुत ही मार्मिकता और सम्वेदनशीलता से उठाती हैं। ये कहानियां हमें जरा ठहरकर सोचने पर मजबूर करती हैं। इस संग्रह में कुल दस कहानियां संकलित हैं। सभी कहानियां अपने कथ्य, शिल्प और भाषा-शैली के प्रभावित तो करती ही हैं और साथ तथाकथित सभ्य समाज के सामने ढेरों जरूरी प्रश्न भी खड़े करती हैं।

संग्रह की पहली कहानी 'नाइल' अपने कथ्य से हमें भीतर तक झकझोर देती हैं। इस उत्तर आधुनिक समय में भी आदिवासी समाज में निहित परम्पराएँ और रूढ़ियाँ स्त्री अस्मिता और उसके वजूद को अहमियत नहीं देती है। एक लड़की की अस्मिता के साथ जीवन की भयावह स्थिति को बड़े ही दारुण रूप से जमुना बीनी ने चित्रित किया है। यह कहानी प्रेमी युगल की कहानी है। जो समाज में व्याप्त सड़ी गली रूढ़ि के कारण अपने अस्तित्व को बचाने में नाकाम हो जाती है। कहानी की परिणति आदर्शवादी यथार्थ के साथ अपने अंत तक पहुंचती है। नालाइ का प्रेमी गांतोंग अपनी प्रेयसी के खुशहाल जीवन में कोई दखल नहीं देना चाहता है। यह आदर्श प्रेम का चरमोत्कर्ष ही कहा जाएगा जिसमें उनका प्रेम समाज की भयंकर रूढ़ि की भेंट चढ़ जाता है। गांतोंग ताउम्र शादी नहीं करता है। वह, अपनी प्रेमिका के खुशहाल जीवन में कोई दखल भी देना नहीं चाहता है। यह कहानी प्रेमी युगल के अंतर्द्वंद की सशक्त कहानी है।

हर समाज की अपनी जटिलताएं और संघर्ष होते हैं। साम्राज्यवाद बहुत वर्चश्वशाली होता है जो सबसे पहले भाषा पर ही आक्रमण करता है। साम्राज्यवाद ने यही आदिवासियों के साथ भी किया। आजआदिवासियों के पास भले ही अपनी भाषा को बचाने के लिए कोई लिपि न हो परंतु उन्होंने अपनी भाषा की अस्मिता की सुरक्षा हेतु बहुत संघर्ष किया है। पूर्वोत्तर के लोगों ने रोमन,देवनागरी या अपनी क्षेत्रीय बोलियों-गारो, वांचो, राभा, बोडो और कार्बी में ही लेखन किया। हिंदी भाषा मे जमुना बीनी का यह कहानी संग्रह आना सिर्फ पूर्वोत्तर के लिए ही नहीं हिंदी कथा साहित्य के लिए भी बड़ा जरूरी कदम है। इस साहसिक कदम का हिंदी पट्टी में जिस स्तर पर स्वागत होना चाहिए दरअसल वह स्वागत अभी होना बाकी है। अगर हम जमुना बीनी के हिंदी में रचित कथा साहित्य वह स्थान नहीं दे पाते हैं तो यह हिंदी भाषी बुद्धिजीवियों की क्षुद्र मानसिकता का परिचायक बन जाएगा।

वांचों आदिवासी समाज के अपने जीवन संघर्ष हैं। अपनी विडम्बनाएं हैं। साम्राज्यवाद ने सबसे पहले इसी समाज को ही रक्तरंजित किया है। उनके जीने के साधन छीने हैं, उनकी भाषा पर प्रहार किया है। 'अयाचित अतिथि' कहानी वांचों समाज और आधुनिक हथियारों से लैस ब्रिटिश सैनिकों के अत्याचारों के विरुद्ध संघर्षों की रक्तरंजित कहानी है। लेफ्टिनेंट हॉलकोंब ने अज्ञानता से पुमान के हाथों में राइफल देते समय यह नहीं सोचा, 'यह जंगली तीर-धनुष चलाने वाला राइफल चलाना इसकी बूते की बात कहाँ! उसे अपने आधुनिक हथियार पर अधिक भरोसा था। नए जमाने के अस्त्र-शस्त्र के प्रयोग से वांचो अनभिज्ञ जरूर था किंतु पारंपरिक तीर-धनुष और 'थांग' चलाने में वांचो का कोई सानी नहीं।' (पृष्ठ 55) अंततः हुआ भी वही वांचो 'थांगो' ने ब्रिटिश सिपाहियों के रक्त से तिस्ता नदी को रक्तरंजित कर दिया। इस कहानी का काल-परिवेश ऐतिहासिक तो है ही साथ ही वांचो समाज की वीरगाथा का साहसिक चित्रण भी है। जमुना बीनी की कहानी 'बाँस का फूल' अपने कथ्य और शिल्प से तो प्रभावित करती ही है साथ ही आदिवादी जीवन की उन विकट परिस्थितियों से भी साक्षात्कार कराती है जिनसे यह समाज हर दिन दो-चार होता है। यह कहानी उनके जीवन के ऐसे अनछुएँ पहलुओं से पर्दा उठाती है। जिन तक हमारी दृष्टि नहीं जा पाती है। दरअसल यह प्रतीकात्मक कहानी है। जहां यह कहानी जमुना बीनी की सौंदर्य चेतना को अभिव्यक्त करती है वहीं यह आदिवासी समाज में निहित कुप्रथाओं , अपशकुनों और परम्पराओं पर भी गहरी चोट करती है। लालिन के बाँस के बाग में जब से फूल खिले थे तब से ही लालिन के भीतर गहरी चिंता ने घर कर लिया था। ऐसी मान्यता है कि जब बाँस फूलता है तो वह कुछ दिनों में सूख जाता है। कहानी का मुख्य पात्र लालिन के स्तनों से गाढ़ा दूध आना एक अस्वाभाविक घटना है परन्तु जमुना बीनी की यह कहानी थर्ड जेंडर की कहानी है। 'लालिन अपना कौतुक दबा न सका। उसने चूचक को नन्ही जान के अधरों से खींचकर निकाला। यह क्या!! अद्भुत!आश्चर्य! चूचक से सफेद - सफेद दूध की अविरल धारा बह रही थी। बिल्कुल गाढ़ा , एकदम फव्वारा बनकर फूट रही थी। क्या है यह! कोई चमत्कार, करिश्मा, जादू! प्रकृति की लीला... कुदरत का अजूबा!' (पृष्ठ 155) जमुना ने बहुत ही शिद्दत से अपनी इस कहानी में थर्ड जेंडर के दुःख और संत्रास से भरी व्यथा और पीड़ा को बड़ी ही सहजता से उठाया है। यह कहानी विषम्य और कौतुक से हमारे भीतर के देश को बैचेनी तथा उदासी से भर देती है। अपने सशक्त कथ्य से बहुत ही प्रभावशाली और मार्मिक बन गयी है।

इसी तरह जमुना बीनी की 'नौमाइ', 'पुरोइक', 'फिफोट' और 'लाइफ टैक्स' आदि कहानियां हमारे सामने अनछुएँ जीवन के पक्षों को बड़ी ही शिद्दत से रखती हैं। अपने कहन, अपने समय से जूझती, टकराती ये कहानियां अपने शिल्प के कारण अधिक आकर्षक बन गयी हैं।






भौगोलिक परिवेश कोई भी हो परंतु कुछ विसंगतियां हमें हर जगह देखने को मिल जाती है। जैसे कि 'वर्दी में भिखारी' कहानी रोजमर्रा के जीवन की टकराहट से उपजी कहानी है जो पुलिस की संवेदनहीनता और उनकी कार्यशैली पर प्रश्न खड़ा करती है।

समग्रतः जमुना बीनी अरुणाचल प्रदेश के काल परिवेश से निकलकर जो हिंदी की कहानियां लेकर आयी है वे हिंदी कथा साहित्य के लिए बहुत ही महत्त्वपूर्ण कहानियां है। आदिवासी समाज बाहरी और आंतरिक उपनिवेशवाद के वर्चस्ववाद से अधिक प्रभावित हुआ है। दमितों, वंचितों और पीड़ितों के साहसिक जीवन का व्याख्यान है जमुना बीनी की ये कहानियां। आजादी से पहले ब्रिटिश उपनिवेशवाद ने और आजादी के बाद सरकार और जमींदारों ने आदिवासियों को जल, जंगल और जमीन से बेदखल कर दिया। विकास की भयावह नीतियों ने आदिवासियों के सामने विस्थापन की स्थिति पैदा कर दी है। जमुना बीनी अपनी इन कहानियों के माध्यम से हमें वांचो समाज की बोली वाणी से भी साक्षात्कार कराती है। पाठक की सविधा के लिए कथाकार ने जो शब्द आदिवासी समाज की भाषा के आये हैं उनका हिंदी में अर्थ भी दिया है। जो बहुत जरूरी भी लगता है। वैसे जमुना उन शब्दों के अर्थ भी मूल शब्दो की जगह रख सकती थी परन्तु नहीं रखे यह अच्छा किया क्योंकि उन शब्दों ने इन कहानियों के कथ्य और भाषा को सशक्त और प्रवाहमान बनाया है।

**(लेखक स्वयं कवि एवं टिप्पणीकार हैं, संपर्क 70119 54149)**

# शब्दसत्ता का अदम गोंडवी विशेषांक समृद्ध और काबिले-गौर

**पत्र- पत्रिका**



**डा.अजीत प्रियदर्शी**

काजू भुने प्लेट में व्हिस्की गिलास में/ उतरा है रामराज विधायक निवास में जैसे जिनके शेर जनता की जबान पर चढ़ गए, उस जनवादी गजलगो का नाम है अदम गोंडवी।आम आदमी की तकलीफों को आवाज देने वाले और जनविरोधी व्यवस्था को अपनी गजलों, नज्मों,कविताओं में ताउम्र ललकारते रहने वाले
अदम गोंडवी को याद करना सभी के लिए बहुत जरूरी है।

गोमती नदी संरक्षण को लोक अभियान बनाकर अग्रसर समाजसेवी,साहित्यकार सुशील सीतापुरी द्वारा लखनऊ से निकलने वाली पत्रिका शब्दसत्ता का अक्टूबर 2022 अंक अदम गोंडवी विशेषांक के रूप में छपकर आया है ।इस विशेषांक के
अतिथि संपादक हैं वीरेन्द्र कुमार सिंह। शब्दसत्ता का यह विशेषांक रचनात्मक रूप से समृद्ध है।

जीवन सिंह,वशिष्ठ अनूप, कमलेश भट्ट कमल,प्रशांत कुमार,ईश मिश्र,हरेराम समीप,रमाशंकर सिंह, भूपेंद्र बिष्ट,जानकी शरण द्विवेदी और वीरेन्द्र कुमार सिंह के तलस्पर्शी और सारगर्भित आलेखों में अदम गोंडवी के गजलों के कथ्य,कहन एवं उनके तेवर को बखूबी उजागर किया गया है।

अजय कुमार, कौशल किशोर,अखिलेश मयंक, डा.डी.एम. मिश्र, जमुना प्रसाद उपाध्याय, दिलीप सिंह ने अपने संस्मरणों में अदम गोंडवी के व्यक्तित्व के ऐसे अनेक जाने-अनजाने पहलुओं-प्रसंगों को सामने रखा है,जिनसे उनकी संवेदनशीलता, गरीब-गुरबों के प्रति पक्षधरता तथा बेचैनी का पता चलता है।

प्रसिद्ध पत्रकार प्रभात द्वारा वर्ष 2002 में अप्रतिम पत्रिका के प्रवेशांक के लिए अदम गोंडवी से लिया गया साक्षात्कार भी यहाँ प्रकाशित किया गया है ।इस आत्मीय बातचीत में अदम गोंडवी के जीवन संघर्ष और उनके कृति व्यक्तित्व के बारे में बहुत कुछ अच्छी जानकारी प्राप्त होती है ।इस बातचीत में वे स्पष्ट रूप से कहते हैं कि रोजी के लिए खेती और रचना के लिए अपने लोग और अपने इर्द-गिर्द का माहौल ही उनकी रचनाओं की खुराक है।

अदम गोंडवी से डा.विजय बहादुर सिंह की लंबी बातचीत,जो कल के लिए पत्रिका के अदम गोंडवी विशेषांक -अंक 75-77- में प्रकाशित हुआ था, के एक अंश को यहाँ पुनः प्रकाशित किया गया है ।उस बातचीत का यहाँ प्रकाशित अंश अदम के व्यक्तित्व-कृतित्व और उनकी रचना प्रक्रिया को समझने के लिए बहुत उपादेय है ।इसमें अदम ने अपने व्यक्तित्व और कृतित्व पर पड़ने वाले प्रभावों की विस्तार से चर्चा की है ।उन्होंने बताया है कि गजल की
तरह उनके रूझान का एकमात्र कारण अपने गाँव के बगल के एक आश्रम के महंत रघुनाथ दास थे,जो उर्दू-फारसी के बहुत बडे.विद्वान थे और वे खुद अच्छे गजलगो थे ।उन्होंने बताया है कि चमारों की गली कविता/नज्म ,जो अपने गाँव की एक सच्ची घटना पर आधारित थी, उसमें उन्होंने गाँव के ठाकुरों के खिलाफ लिखा तो एक स्थानीय जागीरदार ने उनसे नाराज होकर कई बार परेशान किया और अनेक बार झूठे मुकदमों में फँसाने की कोशिश की ।इस बातचीत में उन्होंने बताया है कि हम जनसंगठन में पहले आ गए और कविता हमने बाद में लिखना शुरू किया ।तो इस तरह से संघर्ष से बिल्कुल जुड़े रहे।

अदम गोंडवी के भतीजे दिलीप सिंह ने अदम गोंडवी के अंतिम दिनों के कठिन जीवनदशा,उनकी बीमारी,
अथार्भाव,आर्थिक मदद की छिटपुट पहल,देर से मिली सरकारी मदद,उनके निधन के बाद कर्ज में डूबा परिवार तथा रेहन पड़ी खेती को मुक्त कराने में प्रशासन की मदद आदि का यथार्थ वर्णन किया है ।अथार्भाव, उपेक्षा और अन्य तकलीफों का ही देखा-सुना,परखा वर्णन किया है हरिशंकर शाही ने अपने रिपोर्ताज में। हरिशंकर शाही ने यह रिपोर्ताज अदम गोंडवी के निधन(18 दिसंबर 2011)के एक साल बाद उनके गाँव से लौट कर लिखा था। द संडे इंडियन पत्रिका में प्रकाशित यह रिपोर्ताज
यहाँ साभार प्रकाशित किया गया है ।सामाजिक, प्रशासनिक उपेक्षा और बदहाल पारिवारिक हालात में उनके परिवार का एक सदस्य तकलीफ के साथ कहता है : अब न बने कोई जनकवि। इसे ही रिपोर्ताज का शीर्षक बनाया गया है।






आम आदमी की गहरी बेचैनियों के उम्दा गजलगो अदम गोंडवी के व्यक्तित्व और कृतित्व से युवा पीढ़ी को परिचित कराने के महत उद्देश्य से प्रकाशित यह विशेषांक अदम को कमोबेश जानने वालों के लिए भी पठनीय तथा संग्रहणीय है।

लखनऊ से मुद्रित और प्रकाशित शब्दसत्ता का यह अदम गोंडवी विशेषांक 150 पृष्ठों का है और इस बहुमूल्य विशेषांक की कीमत मात्र चालीस रुपए रखी गई है ।इस विशेषांक को पढ़ने और अदम गोंडवी को गहराई से जानने-समझने के इच्छुक साहित्य प्रेमियों
को शब्दसत्ता त्रैमासिक पत्रिका के संपादक
सुशील सीतापुरी से इन नम्बरों पर सम्पर्क करना चाहिए: 9839160215, 8765295905

**( लेखक एसोसिएट प्रोफेसर, हिन्दी विभाग, डी ए वी डिग्री कॉलेज,लखनऊ, मो.8687926800)**

# पिकअप की टक्कर से बुलेट सवार दो युवकों की मौत

**हादसा**

### दोनो भारतीय वायु सेना में थे तैनात

**जनसंदेश न्यूज**

**माहुल (आजमगढ़)।** अहरौला थाना क्षेत्र के ग्राम सजनी गांव के पास शुक्रवार रात पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के सर्विस लेन पर बुलेट सवार मामा और भांजे की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। दोनो मृतक भारतीय वायु सेना के जवान थे।

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के सर्विस लेन पर चल कर दोनो अपनी निजी बुलेट से लखनऊ से चलकर फूलपुर जा रहे थे। जिसमें अतरौलिया थाना क्षेत्र के भटपुरवा गांव निवासी एयरफोर्स में तैनात मनोज यादव पुत्र दशरथ यादव उम्र 40 वर्ष अपने भांजे फूलपुर निवासी अमित यादव पुत्र भूषण यादव 30 वर्ष के साथ फुलवरिया टोल प्लाजा से उतर कर सर्विस लेन से फूलपुर जा रहे थे लेकिन फूलपुर की तरफ से आ रही सजनी गांव के पास अज्ञात पिकअप वाहन ने बाइक सवार दोनों जवानों को टक्कर मार दी जिसमें घटनास्थल पर ही दोनों जवानों की मौत हो गई।

इसकी सूचना अहरौला पुलिस को मिली मौके पर थाना अध्यक्ष योगेंद्र बहादुर सिंह तुरंत अपने हम राहियों के साथ पहुंच गए उसी समय यूपीडा पुलिस भी पहुंच गई। उनके पास मिले पहचान पत्र के अनुसार उनकी पहचान हुई तुरंत उनके परिवार के लोगों को सूचना दी गई आधे घंटे के अंदर ही दोनों जवानों के परिजन घटना स्थल पर पहुंच गये। घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल डीएम व एसपी पहुंच गये। पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। दोनों परिवार में कोहराम मचा हुआ है घटना इतनी दर्दनाक थी कि देखकर हर किसी का कलेजा फट जा रहा था।

जब से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे चालू हुआ है। फुलवरिया टोल नाके के समीप आए दिन दर्दनाक घटनाएं हो रही हैं। टोल प्लाजा के पास लगभग 5 किलोमीटर के अंदर दर्जनों दर्दनाक घटनाएं हो चुकी हैं, जिसमें कई लोगों की जान जा चुकी है। अभी तीन दिन पहले ही क्षेत्र के अभयपुर गांव निवासी एक युवक की पिकअप की टक्कर से मौत हो गई थी।

## मृतक का शव घर पहुंचते ही मचा कोहराम

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** मोटर साइकिल दुर्घटना में मृत बायु सेना कर्मी का शव घर पहुंचते ही कोहराम मच गया।

अतरौलिया थाना क्षेत्र के भटपुरवा गांव निवासी मनोज यादव उर्फ चंदन 35 वर्ष पुत्र स्व.दशरथ यादव वायु सेना में वारंट ऑफसर के पद पर वर्तमान समय में चकेरी कानपुर में सेवा दे रहे थे। लगभग 10 वर्ष से अधिक समय की वायु सेना में नौकरी कर चुके मनोज यादव शुक्रवार को लखनऊ से नई बुलेट मोटरसाइकिल खरीद कर अपने भांजे अमित 19 वर्ष पुत्र बृजभूषण निवासी कोठवा मौना दुवासी थाना फूलपुर के साथ लखनऊ से घर भटपुरवा आ रहे थे। इसी दौरान रात में अहरौला थाना क्षेत्र के फुलवरिया में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर बुलेट का एक ट्रक से टक्कर हो गया जिससे मौके पर ही मनोज यादव एवं उनका भांजा अमित की मृत्यु हो गई। शनिवार की शाम शव जब घर पहुंचते ही कोहराम मच गया है। घटना के बाद से ही पूरे गांव में मातम का माहौल था। मृत मनोज यादव दो भाइयों में छोटा था इनका बड़ा भाई संतोष यादव क्षेत्र के ही प्राथमिक विद्यालय थिरई पट्टी में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात हैं। अपने माता के साथ गांव में रहते हैं। मृतक मनोज यादव की पत्नी अपने दोनों लड़को के साथ मायके में थी। घटना के बाद से गांव में कोई सरकारी कर्मचारी या अधिकारी नहीं पहुंचा था जिसको लेकर स्थानीय लोगों में प्रशासन के प्रति आक्रोश भी दिखा। पत्नी सहित परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।



रोते बिलखते परिजन व जुटी ग्रामीणों की भीड़

## पुलिस चौकी को थाना बनाने की कवायद तेज

**अंजानशहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के जीयनपुर कोतवाली और रौनापार थाना क्षेत्र का बटवारा होकर एक नया थाना लाटघाट बनाने का प्रस्ताव पूर्व में किया गया था। जिसके लिए 105 बिस्वा जमीन का प्रस्ताव लाटघाट के नाम से आसपुर गांव में किया गया है। जिसको लेकर शनिवार को क्षेत्राधिकारी सगड़ी सौम्या सिंह द्वारा रौनापार एवं जीयनपुर थाना प्रभारियों के साथ एवं चैकी प्रभारियों के साथ एक बैठक आहूत की गयी। थाना को बनाने के लिए जीयनपुर क्षेत्र से दर्जनों गांव एवं रौनापार थाना क्षेत्र से दर्जनों गांव शामिल किए जाने की संभावना है। जहां पर सरकार द्वारा प्रस्ताव मांगे जा रहे हैं एवं थाना क्षेत्र का निर्माण करने के लिए अलग से जनसंख्या नक्शा और उस गांव का क्षेत्रफल का सर्वे कराया जा रहा है। सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो 2024 तक नया थाना बनकर तैयार हो जाने की उम्मीद है। जिससे लोगों की भागदौड़ से आम लोगों को काफी राहत मिलेगी।

# साले सहित तीन पर लगाया गोली मारने का आरोप

## शुक्रवार की रात युवक के पेट में लगी थी गोली

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** अहरौला थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात कुछ मनबढ़ों ने युवक को गोली मारकर घायल कर दिया। जिसे स्थानीय लोगों व पुलिस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानलेवा हमला करने के मामले में घायल युवक के भाई हरेन्द्र निषाद द्वारा तीन लोगों को नामजद किया किया गया है। इन तीनों में गोलीकाण्ड में घायल युवक का सगा साला भी शामिल है।

पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि बीती रात अहरौला थाना क्षेत्र के समदी गांव निवासी आलोक निषाद (27) को रात आठ बजे गांव में ही कुछ मनबढ़ों द्वारा गोली मार दी गई। गोली उसके पेट में लगी है। सूचना मिलने पर घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घायल युवक के भाई हरेन्द्र निषाद की तहरीर पर तीन अभियुक्तों विरेन्द्र निषाद, रामअजोर निषाद, मोनू निषाद पर नामजद मुकदमा दर्ज करवाया गया है। घायल युवक आलोक निषाद से विरेन्द्र निषाद की सगी बहन की शादी हुई है। मामले में विवेचना में एक तथ्य और सामने आया है कि वादी हरेन्द्र निषाद द्वारा जिन दो अन्य लोग मोनू निषाद और रामअजोर निषाद पर नामजद मुकदमा दर्ज करवाया गया है उनकी बहन के साथ रेप के मामले में हरेन्द्र निषाद तीन साल से जेल में बंद था जो अक्टूबर माह में छूटकर बाहर आया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इन सभी पहलूओं पर पुलिस की वर्तमान में जाच चल रही है जो भी इस घटना में शामिल होगें उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी।

# गोली मारकर चेन छीनने का आरोपी मुठभेड़ में घायल

## पुलिस अधीक्षक द्वारा 25 हजार का ईनाम किया गया था घोषित

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** गोली मारकर चेन व अंगूठी लूटने की वारदात को अंजाम देने वाले 25 हजार ईनाम घोषित लुटेरे की शनिवार की सुबह बरदह थाना क्षेत्र में पुलिस से मुठभेड़ हो गयी। दोनों तरफ से हुई फायरिंग में अपराधी के पैर में दो गोलियां लगीं और घायल बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

बरदह थाना क्षेत्र के गोड़हरा बाजार के समीप बीते 29 नवम्बर को बाइक सवार दो बदमाशों ने स्थानीय बेलाखास गांव में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने दोस्त के साथ आए गाजियाबाद निवासी अनुज चैधरी को गोली मारकर सोने की चेन व अंगूठी छीनने की वारदात हुई थी। दुर्घटना के वक्त घायल अनुज चैधरी अपने दोस्त मोहित के साथ गोड़हरा बाजार निवासी रिश्तेदार से मिलने जा रहे थे। पुलिस विवेचना में बरदह थाना क्षेत्र के ईरनी ग्राम निवासी दीपक राजभर पुत्र अरविन्द राजभर का नाम प्रकाश में आया। लूट की घटना को उसने अपने साथी के साथ अंजाम दिया था। वांछित अपराधी पर पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने 25 हजार का इनाम घोषित किया था। शनिवार की सुबह पुलिस व बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गयी, जिसमें बदमाश के दाहिने पैर में दो गोली लगी। पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।



पुलिस मुठभेड़ में घायल चेन स्नेचर।

### बाकी अभियुक्तों की जल्द होगी गिरफ्तारीः एसपी

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि बरदह थाना अंतर्गत 29 नवम्बर को गोली मारकर चेन छीनने की घटना के वाँछित अन्तर्जनपदीय गैंग के अपराधी, 25 हजार का इनामिया अपराधी दीपक राजभर थाना बरदह की पुलिस टीम के साथ हुई मुठभेड़ में उसके दाहिने पैर में 2 गोली। अभियुक्त दीपक राजभर सहित 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से लूट की 3 बाइक, 2 अवैध असलहा, 4 जिन्दा कारतूस व 3 खोखा कारतूस, 2 आभूषण व साढ़े 15 हजार रुपए नगद बरामद किया गया। इसके साथ बाकी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को लगाया गया है।

### तमंचा कारतूस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**मेंहनगर (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना पुलिस ने सिंहपुर बाजार के पास से एक युवक को तमंचा के साथ गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने युवक को सम्बंधित धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया। शनिवार को सिंहपुर चैकी प्रभारी सुभाष तिवारी मय हमराह वांछित अपराधी व अपराधियों व संदिग्ध व्यक्तियों के अलावा वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए सिंहपुर बाजार में चेकिंग कर रहे थे कि मुखबिर ने सूचना दी कि धन्नीपुर मोड़ बहद ग्राम सिंहपुर के समीप अभियुक्त कृष्णा पाल पुत्र लालजीत पाल निवासी सरदारगंज थाना मेंहनगर को एक अदद तमंचा के साथ घूम रहा है पुलिस मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान पर पहुंच गयी पुलिस देखकर अभियुक्त इधर उधर झांकने लगा जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को सम्बंधित धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया।



मेंहनगर थाने में गिरफ्तार अभियुक्त।

# अंतर्राज्यीय साइबर गैंग के तीन अभियुक्त झारखंड से गिरफ्तार

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** साइबर थाना आजमगढ़ ने कार्रवाई करते हुए एयर लाइन्स कस्टमर केयर बनकर फ्लाइट कैंसिल करने के बहाने एनीडेस्क (दलकमो) ऐप्स डाउनलोड कराकर बैंक खातों से रुपये निकालने वाले अंतर्राज्यीय साइबर गैंग के 3 अभियुक्तों को झारखण्ड से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

बीते 23 अगस्त 2021 को रविकांत यादव, मुबारकपुर ने साइबर क्राइम थाना आजमगढ़ में प्रार्थना पत्र दिया कि मेरे मोबाइल नंबर पर एयर लाइन्स कस्टमर केयर से कॉल आया कि तुम्हारी फ्लाइट कैंसिल हो गयी और उसने इसी बहाने ऐनीडेस्क ऐप्स डाउनलोड कराकर मेरे बैंक खाते से 3 लाख 50 हजार रुपये निकाल लिए हैं। सूचना के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में थी।

तकनीकी संसाधनों का प्रयोग करते हुए विवेचना के मध्य प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना परिक्षेत्र आजमगढ़ द्वारा अभिसूचना संकलन करके कार्रवाई प्रारम्भ की गयी तो उक्त अभियोग की विवेचना से दुमका व देवघर झारखण्ड अंतर्राज्यीय साइबर गैंग के 3 अभियुक्तों का नाम प्रकाश में आया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस महानिदेशक, साइबर क्राइम मुख्यालय लखनऊ से झारखण्ड राज्य जाने हेतु परमिशन प्राप्त कर साइबर क्राइम थाना आजमगढ़ टीम को रवाना किया गया था। गुरूवार को प्रकाश में आये अंतर्राज्यीय साइबर गैंग के अभियुक्त कलाम अंसारी पुत्र सलीम मियां निवासी रघुआडीह थाना खागा देवघर झारखण्ड, राजा रजवार पुत्र मधु रजवार निवासी गायीनंडीह सलदाह थाना खागा देवघर झारखण्ड व मो.राजा अंसारी पुत्र मो. शिराज अंसारी निवासी इंद्रा नगर पुराना दुमका थाना टाउन जिला दुमका झारखण्ड को उसके घर से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान करते हुए जेल भेज दिया।



साइवर थाने में गिरफ्तार अभियुक्त।

# जीएसटी रेड को लेकर व्यापारियों में खौफ

**नाराजगी**

### दुकान बंद कर किया प्रदर्शन

**जनसंदेश न्यूज**

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** कारोबारियों में जीएसटी रेड का खौफ छाया हुआ है। छापेमारी को लेकर व्यापारी गुस्से में हैं। व्यापारियों ने मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया है।

बिना रजिस्ट्रेशन कारोबार कर रहे व्यापारियों के फर्मो पर जीएसटी विभाग की छापेमारी का खौफ अतरौलिया नगर पंचायत में भी में साफ दिख रहा है। छापेमारी को लेकर व्यापारियों में काफी गुस्सा है। शनिवार को गोला बाजार, जायसवाल मुहल्ला, बरन चैक, बब्बर चैक, दुर्गा चैक समेत बाजार में अधिकतर दुकानें बंद रही। सर्वाधिक मुश्किल में इलेक्ट्रानिक्स गुड्स के कारोबारी दिखे। बिना कागजात के कारोबार करने का आरोप इन्हीं पर लगता है। इसी का नतीजा है कि पूरे बाजार में आज ज्यादातर दुकानें बंद रहीं तथा व्यापार संगठन के लोगो ने गोला बाजार में एकत्रित होकर इसका विरोध जताया।



जीएसटी के विरोध में प्रदर्शन करते व्यापारी।

### क्या कहता है व्यापार मंडल

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष नवनीत जायसवाल का कहना है कि 50 हजार से अधिक मॉल पर ई-वे बिल जारी हो रहा है। विभाग का सचल दस्ता क्या कर रहा है? प्रतिष्ठानों पर अनावश्यक छापे का पूरजोर विरोध होगा। जीएसटी जमा नहीं करने वाले व्यापारियों को चिन्हित कर कार्रवाई होनी चाहिए लेकिन पहले अधिकारी व्यापारियों से वार्ता कर जीएसटी के नियमों के बारे में बताएं, कौन-कौन से लोग इसके दायरे में आते है उनकी जानकारी व्यापारियों को नहीं है। लग्न के सीजन में व्यापारियों को अनावश्यक मानसिक उत्पीड़न न किया जाए। इस संदर्भ में व्यापार मंडल वार्ता कर एक ज्ञापन भी सौंपेगा।

# निर्माण कार्यों की खराब प्रगति पर डीएम नाराज

**बैठक**

### 50 लाख से ऊपर की परियोजनाओं की हुई समीक्षा

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में शुक्रवार की देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में 50 लाख से ऊपर की परियोजनाओं में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

समीक्षा के दौरान उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम द्वारा सीएचसी देवगॉव, बड़सरा खालसा, राजकीय पॉलिटेक्निक फूलपुर-पवई का निर्माण कार्य किया जा रहा है। यूपी सिडको द्वारा संभागीय परिवहन कार्यालय एवं सारथी हाल का निर्माण कार्य, सेतु निगम द्वारा गोला बाजार मार्ग के घाघरा नदी पर सेतु का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसी प्रकार यूपीपीसीएल द्वारा राजकीय बालिका छात्रावास आजमगढ़, कटघर लालगंज, अंबारी पवई, बगवार बिलरियागंज, चंद्रमा ऋषि संस्थान स्थल का पर्यटन विकास का कार्य एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मेंहनगर का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत माह नवंबर में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए डीएसटीओ को यूपीपीसीएल के संबंधित अधिकारी के बारे में सचिव को पत्र लिखने के निर्देश दिए।

सी एंड डीएस द्वारा मार्टिनगंज में फायर स्टेशन, राजकीय इंटर कॉलेज जमुड़ी, खुजियारी, नगर पंचायत जहानागंज में पंचायत भवन का निर्माण एवं हरिऔध कला केंद्र का निर्माण कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने सी एंड डीएस के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिए कि हरिऔध कला केंद्र का निर्माण कार्य गुणवत्तायुक्त जल्द से जल्द कराएं। इसी के साथ ही पीसीसीडी आजमगढ़ द्वारा वृहद गो संरक्षण केंद्र हिच्छनपट्टी, मकरहा अतरौलिया एवं 72 हेल्थ वैलनेस सेंटर का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिस पर जिलाधिकारी ने पीसीसीडी आजमगढ़ के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिया कि गो संरक्षण केंद्र का निर्माण माह दिसंबर के अंत तक पूर्ण कराएं एवं 36 हेल्थ वैलनेस सेंटर जल्द से जल्द पूर्ण करायें। जिलाधिकारी ने समस्त कार्यदायी संस्थाओं के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिया कि आप द्वारा जो निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं, उसको गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

इसी के साथ ही जिलाधिकारी द्वारा ईटीसी मोड में 50 करोड़ से ऊपर की परियोजना में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय आजमगढ़ की समीक्षा में जिलाधिकारी ने एकेडमिक ब्लॉक के सुपर स्ट्रक्चर एवं फिनिशिंग का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराने के लिए निर्माण खंड-5 के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य की प्रगति माहवार निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। निर्माण कार्यों को पूर्ण करने हेतु श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर कार्य को पूर्ण करायें। इसी के साथ-साथ आवासीय भवन एवं फैसिलिटी सेंटर का निर्माण कार्य तेजी से करायें। जिलाधिकारी ने डीएलसी को निर्देश दिया कि अटल आवासीय विद्यालय में चल रहे निर्माण कार्यों की जांच कर प्रगति से अवगत कराना सुनिश्चित करें।



बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज।

# बकाये पर क्षेत्रीय श्री गांधी आश्रम को किया गया सीज

**कार्रवाई**

### गांधी आश्रम के मंत्री के खिलाफ दी गयी तहरीर

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** परमेश्वरपुर स्थित क्षेत्रीय गांधी आश्रम खाता संख्या एक के गाटा संख्या 104 रकबा 0.2850 हेक्टेयर व ग्राम बूढ़नपुर के खाता संख्या 0077 के गाटा संख्या 746 मी. रकबा 0.1550 हेक्टेयर तहसील बुढ़नपुर की अचल संपत्ति उप जिलाधिकारी बूढ़नपुर के आदेश 15 मार्च 2022 को कुर्क कर लिया गया था जिसपर बकाए के प्रति वसूली करने हेतु पट्टे, लीज की कार्रवाई चल रही थी। इसी बीच कुर्क की गई भूमि को क्षेत्रीय श्री गांधी आश्रम अतरौलिया के मंत्री पद पर कार्यरत सत्यनारायण सिंह पुत्र राम शब्द जिला अंबेडकर नगर निवासी द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के कुर्क की गई भूमि पर स्थित दुकान व आवासीय भवन का ताला तोड़कर अवैध रूप से पुनः संचालन कर रहे थे जो कि उप जिलाधिकारी के आदेश का उल्लंघन किया जा रहा था। संस्था के खिलाफ बिजली का बकाया 405552 व न्यायालय की आरसी 46406 व 612057 बकाया है। इसी क्रम में सूचना पाकर शनिवार को तहसीलदार अभिषेक सिंह, नायब तहसीलदार धर्मेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ क्षेत्रीय श्री गांधी आश्रम पर पहुंचे जहां उन्होंने उप जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में जप्त की गई भूमि व आवासीय मकान को पुनः सीज कर नोटिस चस्पा कर दिया। वहीं तहसीलदार द्वारा ताला तोड़कर दुकान संचालित कर रहे गांधी आश्रम के मंत्री के खिलाफ स्थानीय थाने पर लिखित तहरीर दी।



श्री गांधी आश्रम को सील कराते अधिकारी।

## संक्षेप

### स्मार्ट फोन और टैबलेट से करेंगे कामयाबी हासिल



**मेंहनगर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के कबुतरा गांव स्थित विश्वनाथ स्मारक महाविद्यालय में छात्र, छात्राओं को देश की मुख्य धारा से जोड़ने और समसामयिक घटनाचक्र के साथ रोजगार परक बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की डीजी शक्ति योजना के अन्तर्गत चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजना स्मार्टफोन और टैबलेट वितरण समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व जिला सह संयोजक प्रबुद्ध प्रकोष्ठ भाजपा रणबीर सिंह पप्पू ने महाविद्यालय के 50 छात्र, छात्राओं को टैबलेट और स्मार्टफोन वितरण किया। श्री सिंह ने कहा कि पिछली सरकारों द्वारा शिक्षा नीति में बदलाव करते हुए जहां छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ किया, वहीं शिक्षा के स्तर को निचले स्तर लें जाने का कार्य किया, जिससे बेरोजगारी बढ़ी। आज मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की अगुवाई और प्रधानमंत्री के मार्ग दर्शन में शिक्षा निति में आमूलचूल परिवर्तन करते हुए इसे छात्रों के हित में समसामयिक और रोजगार परक बनाने का काम किया है। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय गतिविधियों की जानकारी के साथ आज छात्र और छात्राओं ने कदम से कदम मिलाकर स्मार्टफोन और टैबलेट के साथ जहां रोजगार और प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करते हुए सरकारी पदों पर नौकरियां अर्जित करते हुए देश को तरक्की पसंद बना रहे हैं। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि श्रीप्रकाश सिंह प्रधान, प्राचार्य जगदंबा सिंह, कबुतरा और विनोद कुमार सिंह ने भी छात्रों को संबोधित किया। टैबलेट पाने वालों में छात्रा नेहा वर्मा, अमृति सिंह, हनी सिंह, निखिल सिंह, अभिषेक शर्मा आदि शामिल हैं।

### छात्राओं को बांटा गया स्मार्टफोन



**अंजानशहीद (आजमगढ़)।** जिले के सगड़ी तहसील क्षेत्र के नरहन खास में स्थित फूलचंद ग्रामीण महिला पीजी कालेज नरहन खास में स्मार्टफोन वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के कुल 77 छात्राओं को स्मार्टफोन बांटा गया। स्मार्टफोन वितरण के दौरान छात्राओं के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। कॉलेज के व्यस्थापक आनंद प्रकाश यादव ने बताया कि इस योजना से युवाओं को तकनीकी रूप से अपग्रेड करने की दिशा में बड़ी पहल है। स्मार्टफोन में न सिर्फ पढ़ाई के लिए ऑनलाइन पाठ्यसामग्री मिलेगी बल्कि रोजगार से संबंधित जानकारियां भी मिलेगी। उन्होंने बताया कि सभी स्मार्टफोन में डीजी शक्ति अध्ययन एप इंस्टाल है। एप के जरिये संबंधित विश्वविद्यालय या विभाग विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए पाठ्यसामग्री उपलब्ध कराएंगे। शासन की ओर से रोजगार परक योजनाओं की भी जानकारी दी जाएगी। इस दौरान मुख्य रूप से अध्यापक जयनाथ, अनिल, अभिषेक, विजय, हवलदार, विंध्याचल, शशिकान्त, सौरभ, सतीश, सुमन, सानिया, अभिलाषा सहित सैकड़ों छात्राएं मौजूद रहीं।

### समाधान दिवस पर सुनी गयी फरियाद



**महराजगंज (आजमगढ़)।** स्थानीय कोतवाली परिसर में समाधान दिवस के दिन तहसीलदार सगड़ी शक्ति सिंह व क्षेत्राधिकारी सगड़ी सौम्या सिंह तथा थाना प्रभारी कमलकान्त वर्मा ने कानूनगो और लेखपाल की उपस्थिति में जनसुनवाई किया। जनसुनवाई में राजस्व से संबंधित विवादों के साथ-साथ पुलिस प्रशासन से संबंधित मामलों के फरियादियों ने अपनी फरियाद सुनायी। समाधान दिवस के अवसर पर कुल 21 प्रार्थना पत्रों पर सुनवाई की गयी जिसमें राजस्व से संबंधित 17 मामले और पुलिस प्रशासन से जुड़े 4 मामले निस्तारण के लिए आये। सुनवाई में पुलिस प्रशासन से जुड़े चारों मामलों का निस्तारण मौके पर ही हो गया जबकि राजस्व से जुड़े 17 मामलों पर जनसुनवाई की गयी जिसमे से दो मामले का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया व शेष के निस्तारण के लिए विधिक पत्रावली के आधार पर राजस्व कर्मचारियों द्वारा अभिलेखीय जांच के साथ पुलिस के स्थलीय निरिक्षण के बाद निस्तारण के लिए नियत किया गया। अंजान शहीद प्रतिनिधि के अनुसार जीयनपुर थाना परिसर में समाधान दिवस पर 9 मामलों में 4 का मौके पर निस्तारण किया गया। सगड़ी नायब तहसीलदार माधवेंद्र प्रताप सिंह व जीयनपुर कोतवाल यादवेंद्र पांडे के नेतृत्व में थाना परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर जीयनपुर कोतवाल यादवेंद्र पांडेय, समेत राजस्व निरीक्षक मौजूद रहे।

### जीएसटी टीम की छापेमारी की अफवाह पर बाजारों में रहा हड़कम्प



**माहुल (आजमगढ़)।** फूलपुर तहसील के माहुल नगर पंचायत सहित फुलवरिया, अम्बारी, दीदारगंज आदि बाजारों के दुकानदार जीएसटी टीम की छापेमारी की अफवाह के चलते दुकानें बंद रही। दुकानदारो में हड़कम्प मचा रहा। वहीं समान खरीदने के लिए ग्राहक भटकते रहे। जीएसटी टीम के द्वारा छापेमारी की अफवाह के चलते माहुल नगर पंचायत में पवई रोड, अहरौला रोड, अम्बारी रोड, फूलपुर रोड, गांधी मार्ग, सुपर मार्केट में अधिकतर दुकानदार अपने शटर में ताला लगा दिये। दिनभर दुकानदारो में अफरा तफरी मची रही। समान की खरीददारी करने के लिए ग्राहक भटकते नजर आये। यही हालत फूलवरिया, अम्बारी, पल्थी, दीदारगंज की बाजारों में रहा।

### बड़ादेव स्थित मंदिर से घंटा, सिलेण्डर चोरी



**आजमगढ़।** शहर के मातवरगंज स्थित प्रसिद्ध बड़ादेव बाबा मंदिर में चोरों ने हाथ साफ कर लिया। बड़ादेव बाबा मंदिर शहर कोतवाली व पुलिस चैकी से चन्द कदम की दूरी पर स्थित है। चोरों द्वारा घटित की गई इस दुस्साहसिक घटना पुलिसिया कार्रवाई पर संदेह पैदा कर रही है। जिला मुख्यालय के केन्द्र में स्थित प्रसिद्ध बड़ादेव बाबा मंदिर जो काफी चर्चित धर्म स्थली है। शुक्रवार की रात चोरों द्वारा बड़ादेव बाबा मंदिर से एक बड़ा वाला घंटा, पांच छोटा वाला घंटा और ताला तोड़कर अंदर रखा एक गैस सिलेण्डर चोरी कर लिया। यह प्रसिद्ध मंदिर शहर कोतवाली और स्थानीय पुलिस चैकी से चंद कदम की दूरी पर है और उससे घिरा हुआ भी है। चोरी की इस घटना से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। इस बावत शहर कोतवाली पुलिस से संपर्क किया गया तो उन्हें इस घटना के बावत कोई जानकारी ही नहीं थी।

### बाइस के सापेक्ष दो मामले निस्तारित

**लालगंज (आजमगढ़)।** देवगांव कोतवाली में शनिवार को तहसीलदार शैलेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना दिवस का आयोजन किया गया जिसमें 22 मामले प्रस्तुत किए गए। इसमें से दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस अवसर पर तमाम फरियादियों की आज देवगांव कोतवाली में भीड़ देखी गई जिसमें विभिन्न प्रकार की समस्याओं को लेकर लोग उपस्थित हुए और कुल 22 लोगों ने अपने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए जिसमें से 2 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया इस मौके पर कोतवाल देवगांव गजानंद चैबे राजस्व निरीक्षक हरेंद्र यादव, लेखपाल सत्येंद्र यादव, दिवाकर उपाध्याय, केके सिंह, प्रवीण सिंह, आशीष तिवारी, चंद्रशेखर यादव, अश्विनी सिंह तथा अखिलेश सिंह आदि मौजूद रहे।

### रामचंद्र बने ग्राम चौकीदार प्रहरी संघ के अध्यक्ष

**आजमगढ़।** शनिवार को कुंवर सिंह उद्यान पार्क में चौकीदार संगठन की एक बैठक हुई। बैठक में ग्राम चौकीदार प्रहरी संघ के चुनाव के लिए सबकी सहमति लेते हुए 2 प्रत्याशी अध्यक्ष के लिए दावेदारी किए पहला रामचंद्र प्रजापति 59 मत प्राप्त कर विजई हुए 37 मत पाकर दूसरे स्थान पर रहे विपिन कुमार। जिसमें रामचंद्र प्रजापति को सबसे अधिक मत प्राप्त हुआ 59 प्राप्त हुआ। जिस पर प्रदेश अध्यक्ष ने रामचंद्र प्रजापति को जिले के ग्राम चैकीदार पहरी संघ का अध्यक्ष घोषित किया। इस अवसर पर मुन्ना राजभर पारसनाथ मौर्या जितेंद्र पाठक राजेश यादव फूलचंद बेचू प्रजापति छोटेलाल दिनेश कुमार उपस्थित रहे।

# आंचल बनीं अधिशासी अधिकारी

## रिजल्ट आने पर खुशी की लहर

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** यूपी अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के परीक्षा परिणाम में नगर की बेटी आँचल पांडेय को अधिशासी अधिकारी का पद मिला है। इस उपलब्धि से लोगों में खुशी की लहर फैल गयी है। आँचल माता प्रसाद माता भीख इंटर कालेज के अंग्रेजी प्रवक्ता अवधेश पांडेय की बेटी हैं।



आंचल पाण्डेय

आँचल ने हाईस्कूल कचहरी स्थित जेसी कन्या विद्यालय इंटर कालेज, इंटर गुरुनानक गर्ल्स इंटर कालेज से करने के बाद यूसीईआर प्रयागराज से बीटेक किया और अपने प्रथम प्रयास में यूपी अधीनस्थ सेवा चयनआयोग की परीक्षा उत्तीर्ण की। शुक्रवार की देर शाम परीक्षा परिणाम आने पर उन्हें अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत का पद मिला है। आँचल का पिछले साल गोरखपुर के वरुण चतुर्वेदी के साथ ब्याह हुआ, जो वर्तमान में राज्यसभा में यूडीए पद पर कार्यरत हैं। आँचल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता अवधेश पांडेय, मां शीला पांडेय, भाई तरुण पांडेय व बहन तूलिका और इति पांडेय को दिया है। इस उपलब्धि पर बृजदेव पांडेय, डॉ0 रमा शंकर शुक्ल, डॉ0 संजय मिश्र, अरुण गुप्ता, उमेश पांडेय, बबलू दूबे, अशोक मिश्र, त्रिलोकी दूबे आदि ने बधाई दी है।

## राजस्व टीम ने बार्डर के गांव में सीमांकन कर विवाद बढ़ाया

**मड़िहान।** तहसील अंतर्गत खनवर दुबार में धारा 24 के तहत सीमांकन करने पहुंची राजस्व टीम ने बार्डर के गांव मझारी में खनवर दुबार के काश्तकारों की जमीन का सीमांकन कर विवाद गहरा कर दिया। खनवर दुबार निवासी बार्डर के काश्तकार लालमणि गुप्ता बताते है कि इस स्थल का सीमांकन इसके पहले सात बार चकबन्दी व राजस्व टीम ने सीमांकन किया था किंतु इस बार जैसा गलत सीमांकन कोई नही किया। मझारी गांव के बॉर्डर के किसान पुनीत कुमार मिश्र के आरोप है कि मझारी पूर्वी खनवर से सटा मेरे घर की पौधरोपित बाउंड्री मेरे बाबा ने बनाया था। कई बार सीमांकन हुआ अभी तक मेरे बाउंड्री में खनवर नही घुसा था। इस बार के सीमांकन में चार लट्ठा जमीन मझारी में घुसा कर राजस्व टीम विबाद बढ़ा दिया। सबसे अहम बात यह भी रही कि बार्डर के लेखपाल भी नही थे और न ही मुझे नोटिस ही मिली। इसी प्रकार खनवर दुबार निवासी काश्तकार जितनारायन मिश्र के आरोप है कि खनवर दुबार का मैप ही गड़बड़ बनाया गया है। उक्त प्रकरण में राजस्व निरीक्षक शिव कुमार चौबे ने बताया कि लेखपाल जय प्रकाश को नोटिस देनी थी। यदि नोटिस नही दिया है तो गलत किया है कार्यवाही की जाएगी और बार्डर के दोनों लेखपालों को साथ लेकर विवाद का निपटारा कराया जाएगा।

# मंडलायुक्त ने मंडी समिति में धान क्रय केंद्र का किया निरीक्षण

## 9415376315 पर वार्ताकर किसान कर सकते हैं समाधान : मंडलायुक्त

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल डॉ मुथुकुमार स्वामी बी0 द्वारा मण्डी समिति में संचालित धान क्रय केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। मण्डलायुक्त द्वारा केन्द्र पर उपलब्ध किसानों के खतौनी व पंजीयन रजिस्टर का निरीक्षण किया तथा मौके पर उपस्थित किसानों से धान क्रय से सम्बन्धित विषय पर वार्ता की गयी। किसानों के द्वारा बताया गया कि धान की खरीद नियमानुसार सुचारू ढंग से किया जा रहा हैं।

उन्हें क्रय केन्द्र पर कोई परेशानी नही हैं। मण्डलायुक्त द्वारा धान से भरे बोरा का भी वजन कराया गया। उन्होने कहा कि धान खरीद में किसानों को किसी प्रकार परेशानी न होने पायें। मण्डलायुक्त द्वारा किसानों से अपील करते हुये कहा गया कि धान खरीद में



मण्डी में क्रय केद्र का निरीक्षण करते आयुक्त।

यदि किसी प्रकार की परेशानी, शिकायत हो तो आर0एफ0 सी0 विन्ध्याचल मण्डल के मोबाइल नम्बर-9415376315 पर वार्ता कर समाधान कर सकते हैं।

निरीक्षण के दौरान रजिस्टर पर अंकित किये गये बिक्री करने वाले किसानों के विवरण एवं टोकन रजिस्टर को भी देखा गया। उन्होने कहा कि किसानों के धान का क्रय टोकन रजिस्टर पर दर्ज नम्बर के अनुसार ही सुनिश्चित किया जाय ताकि किसान बिना किसी कारण के केन्द्र से वापस न जाये।

## संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग, पुआल जल कर राख



**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सिकटा गाँव से पुआल लाद कर जा रहे ट्रक्टर टाली में अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गयी। पीछे जा रहा वाइक सवार ने पुआल में आग लगने की जानकारी राजपुर गाँव में चालक को दिया। जिस पर चालक मुन्नू कोल ने ट्रक्टर रोक कर ट्राली पर पानी फेक कर आग पर काबू पाया। पुआल को नीचे गिराया जिससे पुआल तो जल गया परन्तु ट्रक्टर ट्राली सुरक्षित बच गया। ट्रक्टर मालिक सरकारे सेठ ने बताया की संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से सिकटा गांव से पुआल खरीद कर ला रहा था कि जल गया है संजोग ठीक था कि चालक व वाहन सुरक्षित है।

### मणिपुर के गवर्नर ने किया मां विन्ध्यवासिनी का दर्शन



**मीरजापुर।** मणिपुर के राज्यपाल ला गणेशन ने माँ विन्ध्यवासिनी का दर्शनपूजन किया । शनिवार की शाम करीब सवा छह विन्ध्यधाम पहुँचे राज्यपाल का अभिनंदन नगर विधायक रत्नाकर मिश्र ने अंगवस्त्र तथा अपर जिलाधिकारी शिवप्रताप शुक्ला व नगरमजिस्ट्रेट विनयकुमार सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। दर्शन पूजन का कार्य नगर विधायक पंडित रत्नाकर मिश्रा मिश्र ने सम्पन्न कराया। उक्त अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर परमानन्द कुशवाहा, क्षेत्राधिकारी सदर शैलेश त्रिपाठी, एसडीएम सदर चंद्रभानु सिंह, तहसीलदार सदर अरुण गिरी इत्यादि लोग मौजूद रहे। दर्शनोपरांत पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि माँ का दर्शन कर मैं धन्य हो गया । काशी आने के पश्चात मुझे इस पावन स्थल के बारे में ज्ञात हुआ । मैं पहली बार यहाँ दर्शन के लिए आया हूँ । कॉरिडोर के बारे में पूछे जाने पाए उन्होंने कहा कि इसके बारे में मुझे अभी जानकारी नही है, पर जो भी होगा अच्छा होगा।

### युवक का गायब पर्स पुलिस ने किया वापस

**मीरजापुर।** पुलिस के सार्थक प्रयास से खोये हुए पर्स के धारक को ढूंढ़कर वापस किया गया। सर्विलांस सेल में तैनात आरक्षी आशुतोष कुमार सिंह को कार्यालय आते समय रास्ते में एक पर्स प्राप्त हुआ, जिसमें कुछ कागजात आधार कार्ड इत्यादि तथा नकदी थी। आरक्षी द्वारा पर्स में रखे आधार कार्ड के माध्यम से पर्स धारक प्रभाकर सरोज निवासी चड़िया थाना कछवां मीरजापुर को थाना कछवां के माध्यम से सूचना भिजवायी गयी। पर्स मिलने के सम्बन्ध में सूचना मिलते ही नाउम्मीद हो चुके पर्स धारक प्रभाकर सरोज द्वारा तत्काल पुलिस अधीक्षक कैम्प कार्यालय, पहुंचा गया। जहां पर्स में रखे डॉक्यूमेंट व सम्पूर्ण नगदी को पाकर अत्यधिक खुशी प्रकट करते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का बेहतरीन ढंग से निर्वहन कर रही जनपदीय पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया गया।

### निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए अनिल सिंह, पंकज बने उपाध्यक्ष

**मीरजापुर।** शनिवार को बीआरसी कार्यालय मड़िहान परिसर में प्राथमिक विद्यालय शिक्षक संघ के सदस्यों का चुनाव संपन्न हुई, जिसमें निर्विरोध सभी पदाधिकारियों का चयन किया गया, जिसमें अनिल कुमार सिंह अध्यक्ष विनय कुमार सिंह मंत्री पंकज कुमार सिंह उपाध्यक्ष संरक्षक रमेश कुमार सिंह वहीं जिला उपाध्यक्ष के लिए ओमपाल सिंह का निर्विरोध चयन कर लिया गया। जिलाध्यक्ष प्रभु नारायण सिंह ने कहा कि शिक्षकों के हक की लड़ाई के लिए यह चुनाव संपन्न हुआ है किसी प्रकार से शिक्षकों का शोषण जो समाज को दिशा देते हैं। उनका बर्दाशत नहीं किया जाएगा। इस दौरान शिक्षकों ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर भी मांग की। इस मौके पर मांडलिक मंत्री रमाकांत दुबे, सत्य तिवारी, दिनेश कुमार तिवारी, गोपाल प्रसाद मिश्र, धर्मेंद्र कुमार सिंह, ईशा सिंह, अंजनी कुमार सिंह, सुधीर तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

### गैंगस्टर एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** एसपी के निर्देश के क्रम में उ0नि0 अनिल कुमार चौकी प्रभारी पैड़ापुर मय पुलिस बल द्वारा थाना पड़री क्षेत्र से गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित आरोपी आशुतोष कुमार शर्मा पुत्र मेवालाल शर्मा निवासी चौहानपट्टी थाना पड़री मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया। गिरफ्तार आरोपी आशुतोष कुमार शर्मा उपरोक्त द्वारा गैंग के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर भौतिक एवं आर्थिक लाभ हेतु वाहनों की चोरी की जाती है।

### कूटरचित दस्तावेज गिरोह का चौथा आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** एसपी के निर्देश के क्रम में 05 सितम्बर 2022 को थाना चुनार पुलिस द्वारा 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। जिनके कब्जे से चोरी, धोखाधड़ी की 02 चार पहिया वाहन टाटा आर्या कीमत करीब 15 लाख दोनों वाहनों पर नम्बर प्लेट पर एक ही नम्बर लिखा हुआ बरामद किया गया था। जिसके सम्बन्ध में थाना चुनार पर मुकदमा पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही विधिक कार्यवाही की गयी थी। उक्त अभियोग की विवेचना के दौरान शनिवार को व0उ0नि0 संजीत बहादुर मय पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित आरोपी राजेश यादव पुत्र पन्नालाल निवासी तेजपुर थाना केराकत जौनपुर को थाना चुनार क्षेत्र से गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### अराजक तत्वों ने पुआल में लगाई आग

**जिगना।** विंध्याचल थाना के रामपुर भटेवरा गांव में शनिवार को अराजक तत्वों द्वारा दशरथ सरोज की एक बीघे की पुआल रामपुर भटेवरा में फूंक दी गई। जिस पर ग्रामीणों द्वारा तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पाया गया। जिसकी सूचना फायर ब्रिगेड को भी दी गई। फायर ब्रिगेड के पहुंचने के पहले ही ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया था। भुक्तभोगी ने पुलिस विशेष मांग किया है कि आगजनी करने वाले लोगों को चिन्हित की जाए और कार्यवाही की जाए।

### बहू और पोते की वापसी के लिए डीएम को सौंपा ज्ञापन

**मीरजापुर।** जनपद के कछवां थानाक्षेत्र के जमुआं बाजार चौकी क्षेत्र के हीरापुर गांव निवासी एयरफोर्स ऑफिसर यमुना प्रसाद दूबे पुत्र स्व. राजनाथ दूबे ने अपनी बहू और पोते की वापसी के लिए जिलाधिकारी से गुहार लगाई है। पीड़ित का आरोप है कि उनके बेटे के ससुराल वाले आरोपी विपक्षी राजकिशोर पुत्र रामप्यारे और उनकी पत्नी मीला देवी निवासी बलहरा, पोस्ट बलहरा, थाना मड़िहान ने उनकी बहू और पोते के गैरकानूनी तरीके से अपने पास रखा है और पैसे की लालच में वे उन्हें घर वापस नहीं भेज रहे हैं।

# बाइक की टक्कर से किसान की मौत

**दुखद**

### हादसे के बाद बाइक चालक हुआ फरार

जनसंदेश न्यूज

**कछवां।** स्थानीय थाना क्षेत्र के आही गांव के पास गुरुवार की रात्रि सुंदर प्रसाद अपने घर के समीप ही सड़क पार करते समय बाइक के टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में परिजन घायल वृद्ध को उपचार के लिए कछवां क्रिश्चियन अस्पताल ले गए। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। थाना क्षेत्र के आही गांव निवासी सुंदर प्रसाद गौड़ उम्र 88 वर्ष जोकि खेती बारी का कार्य करते थे। वहीं गुरुवार की रात घर के पास ही सड़क पार कर रहे थे। इस बीच तेज रफ्तार बाइक सवार ने उनको जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे किसान सुंदर प्रसाद हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। और बाइक सवार मौका पाकर हादसे के बाद फरार हो गया। हो हल्ला के बाद परिजन तत्काल घायल किसान सुंदर प्रसाद को उपचार के लिए क्रिश्चियन अस्पताल ले गए। जहां उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। वहीं सुंदर प्रसाद को दो पुत्र व चार पुत्रियां है। मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष राम स्वरूप वर्मा ने बताया कि बाइक के टक्कर से किसान की मौत हुई है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की मौत

**मीरजापुर।** बारात से वापस घर लौटते समय संदिग्ध परिस्थियो में अधेड़ की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार पड़री थाना क्षेत्र के कम्हारी देवरी गांव निवासी अर्जुन शंकर दुबे पुत्र भगवती प्रसाद दुबे उम्र 53 वर्ष शुक्रवार को लालगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में बारात में शामिल होने के लिए गए हुए थे। देर रात घर वापस लौटते समय पड़री थाना क्षेत्र के बरजी गांव के पास हाइवे पर चाय पीने के लिए दुकान पर रुके, जहां अचानक गिरने से उनकी मौत हो गयी। जिसकी सूचना दुकानदार के द्वारा ही उनके फोन से परिजनों को दी गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया। परिजनों द्वारा ठंड से मौत की आशंका जताई गई। घटना से परिजनों का रो रो कर बुला हाल था।

## सड़क हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**मड़िहान।** सन्तनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिरसी कोटवा संपर्क मार्ग पर शुक्रवार को दो बाइक की आमने सामने से हुई टक्कर में घायल युवक की शनिवार की सुबह ट्रामा सेंटर वाराणसी में इलाज के दौरान मौत हो गई। शुक्रवार को ककरद मोड़ पर दो बाइक की आमने सामने हुई टक्कर में महिला समेत तीन लोग घायल हुए थे। पिउरी गांव निवासी दीपक (30) पुत्र कमला यादव घर से दूध लेकर दीपनगर बाजार में बेचने गया था। वापस लौटते समय ककरद गांव के पास मोड़ पर बाइक सवार घोरी के पनियरा गांव निवासी राजेंद्र (25) पुत्र राजू अपनी बड़ी मां दशवन्ती देवी (40) को बाइक से लेकर दीपनगर जा रहा था। दोनों बाइक में आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में तीनों बाइक सवार घायल हो गए। गम्भीर रूप से घायल राजेन्द्र को चिकित्सक ने ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान शनिवार की सुबह उसकी मौत हो गई। मृतक दो भाइयों में सबसे छोटा था। उसे एक तीन माह की पुत्री भी है।

# महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति करें जागरूक : एसपी

## गांव-गांव चलायें मिशन शक्ति कार्यक्रम

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में सैनिक सम्मेलन किया गया। सैनिक सम्मेलन के आयोजन में सर्वप्रथम जनपद के सभी थानों व शाखाओं से आये पुलिसकर्मियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी की गयी व उनके निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा डॉयल-112 शाखा, मीरजापुर के अधिकारी एवं कर्मचारीगण के साथ बैठक कर पीआरवी रूट चार्ट को समयानुकूल कर, उन्नत कार्यशैली एवं रिस्पान्स टाइम को अत्यधिक बेहतर करने सम्बन्धित आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया, इसके उपरान्त अपराध गोष्ठी सम्बन्धित समीक्षा प्रारम्भ की गयी। इस दौरान जनपद के समस्त थानों व क्षेत्राधिकारीगण के कार्यालय के पैरोकारों से आरोप पत्र, अन्तिम रिपोर्ट को न्यायालय में जमा करने की स्थिति की समीक्षा की गयी तथा जनपद की कानून व्यवस्था प्रमुख अपराधों विवेचनाओं के निस्तारण एवं अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही व आगामी नगर निकाय चुनाव सहित अन्य बिन्दुओं पर समीक्षा की गयी। इस दौरान क्षेत्राधिकारीगण को अपने क्षेत्रांतर्गत थानों का निरीक्षण कर महिला हेल्प डेस्क, जन शिकायत आदि की समीक्षा करने हेतु निर्देशित किया गया। शासन द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपदीय पुलिस द्वारा गांवो, मोहल्लों मे चौपाल लगाकर, स्कूल व कालेजों में जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलम्बन के प्रति तथा उन्हे सुरक्षित परिवेश की अनुभूति, जनजागरूकता, आत्मरक्षा के बारे में जन जागरूकता के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी दी गई।

# 2024 में मायावती को पीएम बनाने का लिया संकल्प

## बसपा की समीक्षा बैठक संपन्न

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान शनिवार में एक दिवसीय पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता की मंडल स्तरीय समीक्षा बैठक मुहकोचवा स्थित मैरिज लान में संपन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद घनश्याम खरवार जोन इंचार्ज मीरजापुर मंडल व विशिष्ट अतिथि अभिषेक कुमार गौतम मुख्य जॉन इंचार्ज मीरजापुर मंडल भी उपस्थित रहे।

अभिषेक कुमार गौतम ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी लोग अपने अपने नगर पालिका और नगर पंचायत में जाकर के बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के 2007 से 12 तक की सरकार की उपलब्धियों को बता कर सर्व समाज को साथ जोड़ने का कार्य करें ताकि नगर निकाय चुनाव के बाद आने वाले 2024 के लोकसभा में बहुजन समाज पार्टी मजबूत बनाकर के सर्व समाज को जोड़कर के मायावती को इस देश का प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया।

मुख्य रूप से गुड्डू राम, शशि भूषण, निशांत कुशवाहा, कमला शंकर भारती, सद्दाम राईन, जिलाध्यक्ष राज कुमार भारती, जिलाध्यक्ष सोनभद्र बी सागर, जिलाध्यक्ष भदोही कमला शंकर भारती, राजेश गौतम, पूर्व विधायक श्री राम भारती, पूर्व विधायक सूर्यभान, जिला आदि लोग उपस्थित रहे।

## मानवाधिकार दिवस का किया गया आयोजन

**मीरजापुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया गया। विभिन्न संगठनों द्वारा इस दिवस पर वृहद कार्यक्रमों को आयोजित कर आम जनमानस को उनके अधिकारों के प्रति सजग एवं जागरूक करने के क्रम में भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन द्वारा भी नगर के लाल डिग्गी स्थित रॉयल गार्डन में एक वृहद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक जिला अध्यक्ष मंजीत सिंह, संचालन प्रवक्ता समिति गुप्ता व धन्यवाद ज्ञापन ओपी सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर जनपद न्यायाधीश एल बी यादव ने संगठन के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर सुरेश त्रिपाठी एडवोकेट, सुरेंद्र दुबे एडवोकेट सलाहकार कोर्ट, प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अमृत महोत्सव के दौरान 2 अक्टूबर से 14 नवंबर तक किए गए महोत्सव में कार्यकर्ताओं को सर्टिफिकेट व चुनरी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संबोधन में शमा नवाज, धीरज पांडेय, एडवोकेट मयंक पांडेय, कल्पना, कुसुम, रूपा गुप्ता, धनंजय सिंह, विक्की जेकब, शैलेन्द्र अग्रहरी ने संबोधित किया।

# एडीएम ने किया धान क्रय केंद्र मुजेहरा कला का निरीक्षण

**जायजा**

### शत प्रतिशत किसानों का भुगतान समय से किये जाने का निर्देश

### धान : बिक्री किसान साथ में लाये आधार कार्ड व अन्य कोई पहचान पत्र : एडीएम वित्त

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देश के अनुपालन में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल ने तहसील सदर क्षेत्रान्तर्गत धान कय केन्द्र का निरीक्षण किया। खाद्य विभाग विपणन शाखा क्रय केन्द्र मुजेहरा कोन निरीक्षण के समय केन्द्र प्रभारी नसरीन मौके पर उपस्थित रही। इस केन्द्र पर खरीद हेतु 143 किसानों द्वारा सम्पर्क किया गया है।

निरीक्षण के समय तक 76 किसानों से 2637.20 कु0 खरीद की गयी है,



मुजेहरा में क्रय केद्र का निरीक्षण करते एडीएम वित्त।

जिसके सापेक्ष 52 किसानों का भुगतान किया जा चुका है। कुल क्रय किये गए धान के सापेक्ष 1140 कु0 का प्रेषण मिलों पर किया गया है।

निरीक्षण के समय पाया गया कि श्री राम सिंह की खरीद की जा रही थी, जिनके पास सत्यापन प्रपत्र था, किन्तु पहचान पत्र व आधार कार्ड उपलब्ध नहीं था, जबकि पूर्व में सभी केन्द्र प्रभारियों को कई बार निर्देशित किया गया है कि किसान का पहचान पत्र से अथवा उसके नामिनी का पहचान पत्र से सत्यापन करने के उपरान्त ही खरीद की जाये। अपर जिलाधिकारी ने केन्द्र प्रभारी को निर्देशित करते हुये कहा कि अवशेष किसानों के क्रय धान का भुगतान दो दिवस के अन्दर सुनिश्चित करें। उन्होने किसान बन्धुओं से भी अपील करते हुये कहा कि धान बिक्री के लिये केन्द्र पर अपना आधार कार्ड अथवा अपने द्वारा नामित नामिनी का कोई पहचान पत्र अवश्य ले आये ताकि केन्द्र पर धान की खरीद असानी से कराया जा सकें।

# संयुक्त रूप से करें शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण : आयुक्त

**समाधान दिवस**

### गलत रिपोर्टिंग पर होगी कड़ी कार्रवाई : डीएम

### आयुक्त व डीआईजी ने देहात व डीएम ने कछवा में सुनी समस्याएं

जनसंदेश न्यूज



कछवां में समस्या सुनतीं डीएम।



एसडीएम मड़िहान से वार्ता करते पूर्व प्रधान।



चील्ह थाने में समस्या सुनते एडीएम वित्त।

**मीरजापुर।** शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी थाना, कोतवाली में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। मण्डलायुक्त डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 व उप पुलिस महानिरीक्षक आर0पी0 सिंह ने थाना देहात कोतवाली व जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा थाना कछवां में पहुँचकर जन समस्याओं को सुनकर निस्तारण के निर्देश दिया गया। मण्डलायुक्त ने उपस्थित राजस्व कर्मियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जमीन विवाद से सम्बन्धित मामलों को राजस्व व पुलिस टीम संयुक्त रूप से मौके पर जाकर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाय ताकि फरियादियों को न्याय मिल सकें। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा थाना कछवां में आये हुये फरियादियों की जन समस्याओं को सुना गया तथा उपस्थित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि प्राप्त सभी शिकायतों का रजिस्टर पर सूचीबद्ध किया जाय तथा फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से लेते हुये समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण करे, निस्तारण में गलत रिपोर्टिंग अथवा लापरवाही पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी, कर्मचारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। उन्होने कहा कि शिकायत पंजिका में निस्तारित शिकायतों में से कुछ फरियादियों के मोबाइल नम्बर फोन कर सम्बन्धित उप जिलाधिकारी व थानाध्यक्ष द्वारा फीडबैक भी लिया जाय।

### तय समय सीमा के अन्दर हो मामलों का निस्तारण : एसडीएम

**मड़िहान।** संतनगर थाना पर सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। समाधान दिवस में कुल 5 मामले आये जिसमें से 3 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया व शेष मामलों के लिए टीम गठित कर दिया गया। एसडीएम ने शिकायतों से जुड़े अधिकारियों से शिकायतों का निस्तारण तय समय सीमा में करने का निर्देश दिये। एसडीएम ने कहा कि यह आयोजन सरकार के नीति के आधार पर हो रहा है ताकि पुलिस व राजस्व के निकलने वाले मामलों का निस्तारण तहसील महकमा व पुलिस महकमा के देखरेख में हो सकें। थाना दिवस में रैकल के पूर्व ग्राम प्रधान समेत दर्जनों लोगों ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर जंगली वनरोजो (घड़रोज) से किसानों की फसल नष्ट होना बताते हुए कहा कि किसानों की मेहनत से फसल तैयार हो रहा है तो वही किसानों के सामने ही लगभग 50 की संख्या में जंगली घड़रोज पहुँचकर नष्ट कर रहे है जबकि किसान पूरी रात इनको भगाने का कार्य करते है। बताया कि किसान किसी तरह बैंकों से कर्ज लेकर सूखे की मार झेलते हुए फसल की बोआई कर रखा है किन्तु अब मेहनत लग्न के बावजूद भी वनरोजो से फसल नहीं बचा पा रहे है जबकि इस सम्बंध में तहसील के सम्पूर्ण समाधान दिवस में 15 दिन पूर्व प्रार्थना पत्र दिया जा चुका है लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ। किसानों में पूर्व प्रधान अशोक उपाध्याय, हौशिला प्रसाद मिश्र, कामता प्रसाद, नागेश पाण्डेय, रामसभा पटेल, आशीष, राजेश, रजनीश, ओमप्रकाश समेत दर्जनों लोग मौजूद रहें।

### थाना दिवस पर पड़े ग्यारह प्रार्थना पत्र, एक का भी नहीं हुआ निस्तारण

**हलिया।** स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन नायब तहसीलदार रामनारायण वर्मा के अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें कुल ग्यारह प्रार्थना पत्र भूमि संबंधी तथा पानी निकासी हेतु पड़े। हलिया निवासी लव कुमार दुबे ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि पड़ोसी द्वारा लैट्रिन का पानी सड़क पर बहाया जा रहा है मना करने पर नहीं मान रहे हैं। तथा सिकटा निवासी कृष्णकांत दुबे ने तहरीर देकर बताया कि भूमि धरी जमीन को गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा धान जबरन काट लिया।

### निष्पक्षता से करें न्याय तो नहीं लगाना पड़ेगा फरियादी को चक्कर : एडीएम

**मीरजापुर।** अपर जिलाधिकारी वित्त शिव प्रताप शुक्ला ने शनिवार को चील्ह थाना में जनता की समस्याओं को सुना और मौके पर निस्तारण का निर्देश दिया। एडीएम वित्त शिव प्रताप शुक्ला ने सभी मामलों के निस्तारण के लिए टीम बनाने का निर्देश दिया। संबंधित विभाग के अधिकारी मौके पर जाकर मामले का निस्तारण करें। यह जानकारी देते हुए एडीएम वित्त शिव प्रताप शुक्ला ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप शनिवार को तहसील दिवस एवं थाना दिवस का आयोजन किया जाता है। सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वह मौके पर जाकर पीड़ितों की समस्याओं को सुने और उसका यदि किन्हीं कारणवश संभावना हो तो निर्धारित समय सीमा के अंदर निस्तारण अवश्य करें। शनिवार को उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त ने चील्ह थाना में जनता की समस्याओं को सुना और समाधान किया। इस दौरान मौके पर मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनता की समस्याओं का समय पर निस्तारण कर दिया जाए।

# मच्छररोगी दवा का छिड़काव कराकर दें जानकारी : ज्वाइंट मजिस्ट्रेट

**लालगंज।** थाना समाधान दिवस ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उप जिलाधिकारी नवनीत सेहरा के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। फरियादियों द्वारा कुल चार प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ जिसमें दो का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष दो मामलों के निस्तारण के लिए पुलिस के साथ राजस्व टीम मौके पर जाने का निर्देश दिया गया। आयोजित समाधान दिवस ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उप जिलाधिकारी नवनीत सेहरा ने शेष दो मामले में थाना क्षेत्र के नेवढिया और उरुवा के फरियादियों की सुनवाई करते हुए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने निस्तारण के लिए अवैध अतिक्रमण और जमीन की पैमाइश के प्रकरण को हल्का लेखपाल पुलिस बल की टीम गठित कर मौके पर पहुंचकर निस्तारण का निर्देश दिए। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नवनीत सेहरा ने क्षेत्र में मच्छर रोधी दवा के छिड़काव के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को दूरभाष से बात कर निर्देश दिया कि 1 सप्ताह के अंदर इन गांव में मच्छर रोधी दवा का छिड़काव कराएं और दवा छिड़काव करा कर रिपोर्ट दें। जिसमें लालगंज, मेढरा, सौरेह, निनवार उत्तर, अमहा, बरडीहा, भरौंह, बस्तरा राजा आदि गांव शामिल है। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक दीक्षांत राज, थाना प्रभारी रामनारायण, राजस्व निरीक्षक सुर्जवली बिंद, विजय शंकर दुबे, लेखपाल मनोज कुमार सिंह, सच्चिदानंद, अनूप कुमार पांडे, आदि लेखपाल मौजूद रहे।



लालगंज में समस्या सुनते ज्वाइंट मजिस्ट्रेट।

# बालू खनन के लिए निकाले गए टेंडर को लेकर की गई आपत्ति

**रोष**

भगवा क्षेत्र खंड दो का मामला, बालू कम मिट्टी ज्यादा होने का दावा

जनसंदेश न्यूज


इसी भूमि पर हो रहा बालू का टेंडर

**सोनभद्र।** फसल बोई जमीन पर रेत-खेत खनन का पट्टा दिए जाने को लेकर चर्चित रह चुका खनन विभाग एक बार फिर से चर्चा में है। इस बार यह चर्चा ई-टेंडरिंग के लिए ओबरा तहसील के जुगैल क्षेत्र स्थित भगवा क्षेत्र खंड दो के लिए आमंत्रित की गई निविदा को लेकर की जा रही है। जिस एरिया के लिए निविदा मंगाई गई है, वहां बालू कम, मिट्टी ज्यादा दिखाई देने का दावा किया जा रहा है।

खनन विभाग की तरफ से निविदा पूर्व किए गए सर्वे में जहां, यहां 2,18,628 घनमीटर बालू का भंडारण यानी मौजूदगी आंकलित की गई है। वहीं इसके खनन को लेकर टेंडर प्रक्रिया भी शुरू है। सवाल उठता है कि जो बालू भंडारण दिखाया गया है, उसकी उपलब्धता कहां से आएगी और खनन कैसे व किस जगह कराया जाएगा? इस पर चचाओं का बाजार गर्म है। प्रश्नगत मामले को लेकर निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म, जिलाधिकारी और जिला खनिज अधिकारी से शिकायत कर हस्तक्षेप की मांग की गई है।

सौंपी गई शिकायत में कहा गया है कि गत पांच नवंबर को भगवा क्षेत्र दो के लिए जो निविदा निकाली गई है, उसमें मौके पर 2,18,628 घनमीटर बालू का आंकलित भंडारण दिखाया गया है। शिकायत में दावा किया है कि जबकि मौके पर बालू की मात्रा, आंकलित किए गए भंडारण के मुकाबले नहीं के बराबर है। शिकायत में गत 22 नवंबर को अपर निदेशक की तरफ से प्रस्तावित बालू साइट के स्थलीय निरीक्षण करने और वहां के लोगों द्वारा भौगालिक स्थिति से अवगत कराए जाने की भी जानकारी दी गई है। प्रकरण में की गई शिकायत और उठाए गए सवाल के बाबत ज्येष्ठ खान अधिकारी आशीष कुमार से जानकारी चाही गई तो उनका कहना था कि वह बाहर हैं। जहां तक निविदा का सवाल है तो इसके लिए एनओसी लेने की जिम्मेदारी परियोजना प्रस्तावक की है। बालू के भंडारण का आंकलन किसके जरिए कराया जाता है, इस सवाल को वह टाल गए। बता दें कि पूर्व के सालों में फसल बोई जमीनों पर बालू पर पट्टा आवंटित किए जाने के साथ ही, सीमांकन की बात भी सामने आ चुकी है। अब एक बार फिर से ऐसे ही कथित साइट को लेकर अपनाई जा रही प्रक्रिया पर चर्चा शुरू हो हुई है।

# छात्राओं को योजनाओं, हेल्पलाइन नंबर की दी गयी जानकारी


छात्राओं को जानकारी देती टीम

जनसंदेश न्यूज

**बीजपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय जेंडर अभियान व महिलाओं व बच्चों के खिलाफ हिंसा और भेदभाव उन्मूलन के बारे में जागरूकता बढ़ाने हेतु शनिवार को आरएएसएस पब्लिक स्कूल रिहंद नगर में संरक्षण अधिकारी गायत्री दूबे द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान सरंक्षण अधिकारी द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड-19 व मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, पोक्सो अधिनियम, बाल श्रम अधिनियम, बाल विवाह अधिनियम के बारे में जानकारी दी।

वहीं एंटी रोमियो टीम की रिया यादव व बबिता द्वारा हेल्पलाइन नम्बरों 112, 1090,1098, 1930, के बारे में भी बताया गया। इस मौके पर अमिताभ चंद्र, ओपी सिंह, आनंद प्रकाश प्रेमी, पिंकी सिंह, नीतू, अनु, आकांक्षा समेत तमाम छात्राएं उपस्थित रहीं।

# पानी सप्लाई में विद्युत कटौती नहीं बनेगी बाधा, लगा जनरेटर


जनरेटर का पूजन करते चेयरमैन प्रतिनिधि

**चोपन।** नगर पंचायत के विस्तारित क्षेत्र नई बस्ती उत्तरी और नई बस्ती दक्षिणी में बिजली कटौती होने से लोगों को पेयजल की समस्याओं से जूझना पड़ता था तथा भीषण गर्मी में लोग इससे काफी परेशान रहते थे। इन सभी समस्याओं को दूर करने के लिए नगर पंचायत के विस्तार क्षेत्र के पानी टंकी परिसर में शुक्रवार को जनरेटर लगाया गया। जनरेटर का लोकार्पण करते हुए चेयरमैन प्रतिनिधि उस्मान अली ने कहा कि बिजली कटौती होने पर विस्तारित क्षेत्रों में जनरेटर चलाकर पेयजल आपूर्ति की जाएगी।

कहा कि अगर पेयजल आपूर्ति के समय बिजली कटौती हो तो उस समय जनरेटर चलाकर आपूर्ति जारी रखी जाएगी। इसके अलावा जिन क्षेत्रों में पाइप लाइन या दूसरी वजहों से आपूर्ति अगर प्रभावित है तो वहां पर टैंकरों से पेयजल आपूर्ति की जा रही हैं। मौके पर दिनेश जैन, दुर्गेश्वर, दीपक कुमार, नीरज, राधारमण, संतोष वर्मा, अनीश अहमद, रंजीत, मंसूर आलम, जसवंत, कल्लू गुप्ता, प्रमोद कुमार, राजू, निर्मल आदि उपस्थित रहे।

# आरक्षण में नहीं किया गया नियमों का पालन

**सोनभद्र।** लम्बे संघर्ष के बाद अनुसूचित जनजाति के लिए नगर निकाय चुनाव में आरक्षण दिया गया। लेकिन नियमों को ताक पर रखने और मनमाने ढंग से आरक्षण देने से इस बार भी नगर निकाय चुनाव में अनुसूचित जनजाति के लोग प्रतिनिधित्व से वंचित रहेंगे और प्रदेश में कहीं पर भी चुनाव नहीं लड़ पायेंगे। ये स्थिति इसलिए पैदा हुई क्योंकि किसी भी नगर निकाय के वार्डों में सीट आरक्षित नहीं की गई और नगर पंचायत अध्यक्ष की जो एक सीट इटावा के बकेवर को आरक्षित किया गया है, वहां जनजाति की आबादी शून्य है। उप्र नपा स्थानों और पदों का आरक्षण एवं आवंटन नियमावली 1994 की प्रक्रिया के तहत सीटें आरक्षित न करने पर आल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस.आर. दारापुरी ने प्रमुख सचिव नगर विकास को पत्रक भेज आपत्ति दर्ज कराई है और मांग की गई है कि अनुसूचित जनजाति के आबादी वाले क्षेत्र रेनूकूट, डाला, अनपरा, ओबरा, दुद्धी और पिपरी में से उपयुक्त किसी एक सीट को आरक्षित किया जाए और हर नपं व नपा में एसटी की आबादी के अनुरूप वार्ड सदस्यों को भी आरक्षित किया जाए।

# एएसपी ने ओबरा थाने का किया निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज


ओबरा थाना परिसर में पौधरोपण करते अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह

**ओबरा।** अपर पुलिस अधीक्षक सोनभद्र कालू सिंह ने शनिवार को ओबरा थाने का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, हवालात, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, कंप्यूटर कक्ष, मेस, बैरक आदि का निरीक्षण किया तथा थाना परिसर, बैरक, मेस इत्यादि को साफ व स्वच्छ रखने एवं कार्यालय के अभिलेखों को अद्यावधिक कर बेहतर ढंग से व्यवस्थित रखने, प्रभारी निरीक्षक ओबरा को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। साथ ही अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने, थाने पर आने वाले पीड़ित/ शिकायतकर्ताओ की शिकायतों को विनम्रता पूर्वक सूनने व उनके प्रार्थना-पत्रों को रजिस्टर में क्रमबद्ध तरीके से अंकित कर उसकी शत-प्रतिशत सुनवाई करते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।एएसपी ने महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त पुलिसकर्मी को आने वाली फरियादियों की समस्या को सहानुभूति पूर्वक सुनकर उनका निस्तारण कराने, बैंकों व वित्तिय संस्थानों की सुरक्षा के साथ ही एंटी रोमियों टीम को क्षेत्र में जाकर महिलाओं/बालिकाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए।साथ ही थाना ओबरा पर उपस्थित सभी अधिकारी/कर्मचारी गण का सैनिक सम्मेलन कर निर्देश दिया गया। अन्त में अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना ओबरा पर पौधरोपड़ किया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक ओबरा मिथिलेश मिश्रा, केदारनाथ मौर्य निरीक्षक अपराध सहित समस्त थाना स्टाफ मौजूद रहा।

# रामलीला में फुलवारी मंचन देख दर्शक हुए भाव विभोर


रामलीला मंचन करते कलाकार

जनसंदेश न्यूज

**चोपन।** ग्राम पंचायत सिंदुरिया में चल रही रामलीला में शुक्रवार की रात जनकपुरी में फुलवारी का मंचन किया गया। मंचन देख दर्शक भाव विभोर हो गए। जनक नंदिनी सीता व अष्टसखी संवाद को सुनने के लिए दर्शकों की भीड़ रामलीला फील्ड में डटी रही। जैसे ही प्रभु राम अपने अनुज लक्ष्मण एवं गुरु विश्वामित्र के साथ जनकपुरी स्थित बाजार व फुलवारी घूमने मंच पर आए दर्शकों के जय श्रीराम के जयघोष से पूरा लीलास्थल गूंज उठा। फुलवारी में जनकनंदनी सीता ने राम को देखा तो उन्होंने अपनी सखियों से इस नवयुवक के बारे में पूछा।

रामायण की चौपाई के साथ अष्टसखी संवाद का मंचन किया गया। स्थानीय कलाकारों के बेहतरीन संवाद, संगीत और अभिनय से लीला मंचन में चार चांद लग गया। इस मौके पर व्यास मुरली तिवारी, राम गोपाल शास्त्री, सुरेश पांडेय, विद्या शंकर पांडेय, रामजानकी पांडेय, रामनारायण पांडेय, दिनेश पांडेय, प्रेम शंकर पांडेय, कृपा शंकर पांडेय, रवि पाण्डेय समेत तमाम लोग मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर चोपन थाना प्रभारी लक्ष्मण पर्वत मय फोर्स मौके पर तैनात रहे।

## 11 दिवसीय रासलीला का हुआ शुभारंभ

**चोपन।** शुक्रवार की देर शाम चोपन बैरियर सोननदी के पावन तट पर रामलीला मैदान में 11 दिवसीय रासलीला का शुभारंभ समाजसेवी व भाजपा नेता विद्याशंकर पाण्डेय, हाथीनाला हनुमान मंदिर के महंत द्वारा फीता काटकर किया गया। वृंदावन धाम से आये रासलीला मंडली के कलाकारों द्वारा सर्वप्रथम बांकेबिहारी की मनोहारी झांकी निकाली गई, जिसके बाद पूजा अर्चना के साथ रासलीला प्रारंभ हुई। कलाकारों द्वारा भगवान कृष्ण का रास नृत्य किया गया। बता दें कि रासलीला प्रतिदिन तीन बजे से सायं छः बजे तक दिखाई जायेगी। मौके पर नरसिंह त्रिपाठी, राजा मिश्रा, उस्मान अली, प्रदीप अग्रवाल, राजेश साहनी, संजय जैन, सत्यप्रकाश, विमल साह, रिंकू, राजेश, श्यामाचरण गिरी, दिनेश जैन, राधारमण, कुशल, ऊषा देवी, सुशील आदि मौजूद रहे।

# अशोक लेलैंड की अधिकृत डीलरशिप का उद्घाटन

**अनपरा।** हिंदुजा समूह की प्रमुख और भारत की अग्रणी कामर्शियल वाहन निर्माता कंपनी अशोक लीलैंड के अधिकृत डीलरशिप का उद्घाटन डिबुलगंज अनपरा में शुक्रवार को किया गया। डीलरशिप आउटलेट एम एंड एचसीवी सेगमेंट गाड़ियों की जरूरतों को पूरा करेगा।

कंपनी के एमएचसीवी हेड संजीव कुमार ने कहा कि अशोक लीलैंड के लिए उत्तर प्रदेश हमेशा से एक महत्वपूर्ण बाजार रहा है और हम लगातार इस क्षेत्र में अपनी पैठ मजबूत करने की दिशा में काम कर रहे हैं। यह डीलरशिप हमें और मजबूती प्रदान करेगी। यह डीलरशिप अपने परिष्कृत बुनियादी ढांचे के साथ बेहतर ग्राहक अनुभव सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षित कर्मियों द्वारा संचालित उन्नत टूल्स उपकरणों के साथ 4 क्विक सर्विस बे के साथ सुसज्जित है। एएमएल बिजनेस सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक राजीव एम सांघवी ने कहा हम अशोक लीलैंड के साथ 70 से अधिक वर्षों की अपनी साझेदारी को और मजबूत करने के लिए उत्तर प्रदेश में विस्तार कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि कंपनी जल्द ही वाराणसी और गाजीपुर में अपने आउटलेट खोलने की योजना बना रही है। कमर्शियल वाहन के क्षेत्र में अशोक लीलैंड सबसे बड़ा और सबसे तेजी से बढ़ने वाला नेटवर्क है। अशोक लीलैंड के नॉर्थ जोनल मैनेजर अनिल ढींगरा के द्वारा एएमएल बिजनेस सॉल्यूशंस के सीईओ नीरज शबलोक को अनपरा डीलरशिप के शुभारंभ पर स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस अवसर पर रीजनल मैनेजर अनमय सक्सेना, गौरांग माथुर, दीपक राजदान, रक्तिम हजारिका, केपी सिंह, ब्रजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# चोपन के आदित्यराज बने लेफ्टिनेंट, हर्ष


आदित्य के कंधे पर स्टार लगाते माता-पिता

**चोपन।** स्थानीय नगर पंचायत क्षेत्र के रहने वाले आदित्य राज तिवारी के रूप में सोनभद्र देश को एक सैन्य अधिकारी देकर अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा है। भारतीय थल सेना के ऑफिसर्स ट्रेंनिग अकादमी,गया बिहार में आयोजित पासिंग आउट परेड के उपरांत पिता सुनील तिवारी एवं माता अनुपमा तिवारी ने बेटे आदित्य राज तिवारी के कंधे पर देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी के रूप में स्टार लगाते हुए उन्हें बतौर लेफ्टिनेंट सेना को समर्पित किया।

लेफ्टिनेंट आदित्य ने प्रारम्भिक शिक्षा केंद्रीय विद्यालय चोपन से पूरी की। सेना में चयन के उपरांत ऑफिसर्स ट्रेंनिग एकाडमी गया में एक वर्ष की बेसिक मिलिट्री ट्रेनिंग पूरी की। ततपश्चात मिलिट्री कालेज ऑफ टेलेकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, महू, इंदौर से सफलतापूर्वक बीटेक पूरा कर पासिंग आउट परेड के बाद बतौर सैन्य अधिकारी भारतीय सेना का हिस्सा बना। सेलफोन पर लेफ्टिनेंट आदित्य ने कहा कि अपने देश की माटी हमे सबकुछ देती है, हमे भी किसी न किसी रूप में इसे देना सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्र से ऊपर कुछ भी नही और हर युवा को अपने अंदर इसकी सेवा और सुरक्षा का जज्बा बनाये रखना चाहिए। अपनी इस सफलता पर गौरवान्वित आदित्य ने अपने माता पिता, परिवार के साथ अपने गुरुजनों को प्रणाम निवेदित करते हुए कहा कि इन सभी लोगों का स्नेह और आशीर्वाद ही मुझे और बेहतर करने की प्रेरणा देता रहेगा।

## ठंड से आमजनजीवन प्रभावित अलाव जलवाने की मांग

**डाला।** नगर पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों में एक सप्ताह से पड़ रही कड़ाके की ठंड से आम जनजीवन प्रभावित हो गया है। ठंडी हवाओं ने लोगों की दिनचर्या भी बिगड़ गई है। जिसे लेकर डाला नगर के रहवासियों ने नगर सहित आसपास के इलाकों में अलाव जलाने की मांग जिला प्रशासन से किया है। शीतलहर की चुभन से परेशान नगरवासी सुधीर सिंह, महेश सोनी, राकेश जायसवाल ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बताया कि डाला नगर में नगर पंचायत डाला में जिन्हें अपने कर्तव्यों का बोध ही नही है और वर्तमान समय में ढाई दर्जन नगर पंचायत के प्रत्याशी चुनाव में अपनी ताल ठोक रहे हैं, उसके बाबजूद भी क्षेत्र में कहीं अलाव की व्यवस्था के लिए सक्रिय नहीं है, जो हर जिम्मेदारों पर सवाल खड़ा करती है। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस बार अधिक ठंड पड़ने के आसार है, कड़कड़ाती ठंड और कोहरे के कहर से छोटे बच्चे और वृद्धों की हालत खराब है। तेलगुडवा निवासी भोला पासवान, अजय विन्द ने कहा कि यह ग्राम पंचायत आदिवासी बाहुल्य है, जहां गरीब तबके के लोग निवास करते हैं, जिनके पास भरपूर गर्म कपड़े व बिस्तर की भी समस्या है।

# विद्युत गृह का स्वतंत्र निदेशक ने किया दौरा


एनटीपीसी विद्युत गृह का दौरा करतीं स्वतंत्र निदेशक

**शक्तिनगर।** स्वतंत्र निदेशक एनटीपीसी लिमिटेड संगीता वरिएर ने शनिवार को एनटीपीसी सिंगरौली विद्युत गृह का दौरा कर विद्युत गृह के प्लांट प्रचालन का बारीकी से निरीक्षण किया एवं एनटीपीसी के प्रथम विद्युत यूनिट -1 के 40 वर्षों से अधिक समय से मानक के अनुरूप अबाध विद्युत प्रचालन किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी कर्मियों की कुशलता, समर्पण की अत्यंत सराहना की।

इस दारान बैठक में विद्युत गृह के कामकाज की समीक्षा करते हुए भारत सरकार की प्राथमिकताओं के अनुसार गुणात्मक भावी कार्य योजना के संबंध में उचित दिशा-निर्देश दिए। संगीता वरिएर ने कहा कि एनटीपीसी देश का धरोहर है एवं उच्च स्तरीय मानक का अनुपालन करते हुए विद्युत सेवा के क्षेत्र में अग्रणी है। उन्होंने एनटीपीसी कार्मिकों के कर्मठ योगदान की सराहना की। इस अवसर पर स्वतंत्र निदेशक ने एनटीपीसी सीएसआर योजना के तहत आयोजित जेसीबी ऑपरेटर प्रशिक्षण कार्यक्रम के 30 प्रशिक्षु अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र एवं उपहार वितरित किए। वहीं बालिका सशक्तिकरण योजना के तहत एनटीपीसी विद्यालय में अध्ययनरत 29 छात्राओं से वार्ता करते हुए उन्होंने एनटीपीसी को समाज सेवा का पर्याय बताया। संगीता वरिएर ने बालिकाओं का मनोबल बढ़ाने के साथ-साथ उपहार भी प्रदान किए एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य के प्रति शुभकामनाएं व्यक्ति कीं। सीएसआर कार्यक्रम में संगीता वरिएर ने एनटीपीसी द्वारा समाज विकास के क्षेत्र में किए जा रहे अभिनव पहल की सराहना की। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं द्वारा संचालित वनिता रसोई का दौरा किया। तदुपरांत वनिता समाज में उनकी सदस्याओं के साथ समाज विकास के कार्यों पर चर्चा की। कार्यक्रम में एस.के गुजरानिया महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण, डा. भानुमति गुजरानिया, उपाध्यक्षा, वनिता समाज, एके सिंह महाप्रबंधक प्रचालन, अमरीक सिंह, विभास घटक महाप्रबंधक एफजीडी, डा. एस.के खरे महाप्रबंधक चिकित्सा, जोसेफ बास्टियन महाप्रबंधक एडीएम, बी.के सिकंदर विभागाध्यक्ष मानव संसाधन सहित सभी वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षेप

### बाइकों की आमने-सामने टक्कर में एक की मौत, दो घायल

**बभनी।** थाना क्षेत्र के बभनी से चौना मार्ग पर शुक्रवार की शाम दो बाइक की आमने-सामने टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि दो घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए दुद्धी भेज दिया। बताया गया कि बभनी से चौना सम्पर्क मार्ग पर शुक्रवार की शाम दो बाइकों की टक्कर में तीन लोग घायल हो गये। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया, जहां एक की गम्भीर स्थिति देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं घघरी निवासी 28 वर्षीय घायल मुन्ना पुत्र लाल रामधारी को परिजन म्योरपुर अस्पताल ले गये, जहां चिकित्सकों ने उपचार के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक बभनी से बाजार से अपने घघरी घर जा रहा था कि सामने से बरवें गांव निवासी जवाहर पुत्र भगवान दास अपनी पत्नि चन्द्रावती के साथ बभनी आ रहा था। इसी दौरान दोनों बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गयी। जिसमें पति-पत्नि को मामूली चोट आयी। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए दुद्धी भेज दिया।

### विक्षिप्त बालक को पुलिस ने भेजा बाल संरक्षण गृह

**म्योरपुर।** थाना क्षेत्र के किरबिल गांव निवासी महेंद्र कुमार पुत्र जगपत प्रजापति द्वारा डायल 112 पर सूचना दिया गया कि एक अनजान बालक गांव में घूमता दिखाई दे रहा है, जो विक्षिप्त लग रहा है। सूचना पर पहुंचे डायल 112 के कर्मचारियों ने उक्त बालक से पूछताछ करने के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे म्योरपुर थाने ले आये। जहां पूछताछ के बाद पुलिस ने बालक को बाल संरक्षण गृह राबर्ट्सगंज भेज दिया।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**करमा।** पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को पुलिस ने चोरी मामले में आरोपी अमरेश उर्फ छोटू पुत्र राम दुलारे, निवासी ग्राम बिशनपुरा राजगढ़, मड़िहान, मिजार्पुर को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

### सीओ ने किया अनपरा थाने का निरीक्षण, दिया निर्देश

**अनपरा।** सीओ पिपरी प्रदीप सिंह चंदेल ने अनपरा थाने का मुआयना। उन्होंने शस्त्रागार व अभिलेखों का विधिवत निरीक्षण कर एक-एक शास्त्रों की बारीकी से जांच किया। अभिलेखों का अवलोकन करने के बाद शस्त्रों का मिलान कराया। उन्होंने बैरक की साफ सफाई, मेस में साफ सफाई व चबूतरे की मरम्मत, शस्त्रों का भौतिक सत्यापन करते हुए संतोष जताते हुए एसएचओ एसपी सिंह को आवश्यक दिशा निर्देश दिया कि प्रत्येक आरक्षी को शस्त्रों का ज्ञान होना चाहिए। सीसीटीएनएस का भी जायजा लेते हुए महिलाओं पर होने वाले अपराधो पर विशेष सतर्कता बरतने को कहा। वहीं नशे के खिलाफ नकेल कसने के लिए निर्देश दिए। कांस्टेबलों से उन्होंने हथियारों के बारे विस्तृत जानकारी लिया। इस अवसर पर तमाम पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### मक्का परिवहन कर रहा ट्रक मंडी निरीक्षक ने पकड़ा 59400 जुर्माना

**दुद्धी।** रात के अंधेरे में छत्तीसगढ़ से मक्का लोड कर जौनपुर जा रहे मक्का लदे ट्रक को शुक्रवार की रात्रि मंडी निरीक्षक बब्बन राम ने मुखबिर की सूचना पर नगर में दबोच लिया। जांच के दौरान चालक द्वारा कोई प्रपत्र प्रस्तुत नहीं किया जा सका। जिसपर निरीक्षक ट्रक को कब्जे में लेते हुए उसे धनौरा स्थित मंडी समिति में खड़ा करा दिया। शनिवार की सुबह कागजी कार्रवाई करते हुए माल पर 59400 रुपये का जुर्माना लगाया। मंडी निरीक्षक की कार्रवाई से आढ़तियों में हड़कंप मच गया है, जो बिना मंडी शुल्क दिए अपने मंडी उत्पादों को अन्यत्र भेजते हैं। मंडी निरीक्षक बब्बन राम ने बताया कि मंडी उत्पादों को बिना मंडी शुल्क कटवाए न तो व्यापारी यहां माल लायें और न ही कहीं भेजें। पकड़े जाने पर जुर्माना वसूल किया जायेगा, साथ मंडी का लाइसेंस भी निरस्त कर दिया जाएगा।

### दर्जनों गरीबों में बंटे गर्म वस्त्र, खिले चेहरे



**दुद्धी।** प्रेरणा फाउंडेशन की ओर से बनारसी शाह इलेक्ट्रॉनिक्स शॉप पर शनिवार को गरीब व असहायों को ठंड से निजात के लिए कंबल, स्वेटर, जैकेट का वितरण किया गया। प्रेरणा फाउंडेशन के अध्यक्ष बनारसी शाह तथा कोतवाली के वरिष्ठ एसआई संजय कुमार सिंह, राज रंजन ने संयुक्त रूप से दर्जनों असहायों को ठंड से बचाव के लिए वस्त्र वितरित किया। बनारसी शाह ने कहा कि गरीबों और सहयोग के लिए संस्था द्वारा हर तरह की सहायता समय-समय पर किया जाता रहा है।

### चौथे दिन भी अधिवक्ताओं की भूख हड़ताल जारी


**ओबरा।** ओबरा में तहसील भवन बनाने की मांग को लेकर 40 वें दिन धरना प्रदर्शन के क्रम में अधिवक्ताओं तथा समाजसेवियों का क्रमिक भूख हड़ताल चौथे दिन जारी रहा। शनिवार को एड सुशील कुमार पांडे व एड अमित उपाध्याय क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे जिनका माल्यार्पण एड अनिल कुमार, एड राजेश गौतम व सोनभद्र बार एसोसिएशन का समर्थन लेकर आए अधिवक्ता शैलेंद्र केसरवानी, राजेश यादव, अरुण कुमार सिंघल, राजीव कुमार गौतम, आनंद कुमार मिश्रा द्वारा किया गया। इस दौरान विश्व मानवाधिकार दिवस अपने अधिकारों के लिए लड़ रहे अधिवक्ताओं द्वारा भूखे रहकर मनाया गया। सभा में अध्यक्ष रमेश मिश्रा, महामंत्री अनिल मिश्रा, कपूरचंद पांडे, रामपाल शास्त्री, एड अनिल चौधरी, मनोज कुमार मिश्रा, अवधेश अग्रवाल, ब्रह्मा कुमार, एड सुशील शर्मा, एसके जैन ने कहा कि प्रशासन की निरंकुशता के आगे लोकतांत्रिक व्यवस्था लाचार नजर आ रही है। आंदोलनरत समाजसेवियों एवं अधिवक्ताओं की प्रशासन द्वारा घोर उपेक्षा की जा रही है। यह प्रशासन की बड़ी भूल साबित हो सकती है। प्रशासन चंद भ्रष्ट प्रभावशाली व्यक्तियों एवं अधिकारियों के हाथ की कठपुतली बन चुका है। प्रशासन द्वारा खुलेआम सरकारी गजट की धज्जियां उड़ाते हुए तहसील मुख्यालय प्रदूषित इलाके में जो रावर्ट्सगंज विधानसभा क्षेत्र में स्थित है स्थापित करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। सभा में बी एन जयसवाल, एड कमलेश यादव, आनंद श्रीवास्तव, डीके जौहरी, संजय निषाद, सतीश पांडे, अमित उपाध्याय, मनीष मिश्रा, आरती जायसवाल, नीरज कुमार आदि उपस्थित रहे। संचालन उमेश शुक्ला ने किया।

### जीएसटी टीम के आने की सूचना पर दुकानों के गिरे शटर, हड़कंप



**ओबरा।** कर चोरी के मामले में सरकार की सख्ती जिले सहित सभी नगर क्षेत्रों में भी दिख रही है। बीते कई दिनों से आसपास के इलाको में वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी की कई टीमें लगातार छापा मार रही हैं। शनिवार को नगर की दुकानों में छापेमारी की खबर पर कस्बे के बाजार थोड़ी देर में ही पूरी तरह से बंद हो गए। दुकानदार शटर गिराकर दुकानों से दूर हो गए। इस दौरान बाजारों में सामान लेने पहुंचे ग्राहक भी परेशान हो गए। कुछ दुकानदार तो अपना शटर इतनी तेजी से बंद करने लगे जैसे बहुत बड़ी मुसीबत सामने खड़ी हो गयी। हालांकि शाम तक जीएसटी की कोई कार्रवाई कस्बे में नहीं हुई। सूचना थी कि शनिवार को जीएसटी की टीम ओबरा में छापा मारेगी। दोपहर के समय बाजार भीड़भाड़ से गुलजार थे। अचानक अफवाह उड़ी कि जीएसटी की टीम आने वाली है। दुकानदार दुकान बंद कर चले गए। कस्बे के प्रमुख बाजार थोड़ी देर में पूरी तरह बंद हो गए। कस्बे में प्रमुख स्थानों पर कुछ ही दुकानें खुली थीं। बाजार में खरीदारी करने आए लोग बाजार का नजारा देख हैरान थे। किसी को बाजार बंद होने के संबंध में कोई जानकारी नहीं थी। जीएसटी टीम के छापे के डर से लोग दुकान बंद कर इधर-उधर घूम रहे थे। दुकानदारों के बीच अफवाह थी कि टीम कभी किसी इलाके में छापेमारी कर रही है, कभी किसी इलाके में। शाम को बाजारों में फिर से रौनक दिखाई दी, लेकिन दुकानदारों को जीएसटी के छापे का डर अभी भी सता रहा है।

### जीएसटी टीम के आने से अफरा-तफरी, दुकानें रहीं बंद



**डाला।** स्थानीय नगर डाला में जीएसटी टीम के आने की सूचना से बाजार में दुकानदारों के शटर शनिवार की दोपहर अचानक गिर गए। पूरे बाजार में हड़कम्प मच गया। दुकानदार सायंकाल चार बजे तक जीएसटी टीम तक अपने प्रतिष्ठानों को बंद करके इधर उधर नजर आए। दुकानदार ने बताया कि ओबरा में जीएसटी को लेकर दुकानें बंद हो गई हैं और छोटे दुकानों के स्वामियों ने बताया कि गेहूं के साथ घुन भी पिस जाता है, जिसको लेकर सभी दुकाने बंद हो गई हैं।

### पुजारी के निधन से शोक की लहर

**बीजपुर।** एनटीपीसी आवासीय परिसर स्थित शिव मंदिर के पुजारी रामगोविन्द दुबे 90 की मौत शनिवार की अल सुबह होने से परिजनों समेत उनके शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गयी। एनटीपीसी कर्मचारियों समेत शुभचिंतकों ने शोक सभा कर दो मिनट का मौन धारण कर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। आफिसर्स एसोसिएशन के राम कुमार मिश्र ने बताया कि पण्डित रामगोविन्द दुबे बीते तीन दशक से आरती पूजा का कार्य नियमित रूप से कर रहे थे।

# छित्तमपुर के सिवान स्थित कुएं में मिला शव, सनसनी


छात्रा की मौत की खबर के बाद रोते बिलखते परिजन।

**सकलडीहा।** कोतवाली क्षेत्र के छित्तमपुर गांव की 13 वर्षीय कक्षा आठ की छात्रा निधि यादव घर से पिछले चार दिन से लापता थी। शनिवार को सुबह गांव के सिवान स्थित कुंआ में उतराता शव देख गांव में सनसनी फैल गयी। घटना की सूचना मिलते ही एएसपी विनय सिंह सीओ राजेश कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। छात्रा की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

छित्तमपुर गांव के दीपक यादव के दो पुत्र मंजीत और कुलदीप और एक पुत्री निधि यादव थी। निधि यादव गांव के स्वामी विवेकानंद ज्ञानदीप टेकापुर स्कूल में कक्षा आठ की छात्रा थी। पिछले कई दिन से मानसिक रूप से परेशान थी। बुधवार को सुबह घर पर खाना बनाने के बाद स्कूल जाने की बात कहते हुए घर से निकल गयी। स्कूल की छुट्टी होने पर घर नहीं पहुंचने पर परिजन परेशान होकर आसपास गांव सहित अन्य जगह पता लगाया। नहीं पता चलने पर कोवताली पहुंचकर गुमशुदी की रिपोर्ट दर्ज करायी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर युवती के बारे में पता लगाने में जुटी थी। सुबह गांव की एक महिला सिवान में स्थित कुंआ के पास उपला पाथने के लिये गयी थी। कुंआ में उतरा शव देख चिल्लाने लगी। ग्रामीणों की भीड़ जुट गयी। सूचना पर पहुंचे एडीशनल एसपी विनय सिंह, सीओ राजेश कुमार राय और कोतवाल अनिल कुमार पांडेय शव को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला। परिजनों के अनुसार छात्रा कुछ दिनों से मानसिक रूप से बीमार थी। छात्रा का शव देख पिता माता व भाईयों का रोते रोते बुरा हाल था। इस बाबत सीओ राजेश कुमार राय ने बताया कि छात्रा का शव कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेज दिया गया है।

## कम ब्याज दर पर किसानों व आमजन को मुहैया है ऋण

**चंदौली।** प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जनपद के गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के किसानों व नागरिकों को सामान्य रोजगार परक आत्मनिर्भर बनाने हेतु उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक द्वारा न्यनतम ब्याज पर ऋण प्रदान किया जा रहा है। पिछड़े वर्ग के कृषकों व आम नागरिकों को दीर्घकालिन ऋण चार प्रतिशत से 6 प्रतिशत ब्याज दर पर छह वर्षों के लिए प्रदान किया जाएगा। इस योजना के तहत अधिकतम पांच लाख तक ऋण देने की व्यवस्था है, जो न्यूनतम आधा एकड़ से ऊपर संक्रमणीय भूमि को बन्धक रणकर प्राप्त किया जा सकता है। इसी प्रकार अनुसूचित जाति एवं जनजाति के कृषकों व नागरिकों को 3.50 प्रतिशत से 6 प्रतिशत की ब्याजदर पर 6 वर्षों हेतु न्यूनतम आधा एकड़ से ऊपर संक्रमणीय भूमि को बंधक करके ऋण दिया जा रहा है। योजना का मुख्य उद्देश्य कृषि एवं कृषि उत्पादकता को बढ़ाना है, जिससे लोगो को शिक्षा व व्यवसाय से जोड़ा जा सके व लोग विकास की मुख्यधारा से जुड़ सकें। इस कार्य में जिलाधिकारी महोदया का विशेष रूचि है एवं समय-समय पर मार्ग निर्देशन प्राप्त होता रहता है।

# अभियान चलाकर करें लंबित पेंशन आवेदनों का सत्यापन

**चंदौली।** जनपद में सोशल सेक्टर की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन व बेहतर प्रगति सुनिश्चित किए जाने के संबंध में जिलाधिकारी ईशा दुहन ने शुक्रवार की शाम कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने वृद्धा, निराश्रित विधवा एवं दिव्यांगजन पेंशन योजना के लंबित समस्त आवेदन पत्रों का अभियान चलाकर सत्यापन कराने के निर्देश उपजिलाधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को दिए।

उन्होंने कहा कि सत्यापन का कार्य अगले चार से पांच दिनों में निश्चित रूप से करा लिया जाए, जिससे पात्र आवेदन पत्रों की स्वीकृति की कार्रवाई फौरन कराई जा सके। समाज कल्याण विभाग द्वारा आगामी फरवरी माह में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कराते हुए अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों का आवेदन पत्र भरवाए जाने के निर्देश दिए, जिससे अधिक से अधिक गरीब बेटियों की शादी सामूहिक विवाह योजना के दौरान कराकर लाभान्वित किया जा सके। डीएम ने दिव्यांगजन विभाग की विभिन्न योजनाओं का आम जनमानस में व्यापक रूप से प्रचार प्रसार कराने एवं दिव्यांगजनों को योजनाओं से लाभान्वित कराए जाने के निर्देश दिव्यांगजन अधिकारी को दिए। उन्होंने दिव्यांगजनों को लाभान्वित कराए जाने हेतु ट्राई साइकिल, कृत्रिम अंग, सहायक उपकरणों इत्यादि की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। निराश्रित विधवा पेंशन योजना के लंबित आवेदन पत्रों के सत्यापन एवं स्वीकृति की कार्रवाई जल्द से जल्द कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सोशल सेक्टर की समस्त पेंशन योजनाओं के सत्यापन एवं स्वीकृति में अनावश्यक विलंब कतई ना किया जाए, अविलंब सत्यापन कराकर स्वीकृति की कार्रवाई किया जाय। कन्या सुमंगला योजना के लंबित समस्त आवेदन पत्रों का संबंधित अधिकारीगण द्वारा अविलंब निस्तारण सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए।

## संक्षेप

### मानवाधिकार दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**डीडीयू नगर।** स्थानीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत मानवाधिकार दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डा. युवराज ने भारत सरकार के इस वर्ष के थीम डिग्निटी, फ्रीडम और जस्टिस फार आल से छात्र-छात्राओं को परिचित कराया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को मानवाधिकार के संकल्प की जानकारी दी गई। मानवाधिकार की रक्षा हेतु शपथ दिलाया गया। मौके पर अजीत, डा. ब्रजेश, डा. प्रजापति, डा.पंकज, डा.अरविंद कुमार के साथ छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं।

### महिला समानता से साकार होगा विकसित समाज का सपना



**सकलडीहा।** सकलडीहा पीजी कॉलेज में शनिवार को महिला समानता से साकार होगा। विकसित समाज का सपना विषय पर गोष्ठी का आयोजन हुआ। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए विस्तार से जानकारी दिया। प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय ने कहा परिवार से ही समानता की सीख दी जानी चाहिए। जिससे समाज में महिलाओं को सम्मान मिल सके। वहीं मुख्य वक्ता डा.दयाशंकर सिंह यादव विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र ने कहा कि भारतीय परंपरा की जड़ में महिला असमानता मौजूद है। जो हमारे संस्कार का हिस्सा बन गई है। इसे दूर करके ही समानता स्थापित किया जा सकता है। डा.अजय कुमार यादव ने कहा कि लैंगिक समानता हमारे पाठ्यक्रम का भी हिस्सा है। इसे गंभीरता से समझने की जरूरत है। हम बेटी को भी बेटा के रूप में बुलाते हैं। इसके पीछे हमारी पुरुष मानसिकता की देन है। डा. इंद्रजीत सिंह ने कहा कि लड़कियां किसी अवसर पर अब लड़कों से पीछे नहीं है फिर भी उन्हें वह पहचान नहीं मिल पा रही है। प्रोफेसर उदय शंकर झा ने वेद में विदुषी महिलाओं को रेखांकित किया। इस मौके पर डा.राजेश कुमार यादव, डा.प्रीतम उपाध्याय, संदीप सिंह प्रोफेसर विजेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे। संचालन जितेंद्र यादव व धन्यवाद डा.महेंद्र प्रताप सिंह ने किया।

### विवाद के निपटारे के लिए एसडीएम व सीओ ने किया पहल



**पड़ाव।** आबादी की जमीन में हुए विवाद के समस्या का निस्तारण करने के लिए मौके पर जांच करने पहुंचे क्षेत्राधिकारी पंडित दीनदयाल नगर व उपजिलाधिकारी पंडित दीनदयाल नगर मौका मुआयना किया। विदित हो कि 3 दिन पूर्व इस मामले को लेकर ग्राम सभा मढ़िया के दर्जनों महिला और पुरुष जलीलपुर पुलिस चौकी पर पहुंचकर पुलिस के खिलाफ लापरवाही का आरोप लगाते हुए काफी होहल्ला मचाया था। चौकी इंचार्ज दिलीप कुमार श्रीवास्तव के समझाने के पश्चात ग्रामीण शांत होकर घर लौटे थे, वहीं शनिवार के दिन उपजिलाधिकारी अविनाश कुमार और क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध सिंह पुलिस प्रशासन के साथ मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इसके पश्चात यथास्थिति कायम रखने की हिदायत दी। साथ ही निर्माण करा रहे व्यक्ति को बुलवाकर चेतावनी दी कि अंदर कोई भी निर्माण नहीं होना चाहिए और जो ईट सीमेंट बालू रखा है उसको तुरंत प्रभाव से यहां से हटवा लीजिए नहीं तो इसको सरकारी संपत्ति घोषित करवा कर उठा लिया जाएगा। मौके पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण व महिलाएं उपस्थित रहे उपजिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी के इस फैसले से सभी ग्रामीणों में हर्ष हुआ और हर हर महादेव के नारे लगाए।

### धानापुर में दाखिले में आई अड़चन तो धरने पर बैठे छात्र-छात्राएं



**धानापुर।** कस्बा स्थित शहीद हीरा सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को दाखिले सहित अन्य समस्याओं को लेकर छात्र-छात्राओं ने धरना प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि शिक्षक नियमित रूप से महाविद्यालय नहीं आते है। छात्र-छात्राएं दाखिले के लिए विगत कई दिनों से दौड़ रहे है। मार्कशीट मांगने पर चाभी नहीं होने बहाना बनाया जाता है। शनिवार को विद्यार्थियों ने कलर्क से दाखिले के लिए कहा गया तो उन्होंने कहा कि बिना शिक्षक के जांच किए बगैर फार्म लेने से इन्कार कर दिया। प्रवेश की अंतिम तिथि होने व शिक्षक के गैरहाजिर होने की दशा में प्राचार्य द्वारा की गई अनदेखी से विद्यार्थियों का गुस्सा फूट पड़ा। इस दौरान धरनारत छात्र-छात्राओं का कहना है कि पुस्तकालय तो है लेकिन वह कई वर्षों से बंद पड़ा है। उसके दरवाजे पर लगे ताले पुस्तकालय की व्यथा को बताते है। आरोप लगाया कि महाविद्यालय अनुशासनविहीन हो चुका है। आए दिन महाविद्यालय में बाहरी लोग आकर खुराफात करते हैं। साथ ही छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय के प्रवेश द्वार पर एक कर्मचारी नियुक्त करने का अपील की। वहीं शौचालय की साफ-सफाई और पानी को लेकर भी सवाल उठाए। इस बाबत महाविद्यालय के प्राचार्य डा. आरएन शर्मा का कहना है कि दाखिले की अंतिम तिथि नौ दिसंबर और छात्रवृत्ति की अंतिम तिथि दस तारीख निर्धारित की गई थी। बावजूद इसके छात्रों का दाखिला नहीं हो सका, जिसको देखते हुए शनिवार को भी दाखिला का काम किया गया।

### प्रमासपा ने अतिपिछड़ी जातियों के हक की आवाज को किया बुलंद



**डीडीयू नगर।** प्रगतिशील मानव समाज पार्टी का 28वां स्थापना दिवस डीडीयू नगर स्थित लाट नंबर दो पर मनाया गया। प्रगतिशील मानव समाज पार्टी के मंडल महामंत्री गणेश प्रसाद बिंद ने कहा कि पार्टी का गठन अतिपिछड़ी दलित अल्पसंख्यक और जो समाज के मुख्यधारा से बंटा हुआ है उसको ध्यान में रखते हुए गठन किया गया था। पार्टी हमेशा 17 अतिपिछड़ी जातियों के हक के लिए आवाज उठाती रही है। प्रदेश अध्यक्ष भोला बिंद ने कहा कि प्रदेश में हिंदू-मुस्लिम का ध्रूवीकरण करके अराजकता कायम किया जा रहा है हमें मुद्दों से भटकाया जा रहा है महंगाई की मार से आम जनमानस परेशान है वही युवा रोजगार न मिलने से व्यथित हैं प्रदेश सरकार गरीबों को गरीब और अमीरों को अमीर कर रही है उसकी कथनी करनी में जमीन आसमान का अंतर है। अंत में स्थापना दिवस कार्यक्रम का समापन करते हुए राष्ट्रीय संगठन मंत्री मोतीलाल बिंद ने कहा कि सत्ता में भागीदारी हिस्सेदारी हम लेकर रहेंगे और आने वाले 2024 लोकसभा चुनाव में सब सीटों पर प्रत्याशी उतार कर किसान विरोधी सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकेंगे। इस अवसर पर तपस्या बिंद, प्रेम पासवान, सद्दाम हुसैन, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रमेश पासवान, विधानसभा अध्यक्ष चकिया रमेश बिंद, शशि प्रभा बिंद, सैयद राजा विधानसभा अध्यक्ष निरहू बिंद, नीरज गोस्वामी, नगर अध्यक्ष बालकरण बिंद, भगवती बिंद इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# मनरेगा के तहत लिंक करें श्रमिकों का आधार कार्ड

**चंदौली।** जिलाधिकारी ईशा दुहन द्वारा शनिवार की देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर विकास विभाग से संबंधित कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान जिलाधिकारी ने मनरेगा योजना के अंतर्गत श्रमिकों का आधार लिंकेज का कार्य शत-प्रतिशत कराए जाने के निर्देश खंड विकास अधिकारियों को दिए। चकिया सहित जिन विकास खंड में श्रमिकों के आधार लिंकेज के कार्य की प्रगति अपेक्षित नहीं है, संबंधित खंड विकास अधिकारियों को प्रभावी कार्रवाई कराते हुए आधार लिंकेज का कार्य तेजी से कराने के निर्देश दिए।

जनपद में खेल को बढ़ावा देने व युवाओं के अभ्यास के लिए प्रत्येक विकासखंड में मनरेगा के अंतर्गत मिनी स्टेडियम बनाए जाने हेतु उपयुक्त भूमि की उपलब्धता शीघ्र सुनिश्चित कराने के लिए डीएम ने संबंधित उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने मिनी स्टेडियम में रनिंग ट्रैक, ओपन जिम आदि सहित मूलभूत सुविधाओं हेतु कॉमन डिजाइन तैयार कराने के निर्देश परियोजना निदेशक डीआरडीए को दिए। डीएम ने बताया कि विकासखंड स्तर पर बनाए जाने वाले मीडियम मिनी स्टेडियम में अच्छे स्तर का रनिंग ट्रैक, ओपन जिम, लाइब्रेरी आदि सहित पेयजल, टॉयलेट आदि मूलभूत सुविधाएं विकसित की जाएगी। डीएम ने समस्त ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक कार्य कराने, अधिक से अधिक श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कहा कि ग्रापं स्तर पर मनरेगा कार्यों में अधिक से अधिक महिला श्रमिकों की भी भागीदारी सुनिश्चित किया जाए। पूर्व में आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष प्रधानमंत्री आवास एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के शत प्रतिशत आवासों का निर्माण पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। जनपद को प्राप्त नए लक्ष्य के सापेक्ष प्रधानमंत्री आवास योजना के आवासों की स्वीकृति की कार्रवाई तेजी से करा लिए जाने के निर्देश पीडी डीआरडीए एवं संबंधित खंड विकास अधिकारियों को दिए।

## मानवाधिकार दिवस पर निकली जागरूकता रैली

**चंदौली।** मानवाधिकार दिवस पर सुभवन्ती सोशल वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में शनिवार को जागरूकता रैली निकाली गई। उक्त रैली संस्था कार्यालय से प्रारंभ होकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक गई, जिसमें संस्था के प्रबंध निदेशक सत्यजीत यादव, केंद्र प्रबंधक सादिक, प्रशिक्षण प्रदाता सोनल, सीता, सविता एवं विवेक उपस्थित रहे।

## बीएचयू में प्रांजल को मिला स्वर्ण पदक

**चकिया।** क्षेत्र के उसरी गांव निवासी किसान लोलार्क पांडेय के पुत्र प्रांजल पांडेय को शनिवार को काशी हिंदू विश्वविद्यालय में आयोजित समारोह में प्रबंधन समाज कार्य विभाग संकाय में सर्वोच्च अंक प्राप्त होने पर कुलपति द्वारा स्वर्ण पदक से पुरस्कृत किया गया। प्रांजल की सफलता से परिवार जनों के साथ ही क्षेत्र में हर्ष का माहौल व्याप्त है। प्रांजल ने बीटेक की पढ़ाई करने के बाद काशी हिंदू विश्वविद्यालय में प्रबंधन समाज कार्य विभाग संकाय में दाखिला लिया था। प्रांजल ने सफलता का श्रेय भाई अजय पाण्डेय, डा. अभिषेक पांडेय सहित परिवारजनों को दिया है।

# स्वयं सहायता समूहों को सौंपें सामुदायिक शौचालय

**बैठक**

### कलेक्ट्रेट सभागार में हुई जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कमेटी की बैठक

जनसंदेश न्यूज


चंदौली कलेक्ट्रेट में अफसरों संग बैठक करती डीएम।

**चंदौली।** जिलाधिकारी ईशा दुहन की अध्यक्षता में शुक्रवार की देर सायं स्वच्छ भारत मिशन योजना अंतर्गत जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन योजना के अंतर्गत एसबीएम फेज-2 के अंतर्गत स्वच्छ शौचालयों के साथ ही सामुदायिक शौचालयों के निर्माण एवं हैंडओवर कराए जाने पर चर्चा हुई। जिला पंचायतराज अधिकारी द्वारा बताया गया कि स्वच्छ भारत मिशन फेज-2 के अंतर्गत राज्य स्तर से प्राप्त कुल 13731 लक्ष्य के सापेक्ष 11407 स्वच्छ शौचालयों का निर्माण कराया जा चुका है।

इस मौके पर जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि शेष शौचालयों का निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करा लिया जाए। एसबीएम फेज-2 के अंतर्गत जनपद में पूर्ण हो चुके समस्त सामुदायिक शौचालयों को महिला स्वयं सहायता समूहों को अविलंब हैंडओवर करा दें। पूर्व में हस्तांतरित हो चुके सामुदायिक शौचालयों की देखरेख करने वाली महिला समहों को निर्धारित मानदेय की धनराशि का भुगतान फौरन करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सामुदायिक शौचालयों की नियमित साफ-सफाई का प्रबंध सुनिश्चित रहे। निर्मित हो चुके व्यक्तिगत शौचालयों का उपयोग करने हेतु लोगों को प्रेरित करने का लगातार प्रयास किया जाए। कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नमामि गंगे योजना के अंतर्गत गंगा किनारे अवस्थित समस्त 47 ग्राम पंचायतों के 65 राजस्व ग्रामों में सॉलिड लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट की कार्ययोजना अविलंब तैयार करा लिया जाए। स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 के निर्धारित प्रक्रिया व स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 अंतर्गत उदीयमान, उज्जवल एवं मॉडल ग्राम बनाए जाने पर चर्चा करते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई समयान्तर्गत कराए जाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजितेंद्र नारायण, जिला विकास अधिकारी, पीडी डीआरडीए आदि उपस्थित रहे।

# खेल से होता है बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास

**बोले जितेंद्र**

### भाजपा महामंत्री ने गुरुकुल स्कूल में किया खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज



**चंदौली।** क्षेत्र के नेगुरा स्थित गुरुकुल स्कूल में शनिवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन भाजपा महामंत्री जितेंद्र पांडेय ने ध्वज फहराकर किया। इसके बाद स्कूल के छात्र-छात्राओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से मुख्य अतिथि का स्वागत एवं अभिनंदन किया। तत्पश्चात उन्होंने शुटिंग में हाथ आजमाया और स्कूल प्रबंधन की ओर से खेलकूद के बेहतर आयोजन के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके बाद संरक्षक इम्तियाज अहमद खां और प्रधानाचार्य कृष्णकांत ने माल्यार्पण कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्तमान में बच्चे खेलकूद गतिविधियों से दूर होते जा रहे हैं, जिससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास व्यापक पैमाने पर नहीं हो पाता। ऐसे में स्कूल की ओर से निरंतर खेल आयोजन किया जाना सराहनीय और बच्चों के सर्वांगीण विकास के हित में है। कहा कि आज ज्यादातर बच्चे मोबाइल व टीवी में ही अपना समय गुजार दे रहे हैं। ऐसे में उन्हें इनडोर या आउटडोर गेम में हिस्सा लेने का मौका नहीं मिल पाता और धीरे-धीरे आज ऐसे खेलों के प्रति बच्चों की रूचि तेजी से घट रही है। उन्होंने सभी बच्चों से आह्वान किया कि प्रतियोगिता में पूरे दमखम व सूझ-बूझ के साथ प्रतिभाग करें।

कहा कि खेल हमें अनुशासन का पाठ पढ़ाता है। साथ ही टीम भावना हमें एकजुटता की ताकत का ऐहसास कराती है। यदि दोनों नियम आगे चलकर हमारे जीवन में काम आते हैं। खेलों से हमें आपसी प्रेम, सद्भावना के साथ ही एकजुट रहने का संदेश मिलता है। प्रबंधक इसरार अहमद ने बताया कि बच्चे शारीरिक एवं मानसिक रूप से हमेशा चुस्त-दुरूस्त रहें। इसे देखते हुए विद्यालय की ओर से निरंतर ऐसे आयोजन किए जाते हैं, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो और वे पढ़ाई में भी तेजी से आगे बढ़ें। इसके बाद बच्चों ने कबड्डी, राइफल शूटिंग, बैडमिंटन, चेस, 50 व 100 मीटर दैड़, रस्साकस्सी, ऊंची कूद, लम्बी कूद, मैथ, बेलन व बोरा दौड़ आदि खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया और अपनी प्रतिद्वंदियों को शिकस्त दी। इस अवसर पर मधु श्रीवास्तव, शमशुद्दीन, रोशन मौर्या, खुशबू सिद्दीकी, किरन, अंजली, प्रियांशी, सुबाष शर्मा, परवेज खान आदि उपस्थित रहे।

## गौवंश आश्रय स्थलों पर पशुओं को ठंड से बचाएं : डीएम

**चंदौली।** डीएम ईशा दुहन की अध्यक्षता में शुक्रवार की देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों के संबंध में समीक्षा बैठक हुई। सर्दी के मौसम को देखते हुए पशुओं को ठंड से बचाव हेतु समस्त आश्रय स्थलों में पर्याप्त शेड, बोरे, तिरपाल के साथ ही अलाव की व्यवस्था, पर्याप्त चारा पानी तथा उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित रखे जाने के कड़े निर्देश डीएम ने मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि उपरोक्त व्यवस्थाओं के साथ ही पशुओं के समुचित इलाज हेतु संबंधित पशु चिकित्साधिकारी नियमित भ्रमण एवं निरीक्षण करते रहें। कहा कि ठंड से, चारा पानी की कमी या इलाज के अभाव में किसी भी पशु की मृत्यु नहीं होनी चाहिए, अन्यथा संबंधित की जवाबदेही तय करते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी। आश्रय स्थलों पर समस्त रिकॉर्ड व रजिस्टर व्यवस्थित ढंग से एवं अपडेट रखे जाएं। गोवंश आश्रय स्थलों पर साफ सफाई की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित रहे। समस्त खंड विकास अधिकारी व संबंधित पशु चिकित्साधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों के समस्त गो आश्रय स्थलों का अगले दो दिनों में निरीक्षण कर वहां सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करा लें।

# प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने देखा स्टॉल

**चहनियां।** कस्बा स्थित खण्ड विकास कार्यालय में चलो चंदौली के तहत प्रशासन आपके द्वारा जनसम्पर्क व जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी ईशा दुहन ने परिसर में लगे विभिन्न विभागों, कार्यदायी संस्था, प्राइवेट फार्मो द्वारा लगे स्टाल का निरीक्षण किया। आंगनवाड़ी केंद्र द्वारा पांच महिलाओं की गोद भराई, पांच बच्चों का अन्न प्रासन्न व दस बच्चियों को पोजल थैलियों का वितरण किया। वहीं स्टालो पर लगे खाद्य सामग्रियों, ड्रैगन खेती आदि के बारे में जाना। इसकी शुरूआत जिलाधिकारी ने द्वीप प्रज्वलित करके किया। खण्ड विकास परिसर में पौधरोपण किया। अधिकारियों ने बुके देकर डीएम का स्वागत किया। जिलाधिकारी ने मंच से आवास अन्य योजनाओं का प्रमाणपत्र लाभार्थियों को वितरण किया। ब्लाक प्रमुख अरुण कुमार जायसवाल ने जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस दौरान डीएम ने कहा कि चलो चंदौली प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनपद के विकास कराना है। कहा कि सरकार की जो योजनाये है उसे जनता के बीच मे लाना है। पहला तो यह कि लोगो को इसका लाभ मिले। दूसरा यहां जनपद में बहुत सारे पर्यटक स्थल है जिसको बढ़ावा देना है। चंदौली जिला में हर ब्लाकों में इसका शुरूआत किया गया है जो यहां कार्यक्रम अच्छा हुआ है। कहा कि जनपद के हर गांव में जल्द ही जनचौपाल का आयोजन होगा, जिसमें गांव के विकास व लाभार्थियों को योजना मिलेगी। इस दौरान सीडीओ अजितेंद्र नारायण, एसडीएम मनोज, डीपीआरओ ब्रम्हचारी, एएसपी सुखराम, सीएमओ डा. वाईके राय, क्षेत्राधिकारी राजेश राय, प्रमुख अरुण कुमार जायसवाल, तहसीलदार वंदना मिश्रा, शशिकान्त पाण्डेय, रितेश कुमार, गृजेश सिंह, मनोज कुशवाहा, सतीश गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे। संचालन दीना नाथ यादव ने किया।

## नियमों की अनदेखी करने वाले वाहनों का कटा चालान

**कन्दवा।** सैयदराजा-जमानियां मार्ग पर शनिवार को कंदवा थाना प्रभारी शैलेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में मय हमराहियों संग वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों से पुलिस ने जुमार्ना वसूल करते हुए हिदायत भी दी। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी शैलेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। बिना हेलमेट के मोटरसाइकिल चला रहे दो दर्जनों से अधिक दो पहिया वाहन चालकों को आवश्यक हिदायत देते हुए आवश्यक जुर्माना वसूल किया गया।वहीं बिना सीट बेल्ट के वाहन चला रहे चार पहिया वाहन चालकों को भी सीट बेल्ट लगा कर वाहन चलाने की हिदायत देते हुए जुमार्ना वसूल किया गया। इस दौरान रामपुर चौकी प्रभारी मनोज पाड़े,मुन्ना राम आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# एसडीएम ने धान क्रय केंद्र का किया निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज



**चकिया।** जिला प्रशासन के निर्देश पर शनिवार की दोपहर उपजिलाधिकारी ज्वाला प्रसाद ने विकासखंड के मुड़हुआ दक्षिणी गांव में स्थित धान क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण किया। जहां केंद्र प्रभारी को चेतावनी दी कि धान क्रय में किसी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अगर कुछ शिकायत मिलती है तो कार्रवाई भी जरूर होगी। दोपहर 2 बजे के आसपास मुड़हुआ दक्षिणी गांव पहुंचे उपजिलाधिकारी ने क्रय किये गये धान की गुणवत्ता जानने के लिए नमी मापक यंत्र से धान की जांच कराई। इसके अलावा उपजिलाधिकारी ने क्रय केंद्र पर पावर डस्टर के अलावा बोरा ,तिरपाल और पेयजल की स्थिति का जायजा लिया। वहीं उपजिलाधिकारी ने किसानों को क्रय केंद्र पर आने वाली समस्याओं के लिए ऑनलाइन नंबर पर सूचित करने के लिए जागरूक किया। क्रय केंद्र प्रभारी को चेताया कि समय अनुसार किसानों के धान की खरीद नहीं की गई तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### धान क्रय केन्द्र पर खरीदारी का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**सकलडीहा।** डीएम ईशा दुहन के निर्देश पर धान खरीदारी के दौरान किसानों को कोई समस्या न हो इसके लिये अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इस क्रम में बीडीओ अरूण कुमार पांडेय सकलडीहा विकास खंड के धान क्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान धान की खरीदारी और बोरा उपलब्ध होने पर संतोष जताया। अन्य धान क्रय केन्द्रों पर समस्या होने पर सुझाव दिया। धान की खरीदारी को लेकर लगातार जिला और तहसील प्रशासन की ओर से प्रयास जारी है। इस क्रम में जिला की ओर से नियुक्त खंड विकास अधिकारी अरूण कुमार पांडेय ने सकलडीहा विपणन केन्द्र, रानेपुर, नईबाजार, भोजापुर, महेसुआ धान क्रय केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान 19 किसानों से 1182.80 कुंतल की खरीदारी होने की जानकारी प्राप्त हुआ। अन्य सेंटर बी पर 4 किसानों से 564 कुंतल धान की खरीदारी किया गया है। उपकेन्द्र पर मात्र तीन हजार बोरी अवशेष है। टोकन के माध्यम से कुल 666 किसानों का नंबर लगा है। अन्य केंद्र पर पांच किसानों से 341 कुंतल धान की खरीदारी होने की जानकारी प्राप्त हुई। इस बाबत बीडीओ अरूण कुमार ने बताया कि धान की खरीदारी को लेकर किसानों को कोई समस्या नहीं होने दिया जोयगा। मौके पर विजय सहित अन्य केन्द्र प्रभारी मौजूद रहे।

## महुअर यात्री विश्रामालय पर पुआल भर रहे हैं लोग

**चहनियां।** क्षेत्र के महुअर स्थित गांव में बना विश्रामालय में गांव के कुछ लोगों द्वारा पुआल रखा जा रहा है। वहीं आसपास गंदगी का अंबार है, जिससे बैठने में परेशानी होती है। लोग खड़े होकर वाहनों का इंतजार करते है। सरकार द्वारा मुख्य मार्गो के गांवो या लगभग हर गांवों में यात्रियों व राहगीरों को बैठने के लिए यात्री विश्रामालय बनाया गया है, जहां लोग बैठकर वाहनों का इंतजार कर सके। किन्तु महुअर कला स्थित गांव में बनाया गया यात्री विश्रामालय में कुछ लोगो द्वारा पुआल भरकर गंदगी फैलाया गया है। जिसमें लोगों को बैठने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। दूरदराज से आकर वाहन का इंतजार करने वाले या फिर सवारी गाड़ी का इंतजार करने के लिए लोगो को सड़क पर खड़ा होकर इंतजार करना पड़ता है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत प्रधान व अधिकारियों से किया था किंतु कोई सुनवाई नहीं हुई। जब से बना है लोग इसमे भूंसा या फिर पुआल भरकर रख देते है। इसके कारण पास स्थित हेल्थ व वेलनेस सेंटर पर भी गंदगी रहती है, जहां महिलाएं आसपास के गांवो से भी प्रसव संबंधित जांच करवाने आती है। ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

# हर फरियादियों की शिकायतों का करें निस्तारण



**चंदौली।** प्रदेश सरकार के मंशानुरूप थाना समाधान दिवस में आये हर फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना जाये और समय-सीमा के अन्तर्गत उनका निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाए, ताकि फरियादियों को इधर-उधर भटकना न पड़े। जिलाधिकारी ने कहा कि जनता दर्शन में प्राप्त होने वाली उन शिकायतों को जिनका मामला राजस्व एवं पुलिस से संबंधित हो उनमें से 10-10 शिकायतें सभी उपजिलाधिकारी तथा क्षेत्राधिकारी अलग कर ले और उन मामलों का निस्तारण थाना दिवस के माध्यम से समाधान कराएं। साथ ही पुराने मामले जिनका निस्तारण फसल लगने या पानी लगने से नहीं हो पाया हो उनको तत्काल निस्तारित कराये।

उन्होंने सकलडीहा कोतवाली व थाना बलुआ में आयोजित थाना समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुनी। कहा कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतो को सूचीबद्ध किया जाए तथा राजस्व और पुलिस द्वारा गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का समयावधि के अंदर उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि फरियादियों को बार-बार अपनी शिकायतों को लेकर इधर-उधर भटकना न पड़े। कहा कि समाधान दिवस में आई छोटी-बड़ी सभी शिकायतों को सूचीबद्ध कर रजिस्टर में दर्ज किया जाए तथा उनका समय-सीमा के अंतर्गत मौके पर जाकर निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन प्रकरणों में दुबारा प्रार्थना पत्र न आये। सकलडीहा कोतवाली में कुल 06 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 02 का समाधान कर दिया गया है।

शेष शिकायतों में पुलिस व राजस्व की टीम गठित कर मौके पे त्वरित निस्तारण हेतु भेजा गया है। जिसका निस्तारण जल्द कर दिया जाएगा। इसी प्रकार थाना बलुआ में कुल 17 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 01 का समाधान कर दिया गया है।

### थाना दिवस में दो पड़े प्रार्थना पत्रों का नहीं हुआ निस्तारण

**चंदौली।** मुख्यालय स्थित सदर कोतवाली में शनिवार को थाना दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें दो प्रार्थना पत्र राजस्व से संबंधित पड़े, लेकिन निस्तारण नहीं हो पाया इसके लिए टीम गठित कर राजस्व विभाग को भेज दिया गया। इस दौरान एसडीएम अजय ने कहा कि प्रार्थना पत्रों का निस्तारण समय से करना सभी अधिकारियों कर्मचारियों का दायित्व है। सरकार की मंशा है कि फरियादियों की समस्या समझते ही उनके प्रार्थना पत्र पड़ने के बाद पारित कर दिया जाए। इस दौरान सदर कोतवाल राजीव प्रताप सिंह, राजकुमार आदि उपस्थित रहे।

# स्पोर्ट्स

### उषा बनी आईओए की पहली महिला अध्यक्ष

नई दिल्ली। पूर्व महिला एथलीट पी टी उषा भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की पहली महिला अध्यक्ष बनी हैं। उषा के आईओए अध्यक्ष बनने से भारतीय खेल प्रशासन और बेहतर होने की उम्मीद है। एशियाई खेलों की पदक विजेता और 1984 के लॉस एंजलिस ओलंपिक खेलों में 400 मीटर दौड़ में चौथे स्थान पर रही उषा को चुनाव के बाद आईओए पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। उषा के अध्यक्ष बनने के बाद से ही आईओए में गुटीय राजनीति भी समाप्त हो गयी है। वहीं इससे पहले अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने इस महीने चुनाव नहीं कराने की दशा में आईओए को निलंबित करने की चेतावनी दी थी। इन चुनावों को पहले दिसंबर 2021 में होना था। उषा अध्यक्ष पद के लिए नामांकन करने वाली एकमात्र प्रत्याशी भी थीं।



# ईशान किशन से हारा बांग्लादेश: 182 पर ऑलआउट हुई टीम

## भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ वनडे में हासिल की सबसे बड़ी जीत, ईशान किशन और कोहली ने किया धमाका

### ईशान ने अकेले बनाए थे 210 रन, विराट ने भी जमाई सेंचुरी

**चटगांव।** भारत ने तीन वनडे मैचों की सीरीज के तीसरे मुकाबले में बांग्लादेश को 227 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही वह सीरीज में क्लीन स्वीप होने से बच गया। बांग्लादेश ने सीरीज को 2-1 से अपने नाम कर लिया। तीसरे मुकाबले में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया।

भारत ने 50 ओवर में आठ विकेट पर 409 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेशी टीम 34 ओवर में 182 रनों पर सिमट गई। भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज के आखिरी मुकाबले में 227 रन से जीत हासिल की। बांग्लादेश के खिलाफ टीम इंडिया की वनडे में यह सबसे बड़ी जीत है। उसने इससे पहले 11 अप्रैल 2003 को उसके खिलाफ ढाका में 200 रन से जीत दर्ज की थी।

भारतीय पारी में चोटिल कप्तान रोहित शर्मा की जगह प्लेइंग-11 का हिस्सा बने ईशान किशन ने इंटरनेशनल क्रिकेट की सबसे तेज डबल सेंचुरी जमाई। उन्होंने 126 बॉल में यह कारनामा किया है। ईशान 131 गेंद पर 24 चौके और 10 छक्कों की मदद से 210 रन बनाकर आउट हुए। 24 साल के किशन ने क्रिस गेल (138 बॉल पर) के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। गेल ने 2015 में जिम्बाब्वे के खिलाफ यह कारनामा किया था।



ईशान के अलावा पूर्व कप्तान विराट कोहली ने वनडे करियर का 44वां वनडे शतक जमाया है। कोहली ने 1214 दिनों के बाद इस फॉर्मेट में शतक जमाया है। उन्होंने अपना आखिरी शतक 14 अगस्त 2019 को पोर्ट ऑफ स्पेन में वेस्टइंडीज के खिलाफ जमाया था। उसके बाद से वे 25 पारियों तक शतक नहीं जमा सके थे। ईशान और विराट की पारियों के दम पर भारत ने वनडे छठी बार 400+ स्कोर बनाया है। भारत के अन्य बल्लेबाजों में वाशिंगटन सुंदर ने 37 और अक्षर पटेल ने 20 रन की पारी खेली। शिखर धवन और श्रेयस अय्यर 3-3 रन बनाकर आउट हुए। इस मैच में कप्तानी कर रहे केएल राहुल 8 रन ही बना सके।

***विराट ने तोड़ा पोंटिंग का रिकॉर्ड अब सिर्फ सचिन हैं आगे***

विराट कोहली ने इंटरनेशनल क्रिकेट में 72वीं सेंचुरी बनाई है। इसके साथ ही वे सबसे ज्यादा शतक जमाने के मामले में दुनिया के दूसरे नंबर के बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का रिकॉर्ड तोड़ा है। पोटिंग ने 560 मैचों में 71 सेंचुरी जमाई थी। विराट ने 482 मैचों में ही 72 शतक पूरे कर लिए हैं।

***बांग्लादेश में सबसे बड़ी पारी***

किशन (210) ने बांग्लादेश की पिच पर सबसे बड़ी पारी खेली हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर शेन वाटसन (185*) के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा है। बांग्लादेश में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में विराट कोहली (183) तीसरे नंबर पर हैं।

***किशन-कोहली के बीच 290 की पार्टनरशिप***

15 रन पर शिखर धवन के आउट होने के बाद ईशान किशन और विराट कोहली ने पारी संभाली। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 290 रन की साझेदारी हुई।

***दोनों टीमों की प्लेइंग-11***

भारतः केएल राहुल (कप्तान) ईशान किशन शिखर धवन विराट कोहली श्रेयस अय्यर वॉशिंगटन सुंदर अक्षर पटेल कुलदीप यादव शार्दूल ठाकुर मोहम्मद सिराज और उमरान मलिक।

बांग्लादेश - लिटन दास (कप्तान) अनामुल हक शाकिब अल हसन मुशफिकुर रहीम यासिर अली महमूदुल्लाह आफिफ हुसैन मेहदी हसन मिराज तस्कीन अहमद मुस्ताफिजुर रहमान और इबादत हुसैन।

# मार्च में होंगे महिला आईपीएल मुकाबले

## देश में पहली बार होने जा रहे महिला आईपीएल मुकाबले तीन से 26 मार्च तक होंगे

### पांच फ्रेंचाइजियों के बीच कुल 22 मैचों का आयोजन होगा

**मुम्बई।** देश में पहली बार होने जा रहे महिला आईपीएल मुकाबले तीन से 26 मार्च तक होंगे। बीसीसीआई का लक्ष्य महिला टी20 विश्व कप 2023 के समाप्त होने के एक सप्ताह बाद ही इस टूनामेंट का आयोजन करना है। विश्व कप मुकाबले 10 से 26 फरवरी के बीच खेले जाएंगे।

वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई विदेशी महिला क्रिकेटरों की उपलब्धता के कारण ही इन तारीखों पर महिला आईपीएल कराने जा रही है। इस संबंध में हालांकि अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।



इस साल अक्टूबर में बीसीसीआई ने महिला आईपीएल कराने की औपचारिक घोषणा की थी। इसमें तय योजना के अनुसार पांच आईपीएल फ्रेंचाइजियों के बीच कुल 22 मैचों का आयोजन होगा। इसमें सभी टीमों के पास 18 खिलाड़ियों का दल हो सकता है। इसमें छह विदेशी खिलाड़ियों को भी शामिल किया जाएगा। अंतिम ग्यारह में पांच विदेशी खिलाड़ी जोड़े जा सकते हैं। लीग स्तर पर हर टीम अन्य चार फ्रेंचाइजी के साथ दो-दो मैच खेलगी। इस प्रकार लीग स्तर पर ही 20 मैचों का आयोजन होगा। इसमें टेबल टॉपर को सीधे फाइनल में प्रवेश मिलेगा जबकि दूसरे और तीसरे नंबर की टीम के बीच एलिमिनेटर दौर होगा। इसमें विजेता टीम टेबल टॉपर से खिताबी मुकाबले में उतरेगी। बीसीसीआई की ओर से अगले पांच साल के मीडिया अधिकारों के लिए टेंडर निकाले गए हैं। इसमें 31 दिसंबर तक टेंडर के लिए आवेदन देने की अंतिम तारीख है। इसके बाद आठ जनवरी 2023 को निलामी की प्रक्रिया पूरी होगी।

### धाम परिसर व ज्ञानवापी परिसर के सुरक्षा समिति की बैठक

**वाराणसी।** मंडलायुक्त सभागार में शनिवार को काशी विश्वनाथ धाम परिसर एवं ज्ञानवापी परिसर की स्थायी सुरक्षा समिति की बैठक हुई। जिसमें मुख्य रुप से सीआईएसएफ द्वारा प्रस्तुत की गई विस्तृत सुरक्षा रिपोर्ट की समीक्षा के साथ चर्चा की गयी। जिसमें सुरक्षा योजना को जनोन्मुखी बनाने और श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों को अधिकतम सुविधा प्रदान किए जाने, सुरक्षा उपकरणों का अध अधिकतम इस्तेमाल किए जाने और इसके अतिरिक्त सुरक्षा एवं व्यवस्था के संबंध में अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। बैठक में उत्तर प्रदेश अपर पुलिस महानिदेशक सुरक्षा नोद कुमार सिंह के द्वारा पुलिस आयुक्त मुथा अशोक जैन, मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा, अपर पुलिस आयुक्त (मुख्यालय एवं अपराध) संतोष कुमार सिंह, जिलाधिकारी एस राजलिगंम, पुलिस उपायुक्त सुरक्षा सूर्यकांत त्रिपाठी, सीआईएसएफ के कमांडेंट, सीआरपीएफ एवं सुरक्षा से संबन्धित विभाग के अन्य मौजूद रहे। बैठक से पूर्व सभी ने श्री काशी विश्वनाथ धाम परिसर एवं ज्ञानवापी परिसर का भ्रमण किया।

# क्रिकेट खेलने के विवाद में हत्या

**सनसनी**

### ननिहाल में रहता था किशोर
### दो किशोरों पर आरोप

**लोहता।** थाना क्षेत्र के महमूदपुर गांव में शनिवार की शाम क्रिकेट खेलने के विवाद में दो किशोरों ने धारदार हथियार से वार कर एक किशोर की हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महमूदपुर गांव का हुसैन अंसारी (16) घर से पांच सौ मीटर दूर एक बगीचे में अपने दोस्तों के साथ क्रिकेट खेल रहा था। तभी किसी बात को लेकर उनका आपस में विवाद हो गया। इसी बीच उसके दो साथियों ने किसी धारदार हथियार से उसके गले पर वार कर दिया। जिससे उसका गला कट गया और वह जमीन पर गिरकर तड़पने लगा। घटना को देखकर साथ में खेल रहे अन्य किशोर घबराकर भाग गए। आसपास के लोगों ने परिवार के लोगों को सूचना दिए। परिजन मौंके पर पहुंचकर उसे एक निजी अस्पताल ले गये। जहां डाक्टर ने किशोर को मृत घोसित कर दिया। डीसीपी वरूणा जोन आरती सिंह और एसपी रोहनिया विदूष सक्सेना के साथ पहुंचे थानाध्यक्ष राजकुमार पांडेय ने परिजनों और आसपास के लोगों से घटना के बारे में पुछताछ की। हमलावर दोंनों किसोर फरार है। मृतक के पिता वजीर की लगभग 15 साल पहले मौंत हो गई थी। तभी से वह अपनी मां गुड़िया बानों के साथ अपने ननिहाल में नानी नुरूल निशा के घर रहता था। मृतक दो भाई बहन में सबसे छोटा था।





# फीफा विश्वकप : सेमीफाइनल में पहुंची अर्जेंटीना

### नीदरलैंड को पेनल्टी शूटआउट में हराया

**लुसैल।** कप्तान लियोनेल मेसी के शानदार प्रदर्शन से अर्जेंटीना फीफा विश्वकप फुटबॉल के सेमीफाइनल में पहुंच गयी है। अर्जेंटीना ने एक कड़े क्वार्टर फाइनल मुकाबले में नीदरलैंड को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराया। मेसी ने शूटआउट में अपनी पेनल्टी को गोल में बदला। इसके बाद लुटारो मार्टिनेज ने निर्णायक गोल किया।

वहीं टीम के गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज ने दो गोल रोककर डच टीम की जीत की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। यह मैच अतिरिक्त समय में 2-2 से बराबरी पर था।इसके बाद परिणाम के लिए पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया जिसमें अर्जेंटीना भारी पड़ गयी। मेसी ने एक गोल किया जबकि एक गोल करने में सहायता की। वहीं नीदरलैंड ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के 11वें मिनट में गोल करके मैच को बराबरी पर ला दिया।



अब सेमीफाइनल में अर्जेंटीना का मुकाबला मंगलवार को क्रोएशिया से होगा। वहीं क्रोएशियाई टीम ने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में ब्राजील को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराया। साल 1990 के बाद यह दूसरा अवसर है जब अर्जेंटीना की टीम विश्वकप के सेमीफाइनल में पहुंची है। इससे पहले मेसी साल 2014 में उस टीम भी भी शामिल थे जो फाइनल में जर्मनी से हार गयी। मेसी का लक्ष्य अब टीम को खिताब जिताना रहेगा क्योंकि अपने करियर में वह एक बार भी टीम को विश्वकप नहीं जिता पाये हैं। इस मैच में मेसी ने खेल के 35वें मिनट में शानदार प्रदर्शन करते हुए मूव बनाया। जिसपर नाहुएल मोलिना ने गोल किया। इसके बाद 73वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर अर्जेंटीना को 2-0 से बढ़त दिलाई। यह उनका वर्तमान विश्वकप में चौथा गोल था। अब तक के सभी विश्वकप में मेसी ने कुल मिलाकर 10 गोल किये हैं। इस प्रकार उन्होंने उन्होंने गैब्रियल बतिस्तुता के रिकॉर्ड की बराबरी की है। मेसी के नाम पर अब 169 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 94 गोल दर्ज हैं। वहीं नीदरलैंड की ओर से वॉट वेगहार्स्ट ने 78वें मिनट में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतर कर पांचवें मिनट में ही अपनी टीम के लिए पहला गोल किया और फिर इंजरी टाइम के अंतिम क्षणों में गोल दागकर स्कोर बराबरी पर ला दिया।

### विश्व कप कवरेज के लिए कतर गये अमेरिकी पत्रकार वाहल का निधन

**दोहा।** अमेरिकी खेल पत्रकार ग्रांट वाहल का कतर में निधन हो गया है। वाहल यहां फीफा विश्व कप फुटबाल के कवरेज के लिए गये थे। अमेरिकी फुटबॉल ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर दिए एक बयान में कहापूरे अमेरिकी फुटबॉल जगत में वाहल के निधन से शोक की लहर है। वाहल ने फुटबॉल के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। वहीं अमेरिकी फुटबॉल ने वाहल के जुनून और खेल में विश्वास की प्रशंसा की और उनकी पत्नी सेलीन गाउंडर और उनके प्रियजनों के प्रति संवेदना प्रकट की। गाउंडर ने अमेरिकी फुटबॉल सॉकर के बयान को ट्विटर पर पोस्ट किया और लिखा मैं अपने पति ग्रांट वाहल के फुटबॉल परिवार और इतने सारे दोस्तों के समर्थन के लिए बहुत आभारी हूं।

### खिलाड़ियों का चोटिल होना और टी20 पर अधिक ध्यान रहा हार का कारण : राहुल

**चटोग्राम।** भारतीय क्रिकेट टीम के कार्यवाहक कप्तान लोकेश राहुल ने बांग्लादेश के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में भारतीय टीम की हार का कारण बताया है। राहुल ने कहा है कि खिलाड़ियों के चोटिल होने के कारण ही टीम के हाथ से एकदिवसीय मैच निकले हैं। तीसरे एकदिवसीय मैच में टॉस के बाद राहुल ने कहा खिलाड़ियों का चोटिल होना इस दौरे पर एक बड़ी समस्या रही है हालांकि इससे नये खिलाड़ियों को भी अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि नियमित कप्तान रोहित शर्मा और तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर दीपक चाहर फिट नहीं हैं। इसी कारण ईशान किशन और कुलदीप यादव को शामिल किया गया है। एक टीम के रूप में हमारे पास हमेशा गुणवत्ता रही है। इसी कारण हमारे पास शामिल करने के लिए योग्य खिलाड़ी रहते हैं। अभी हमारे लिए व्यक्तिगत रूप से बेहतर होना और विभिन्न हालातों में रन बनाना अहम है। इसके साथ ही हमने लंबे समय से एकदिवसीय क्रिकेट नहीं खेला है। इसका भी प्रभाव पड़ा। बीच के दौर में हमारा ध्यान टी20 प्रारुप पर था। हम हमेशा जीतना चाहते हैं और देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहते हैं पर कभी-कभी ऐसा नहीं होता। ऐसा कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं होता है जिसमें दबाव ना होता हो। हमारा लक्ष्य निडर होकर खेलना रहा है।





### ईशान सबसे तेज दोहरा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने

**चट्टोग्राम।** टीम इंडिया के युवा बल्लेबाज ईशान किशन ने यहां बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय में अपने दोहरे शतक के साथ ही एक अहम उपलब्धि हासिल की है। किशन ने 126 गेंदों में ही अपना दोहरा शतक पूरा किया। ईशान ने 131 गेंदों में 210 गेंदों की पारी खेली जिसमें 24 चौके और 10 छक्के शामिल रहे। इस पारी के साथ ही ईशान ने एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे तेज दोहरे शतक लगाने का वेस्टइंडीज के आक्रामक बल्लेबाज क्रिस गेल का विश्व रिकार्ड तोड़ दिया है। गेल ने जिम्बाब्वे के खिलाफ साल 2015 में 138 गेंदों में दोहरा शतक लगाया था। वहीं भारतीय टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने 140 गेंदों में दोहरा शतक लगाया था। ईशान अपनी पहले ही शतक को दोहरे शतक में बदलने में सफल रहे हैं। वह दोहरा शतक लगाने वाले चौथे भारतीय बल्लेबाज बने हैं। उनसे पहले एकदिवसीय में सचिन तेंदुलकर वीरेंद्र सहवाग व रोहित शर्मा ने दोहरा शतक जमाया था। ईशान ने 24 साल की उम्र में यह शतक लगाया है। ऐसे में वह सबसे कम उम्र में दोहरा शतक शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।

### पेले ने नेमार को सबसे अधिक गोल का रिकार्ड बनाने बधाई दी

**साओ पाउलो।** ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले ने नेमार को राष्ट्रीय टीम की ओर से सर्वाधिक गोल करने का रिकार्ड बनाने पर बधाई दी है। वहीं इससे पहले नेमार ने क्रोएशिया के खिलाफ मुकाबले में सबसे अधिक गोल करने के पेले के रिकार्ड की बराबरी कर ली है। पेले आजकल बीमार हैं और अस्पताल में भर्ती हैं। इसके बाद भी ब्राजील के क्वार्टर फाइनल में क्रोएशिया के हाथों पेनल्टी शूटआउट में हारने के बाद पेले ने इंस्टाग्राम पर अपना संदेश पोस्ट कर टीम का हौंसला बढ़ाया। 82 वर्षीय पेले ने नेमार को भेजे अपनी संदेश में कहा मैंने आपको बड़े होते हुए देखा है और मैंने हर दिन आपके लिए जश्न मनाया है और अब मैं अंत में ब्राजील की तरफ से सर्वाधिक गोल करने के मेरे रिकॉर्ड की बराबरी करने के लिए आपको बधाई दे सकता हूं।

# रेलवे में 1.48 लाख नई नौकरियों का होगा सृजन

**बोले रेल मंत्री**

### भारत सरकार के अधीन सर्वथा उपयुक्त है रेलवे निजीकरण व्यवहारिक विकल्प नहीं

### विश्वस्तरीय 134 रेलवे स्टेशनों के मास्टरप्लान को दिया जाएगा मूर्तरूप : अश्विनी वैष्णव

**वाराणसी।** संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी तथा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रेलवे में 1.48 लाख नई नौकरियों का सृजन होगा। भारत सरकार के अधीन रेलवे सर्वथा उपयुक्त है, निजीकरण व्यवहारिक विकल्प नहीं है। वह भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान एवं बीएचयू के छात्रों से शनिवार को संवाद कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सभी यात्रियों को उत्तम रेल सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से कार्य कर रही हैं। इसी दिशा में 134 विश्वस्तरीय स्टेशन निर्मित करने के लिए योजनाओं को तत्परता से अमल में लाना है। इस संबंध में 134 मास्टरप्लान में से लगभग 70 के डिजाइन मंजूर हो चुके हैं और 50 की निविदाएं जारी हो गई है। कई परियोजनाओं पर कार्य प्रारंभ हो गया है। उन्होंने निर्माणाधीन स्टेशनों का भी उल्लेख किया। उन्होंने वंदे भारत ट्रेन की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए बताया कि वन्दे भारत के परिचालन के आरंभ से अब तक यह 18 देशों में सुर्खियां बटोर चुकी है। देश के विभिन्न हिस्सों को जोड़ने के लिए कुल 475 वंदे भारत चलाने के बारे में भी रेल मंत्री ने जानकारी दी।

उन्होंने भारत सरकार द्वारा सेमीकंडक्टर उद्योग में किए जा रहे 76 हजार करोड़ रुपये के निवेश की जानकारी भी दी। कहा कि मोबाइल फोन निर्माण में अब भारत द्वितीय स्थान पर है। दोनों क्षेत्रों को एक साथ जोड़ने से पूरे भारत में लगभग 25 लाख रोजगार सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि भारत में 5जी सेवाओं के विकास के संबंध में कवरेज के लिए बुनियादी ढांचे को तेजी से बढ़ाने के लिए, हर महीने लगभग पांच हजार नए टॉवर स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विगत 10 वर्षों में रेलवे ट्रैक के निर्माण की गति में सराहनीय वृद्धि हुई है। पहले मात्र चार किमी प्रतिदिन ट्रैक बन रहे थे। अब यह आंकड़ा 12 किमी प्रतिदिन का है। भारतीय रेलवे के निजीकरण की आशंका पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि रेलवे जटिल सरंचना है, इसका संचालन सरकार के अधीन ही सर्वथा उपयुक्त है। निजीकरण व्यवहारिक विकल्प नहीं है। संवाद के अंत में उन्होंने भारत सरकार की नई ड्रोन तकनीक के विषय में जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने काशी-तमिल-संगमम् में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया। स्वागत आईआईटी के निदेशक प्रमोद जैन ने किया। धन्यवाद संगमम. के नोडल अधिकारी प्रो. हरीश राठौड़ ने दिया।



# छापेमारी को लेकर व्यापार मंडल ने राज्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन


राज्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते व्यापारीगण

**जौनपुर।** नगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल सदर विधायक खेल एवं युवा कल्याण विभाग राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद यादव से मुलाकात कर जीएसटी विभाग (वाणिज्य कर) द्वारा किए जा रहे सर्वे और छापे के नाम पर व्यापारियों के उत्पीड़न को लेकर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में नगर अध्यक्ष ने कहाकि शिकायत के आधार पर सर्वे करने का नियम बताकर अधिकारियों द्वारा व्यापारियों में भय की स्थिति बना दी गई है। व्यापारी वर्ग भयग्रस्त और दहशत में है। व्यापारी पहले से ही ऑनलाइन व्यापार वैश्विक मंदी और कोविड-19 से परेशान था और इस समय जीएसटी विभाग द्वारा व्यापारियों को परेशान किया जा रहा है। इस प्रदेश व्यापी सर्वे को अभिलंब रोकने का निवेदन किया। राज्यमंत्री गिरीश चंद यादव ने तत्काल जीएसटी विभाग के अधिकारियों से जौनपुर में हो रहे सर्वे के बारे में विस्तार से चर्चा किया और जीएसटी विभाग के बड़े अधिकारियों से संपर्क स्थापित करने की बात कही और वित्त मंत्री तक इस समस्या को पहुंचा कर जल्द से जल्द इसका निवारण करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में उपस्थित प्रदेश युवा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष गुप्ता ने कहा कि जल्द से जल्द इस तरह के सर्वे बंद होना चाहिए जिससे व्यापारी अपना व्यापार निडर होकर कर सके। जनपद के व्यापारियों में भय का माहौल सा बन गया है। प्रतिनिधिमंडल में जिला महामंत्री रामकुमार साहू, नगर महामंत्री उत्तरी मनोज कुमार साहू, मुन्नालाल अग्रहरि, मनोज तिवारी, रविंद्र, संतोष, शरद, हफीज, सतीश आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद नगर महामंत्री दक्षिणी मुन्नालाल अग्रणी ने किया।

## सात थानों पर नए प्रभारी तैनात

**जौनपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार साहनी ने स्थानीय नगर निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पूर्व शुक्रवार की रात सात थानों पर नए प्रभारी तैनात कर दिए। जिला स्तरीय पुलिस स्थापना समिति के सदस्यों के साथ विचार-विमर्श के बाद किए गए फेरबदल के पीछे अपराध पर और प्रभावी नियंत्रण का तर्क दिया गया है। लाइन बाजार थाना प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार आर्य को चुनाव सेल का प्रभारी बनाया गया है। स्वाट प्रभारी आदेश त्यागी को उनके स्थान पर लाइन बाजार का थानाध्यक्ष तैनात किया गया है। निरीक्षक रमेश यादव को प्रभारी निरीक्षक थाना जलालपुर, उप निरीक्षक जितेंद्र बहादुर सिंह को थानाध्यक्ष जलालपुर से थानाध्यक्ष सुरेरी, उप निरीक्षक रमेश कुमार को थानाध्यक्ष सुरेरी से थानाध्यक्ष सिकरारा, उप निरीक्षक विवेक कुमार तिवारी को थानाध्यक्ष सिकरारा से थानाध्यक्ष मुंगराबादशाहपुर, निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्रा को प्रभारी निरीक्षक सुजानगंज से प्रभारी निरीक्षक थाना सरायख्वाजा और निरीक्षक घनश्याम शुक्ला को प्रभारी निरीक्षक थाना सरायख्वाजा से प्रभारी निरीक्षक थाना सुजानगंज तैनात किया गया है।

# एबीएसए ने वित्तविहीन विद्यालय का किया औचक निरीक्षण


निरीक्षण के दौरान रजिस्टर चेक करते एबीएसए

जनसंदेश न्यूज

**सुजानगंज।** स्थानीय क्षेत्र के रामेष्ट पब्लिक स्कूल बेलवार का औचक निरीक्षण खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार पांडेय द्वारा किया गया।

जानकारी के अनुसार खंड शिक्षा अधिकारी शनिवार सुबह 10 बजे बेलवार तार पट्टी के रामेष्ट पब्लिक स्कूल बेलवार में पहुंचकर विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी कक्षाएं सुचारू रूप से संचालित हो रही थी। विद्यालय की व्यवस्थाएं देखकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि विद्यालय के प्रबंधक और शिक्षकों के परिश्रम से बच्चों की पढ़ाई मजबूत की जा सकती है। उन्होंने विद्यालय परिसर में बच्चों के बैठने एवं पठन-पाठन और सुलभ शौचालय व विद्यालय परिसर की साफ-सफाई का बारीकी से निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सब व्यवस्थाएं ठीक-ठाक पाई गईं। बीआरसी से प्रभाकर शुक्ला, स्कूल के प्रबंधक मनोज मिश्र, प्रधानाध्यापक श्रीकांत मिश्र एवं सभी शिक्षक मौजूद रहे।

## संक्षेप

### छह मामले में दो का मौके पर निस्तारण



**खेतासराय।** स्थानीय थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस में शनिवार को कुल छह प्रार्थना-पत्र पड़े जिसमें दो मामले का मौके पर निस्तारण किय गया। बाकी मामले के निस्तारण के लिए पुलिस और राजस्व विभाग की टीम गठित कर मौके पर भेजा गया। इस अवसर पर तहसीलदार महेंद्र प्रताप सिंह, थानाध्यक्ष यजुवेन्द्र कुमार सिंह, राजस्व निरीक्षक लेखपाल अशोक कुमार यादव, शालनी कटियार, अनिरुद्ध, रणजीत कुमार, संदीप श्रीवास्तव, पुनीत कुमार, ममता शर्मा आदि लेखपाल उपस्थित रहे।

### दो मेडिकल स्टोर मालिकों में जमकर मारपीट

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर स्थित मेडिकल स्टोर के दो मालिकों में शनिवार की शाम मरीज द्वारा खरीदी गई दवा को वापस करने को लेकर जमकर मारपीट होने से दोनों को चोटे आई। वहीं केंद्र के चिकित्सकों द्वारा दवा की पर्ची बाहर से लिखकर मंगवाने की कलई भी खुल गई। केंद्र पर चिकित्सक दोनों पक्षों को समझाने में लगे रहे। जानकारी के अनुसार केंद्र पर तैनात एक चिकित्सक द्वारा मरीज को दवा की पर्ची लिखकर अपनी मनपसंद दुकानदार के यहां से लाने के लिए भेजा। मरीज दवा उस दुकान से न लेकर दूसरी दुकान से लेकर चिकित्सक के पास पहुंचा। चिकित्सक तत्काल मरीज के साथ दुकान पर पहुंचकर दवा वापस कराने का दबाव बनाने लगे इसी बीच चिकित्सक का मनपसंद दवा का दुकानदार भी पहुंच गया। कहासुनी होते-होते बात इतनी बढ़ी कि दोनों दुकानदारों में मारपीट हो गई जिसमें एक मेडिकल के मालिक पप्पू यादव का सर फट गया और वह लहूलुहान हो गए। इसी बीच उनके समर्थकों ने दूसरे मेडिकल के मालिक राज बहादुर मौर्या को भी मारपीट कर घायल कर दिया। देर शाम तक केंद्र के अधीक्षक कक्ष में दोनों के बीच सुलह समझौते की बात चल रही थी। इस संबंध में केंद्र के चिकित्सक ने कहा कि दुकानदार द्वारा लगाया जा रहा आरोप बेबुनियाद है यह लोग स्वयं आपस में भिड़े हैं इससे हमारा कोई लेना देना नहीं है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**बदलापुर।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के दाऊदपुर गांव स्थित मार्ग पर एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के कूंही खुर्द गांव निवासी सुरेश कुमार का 22 वर्षीय पुत्र रवि कुमार ने चंदापुर के एक व्यक्ति की बाइक लेकर किसी कार्य से बदलापुर की तरफ जा रहे थे। वह जैसे ही दाऊदपुर गांव स्थित मार्ग पर पहुंचे की एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौके पर ही रवि की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां डाक्टर द्वारा मृत्यु होने की पुष्टि की गई। वहीं पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।

### दो बाइक की भिड़ंत में राजगीर की मौत

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत कोरवलिया गांव निवासी एक अधेड़ की सड़क दुघर्टना में बाइक की भिड़ंत में मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। क्षेत्र के भादी ग्राम सभा के कोरवलिया गांव में किराए के मकान में बिहार प्रांत के निवासी 55 वर्षीय गोपाल बिहारी रहते हैं। समीपवर्ती जनपद के बिलारमऊ बाजार से राजगीर का काम कर शुक्रवार देर शाम बाइक से घर आ रहा था। आजमगढ़ रोड स्थित पावर हाउस मलमलवा पुलिया के समीप सामने से आ रहे तेज रफ्तार बाइक की भिड़ंत हो गई जिसमें मौके पर ही गोपाल की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मजदूर की मौत

**बदलापुर।** कोतवाली क्षेत्र के मिरशादपुर पेट्रोल पंप के समीप संदिग्ध परिस्थितियों में एक मजदूर का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। वहीं सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया जिसकी शिनाख्त गया बिहार जिले के फतेहपुर निवासी जोगिंदर मांझी के रूप में करते हुए पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र सिंह ने बताया कि उक्त मृतक मजदूर मुरादपुर कोटिला में रहकर एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी का काम करता था और रात्रि में वह शराब पीने का आदी था। वह ईंट भट्ठे से अपने घर जाने के लिए निकला था जो मिरशादपुर नहर पुलिया पर नशें की हालत में बैठा था अचानक नीचे गिरने से उसकी मौत हुई होगी। सूचना मृतक के परिजनों को देते हुए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### विवाद को लेकर सगे भाइयों में हुई मारपीट

**धमार्पुर।** शनिवार को दोपहर बाद हुई एक घटना में गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के प्रेमापुर गांव निवासी रामचंद्र व लाल चन्द्र जो कि आपस मे सगे भाई है। गाय बांधने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि रामचन्द्र अपनी गाय बांध रहे थे तभी उनके भाई लालचन्द्र पहुंचकर उनको रोकने लगे तथा उनका नाद उखाड़कर फेंक दिया और गाय की रस्सी खोलकर भगा दिया। इसी बात पर दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। एक पक्ष द्वारा दी गई सूचना पर मौके पर डायल 112 की पुलिस पहुंच गयी। पुलिस ने दोनों पक्षों से लाल चन्द्र व राम चन्द्र को हिरासत में ले लिया। इस मामले में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। कार्रवाई की जा रही है।

### बाइक के धक्के से साइकिल सवार महिला घायल

**बदलापुर।** विकास खंड के सिंगरामऊ थाना अंतर्गत आने वाले कवेली ग्राम पंचायत के मोड़ पर शुक्रवार की देर शाम बाजार से एक महिला अपनी बेटी के साथ साइकिल से घर लौट रही थी कि गांव के मोड़ पर ही पहुंची तभी तेज रफ़्तार बाइक सवार युवक की चपेट में आने से साइकिल पर सवार महिला रीता देवी गिर पड़ी और गंभीर रूप से घायल हो गई। आसपास के लोगों की मदद से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालात गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### कोतवाली परिसर में समाधान दिवस का आयोजन

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय कोतवाली परिसर में समाधान दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी लाल बहादुर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस मौके पर 9 शिकायती प्रार्थना पत्र पड़े जिसमें 1 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्र संबंधित विभाग को देकर जल्द से जल्द पारित करने का निर्देश दिया गया

# निकाय चुनाव के संबन्ध में तहसील मुख्यालय पहुंचे एडीएम


धान क्रय केंद्र का निरीक्षण करते एडीएम

**जायजा**

**समाधान दिवस में रहे मौजूद, धान क्रय केन्द्र का औचक निरीक्षण**

**शाहगंज।** आगामी निकाय चुनाव के मद्देनजर एडीएम वित्त एवं राजस्व राम अछैबर चौहान तहसील मुख्यालय पहुंचे। वहां निकाय सम्बंधित निर्देश देने के बाद नई सब्जी मंडी स्थित धान क्रय केन्द्र पहुंचे। यहां एमआई को सख्त लहजे में पारदर्शिता पूर्ण खरीद का निर्देश दिया।

तदुपरांत कोतवाली पहुंच समाधान दिवस की अध्यक्षता की। थाने पर आयोजित थाना दिवस पर फरियादियों की समस्याएं भी सुनी और तत्काल निस्तारण का निर्देश दिया। इस दौरान कुल सात प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। मौके पर पांच प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। दो प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस कर्मियों को मौके पर भेजा गया। निकाय चुनाव के सम्बंध में पूछे जाने पर एडीएम ने बताया की निकाय चुनाव निष्पक्ष व शांतिपूर्ण कराने हेतु तैयारी की जा रही है। प्रशासन व पुलिस चुनाव हेतु तैयार है। संवेदनशील अति संवेदनशील बूथों की पहचान कर ली है। मतदान केन्द्रों पर समय रहते पूरी व्यवस्था हो जायेगा। इस दौरान उपजिलाधिकारी अंकित कुमार, प्रभारी निरीक्षक सदानंद राय सहित क्षेत्र के समस्त लेखपाल आदि मौजूद रहे।

## पूर्व मंत्री को भातृ शोक

**मुंगराबादशाहपुर।** पूर्व मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष पांडेय के बड़े भाई कैलाश पांडेय का निधन बीते मंगलवार को हृदय गति रुकने से मुंबई के एक निजी अस्पताल में हो गया। बताते है कि कुछ दिन पूर्व उनकी तबीयत खराब होने पर उन्हें मुंबई के एक अच्छे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उनका इलाज चल रहा था। उन्होंने बीते मंगलवार को देर शाम करीब साढ़े दस बजे अंतिम सांस ली। उनकी आयु करीब 78 वर्ष थी। उनका अंतिम संस्कार मुंबई के बोरीवली शमशान घाट पर संपन्न हुआ। उन्हें मुखाग्नि छोटे भाई प्रकाश पांडेय ने दी। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन से क्षेत्रवासियों, गणमान्यजनों एव शुभाचिनातको में शोक की लहर दौड़ गई। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में गिरीश चंद्र त्रिपाठी, अनमोल दुबे, हरिशंकर शुक्ल, सुरेश मिश्र, मुन्ना दुबे, अशोक पांडे, डा. शिवपूजन, चंद्रकांत, वंशीधर, विनय, भरत, प्रभाकर, आशीष, श्यामा, लालजी, गोपाल, कार्तिक आदि लोग बड़ी संख्या में शोक व्यक्त किया है।

# महिला का कार्ड बदल जालसाजों ने उड़ाए 50 हजार

जनसंदेश न्यूज

**ठगी**

**एटीएम में कार्ड फंसने के बाद महिला के पीछे खड़े व्यक्ति ने कार्ड निकालने के बहाने कार्ड को बदल दिया**

**जौनपुर।** नगर के थाना कोतवाली अंतर्गत मण्डी नसीब खाँ स्थित बैंकर्स प्लाजा में लगे हीटाजी के एटीएम से शुक्रवार को दोपहर 12.50 बजे यूनियन बैंक आफ इंडिया की खाता धारक प्रियंका गुप्ता रुपये निकालने गईं। उनका एटीएम कार्ड बदलकर जालसाजों ने उनके दो बैंक खातों से 50 हजार रुपये उड़ा लिए।

प्रियंका गुप्ता ने जानकारी दी कि वह अपने खाते के लिए बैंक गई जहाँ उन्होंने अपने खाते से सम्बन्धित केवाएसी फार्म भरा। प्रियंका गुप्ता ने बताया कि मैंने लगभग 6 या 7 माह से अपना एटीएम कार्ड इस्तेमाल नहीं किया था तो यह सोचकर मैं सबसे पहले मण्डी नसीब खाँ स्थित एक होटल में लगे पीएनबी एटीएम पर पैसा निकालने गई तो वहाँ किसी कारण पैसा नहीं निकला। मेरे पीछे खड़े एक व्यक्ति ने बताया कि आप अपना बैलेंस चेक करिए जिसके मुताबिक खाते का बैलेंस चेक कर रही थी तो वहाँ मौजूद वह शख्स देख रहा था। इस बात का मुझे तनिक भी अंदाजा नहीं लगा कि वह व्यक्ति एटीएम बदल कर लोगों के खाते को खंगालने वाले गिरोह का सदस्य है जो मेरे खाते में रुपये देखने के बाद मेरे एटीएम कार्ड को हड़पने का पूरा प्लान बना लिया।

प्रियंका गुप्ता ने यह बताया कि जब पीएनबी एटीएम से पैसा नहीं निकला तो वहीं नजदीक लगे हीटाजी एटीएम पर गई जहाँ पुनः पैसा निकालने के लिए एटीएम कार्ड लगाया लेकिन उक्त एटीएम में कार्ड फंस गया जिसके बाद मेरे पीछे खड़े वही व्यक्ति ने मेरे एटीएम कार्ड को निकालने के बहाने न जाने कैसे और कब कार्ड को बदल दिया जिसके बाद मैं घर चली गई। घर पहुँची तो मेरे फोन पर मैसेज आया कि मेरे खाता से 10, 10 हजार रुपए दो बार में एटीएम द्वारा निकल गया है। एटीएम तो मेरे पास है फिर मेरे खाते से कैसे और कौन 20 हजार रुपए निकल गये इसके लिए मैं बैंक गयी तब तक मेरे खाते से पाँच पाँच हजार रुपए कर-के 6 बार में 30 हजार रुपए और निकाल लिया गया।

कुल मिलाकर मेरे खाते से एटीएम द्वारा 50 हजार रुपए निकाल लिया गया। प्रियंका गुप्ता ने बताया कि मेरे साथ हुए इस घटना की पूरी तस्वीर एटीएम में लगे सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई है। उच्चकों के खिलाफ थाना प्रभारी को लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया है।

# जनसंचार विभाग के शोधार्थी अमित मिश्रा को मिला आईसीएसएसआर फेलोशिप

**उपलब्धि**

**पद्मश्री रघुराय की फोटो पत्रकारिता के सामाजिक यथार्थ पर कर रहे हैं शोध**

**पीयू के मीडिया प्रभारी के निर्देशन में चल रहा है शोध कार्य**

**कुलपति समेत विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने दी बधाई**

जनसंदेश न्यूज



**जौनपुर।** भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) ने डॉक्टरल फेलोशिप 2022-23 की सूची जारी की है। देश भर में मीडिया अनुसंधान के लिए कुल 15 अनुसंधानकर्ताओं का चयन इस वर्ष किया गया है। पद्मश्री रघुराय की फोटो पत्रकारिता के सामाजिक यथार्थ पर अनुसंधानरत अमित कुमार मिश्रा का चयन वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से किया गया है। भारत के कुल विश्वविद्यालयों से 461 शोधार्थियों का चयन किया गया है। इसमें सभी सामाजिक विज्ञान के अनुसंधानकर्ता शामिल हैं।

अमित कुमार मिश्रा वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के इकलौते पीएचडी शोधार्थी हैं, जिनका चयन इस बार आईसीएसएसआर ने डॉक्टरल फेलोशिप के लिए किया है। अमित कुमार मिश्रा पीयू के जनसंचार विभाग में 2019-20 बैच के शोधार्थी हैं। ये जनसंचार विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. सुनील कुमार के सुपरविजन में शोधरत हैं। मूलतः बनारस के छतरीपुर शिवपुर मुहल्ले के रहने वाले अमित डॉ. धर्मेंद्र कुमार और चन्द्रकला देवी के सबसे छोटे पुत्र हैं। इस अवसर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहाकि यह विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है। खासतौर से जनसंचार विभाग के लिए। हमारे विश्वविद्यालय में अधिकतर शोधार्थी रत्न की तरह हैं बस इन्हें तराशने की जरूरत है। उन्होंने शोधार्थी अमित मिश्रा को बधाई दी और कहा कि आपका शोध ऐसा हो जिससे समाज को नई दिशा मिले।

आईसीएसएसआर डॉक्टरल फेलोशिप में चयन पर उनके निर्देशक डॉ. सुनील कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह विभाग की उपलब्धि है। अमित मिश्रा का शोध विषय आज के संदर्भ में बड़ा मायने रखता है। आज कई प्लेटफार्म है जो तस्वीरों के माध्यम से अभिव्यक्ति को जन जन तक पहुंचा रहे हैं। महान फोटो पत्रकार पद्मश्री रघुराय की तस्वीरें आपातकाल, भोपाल गैस लीक कांड के सबसे बड़े गवाह के तौर पर देखा जाता है। आज के संदर्भ में तस्वीरों को दुनिया में क्रांति के सबसे बड़े वाहक के तौर पर देखा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि अमित मेघावी और इनोवेटिव हैं और सबसे बड़ी बात सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने वाला अनुसंधानकर्ता हैं। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज मिश्र, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. चंदन सिंह, पंकज सिंह, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. अजय प्रताप सिंह, डॉ. रसिकेश, डॉ. राजकुमार, डॉ. मनीष कुमार गुप्ता, डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव, प्रो. रामनारायण, प्रो. मुराद अली, प्रो. देवराज सिंह समेत मीडिया टीम के सदस्यों और मीडियाकर्मियों ने बधाई दी है।

# दुराचार और पॉक्सो का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे



जनसंदेश न्यूज

**सुइथाकला।** क्षेत्र में अपराध की रोकथाम और अपराधियों की धरपकड़ के क्रम में थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह के निर्देशन में शनिवार को दुराचार व पाक्सो एक्ट का आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

आवश्यक कार्रवाई करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया गया। मुखबीर की सूचना पर दुराचार व पाक्सो एक्ट का आरोपी थाना क्षेत्र के शेषपुर गाँव निवासी शकील अहमद 33 वर्ष पुत्र अमानुल्लाह शनिवार को बतौर तलाश उपनिरीक्षक धुरेन्धर प्रसाद और हमराहियों के हत्थे चढ़ गया जिसे गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया।

इस दौरान बतौर हमराही कांस्टेबल अमित शुक्ला और विवेक मौर्या मौजूद रहे।

## अपहरण का वांछित गिरफ्तार

**गौराबादशाहपुर।** थाने की पुलिस ने शनिवार को कार्यवाही करते हुए अपहरण के एक वांछित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार किया गया अभियुक्त हिमांशु राव पुत्र लक्ष्मण राव निवासी हरखपुर चितसारी थाना कोतवाली का निवासी है जिसे उसके आवास से ही गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए वांछित पर अपहरण तथा पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज है।

# बेहतर जिंदगी जीने के लिए है मानवाधिकार

**मानवाधिकार दिवस**

**किसी भी जाति धर्म सम्प्रदाय का कोई भी हो पहले वह इंसान है**

जनसंदेश न्यूज



**मुफ्तीगंज।** डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर प्राचार्य जय प्रकाश पाठक की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर बच्चों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी केराकत गौरव शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि सन 1948 में आज ही के दिन 10 दिसम्बर से इसकी नींव पड़ी।

उन्होंने कहा कि हमे किसी का शोषण नही करना चाहिए। भारत का संविधान बहुत ही उच्च कोटि का है हम कर्तव्य करते है अधिकार स्वयं मिल जाता है। हमें जो भी अधिकार मिले हैं वह सराहनीय हैं। अभी महिलाओं को समानता का अधिकार नहीं मिला है। हमें इसके प्रति सजग रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सबसे पहले हम एक इंसान है मानव को अपना अधिकार जानने का हक है। इसी क्रम में पूर्व ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख अब्दुल हक अंसारी ने कहा कि मानवाधिकार सबको जिओ और जीने का हक प्रदान करता है हमे अपने हक को जानना चाहिए।

महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि 197 देश है उसमें हमे स्वतंत्रता व समानता का अधिकार प्राप्त है। मानवाधिकार किसे मिलना चाहिए किसे नहीं यह मूल सवाल है। महाविद्यालय की एक छात्रा जानकी यादव ने कहा कि गांव में लड़कियों को पढ़ने से आज भी रोका जाता है हमे समानता का अधिकार आज तक नही प्राप्त हुआ ऐसा क्यों।

मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी गौरव शर्मा को अंगवस्त्रम देकर प्राचार्य ने स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डा. जयप्रकाश पाठक एवं संचालन डॉ. प्रतिमा सिंह ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जलित कर किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी अजीत कुमार मिश्र, डॉनेहा कन्नौजिया, सुमन आदि लोगों की उपस्थिति रही।

## अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन


मानवाधिकार दिवस पर आयोजित संगोष्ठी को सम्बोधित करते वक्ता

**जौनपुर।** गांधी स्मारक पीजी कालेज समोधपुर में शनिवार को ह्यअंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवसह्न पर राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रमेश चंद्र सिंह ने छात्र-छात्राओं को मानवाधिकारों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने सभी शिक्षितों को याद दिलाया कि समाज में अगर किसी व्यक्ति के मानवाधिकारों का हनन हो रहा है तो आपकी यह नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि आप उसके पक्ष में आवाज उठाएं। राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि द्वितीय विश्वयुद्ध के पश्चात संयुक्त राष्ट्र संघ ने 10 दिसम्बर 1948 को ह्यमानवाधिकार की सार्वभौमिक घोषणाह्न अंगीकार की। इस घोषणा का परिणाम यह हुआ कि भारतीय संविधान के निर्माण के समय व्यक्ति के मौलिक अधिकारों का विशेष ध्यान रखा गया। समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना प्रो. राकेश कुमार यादव ने मानवाधिकारों के इतिहास के बारे में विस्तृत चर्चा किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आलोक प्रताप सिंह विसेन ने कहा कि प्रत्येक देश संविधान वहां के मानवाधिकारों को संरक्षण देता है। जितेंद्र सिंह ने कहा कि मानवाधिकार मानव विकास के लिए जरूरी है। छात्राध्यापक अमित ने मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा के बारे में बताया। संगोष्ठी का संचालन डॉ. लालमणि प्रजापति ने तथा धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. इन्द्र बहादुर सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ. अवधेश मिश्रा, डॉ. नीलमणि सिंह, विष्णुकांत त्रिपाठी, विकास कुमार यादव, कार्यालय अधीक्षक बिंद प्रताप सिंह के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मदरसा शिक्षा परिषद के अध्यक्ष ने किया निरीक्षण


मदरसा शिक्षा परिषद के अध्यक्ष का स्वागत करते लोग

**जौनपुर।** विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर मदरसा शिक्षा परिषद के अध्यक्ष इफ्तिखार अहमद जावेद ने मदरसा चश्म-ए-हयात का दौरा किया। बच्चों के शैक्षिक प्रदर्शन देखकर अध्यक्ष अभिभूत हो गए।

अपने संक्षिप्त वक्तव्य में उन्होंने शिक्षकों से रूबरू होते हुए कहा कि जिस तरह कुरान में शिक्षा हासिल करने के लिए बार-बार जोर दिया गया है उसी तरह हमें मदरसा के बच्चों को भी शिक्षा के हर क्षेत्र में अग्रसर करके देश और दुनिया के लिए फायदेमंद बनाना है ताकि हमारे बच्चे देश के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद और मिसाइल मैन डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की तरह देश के विकास में अपना योगदान देकर देश को विकसित बनाएं और भारत देश का नाम दुनिया के हर कोने में रोशन करें। समय के अभाव के कारण अध्यक्ष मदरसा शिक्षा परिषद ने मदरसे में ज्यादा वक्त देने में असमर्थता जताई किंतु साथ ही पुनः मदरसे में आकर ज्यादा समय बिताने का आश्वासन दिया। मौके पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कमलेश कुमार मौर्य, हाजी इमरान खान, प्रबंधक शमशाद अहमद, प्रधानाचार्य गुफरान सज्जाद, तौफीक अहमद, रवि जैदी, कलीमुल्लाह, हयातुल्लाह, दिलशाद अहमद, नसीम सहित समस्त शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

# आरबीएसके टीम स्कूलों में जाए व अधिक बच्चे बुलाए: सीएमओ


समीक्षा बैठक को सम्बोधित करती सीएमओ डा. लक्ष्मी सिंह

### तम्बाकू सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई

**जौनपुर।** बैठक में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान सभी को तम्बाकू से दूर रहने की शपथ दिलाई। नोडल अधिकारी व एसीएमओ डॉ. राजीव कुमार ने प्रतिभागियों से अपने कार्यालय परिसर को तम्बाकू मुक्त किए जाने का अनुरोध किया। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारियों से क्षेत्रीय विद्यालयों को तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान घोषित करने के लिए कहा। विभाग की ओर से 150 विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम किए जायेंगे। कार्यक्रम में गैर संचारी रोग (एनसीडी) सेल के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

**जौनपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह की अध्यक्षता में सीएमओ कार्यालय सभागार में शनिवार को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम तथा राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान नोडल अधिकारी व एसीएमओ डॉ. राजीव कुमार ने आरबीएसके और आरकेएसके योजनाओं के बेहतर परिणाम लाने के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा तथा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग को आपस में तालमेल बनाकर काम करने के लिए निर्देशित किया।

उन्होंने बताया कि जिस दिन आरबीएसके की टीम स्कूलों या आंगनबाड़ी केंद्रों पर जाएं, उस दिन शिक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अधिक से अधिक बच्चों को अपने संस्थानों में बुलाएं जिससे ज्यादा से ज्यादा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित हो सके। डिस्ट्रिक्ट अर्ली इन्वेंशन सेंटर मैनेजर अमित गौड़ ने बताया कि आरबीएसके की स्क्रीनिंग में जन्मजात संसायाओं वालों की संख्या काफी कम है। इस पर नौ माह से एक भी सर्जरी नहीं कराने के लिए महराजगंज ब्लाक के डॉ. केके बौद्ध को डॉ. राजीव कुमार ने चेतावनी दी। जलालपुर की डॉ. नन्दनी को समय से उपस्थित होकर आरबीएसके का काम करने के लिए निर्देशित किया। केराकत के डॉ. राव और मड़ियाहूं के डॉ. मंगलेश को बैठक में भाग नहीं लेने के लिए चेतावनी के साथ पत्र जारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने पोषण पुनर्वास केंद्र पर ज्यादा से ज्यादा अति गंभीर कुपोषित (सैम) बच्चों को भर्ती कराने के लिए निर्देशित किया। बैठक में जनपद के आरबीएसके संबंधी डॉक्टर, खंड शिक्षाधिकारी तथा बाल स्वास्थ्य एवं पुष्टाहार (आईसीडीएस) विभाग से सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों (सीडीपीओ) ने हिस्सा लिया।

# मेधावी छात्राओं को किया गया पुरस्कृत


मेधावी छात्रा को सम्मानित करते अतिथिगण

**पवांरा।** शनिवार को अशर्फी देवी बालिका इंटर कॉलेज के प्रांगण में मेधावी छात्राओं को पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम आयेजित किया गया। मुख्य अतिथि गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय गांधीनगर के प्रोफेसर संजीव कुमार दूबे ने कक्षा 10 की मेधावी छात्रा वर्षा जायसवाल, पलक पांडे, कक्षा 11 की साक्षी पाण्डेय, कक्षा 12 की शिल्पा पाण्डेय एवं रिया दूबे को 2000-2000 रुपये की प्रोत्साहन राशि दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुंगराबादशाहपुर संस्कृत विद्यालय के प्रधानाचार्य ज्ञान द्विवेदी ने किया।

संचालन संतोष पटेल ने किया। अंत में सभी लोगों का आभार श्रीराम कृष्ण संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य राजेश दूबे द्वारा ज्ञापित किया गया। मुख्य रूप से विद्यालय के प्रबंधक इंदिरा दूबे, कुसुम दूबे, पुष्पा मौर्या, निर्मला यादव, पूजा दूबे, अभिषेक यादव, विकास, सुनील कुमार दूबे आदि लोग उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### नाबालिग का अपरहण व दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**मछलीशहर।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने नाबालिग का अपरहण और दुष्कर्म करने के आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक देवानंद रजक ने बताया कि बरसठी थाना क्षेत्र के गहलाई गाँव निवासी राजन गौतम पर 23 नवंबर को एक नाबालिग युवती के पिता ने अपहरण कर जबर्दस्ती दुष्कर्म करने का मुकदमा दर्ज कराया था। 9 दिसंबर को नाबालिग युवती की बरामदगी भी हो गई थी। किन्तु आरोपित तभी से फरार था। शनिवार भोर में मुखविर से सूचना मिली कि आरोपित राजन गौतम अरुआंवा मोड़ के मुजार गाँव के निकट सड़क पर बैठा और कहीं भागने की फिराक में है जिसके बाद उपनिरीक्षक राजेश सिंह ने हमराहियों के साथ घेरेबंदी कर उसे गिरफ्तार कर कोतवाली लेकर आये जहाँ कागजी कार्यवाही पूरी कर उसे जेल भेज दिया गया।

### थाना समाधान दिवस पर पड़े 5 प्रार्थना पत्र

**केराकत।** कोतवाली परिसर में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस तहसीलदार अमित त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। समाधान दिवस पर पड़े 5 प्रार्थना पत्रों में से एक का भी मौके पर निस्तारण नहीं हो पाया। 5 प्रार्थना पत्रों में 4 राजस्व व एक पुलिस विभाग से सम्बंधित मामला रहा। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक संजय वर्मा, प्रभारी निरीक्षक अपराध दिग्विजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

### प्लेटफार्म पर वेंडर से गाली-गलौज करते दो युवक धराए

**शाहगंज।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर नशे में धुत युवक प्लेटफार्म पर गंदगी कर वेन्डर से गाली-गलौज कर रहे थे। सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर रेलवे एक्ट की धारा में पाबंद कर चालान न्यायालय भेज दिया। सरपतहां थाना क्षेत्र के उपधियापुर गांव निवासी 24 वर्षीय मोहित उपाध्याय पुत्र शिवाकांत उपाध्याय व 22 वर्षीय राजकुमार पुत्र सरजू अपने परिवार के सदस्यों को ट्रेन में बिठाने आए थे। प्लेटफार्म नम्बर एक पर नाश्ता बेच रहा वेंडर से खाने का सामान खरीदा। प्लेटफार्म पर गंदगी फैलाने लगा। वेंडर के मना करने पर नशे में धुत दोनों गाली-गलौज करने लगे। सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर रेलवे एक्ट की धारा में पाबंद कर चालान न्यायालय भेज दिया।

### पत्रकार को पितृ शोक

**जलालपुर।** पत्रकार तथा पीपीसी के जिला सूचना मंत्री गुलजार अली के पिता बाबू कैसरबेग 60 वर्ष का लम्बी बीमारी के बाद शनिवार की सुबह देहांत हो गया। उनकी मौत की खबर लगते ही परिजनों एवं पत्रकारों मे शोक की लहर व्याप्त हो गयी। देर शाम तक उनको श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा। मुख्य रूप से पंकज भूषण मिश्रा, रामाज्ञा यादव, जिला पंचायत सदस्य पवन गुप्ता पिन्टू, मनोज कुमार सिंह कमलेश यादव, अजीत सिंह, जहीर, प्रदीप सिंह, बच्चेलाल, रोशन यादव, मनोज सोनकर, कृपाशंकर यादव के साथ ही सैकड़ों की संख्या मे लोग उपस्थिति रहे।

### अवैध तमंचा दो कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**गोपीगंज।** गोपीगंज कोतवाली के अंतर्गत ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन से तिलगा ग्राम जाने वाली मोड़ के पास पुलिस ने एक तमंचा सहित दो जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताया जाता है कि चौकी इंचार्ज मनोज कुमार राय को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर तिलगा मोड़ पर अवैध असलहे के साथ एक व्यक्ति को दबोच लिया और तलाशी के बाद दो कारतूस और एक 315 बोर का तमंचा बरामद किया। पकड़ा गया व्यक्ति रोशन यादव पुत्र नन्हकू यादव निवासी ग्राम पुरे झम्मन का बताया जाता है, पुलिस ने आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों व अधिकारियों के साथ बैठक 12 को

**आजमगढ़।** अर्हता एक जनवरी 2023 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के सम्बन्ध में जनपद के सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों, जन प्रतिनिधियों, वर्तमान सांसदगण, विधायकगण, जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आदि के साथ मण्डलायुक्त, रोल प्रेक्षक मनीष चैहान की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन 12 दिसम्बर को मण्डलायुक्त कार्यालय के सभागार में किया गया है। यह जानकारी देते हुए अपर आयुक्त हंसराज ने जनपद के समस्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों, जन प्रतिनिधियों, सांसद, विधायक तथा सम्बन्धित अधिकारियों से उक्त बैठक में समय से प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

# श्रीरामकथा स्थल का हुआ भूमिपूजन


श्रीरामकथा स्थल का भूमिपूजन करते विधायक

जनसंदेश न्यूज

**बदलापुर।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय श्रीकृष्णानगर परिसर में 13 दिसंबर से 19 दिसंबर तक होने वाली श्रीरामकथा के लिए शनिवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। आचार्य पंडित शिवप्रसाद मणि त्रिपाठी ने मुख्य यजमान विधायक रमेश चंद्र मिश्र के हाथों वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कार्यक्रम को संपन्न कराया गया। राष्ट्रीय संत मानस मर्मज्ञ आचार्य शांतनु महाराज द्वारा अपराहन 1 बजे से शाम 4 बजे तक रामकथा की अमृत वर्षा की जाएगी।

इस अवसर पर विहिप के जिलाध्यक्ष रामसहाय पांडेय, डॉ. प्रमोद मिश्र, जितेंद्र प्रताप सिंह, शुभम सिंह, जटाशंकर सिंह, महेंद्र शुक्ला, विकास सिंह, अजय सिंह, दिलीप जायसवाल, अनिल पांडेय, उमेश चतुर्वेदी, धीरज मिश्रा सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# ओपीडी के 10 प्रतिशत मरीजों के बलगम की होगी जांच

जनसंदेश न्यूज

**प्रयास**

**209 हेल्थ वेलनेस सेंटर सहित पीएचसी जिला महिला तथा जिला पुरुष चिकित्सालय में होगा आयोजन**

**संयुक्त निदेशक डॉ. एमपी सिंह ने सीएमओ डीटीओ के साथ निक्षय दिवस के सफल आयोजन पर किया विचार-विमर्श**

**जौनपुर।** जनपद को क्षय रोग मुक्त बनाने की दिशा में विविध प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में अब हर 15 तारीख को आयोजित होने वाले निक्षय दिवस की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

रीजनल टीबी प्रोग्राम मैनेजमेंट यूनिट के संयुक्त निदेशक डॉ. एमपी सिंह, वाराणसी डिवीजन के विश्व स्वास्थ्य संगठन परामर्शदाता डॉ. विनोद कुमार, स्टेट टेक्निकल सपोर्ट यूनिट लखनऊ से डॉ. विनय कुमार शुक्रवार को जिला क्षय नियंत्रण केंद्र पहुंचे। आलाधिकारियों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह, जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. राकेश कुमार सिंह से निक्षय दिवस की तैयारी, निजी क्षेत्र में नोटिफिकेशन, निजी चिकित्सकों के प्रोत्साहन और क्षय रोगियों के डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के बारे में विस्तार से चर्चा की। अधिकारियों ने बताया कि निक्षय दिवस पर वर्तमान में जिले के 209 हेल्थ एंड वेलनेस केंद्रों, शहरी क्षेत्र के तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, जिला महिला और जिला पुरुष चिकित्सालय के साथ सभी स्वास्थ्य इकाइयों के वाह्य मरीज विभाग में आने वाले मरीजों के 10 प्रतिशत मरीजों की बलगम की जांच की जाएगी। जिला क्षयरोग अधिकारी ने बताया कि आशा कार्यकर्ता संभावित टीबी मरीजों की सूची तैयार कर उन्हें हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर तक लाएंगी। कम्युनिटी हेल्थ आफिसर मरीजों की प्रारम्भिक जांच एचआईवी, डायबिटीज और अन्य जांच करेंगे। साथ ही बलगम का नमूना लेंगे। उसे निक्षय पोर्टल पर आईडी बनाते हुए नजदीकी टीबी जांच केंद्र पर भेजा जाएगा।

सीएचओ और आशा के जरिए निक्षय दिवस पर मिलने वाली सुविधाओं का प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा। सीएचओ जाँच में टीबी की पुष्टि वाले मरीजों के परिवार के अन्य सदस्यों की भी टीबी स्क्रीनिंग सुनिश्चित करेंगे।

आशा कार्यकर्ता निक्षय दिवस पर टीबी मरीजों के बैंक खाते का विवरण आशा संगिनी को मुहैया कराएंगी और आशा संगिनी सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर को निक्षय पोर्टल पर दर्ज कराने को देंगी।

इस दिवस पर प्राइवेट प्रैक्टिशनर को टीबी नोटिफिकेशन, कांटेक्ट ट्रेसिंग और फालोअप के लिए प्रेरित किया जाएगा। शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए एनटीईपी की टीमें शहरी क्षेत्रों के साथ केराकत, मछलीशहर, मड़ियाहूं, बदलापुर, डोभी और बरसठी क्षेत्र में निजी सेक्टर के अस्पतालों/डॉक्टरों से नोटीफिकेशन बढ़ाने का प्रयास कर रही हैं। क्षयरोगियों के पालन पोषण के लिए दवा, पोषण सामाग्री, जांच आदि सभी मुफ्त हैं।

क्षयरोग में सबसे जरूरी बलगम की जांच कराना है। बलगम की जांच में क्षय रोग का पता चलने पर समझना चाहिए कि क्षयरोग है। उन्होंने कहा कि क्षय रोगियों के इलाज के दौरान सरकार 500 रुपए पोषण भत्ता के रूप में देती है।

# थाना समाधान दिवस में आये 102 प्रार्थना पत्रों में 29 का निस्तारण

**आयोजन**

**25 प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम मौके पर भेजी गई**


ज्ञानपुर थाने में फरियादियों की शिकायतों को सुनते डीएम गौरांग राठी व एसपी डॉ. अनिल कुमार

**ज्ञानपुर।** जनपद के समस्त थानों पर शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जनपद के सभी थानों पर कुल मिलाकर 102 मामले सामने आए, जिसमें 29 मामलों का त्वरित निस्तारण किया गया। 25 मामलों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम मौके पर भेजी गई। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी गौरांग राठी, पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने ज्ञानपुर थाने में फरियादियों की शिकायतों को सुना और त्वरित कार्यवाही के लिए संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया। डीएम ने तीनों तहसीलों के उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक तहसील के अंतर्गत आने वाले थानों से संबंधित स्थानीय लेखपाल व राजस्व निरीक्षक थाना दिवस पर उपस्थित रहे।

उन्होंने राजस्व विभाग व पुलिस विभाग में आपस में समन्वय कर समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने पर बल दिया। जिलाधिकारी ने पुलिस व राजस्व टीम को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किए जाने हेतु वर्कशॉप आयोजित कर और अधिक कुशल प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया। इसी क्रम में राजेश भारती, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही, उप जिला मजिस्ट्रेट भदोही द्वारा थाना सुरियावां व समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने सर्किल के थानों एवं समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थानों पर समाधान दिवस का आयोजन कर जनता की समस्याओं को सुना गया व उनका निस्तारण राजस्व कर्मियों की उपस्थिति में किया गया।

# नाली निर्माण को अधूरा छोड़ने से नागरिकों के समक्ष विकट समस्या

**यह है हाल**

**पिछले दो माह से नाली का निर्माण कार्य ठेकेदार द्वारा मानक के अनुरूप नहीं कराया गया**

**गोपीगंज।** नगर पालिका परिषद गोपीगंज वार्ड नंबर 25 में नाली निर्माण का कार्य अधूरा छोड़ दिए जाने से वार्डवासियों के समक्ष विकट समस्या खड़ी हो गई है। हाजी मोहम्मद शोएब से मंसूर कुरैशी तक नाली रेज का कार्य नगर पालिका परिषद द्वारा ठेकेदार को दिया गया परंतु किन्ही कारणों से नाली का निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। बताते चले की पिछले दो माह से नाली का निर्माण कार्य ठेकेदार द्वारा मानक के अनुरूप नहीं कराए जाने का विरोध स्थानीय नागरिकों द्वारा किया गया। जिसको लेकर अधिशासी अधिकारी अमिता सिंह से लेकर अवर अभियंता व जिलाधिकारी से की गई, जिलाधिकारी के हस्तक्षेप पर मौके पर अधिशासी अधिकारी ने जाकर जांच के दौरान अनियमितताएं पाई थी। वही नागरिकों का आरोप है जानबूझकर मोहल्ले वालों को ठिकेदार द्वारा परेशान किया जा रहा है। नाली का कार्य अधूरा छोड़ दिए जाने से प्रतिदिन शकरी गली होने के कारण वृद्ध और बच्चे गिरते रहते है।

रात को चलना मुश्किल हो गया है। साथ ही नागरिकों ने बताया की जो पटिया उखाड़ी गई थी दुबारा उन्ही पटियो को नाली के ऊपर बेतरतीब रखने से हमेशा दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी अमिता सिंह से बात करने पर उन्होंने बताया कि मानक के अनुरूप कार्य नहीं हो रहा था जिसको लेकर हमने पालिका के जेई आलोक कुमार को निर्देशित किया था कि अपने देखरेख में मानक के अनुरूप कार्य कराएं। जेई के नही आने के कारण कार्य रुका हुआ है दो एक दिन के अंदर कार्य को चालू करा दिया जाएगा।

# ओवरब्रिज पर खड़े ट्रेलर से नीचे गिरा हाई मास्ट पोल, अफरा-तफरी

जनसंदेश न्यूज


ओवर ब्रिज से गिरे हाई मास्ट के पोल पास जुटी लोगों की भीड़

**गोपीगंज।** नगर स्थित झिलिया पुल गिराई ओवरब्रिज से नगर के व्यस्त इलाका पड़ाव पर ब्रिज से जा रही ट्रेलर पर लदे पोलो में से लगभग तीन टन का एक पोल छिटककर ब्रिज के नीचे जा गिरा, जिसकी धमक से एक व्यक्ति दहशत से बेहोश हो गया। जिसे पुलिस ने तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि शनिवार को बंगाल से एक ट्रेलर हाई मास्ट का लगभग 15 टन पोल लादकर चंडीगढ़ को जा रहा था। टोलप्लाजा की रेलिंग तोड़ने पर दो दिन वहीं पर खड़ा रहा। ड्राइवर के मुताबिक टोल प्लाजा के कर्मचारियों ने उसके गाड़ी के कागजात व ड्राइविंग लाइसेंस थाना गोपीगंज को सुपुर्द करा दिया। दो दिनों के पश्चात वह अपनी गाड़ी को लेकर चंडीगढ़ के लिए निकल पड़ा। जैसे ही झिलियापुल गिराई ओवर ब्रिज के पड़ाव स्थित बरगदवा हनुमान मंदिर के पास पहुंचा था कि ट्रेलर पर बने हुए हाई मास्ट का पट्टा अचानक टूट गया, जिससे लगभग 3 टन वजनी पोल पुल ब्रिज से सड़क पर आ गिरा।

हादसा सुबह के समय होने के कारण सड़क के किनारे कोई मौजूद नहीं रहा, जिसकी वजह से बहुत बड़ा हादसा होने से टल गया अन्यथा भीड़भाड़ इलाका होने की वजह से बहुत बड़ी अप्रिय घटना घटित हो सकती थी।

जब की वही हाई मास्ट के गिरने की धमक से पास में खड़ा व्यक्ति बेहोश हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ट्रेलर ड्राइवर को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

# प्रदेश सचिव ने डीएम गौरांग राठी को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**मुलाकात**

**अवैध खनन व परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण लगाने पर मिला सम्मान**

**प्रशस्ति पत्र व सम्मान मिलने पर जनपद के अधिकारियों ने दी बधाई व शुभकामनाएं**

**ज्ञानपुर।** जनपद में अवैध खनन व परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण लगाने पर जिलाधिकारी गौरांग राठी को भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग उत्तर प्रदेश की सचिव डॉ.रोशन जैकब ने प्रशस्ति पत्र देकर उनके कार्यों की सराहना की।

लखनऊ में हुए सम्मान कार्यक्रम में यह प्रशस्ति पत्र जिलाधिकारी की तरफ से जिला खनन अधिकारी पारस नाथ यादव ने प्राप्त किया।जिलाधिकारी गौरांग राठी ने बताया कि स्वच्छ एवं पारदर्शी खनन प्रशासन हेतु सूचना एवं प्रौद्योगिकी का उपयोग कर विभाग से संबंधित नागरिक सेवाओं को ऑनलाइन किए जाने एवं अवैध खनन परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु एकीकृत खनन निगरानी प्रणाली को एक छतरी के नीचे लाते हुए भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा ₹माइंन मित्र₹ पोर्टल विकसित किया गया है, जिसे भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग द्वारा राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2022 स्वर्ण प्रदान किया गया है। जनपद स्तर पर जिलाधिकारी गौरांग राठी द्वारा किए गए नेतृत्व एवं सतत पर्यवेक्षण से ही माइंन मित्र एक जन उपयोगी पोर्टल बन पाया है, जिसके लिए सचिव डॉ. रोशन जैकब ने जिलाधिकारी गौरांग राठी की सराहना करते हुए बधाई ज्ञापित किया है। डॉ. रोशन जैकब ने बताया कि माइन मित्र तथा खनन विभाग द्वारा विभिन्न सेवाओं को प्रदान करने में जिलाधिकारी गौरांग राठी की महती भूमिका है। प्रशस्ति पत्र व सम्मान मिलने पर मुख्य विकास अधिकारी भानु प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार मिश्र, शिव नारायण सिंह सहित सभी अधिकारियों ने जिलाधिकारी को बधाई व शुभकामना दिया।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# एक दूसरे को मिठाई खिला कर मनाया हिमाचल में जीत का जश्न


मशाल रोड स्थित भदोही कांग्रेस कार्यालय पर हिमाचल प्रदेश में जीत की खुशी मनाते कांग्रेसी

जनसंदेश न्यूज

**उत्साह**

**हिमाचल प्रदेश में जीत पर झूमे जिले के कांग्रेसी**

**भदोही।** भाजपा के सत्ता वाले दो राज्य गुजरात व हिमाचल प्रदेश में हुए चुनाव में हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की जीत पर कांग्रेस जन शुक्रवार देर शाम मशाल रोड स्थित भदोही कांग्रेस कार्यालय पर जुटे। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी एवं जमकर आतिशबाजी की। ढोल ताशों के साथ खुशी का इजहार किया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार दूबे राजन व प्रदेश सचिव वसीम अंसारी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में शानदार जीत के लिए पूरी कांग्रेस पार्टी को बधाई। जनता ने भाजपा की सरकार को आईना दिखा दिया। हिमाचल में आने वाली कांग्रेस की सरकार जनता के हितों के लिए व्यापक स्तर पर काम करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मुक्त भारत की कल्पना करने वालो को हिमांचल की जनता ने करारा जवाब दिया। यह जीत महगाई बेरोजगारी और नफरत के खिलाफ है। हिमाचल प्रदेश चुनाव के परिणाम ने बता दिया कि देश को नफ?त उन्माद नहीं बल्कि प्रेम व तरक्की चाहिए। लोकतंत्र पर बढ़ते हमलों के बीच हिमाचल में सत्ता परिवर्तन एवं कांग्रेस के पक्ष में आया जनादेश देश को नई उम्मीद दे रहा है।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मसूद आलम, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष नाजिम अली, अकबर अंसारी, शाबान करीमी, निजामुद्दीन, सैफ अली बाबू, सुरेश गौतम, विष्णु श्रीवास्तव, नसरुल्लाह हाशमी, सुरेश गौतम, जावेद अली, रामलाल, दीपचंद, बद्री पटवा आदि लोग मौजूद रहे।

# वाहनों की धुलाई पर हजारों लीटर पानी की बर्बादी

**लापरवाही**

**नगर पालिका प्रशासन बनी धृतराष्ट्र**

**गोपीगंज।** नगर पालिका परिषद नगरीय सीमा क्षेत्र में अवैध रूप से दर्जनों चल रहे सर्विस स्टेशनों पर पालिका ने आज तक नोटिस जारी नही किया और धड़ल्ले से प्रतिदिन हजारों लीटर पानी को सर्विस स्टेशनों पर बहाया जाता है। जल संकट से निपटने के लिए सिर्फ कागजों पर ही समाधान को तलाशा जाता है हकीकत में पानी की बर्बादी हो रही है पालिका प्रशासन बेबस है।

पानी की बर्बादी में बिना पंजीकरण चल रहे वाहन धुलाई केंद्र और सर्विस सेंटर भी आगे हैं। हर रोज हजारों लीटर पानी की बर्बादी हो रही लेकिन कार्रवाई तो दूर पालिका प्रशासन नोटिस तक नहीं भेज सका, गर्मी में पेयजल संकट तो बढ़ ही जाता है। जिसका उदाहरण नगर पालिका परिषद स्थित ट्यूबेल नंबर 5 पानी की कमी के कारण कई वर्षों से बंद पड़ा है और तीन नंबर ट्यूबेल का स्टेटस नीचे चले जाने से आए दिन समस्याएं खड़ी रहती हैं वही चार नंबर का पंप पानी की कमी के कारण बंद हो गया। दूसरे पंप को लगाया गया। बावजूद इसके पालिका प्रशासन इस तरह के पानी के दुरुपयोग पर रोक लगाने में असमर्थ साबित हो रहा है। समय-समय पर पालिका प्रशासन और जिला प्रशासन को जल संरक्षण की याद आती है लेकिन इसके लिए धरातल पर कुछ भी नहीं किया गया है, सिर्फ कागजी कोरम पूरी कर ली जाती है। सबसे ज्यादा पानी की बबार्दी सर्विस स्टेशन वाहन धुलाई केंद्रों पर हो रही है। नगर में देखा जाए तो लगभग एक दर्जन से ज्यादा सर्विस सेंटर खुले हुए हैं और सभी पालिका के आसपास ही है। लोगों का कहना है कि समय रहते अगर इन वाहन धुलाई केंद्रों पर कार्रवाई नहीं की गई तो निकट भविष्य में नगर में पेयजल आपूर्ति की विकट समस्या उत्पन्न हो सकती है।



# सूर्य के राशि परिवर्तन से होगा खरमास शुरू



### मांगलिक कार्यों पर लगेगा विराम
### थम जायेगी शहनाई की आवाज
### कई राशियों पर भी पड़ेगा इसका प्रभाव

भारतीय ज्योतिष में सूर्य ग्रह का नव ग्रहों में प्रमुख स्थान माना गया है। सूर्य ग्रह वृच्छिक राशि से धनु राशि में प्रवेश करेंगे। इसके साथ ही 16 दिसम्बर से खरमास प्रारंभ हो जायेगा। खरमास में सभी मांगलिक कार्य स्थागित हो जायेंगे। इसके साथ ही शहनाई की धुन भी थम जायेगी। इनमें वैवाहिक कार्य के साथ ही गृह प्रवेश, गृह निर्माण, उपनयन संस्कार, मुंडन संस्कार, नवीन व्यापार आदि कार्य नहीं होंगे। ज्योतिषविद् पंय विमल जैन के मुताबिक सूर्य का राशि परिवर्तन शुक्रवार 16 दिसम्बर को दिन में 9.58 मिनट पर होगा। सूर्य ग्रह शनिवार 14 जनवरी 2023 को रात्रि 8.45 बजे तक धनु राशि में रहेगा। तत्पश्चात मकर राशि में प्रवेश करेगा। धनु संक्रांति का का पुण्यकाल रविवार 15 जनवरी 2023 को सूर्योदय से दिन में 12.45 बजे तक रहेगा। सूर्य धनु राशि में , चन्द्रमा सिंह राशि में तथा मंगल वृषभ राशि में, बुध शुक्र राशि में गुरु मीन राशि में, शनि मकर राशि में राहू मेश राशि, केतु तुला राशि में विराजमान रहेगा। ग्रहों के चलते विश्व में अकल्पनीय घटनाएं भी होंगी। इसके साथ ही राजनीतिक उथल पुथल भी होंगे। शेयर वायदा बाजार में विशेष हलचल देखने को मिलेगी। कई देशों में सत्ता परिवर्तन की भी खींचतान चलेगी। मौसम में भी अजीबोगरीब परिवर्तन देखने को मिलेगा। दैवीय आपदाएं भी प्रभावित करेंगी। आर्थिक घोटाले भी सिरदर्द बनेंगे। इनमें द्वादश राशियां भी प्रभावित होंगी। जिसमें मेष- आरोग्य में कमी, वृषभ- आपसी जनों में मतभेद, मिथुन- आर्थिक पक्ष से असंतोष, कर्क- धर्म-अध्यात्म में आस्था, सिंह- आरोप व प्रत्यारोप का सामना, कन्या- लाभ में बाधा, तुला- आय के नवीन स्त्रोत, वृच्छिक- धनागम में बाधा, धनु- शारीरिक कष्ट, क्रोध, मकर- मित्रों में मनभेद, कुंभ- मनोरंजन में रूचि, मीन- समाचार मिलने से खुशी। ज्योतिषविद् ने बताया कि सूर्य ग्रह की प्रसन्नता के लिए अपने आराध्य देवी-देवता की आराधना के साथ ही नित्य सूर्य की पूजा अर्चना करना चाहिए। इसके साथ रोज सुबह ताम्र पात्र में रोली डाल कर सूर्य को अर्घ्य देना चाहिए।

# बनारस घराने के तबला वादक नन्हकू महराज की याद में सजेगी महफिल

### सविता देवी की शिष्या श्वेता का गायन, विकास महराज पेश करेंगे सरोद



**वाराणसी।** बनारस घराने के मूर्धन्य कलाकार तबला ऋषि पं. नन्हकू महराज की जीवन भर की तपस्या व उनके द्वारा काशी व भारतीय संगीत जगत में प्रदत्त योगदान की स्मृति में पंचनाद व जनमित्र न्यास की ओर से 11 दिसम्बर को सायंकाल सात बजे से रामकटोरा में संगीत की महफिल सजेगी। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पं. विकास महराज, सौरभ अग्रवाल व प्रभाष महराज ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से की जायेगी। इसके बाद संगीत का कार्यक्रम शुरू होगा। इस मौके पर नई दिल्ली से पधारी सविता देवी की शिष्या व गायिका श्वेता दुबे का शास्त्रीय गायन होगा। इसके साथ ही पं. विकास महराज सरोद वादन के माध्यम से पं. नन्हकू महराज को अपनी स्वरांजलि अर्पित करेंगे। बताया कि पं. नन्हकू महराज जन्म शताब्दी संगीत समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

# भोजपुरी वेब सिरीज पकड़ुआ बियाह रिलीज



**वाराणसी।** भोजपुरी सिनेमा दुनिया में अपने बेहतरीन मनोरंजन के लिए जाना जाता है। चौपाल ओटीटी पर एक नई भोजपुरी वेब सीरीज 'पकडुआ बियाह' रिलीज हुई है। इससे पहले चौपाल ने दो वेब सीरीज रिलीज की थी जिन्हें भोजपुरी दर्शकों ने खूब पसंद किया था। पवन सिंह की 'प्रपंच' और रितेश पांडे की 'लंका में डंका' की सफलता के बाद अब 'पकडुआ बियाह' ने भी धूम मचा दी है। इस वेब सीरीज में अंकुश राजा, अनारा गुप्ता और रक्षा गुप्ता मुख्य भूमिकाओं में हैं। इस वेब सीरीज को अभय सिंह ने प्रोड्यूस किया है और विकास तिवारी ने डायरेक्ट किया है। कहानी कुमार देव सिंह ज्योति ने लिखी है। इस वेब सीरीज में अपराध, रहस्य और रोमांचक तत्व हैं जो कि दर्शकों को अंत तक बांधे रखते हैं। वेब सीरीज 'पकड़ुआ बियाह' मनोरंजन के साथ-साथ एक सामाजिक संदेश भी देती है। इसकी कहानी आधुनिक भारतीय समाज की रूढ़िवादी सोच और विश्वास प्रणाली को सामने लाती है। साथ ही लोगों को उनके तर्कहीन और अंधविश्वासी व्यवहार से अवगत कराती है।

# लोकसभा चुनाव से पहले 9 राज्यों में होंगे असेम्बली इलेक्शन

गुजरात की 182 सदस्यीय विधानसभा में 156 सीटें जीतकर भारी जीत हासिल करने के बाद बीजेपी ने अगले लोकसभा चुनाव से पहले अपनी स्थिति मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। वहीं इसका रास्ता इन नौ राज्यों के चुनावों से होकर जाता है, जो आने वाले वर्ष में 2024 तक होने वाले हैं। नौ राज्यों में आने वाले लोकसभा चुनाव से पहले विधानसभा चुनाव हैं। 2018 में राज्य की 13वीं विधानसभा का चुनाव नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक पीपुल्स पार्टी और बीजेपी ने पीपुल्स डेमोक्रेटिक एलायंस (पीडीए) के तहत मिलकर लड़ा था। एनडीपीपी के नेफ्यू रियो मुख्यमंत्री बने। भाजपा ने राज्य में अभूतपूर्व 12 सीटें जीतीं।



**त्रिपुरा, 60 सीटें**
**कार्यकाल की समाप्तिः मार्च 2023**

वाम मोर्चे के 25 साल के शासन को समाप्त करते हुए भाजपा पहली बार 2018 में राज्य में सत्ता में आई थी। इस साल 14 मई को अचानक बदलाव करते हुए भाजपा ने बिप्लब देब को सीएम पद से हटा दिया और माणिक साहा को मुख्यमंत्री बना दिया। कांग्रेस और सीपीआई (एम) लड़ाई करने की कोशिश कर रहे हैं और दोनों के बीच गठबंधन की बात भी चल रही है।

**कर्नाटक, 224 सीटें**
**कार्यकाल की समाप्तिः मई 2023**

भाजपा ने पिछली बार कांग्रेस और जद (एस) के गठबंधन से सत्ता गंवा दी थी। लेकिन 14 महीनों के भीतर भाजपा के पुराने योद्धा बी एस येदियुरप्पा ने दलबदल करके और जद(एस)-कांग्रेस सरकार को गिराकर सरकार बनाई। पिछले साल जुलाई में भाजपा ने बसवराज बोम्मई को मुख्यमंत्री बना दिया।

**मिजोरम, 40 सीटें**
**कार्यकाल की समाप्तिः दिसंबर 2023**

मिजो नेशनल फ्रंट के नेता जोरमथांगा दिसंबर 2018 में राज्य के मुख्यमंत्री बने जब उनकी पार्टी ने राज्य में विधानसभा सीटों पर जीत हासिल की और कांग्रेस को हराया।

**छत्तीसगढ़ 90 सीटें**
**कार्यकाल की समाप्तिः जनवरी 2024**

हाल के वर्षों में अपनी सबसे निर्णायक जीत में से एक में, कांग्रेस ने भूपेश बघेल के नेतृत्व में 90 में से 68 सीटें हासिल करके राज्य में जीत हासिल की थी। बघेल का कद तब से पार्टी में बढ़ा है, जब भाजपा किसी भी वास्तविक चुनौती को पार करने के लिए संघर्ष कर रही थी। हाल के उपचुनाव में कांग्रेस ने अपनी एसटी-आरक्षित भानुप्रतापपुर सीट को बरकरार रखा, जिससे उपचुनाव में भाजपा की लगातार पांचवीं हार हुई।

**मध्य प्रदेश, 230 सीटें**
**कार्यकाल की समाप्तिः जनवरी 2024**

बीजेपी के तीन बार के सीएम शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ कड़ी टक्कर के बाद कांग्रेस ने यहां सत्ता पर कब्जा कर लिया। लेकिन मार्च 2020 में कांग्रेस के दिग्गज नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया 22 विधायकों के साथ बीजेपी में चले गए और कमलनाथ सरकार गिर गई।

**राजस्थान, 200 सीटें**
**कार्यकाल की समाप्तिः जनवरी 2024**

राज्य में परंपरागत रूप से भाजपा और कांग्रेस का शासन रहा है। अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने 2018 में वसुंधरा राजे के नेतृत्व वाली तत्कालीन भाजपा सरकार को हराया था। कांग्रेस ने राज्य में 99 सीटों का बहुमत हासिल किया था। जबकि बीजेपी को 73 सीटें मिली थीं।

**तेलंगाना, 119 सीटें**
**कार्यकाल की समाप्तिः जनवरी 2024**


केसीआर के नाम से लोकप्रिय के चंद्रशेखर राव ने राज्य में भारी जीत हासिल करने के बाद दिसंबर 2018 में दूसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। भाजपा राज्य में पैठ बनाने के लिए मेहनत कर रही है और हैदराबाद नगर निगम में पैर जमाने के बाद सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समिति, जिसका नाम भारत राष्ट्र समिति हो गया है, उसने हाल के उपचुनाव में जीत हासिल की है। इस बीच केसीआर राष्ट्रीय स्तर पर जाना चाहते हैं।

**जम्मू और कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश, 90 सीटें**
**2018 से कोई सरकार नहीं**


जम्मू-कश्मीर में भी अगले साल चुनाव होने की उम्मीद है। ये महत्वपूर्ण होंगे क्योंकि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद ये पहला चुनाव होगा।

# भारत में ऑनलाइन गेम्स को लेकर कड़े कानून की तैयारी

जुआ या स्किल वाले गेम्स को लेकर भारत सरकार नया कानून बनाने की तैयारी में है। कई राज्यों ने पहले ही कई ऑनलाइन गेम्स पर प्रतिबंध लगाए हैं। बी. भवानी ने अपने पिता को ऑनलाइन कार्ड गेम छोड़ने का आश्वासन दिया था, एक ऐसा वादा जो उसने पहले कई बार किया था। दक्षिण भारत का रहने वाला यह परिवार उसके ऊपर बढ़ते कर्ज के बारे में चिंतित था। लेकिन उस वादे के कुछ घंटों बाद 29 साल की भवानी ने अपनी जान ले ली। भवानी शादीशुदा थी और उसके 2 छोटे-छोटे बच्चे हैं। उसके पति का अनुमान है कि ऑनलाइन कार्ड खेलने के कारण उसे 10 लाख रुपए का नुकसान हो चुका था। 1 साल पहले भवानी ने मोबाइल पर ऑनलाइन गेम रमी खेलना शुरू किया था। इसी साल जून में उसने खुदकुशी कर ली। चेन्नई के रहने वाले भवानी के पति आर. भाग्यराज ने थॉमसन रॉयटर्स फाउंडेशन को बताया कि यह धीरे-धीरे शुरू हुआ, पहले छोटे दांव के साथ मेरी पत्नी कुछ बार जीत गई और उसके बाद वह नहीं रुकी। उन्होंने कहा कि इन ऐप्स को डाउनलोड करना बहुत आसान है, फिर आप इसमें आकर्षित हो जाते हैं। अब वे अपनी लगभग पूरी तनख्वाह भवानी द्वारा लिए कर्ज चुकाने में खर्च कर देते हैं। भवानी ने ऑनलाइन जुए के लिए पैसे उधार में लिए थे। पूरे भारत में इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल ने पैसे से जुड़े ऑनलाइन गेमिंग में वृद्धि देखी गई है जिसमें गेम ऑफ चांस के खेल भी शामिल हैं जिन्हें जुए के समान माना जाता है, जो कि भारत के पूरे इलाके में प्रतिबंधित है। यह राज्य सरकारों के दायरे में आता है कि उसे प्रतिबंधित माना जाए या नहीं? अधिकांश राज्यों और प्लेटफॉर्म पर जुआ ऐप्स पर प्रतिबंध है, वहीं ऑनलाइन रियल मनी गेम को विनियमित करने के लिए कोई राष्ट्रव्यापी तंत्र नहीं है जिनमें कुछ फैंटेसी गेम जैसे स्किल आधारित माने जाने वाले खेल और पोकर शामिल हैं। लेकिन जुए की लत और जुए से संबंधित आत्महत्याओं के बारे में बढ़ती चिंता के बीच भारत सरकार ने देश के औपनिवेशिक युग के सार्वजनिक जुआ अधिनियम को बदलने और जिम्मेदार, पारदर्शी और सुरक्षित ऑनलाइन गेमिंग वातावरण सुनिश्चित करने के लिए एक नए कानून का मसौदा तैयार करने में मदद करने के लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया है। इस समस्या से निपटने के लिए कई राज्य सरकारों ने अपने स्तर पर कदम उठाए हैं। भवानी जिस राज्य की रहने वाली थी, वहां की तमिलनाडु सरकार ने खुदकुशी के बढ़ते मामलों को देखते हुए अक्टूबर में ऑनलाइन रियल मनी गेम्स पर प्रतिबंध लगा दिया। इंटरनेट सुरक्षा कार्यकर्ताओं का कहना है कि देश का जुआ कानून, जो 1867 से है और वह केवल गेम ऑफ चांस के खेल पर प्रतिबंध लगाता है।



UP GLOBAL INVESTORS SUMMIT
आज़ादी का अमृत महोत्सव
सांस्कृतिक नगरी
वाराणसी का नवविकास



प्रबुद्धजन सम्मेलन
— मुख्य अतिथि —
योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
— गरिमामयी उपस्थिति —
अनिल राजभर
मंत्री, श्रम एवं सेवायोजन तथा समन्वय उत्तर प्रदेश
रवीन्द्र जायसवाल
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन, उत्तर प्रदेश
डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु'
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश
पूनम मौर्या
अध्यक्ष, जिला पंचायत, वाराणसी
मृदुला जायसवाल
महापौर, वाराणसी
लक्ष्मण आचार्य
सदस्य, विधान परिषद
अशोक धवन
सदस्य, विधान परिषद
डॉ. नीलकंठ तिवारी
विधायक, वाराणसी दक्षिणी
सौरभ श्रीवास्तव
विधायक, वाराणसी कैंट
डॉ. अवधेश सिंह
विधायक, पिण्डरा
त्रिभुवन राम
विधायक, अजगरा
नील रतन सिंह पटेल 'नीलू'
विधायक, सेवापुरी
डॉ. सुनील पटेल
विधायक, रोहनिया
दिनांक : 11 दिसम्बर, 2022 | समय : मध्याह्न 12:00 बजे
स्थान : सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, तेलियाबाग, वाराणसी
लाइव प्रसारण DD NEWS व Youtube.com/DDNEWS Youtube.com/dduttarpradesh एवं UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश